RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 65
लखनऊ, बुधवार, 23 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



रकुलप्रीत सिंह कोरोना वायरस से संक्रमित
विविध-12

www.dailypioneer.com

# ब्रिटेन से भारत पहुंचे 20 यात्री कोरोना संक्रमित

**बढ़ी चिंता**

### ● सरकार का दावा, कोविड-19 के नए स्ट्रेन से संबंधित कोई भी मामला अभी तक देश में नहीं आया

**राजेश कुमार/अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 के नए स्ट्रेन को लेकर फैली आशंकाओं के बीच लंदन से विभिन्न उड़ानों के जरिये भारत पहुंचे 20 यात्री कोरोना पाजिटिव पाये गए हैं। हालांकि सरकार ने दावा किया है कि भारत में नए प्रकार के कोरोना वायरस का अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है।

यात्री जो पाजिटिव पाए गए हैं इनमें सात अमृतसर, पांच दिल्ली, चार अहमदाबाद, इसमें एक ब्रिटिश नागरिक भी शामिल है, दो कोलकाता, एक चेन्नई और एक एयर इंडिया क्रू का सदस्य भी शामिल है। एक ओर सरकार ने मंगलवार को दावा किया कि ब्रिटेन में पाए गए कोविड-19 के स्ट्रेन का कोई मामला भारत में नहीं है लेकिन वायरस की निगरानी के लिए दिशानिर्देश जारी करने के पहले ही दिन ब्रिटेन से भारत आने वाले कई यात्रियों के पॉजिटिव पाए जाने से चिंता बढ़ गई है। बताया जाता है कि नया स्ट्रेन 'ज्यादा संक्रामक और युवा आबादी को प्रभावित करने वाला है।' इनके नमूनों को नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल फॉर रिसर्च को जांच के लिए भेजा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक इन मामलों के सामने आना यह संकेत देता है कि नए स्ट्रेन का वायरस पहले ही देश में पहुंच चुका है। ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों के जांच परिणामों से विमान यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा होता है कि क्या विदेशी धरती से विमान में सवार होने से पहले उनकी सही तरीके से स्क्रीनिंग की जाती है या नहीं। भारत में नियमों में साफ साफ कहा गया है कि यात्रियों को यह स्व घोषणापत्र देना होगा कि वे कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं हैं।



मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ब्रिटेन से आए यात्रियों की कोरोना जांच के लिए खड़े कर्मचारी।

कुछ मामलों में एयरलाइनें यह सुनिश्चित करने के लिए यात्री कोरोना वायरस मुक्त है, टेस्ट रिपोर्ट की भी मांग करती हैं। महामारी के निगरानी के लिए जारी दस्तावेज में कहा गया है '25 दिसंबर से 8 दिसंबर 20220 (25 नवंबर से शुरू हो रहे पहला और दूसरा हफ्ता) ब्रिटेन से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से जिला निगरानी टीम के अधिकारी संपर्क करेंगे और अपने स्वास्थ्य की खुद निगरानी करने की सलाह देंगे। यदि इनमें से किसी में लक्षण दिखता है तो वे आरटी-पीसीआर टेस्ट कराएंगे और उसके बाद उनका फॉलो अप किया जाएगा।' मंत्रालय स्थित सूत्रों का कहना है कि इस अवधि में ब्रिटेन से भारत आए लोगों से संपर्क साधने की कोशिश ( शेष पेज 9 )

## पिछले 15 दिनों में विदेश से आए लोगों की जांच करें: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विश्व में सामने आए कोरोना वायरस का नया स्वरूप के मद्देनजर पूरी सावधानी और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन देशों में वायरस का नया स्वरूप सामने आया है, ऐसे देशों से पिछले 15 दिन में प्रदेश में आए लोग तथा उनके संपर्क में आये व्यक्तियों का पता लगाया जाए। इनकी कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा क्वारंटीन में भेजने की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ज़िले में स्थानीय प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि विदेश से आए लोगों के संपर्क में आये व्यक्तियों ( शेष पेज 9 )

## ब्रिटेन से आने वालों के लिए आरटी-पीसीआर जांच आवश्यक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की मंगलवार को जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में कहा गया है कि ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों की आरटी-पीसीआर जांच करानी चाहिए और संक्रमित पाए जाने पर उन्हें संस्थानिक पृथक-वास केंद्र में भेजना चाहिए। ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए स्वरूप का पता लगने के बाद भारत ने बुधवार से 31 दिसंबर या अगले आदेश तक ब्रिटेन से आने-जाने वाली उड़ानों पर रोक लगा दी है। कुछ अन्य देशों ने भी ब्रिटेन से उड़ानों पर रोक लगा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की एसओपी में 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक ब्रिटेन होकर आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य की निगरानी के संबंध में विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख किया गया है।

# फरवरी तक नहीं होंगी सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं

### ● केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल ने की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं अगले वर्ष फरवरी तक नहीं होंगी और फरवरी के बाद परीक्षाएं कब कराईं जाएंगी, इस पर विचार विमर्श कर जल्द जानकारी दी जाएगी।

आमतौर पर बोर्ड परीक्षा के तहत प्रैक्टिकल परीक्षा जनवरी में ली जाती रही है और थ्योरी परीक्षा प्रत्एक वर्ष फरवरी में शुरू होकर मार्च में समाप्त होती है। बोर्ड परीक्षा के आयोजन के बारे में डिजिटल माध्यम से शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए निशंक ने कहा कि जनवरी- फरवरी माह तक बोर्ड परीक्षा कराना संभव नहीं होगा। फरवरी के बाद परीक्षाएं कब कराईं जा सकती हैं, इस पर विभिन्न पक्षकार विचार विशर्म करेंगे और आगे सूचना दी जाएगी। डिजिटल संवाद के दौरान एक शिक्षिका ने पूछा था कि क्या बोर्ड परीक्षा का स्थगन संभव है ? क्या इसमें तीन माह की देरी हो सकती है ? इसके जवाब में शिक्षा मंत्री निशंक ने कहा कि मोदी सरकार छात्रों के साथ है और हम लगातार छात्रों के साथ बात कर रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय किया गया है कि जनवरी-फरवरी में बोर्ड परीक्षाएं नहीं होंगी। फरवरी माह तक इसे कराना संभव नहीं होगा। फरवरी के बाद परीक्षाएं कब कराई जा सकती है, इस पर विचार विमर्श करेंगे और आगे जल्द जानकारी दी जाएगी।

निशंक ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2021 में बोर्ड परीक्षा के आयोजन को लेकर तैयारी कर रहा है और स्थिति की समीक्ष करने और विभिन्न पक्षकारों के साथ चर्चा करने के बाद परीक्षा के कार्यक्रम पर फैसला किया जाएगा। गौरतलब है कि बोर्ड परीक्षा के आयोजन की तिथियों के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण काफी स्कूलों ने प्री बोर्ड परीक्षा आनलाइन माध्यम से ली है ताकि छात्रों को तैयार रखा जा सके। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस महीने के प्रारंभ में कहा था कि बोर्ड परीक्षा 2021 लिखित प्रारूप में होगी और आनलाइन माध्यम से नहीं। कोविड-19 ( शेष पेज 9 )

## आर्म्ड फोर्सेज की सेवाओं में आकर देश सेवा करें युवा चिकित्सक

### ● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केजीएमयू के विद्यार्थियों का किया आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**देश** के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया कोरोना से एक असाधारण युद्ध लड़ रही है। जब हम युद्ध की बात करते हैं तो हमारे अंदर फोर्स और हथियार की तस्वीर दिखाई पड़ती है। मगर कोरोना वायरस एक ऐसी असाधारण जंग है जिसकी फ्रंटलाइन पर भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ योद्धाओं की भांति लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस में बनी स्पूतनिक वैक्सीन जल्द भारत आने वाली है।

इस दौरान उन्होंने मेडल प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए आर्म्ड फोर्सेज की सेवाओं में आकर देश सेवा करने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह मंगलवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के 114 व 115वें स्थापना दिवस को वर्चुअल तौर पर सम्बोधित कर रहे थे। अपने सम्बोधन में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 2020 का यह वर्ष लगभग खत्म होने वाला है। यह साल पूरी दुनिया में मेडिकल फैकल्टी में बहुत लंबे समय तक याद किया जाएगा।

प्रारंभ में तो डॉक्टरों को जिस तरह परेशान करना पड़ा, उसको शब्दों में मैं बयां नहीं कर सकता हूं। बिना थके, बिना रुके लगातार वे काम करते रहे और ऐसे हालात में लड़ते रहे जो उन्होंने या उनके पहले की 4 पीढ़ियों ने देखा तक नहीं था। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने यह साबित कर दिया है कि असली सुपर हीरो यह चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी ही हैं, जिन्होंने बिना रुके निरंतर मरीजों ( शेष पेज 9 )

# राष्ट्रीय लक्ष्यों के लिए मतभेद किनारे रख देने चाहिए: मोदी

### ● प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ मुस्लिम विवि के शताब्दी समारोह को किया संबोधित

**भाषा।** अलीगढ़

**राष्ट्रीय** लक्ष्यों के लिए राजनीतिक और वैचारिक मतभेदों को किनारे रखने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि विकास को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि राजनीति इंतजार कर सकती है लेकिन विकास इंतजार नहीं कर सकता।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के शताब्दी समारोह को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बिना किसी का नाम लिए विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा और कहा कि मतभेदों के नाम पर पहले ही बहुत समय गंवाया जा चुका है, अब सभी को एक लक्ष्य के साथ मिलकर नया भारत, आत्मनिर्भर भारत बनाना है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में योगदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा, समाज में वैचारिक मतभेद होते हैं, ए स्वाभाविक भी है। लेकिन जब बात राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति की हो तो हर मतभेद किनारे रख देना चाहिए।



जब आप सभी युवा साथी इस सोच के साथ आगे बढ़ेंगे तो ऐसी कोई मंजिल नहीं, जो हम मिल करके हासिल न कर सकें। मोदी ने कहा, राष्ट्र के, समाज के विकास को राजनीतिक चश्मे से ना देखा जाए। जब एक बड़े उद्देश्य के लिए हम आते हैं तो संभव है कुछ तत्व इससे परेशान हों। ऐसे तत्व दुनिया की हर सोसाइटी में मिल जाएंगे। यह कुछ ऐसे लोग होते हैं जिनके अपने स्वार्थ होते हैं। वह अपने स्वार्थ को सिद्ध करने के लिए हर हथकंडा अपनाएंगे, नकारात्मकता फैलाएंगे। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर किसान तीन कृषि कानूनों को रद्द किए जाने की मांग को लेकर पिछले कुछ हफ्तों से आंदोलन कर रहे हैं। सरकार इस आंदोलन को विपक्षी दलों की साजिश करार देती रही है।

उन्होंने कहा कि देश आज उस मार्ग पर बढ़ रहा है जहां किसी मत, मजहब के भेद के बिना हर वर्ग तक योजनाएं पहुंच रही हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, यह मंत्र इसका मूल आधार है। उन्होंने कहा, बिना किसी भेदभाव के 40 करोड़ से ज्यादा गरीबों के बैंक खाते खुले, दो करोड़ लोगों को घर मिले, आठ करोड़ से ज्यादा महिलाओं को गैस कनेक्शन ( शेष पेज 9 )

## जम्मू-कश्मीर डीडीसी चुनाव में गुपकर और भाजपा में टक्कर

**भाषा।** श्रीनगर, जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में जिला विकास परिषद के पहले चुनाव में फारूक अब्दुल्ला नीत सात दलों का गुपकर गठबंधन कुल 280 में से 112 सीटों को जीत चुका है या उन पर आगे चल रहा है, वहीं भाजपा को अभी तक कश्मीर घाटी की तीन सीटों सहित 52 सीटों पर जीत मिली है और वह 18 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। पीपुल्स एलायंस फॉर गुपकर डिक्लरेशन (गुपकर गठबंधन) को अभी तक 82 सीटों पर जीत मिली है और वह 30 सीटों पर आगे चल रहा है। अभी तक 38 निर्दलीय उम्मीदवारों को जीत मिली है जबकि इतने ही अपनी सीटों पर आगे चल रहे है। निर्दलीय उम्मीदवारों में ज्यादातर ऐसे नेता हैं जो अपनी पार्टी से नाराज होकर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी (जेकेएपी) का प्रदर्शन काफी खराब रहा है और उसे अभी तक सात सीटों पर जीत मिली है जबकि वह पांच पर आगे चल रही है। कांग्रेस के हिस्से में अभी तक 19 सीटें आई हैं और वह नौ सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। केन्द्र शासित प्रदेश में डीडीसी का चुनाव 28 नवंबर से शुरू होकर आठ चरणों में पूरा हुआ। अगस्त, 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म किए जाने के बाद प्रदेश में यह पहला चुनाव है।

चुनाव में कुल 280 सीटें (जम्मू की 140 और कश्मीर की 140) पर मतदान हुआ है। डीडीसी चुनावों का परिणाम अनुमान के अनुरुप ही दिख रहा है। जम्मू क्षेत्र में भाजपा मजबूती बनाए हुए है वहीं नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी जैसी क्षेत्रीय पार्टियों के गठबंधन गुपकर का प्रदर्शन कश्मीर घाटी और जम्मू के पीर पंजाल और चेनाब घाटी क्षेत्रों में बेहतर है। वोटों की गिनती से महज एक दिन पहले प्रशासन ने नईम अख्तर, सरताज मदनी, नीर मंसूर और हिलाल अहमद लोन सहित पीडीपी और नेकां के कई नेताओं को हिरासत में लिया। उन्हें हिरासत में लेने की कोई वजह नहीं बताई गई है। ऐसा पहली बार हुआ है जब कश्मीर घाटी में पीडीपी और नेकां के खिलाफ भाजपा को जीत मिली है।

## छह महीने बाद कोरोना मामलों की संख्या बीस हजार से कम रही

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में करीब छह महीने बाद 24 घंटे की अवधि में सामने आए कोविड-19 के नए मामलों की संख्या 20 हजार से कम रही। वहीं उपचाराधीन लोगों की संख्या भी अब तीन लाख से कम हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 के 19,556 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1,00,75,116 हो गए हैं। वहीं 301 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,46,111 हो गई। आंकड़ों के अनुसार कुल 96,36,487 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 95.65 प्रतिशत हो गई है। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.45 प्रतिशत है। देश में उपचाराधीन लोगों की संख्या भी तीन लाख से कम हो गई है। अभी 2,92,518 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 2.90 प्रतिशत है।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,006 | ↑ 452 | |
| निफ्टी | 13,466 | ↑ 137 | |
| सोना | 49,653 | ↓ 243 | /10g |
| चांदी | 67,177 | ↓ 216 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### ट्रक और कार की टक्कर पांच लोग जिंदा जले

**आगरा।** आगरा के पास यमुना एक्सप्रेस पर मंगलवार तड़के डीजल लेकर जा रहे एक ट्रक कंटेनर से टकरा जाने के बाद एक कार में आग लग गई और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। एत्मादपुर की पुलिस क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह ने बताया कि ट्रक कंटेनर की रफ्तार काफी तेज थी और उसके चालक ने अचानक उसे गलत दिशा में मोड़ दिया, तभी तेज गति से आगरा से लखनऊ जा रही एक कार, ट्रक कंटेनर के डीजल टैंक से टकरा गई और उसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि कार में सेंट्रल लॉक लगा होने के कारण उसमें सवार सभी यात्री वाहन के अंदर फंस गए और आग की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। यमुना एक्सप्रेस पर बने एक बूथ के एक कर्मचारी ने पुलिस को हादसे की सूचना दी।

**मड़ियांव इलाके की घटना**

## संपत्ति विवाद में डबल मर्डर तीन बेटे व दो पौत्र गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मड़ियांव** इलाके के सेमरा गौढ़ी में सोमवार देर रात बेटों ने प्रॉपर्टी विवाद में पिता व उसकी कथित पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। डबल मर्डर की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतका के बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर विपिन कुमार सिंह ने बताया कि मड़ियांव के सेमरा गौढ़ी में राम दयाल गौतम (70) शान्ति देवी (60) के साथ लिव इन रिलेशनशिप में श्रीपाल रावत के मकान में पिछले कई साल से रह रहे थे। पुलिस के अनुसार शान्ति देवी पत्नी स्व. छोटेलाल के बेटे संजय मौर्य ने बताया कि सोमवार रात करीब 9.30 बजे वह अपनी मां से मिलने गया। जैसे वह जीने पर चढ़ा तो तेजी व घबराहट में रामदयाल की पहली पत्नी विमला के बेटे राम मिलन व उनका भतीजा राहुल गौतम भाग रहे थे। वहीं कुछ लोग दूर पेड़ के नीचे भी खड़े हुए थे।

संजय अपनी मां के कमरे में गया तो देखा कि राम दयाल गौतम व उसकी मां शान्ति देवी मृत पड़ी थी। शान्ति के गले में शाल से फंदा लगा हुआ था। इसकी जानकारी उसने अपने भाई मोनू को दी। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचकर डायल.112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने बताया कि डबल मर्डर की सूचना उन्हें डायल 112 पर रात करीब एक बजे मिली। बताया जा रहा है कि मृतक राम दयाल की ( शेष पेज 9 )

# ट्रंप ने मोदी को लीजन ऑफ मेरिट से सम्मानित किया

### ● यह पुरस्कार भारत और अमेरिका की जनता के संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों को रेखांकित करता है: प्रधानमंत्री

**भाषा।** वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सैन्य सम्मानों में शामिल प्रतिष्ठित लीजन ऑफ मेरिट पुरस्कार प्रदान किया है।

मोदी को उनके नेतृत्व में भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने और भारत को एक वैश्विक ताकत के रूप में आगे बढ़ाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का आभार जताते हुए कहा कि यह पुरस्कार भारत और




अमेरिका की जनता के संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों को रेखांकित करता है। मोदी ने मंगलवार को ट्वीट किया, मैं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लीजन ऑफ मेरिट पुरस्कार से विभूषित किए जाने से बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

यह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के भारत और अमेरिका की जनता के प्रयासों को रेखांकित करता है जो भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के बारे में दोनों देशों की द्विपक्षीय सहमति को झलकाता है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी चुनौतियां और अवसर दोनों ही प्रस्तुत करती है। मोदी ने एक अन्य ट्वीट में कहा, भारत-अमेरिका संबंध पूरी मानव जाति के फायदे के लिए वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने की हमारी जनता की विशिष्ट शक्ति की व्यापक क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत की 1.3 अरब जनता की ओर से मैं अमेरिका की सरकार और दोनों देशों के अन्य सभी हितधारकों के साथ काम करते रहने की अपनी सरकार के दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को दोहराता हूं ताकि भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत किया जा सके। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने प्रधानमंत्री की ओर से यह पुरस्कार स्वीकार किया।



अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रोबर्ट ओ ब्रायन व्हाइट हाउस में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अमेरिका के सर्वोच्च सैन्य सम्मानों में शामिल प्रतिष्ठित लीजन ऑफ मेरिट पुरस्कार सौंपते हुए।

उन्हें अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रोबर्ट ओ ब्रायन ने व्हाइट हाउस में सोमवार को यह पुरस्कार प्रदान किया। ओ ब्रायन ने ट्वीट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके नेतृत्व में अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए लीजन ऑफ मेरिट पुरस्कार प्रदान किया। मोदी को सर्वोच्च चीफ कमांडर ऑफ द लीजन ऑफ मेरिट पुरस्कार दिया गया, जो केवल सरकार या राष्ट्र प्रमुख को दिया जाता है। उन्हें यह पुरस्कार उनके बेहतरीन नेतृत्व और दूरदृष्टि के लिए दिया गया, जिसने भारत को वैश्विक शक्ति के तौर पर उभरने ( शेष पेज 9 )

# हर जिले की गौशालाओं में लगेंगे बायोगैस प्लांट

● राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गुजरात के बायो गैस विशेषज्ञ डा भरत पटेल ने दिया प्रस्तुतीकरण




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में बायो ऊर्जा, आर्गनिक फर्टिलाइजर मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिये मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गुजरात के बायो गैस विशेषज्ञ डा भरत पटेल द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज कैमिकल फर्टिलाइजर पेस्टीसाइड आदि का बहुतायत से प्रयोग होने के कारण जनसमुदाय विभिन्न गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। जरूरी है कि आज हम कार्बनिक उर्वरकों के प्रयोग हेतु किसानों को प्रेरित करें।

डा भरत पटेल ने बताया कि गोबर तथा पराली को मिलाकर बायोगैस सफलतापूर्वक तैयार किया जा सकता है, जिसका उपयोग बायो फ़र्टिलाइज़र, बायोगैस तथा सीएनजी के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुये कहा कि इसे सर्वप्रथम प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्थापित गौशालाओं में स्थापित कराया जायेगा। किसानों को अपने खेतों में आर्गेनिक खाद प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में आर्गेनिक मिशन के तहत ये कार्य प्रत्येक जनपद में किये जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे गुजरात जाकर वहां स्थापित विभिन्न बायोगैस प्लांटों को देखें तथा एक कार्य योजना तैयार करें ताकि इस प्रभावी ढंग से प्रदेश में लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमें अपनी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन आर्गेनिक मिशन, अपशिष्ट फ्री फार्मिंग, ग्रीन इनर्जी की सुविधा प्रदान करनी है तथा किसानों की आय दो दुगनी करने के सभी उपाय करने हैं ऐसा करने से ग्रामीण क्षेत्रों का चौमुखी विकास हो सकेगा।

# क्रय केन्द्रों पर किसानों का धान तेजी से खरीदें: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों का धान त्वरित ढंग से क्रय किया जाए। उन्होंने क्रय केन्द्रों पर अतिरिक्त काटों की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों का धान तेजी से क्रय किया जा सके।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने वरासत अभियान को तेजी से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज करने की कार्यवाही निर्धारित समय सारणी के अनुरूप की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आए कामगारों तथा श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग गठित किया गया है। कामगारों तथा श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए योजना बद्ध ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में एक कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र स्थानीय स्तर पर स्थापित किए जाएं। इससे अभ्यर्थियों को काफी सुविधा होगी तथा उनका समय व धन भी बचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए कृतसंकल्पित है। प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए निवेशकों तथा उद्यमियों को नीति के अनुरूप विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को इस दिशा में पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि उद्योगपतियों तथा उद्यमियों को औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए सभी सुविधाएं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध करायी जाएं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार तथा प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आज किसानों को करेंगे सम्मानित

● चौ. चरण सिंह की जयंती पर विधानभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार 23 दिसम्बर को स्व. चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण की जयन्ती के अवसर पर विधान भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री कृषक उपहार सहायता योजना के अन्तर्गत 11 कृषकों को 35 हार्स पावर के ट्रैक्टर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के अन्तर्गत 3 प्रकरणों में आर्थिक सहायता की धनराशि प्रदान की जाएगी।

वहीं कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य मुख्यालय पर विधानभवन के सामने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थल एवं लोकभवन में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत भी उपस्थित रहेंगे। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में किसान गोष्ठी, किसान प्रदर्शनी आयोजित की जायेंगी। मुख्य कार्यक्रम में परम्परागत खेती में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ऐसे किसानों को सम्मानित भी किया जायेगा, जिन्होंने कृषि विविधीकरण अथवा औद्योगिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये हों।

## बीजेपी अवध क्षेत्र के चार लाख किसानों से वर्चुअल जुड़ेंगे मोदी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पीएम नरेंद्र मोदी बीजेपी अवध क्षेत्र के 4 लाख किसानों से 377 स्थानों पर सीधे वर्चुअल संवाद स्थापित करेंगे। जिसके अन्तर्गत 174 ब्लाक केन्द्र व 10 हजार आबादी से ज्यादा 111 ग्राम पंचायतों के साथ-साथ 92 संगठनात्मक मण्डलों पर यह संवाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किये जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सम्मान किसान निधि के तहत 9 करोड़ किसान परिवारों के खातें में 18 हजार करोड़ रुपये की धनराशि भी आवंटित की जायेगी। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी राजेश मिश्रा के मुताबिक कोरोना जैसे संकटकाल में भी किसानों ने रिकार्ड बोआई कर अच्छी पैदावार की, मोदी व योगी सरकार की नीति और नियत दोनों किसानों के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है। जब वोकल फॉर लोकल को देश में बढ़ावा मिल रहा है तो किसान बिल का विरोध करने वाले लोगों के इरादों को भी देशवासियों व किसानों को भली-भांति समझना होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा किसान बिल के माध्यम से किये गये सुधार भारतीय कृषि में व किसानों के लिए नये अध्याय की नींव बनेंगे। किसान संवाद कार्यक्रम के तहत 26 व 27 दिसम्बर 2020 को कृषि और किसान मंत्री भारत सरकार नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा किसानों को सम्बोधित पत्र व मोदी सरकार द्वारा किसान हित में आज तक किये गये कार्यों से सम्बंधित पत्रक बूथ स्तर पर घर-घर बांटे जाएंगे। शहरों में इसी तिथि को मलिन बस्तियों सहित आम-जनमानस से भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी सम्पर्क कर मोदी सरकार की लोकप्रिय योजनाओं के तहत संवाद करेंगे।

## जनता की समस्याओं का किया जाए त्वरित समाधान: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। श्री मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण होना चाहिए। ताकि किसी फरियादी को बार बार किसी कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता के हितों को प्राथमिकता देते हुए उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने आवास पर प्रदेश के दूरदराज जिलों से आए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। तत्पश्चात संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के समाधान के साथ साथ ठंड से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों एवं चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। श्री मौर्य ने जनता से सीधे रूबरू होते हुये उनकी समस्याएं न केवल सुनीं बल्कि उन्हें शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। दूर दूर से आए हुए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी समस्या के निस्तारण में लापरवाही या हीलाहवाली किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी।

## फरार आईपीएस पाटीदार की संपत्ति की छानबीन के लिए राजस्थान भेजी गई पुलिस टीम

**लखनऊ।** महोबा के निलंबित एसपी व फ़रार चल रहे आईपीएस मणिलाल पाटीदार के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने के बाद अब उनकी संपत्ति और करने की तैयारी तेज हो गई है। पाटीदार की संपत्ति की जांच के लिए पुलिस की एक टीम राजस्थान रवाना की गई है। राजस्थान में पाटीदार की करोड़ों की चल अचल संपत्ति होने की आशंका है। उनकी समस्त संपत्ति के बारे में जानकारी एकत्र करने के बाद पुलिस न्यायालय के आदेश पर उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई अंजाम देगी। पाटीदार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। जांच के दौरान पता चला था कि क्रशर कारोबारियों से पुलिस वसूली करती थी और उसका कमीशन एसपी तक जाता था। इस आधार पर माना जा रहा है कि निलंबित आइपीएस ने अवैध कमाई के जरिए राजस्थान में काफी प्रापर्टी बनाई है। मणिलाल पाटीदार की गिरफ्तारी के लिए प्रयागराज और महोबा पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई है।

# साफ्टवेयर में बदलाव न होने से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से वसूली जारी

● उपभोक्ता परिषद के हस्तक्षेप के बाद हरकत में आए अधिकारी, साफ्टवेयर में बदलाव का काम शुरू कराया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** पावर कारपोरेशन आईटी विंग की लापरवाही और मनमानी से नियामक आयोग के आदेश के बाद भी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से रिकनेक्शन और डिस्कनेक्शन की फीस के रूप में 600 रुपये की वसूली अब तक जारी रही। बीते 11 नवंबर को ही नियामक आयोग ने अपने आदेश में पांच किलोवाट तक 100 और इससे अधिक क्षमता पर 200 रुपये फीस इसके लिए निर्धारित कर दिया था।

उप्र विद्युत नियामक आयोग के आदेश के बाद भी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से आरसीडीसी के मद में 600 रुपये फ ीस 40 दिनों तक वसूली जाती रही और किसी अधिकारी का ध्यान इस पर नहीं गया। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मंगलवार को अधीक्षण अभियंता आईटी और निदेशक वाणिज्य एके श्रीवास्तव को इससे अवगत कराया। 21 दिसंबर को आरसीडीसी की फीस 600 रुपये लिए जाने की प्रति इन अधिकारियों को दिखाई। जिसके बाद पावर कारपोरेशन के अधिकारी हरकत में आए। जिसके बाद साफ्टवेयर में बदलाव करने का काम शुरू कराया गया।

उपभोक्ता परिषद ने निदेशक वाणिज्य से मांग की है कि 11 नवंबर के बाद से इस मद में जिन उपभोक्ताओं से अधिक फ ीस ली गई है उसका समायोजन बिजली बिल में किया जाए। उपभोक्ता परिषद् ने निदेशक वाणिजय से यह मांग रखी जिन उपभोक्ताओ से अधिक वसूली आरसीडीसी की गयी है उनकी अधिक वसूली की धनराशि को उपभोक्ताओ को वापस उनके बिल में कराया जाए। जिस पर निदेशक वाणिजय पावर कार्पोरेशन ने बिभाग की गलती मानते हुए अधिक वसूल की गयी आरसीडीसी फीस उपभोक्ताओ के बिल में समायोजित कराने का भरोसा दिया।

## नए कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**लखनऊ।** किसान नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयन्ती पर बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा एक बार फिर किसान संगठनों के समर्थन में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा भाजपा के सांसदों और विधायकों के आवास व कार्यालयों का घेराव और ताली, थाली बजाकर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित किए गए किसान विरोधी तीनों काले कृषि कानूनों के खिलाफ देश भर के किसान संगठन विगत लम्बे समय से आन्दोलनरत हैं।

# कानून व्यवस्था सम्हालना भाजपा सरकार के वश की बात नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था सम्हालना भाजपा सरकार के वश की बात नहीं रही। अपराधियों के बुलंद हौंसलों के आगे प्रशासनिक मशीनरी नतमस्तक है। भाजपा राज में सर्वाधिक अत्याचार की शिकार महिलाएं एवं किशोरियां ही हैं। डबल इंजन वाली भाजपा सरकार के मिशन शक्ति और ऐंटी रोमियों स्क्वाड जैसे टोटके काम नहीं आ रहे हैं।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार झूठ और नफरत की राजनीति करती है। उसके द्वारा दायर झूठे मुकदमों की कलई खुलने लगी है। हाथरस की बेटी के मामले में सीबीआई की चार्जशीट से भाजपा सरकार के झूठ और गैरजिम्मेदारी का पर्दाफाश हुआ है। सीबीआई ने उससे गैंगरेप की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका और लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए पूरा भरोसा है कि पूर्व मंत्री एवं सांसद मोहम्मद आजम खां के खिलाफ चल रहे झूठे मुकदमों से उन्हें जल्दी ही इंसाफ मिलेगा। न्यायालय के आदेश से पूर्व सांसद एवं विधायक तंजीन फातिमा की 298 दिनों बाद जेल से रिहाई से भी साबित है कि सच के आगे झूठ हारता है। अखिलेश ने कहा कि वस्तुत: भाजपा अन्याय.अत्याचार के रास्ते पर चल पड़ी है, यह रास्ता पतन की ओर ले जाता है। भाजपा से ऊबी और पीड़ित जनता सन् 2022 में समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाकर भाजपा राज पर अपनी आखिरी मुहर लगाएगी।

## किसान मुद्दे को लेकर सपा व प्रसपा आज सरकार को घेरेंगे

**लखनऊ।** किसान मुद्दे को लेकर विपक्ष अलग अलग मंचों से केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरने को तैयार है। विपक्ष में बैठी समाजवादी पार्टी एवं प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह की जयंती पर अपने अपने स्तर से आंदोलन करने जा रही है। समाजवादी पार्टी जहां समाजवादी किसान घेरा का आयोजन कर रही है वहीं प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया किसान संघर्ष दिवस मनाने जा रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार लगातार किसानों का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों को न्याय दिलाने के लिए किसान यात्रा के साथ ही लगातार अभियान चलाए हुए हैं इसी क्रम में समाजवादी पार्टी 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह की जयंती पर गांव गांव में संगोष्ठी आयोजित कर किसान दिवस मनाएगी। 25 दिसम्बर को समाजवादी किसान घेरा का आयोजन होगा। गांव के स्तर पर किसानों के बीच अलाव जलाकर समाजवादी नेता भाजपा की किसान विरोधी नीतियों का पर्दाफाश करेंगे। वहीं दूसरी ओर प्रसपा ने किसान नेता चौधरी चरण सिंह जयंती 23 दिसंबर को किसान संघर्ष दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने बताया कि प्रसपा भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरुद्ध जनता को जागरुक करेगी। प्रसपा लोहिया व चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने की मांग को दोहराती है।

## शिथिलता में चार जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह तथा अपर मुख्य सचिव, खादी एवं ग्रामोद्योग डा. नवनीत सहगल ने मंगलवार को खादी भवन में मौजूदा वित्तीय वर्ष की प्राविधानित धनराशि की स्वीकृतियां एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। स्वरोजगारपरक योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त न करने तथा कार्यों में शिथिलता बरतने वाले चार जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबित करने और एक अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद एटा, श्रावस्ती, महाराजगंज एवं गौतमबुद्धनगर के अधिकारी विभाग द्वारा संचालित इन योजनाओं का लाभ लोगों को देने में शिथिलता बरत रहे हैं। योजना के निर्धारित वार्षिक लक्ष्य में सभी 75 जनदों के सापेक्ष इन जनपदों का सबसे निम्न स्तर का प्रदर्शन रहा है। इससे पूर्व हुई बैठक में इन जनपदों के अधिकारियों को सख्त चेतवनी भी दी जा चुकी थी। लेकिन कार्यों में वांछित सुधार न पाये जाने पर इन चारों को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। इनके अलावा जनपद सुल्तानपुर के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि और गोरखपुर के डीवीआईओ को किसी अन्य जनपद के स्थानान्तरित करने के भी निर्देश दिये।

Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Medical Sciences
Raebareli Road, Lucknow - 226014 (U.P.) India, www.sgpgi.ac.in
Phones : 0522- 2668004-08, 2668700, 2668800 2668900, Fax : 2668017, 2668078

Applications are invited from eligible candidates for the post of Senior Research Fellow for a maximum period of three years (subject to yearly renewal) in a ICMR sponsored project entitled **"Characterization of epidemic plasmids, .............. carbapenem resistance"** under supervision of **Dr. Chinmoy Sahu, Associate Professor, Department of Microbiology, SGPGIMS, Lucknow**.

**Position** : Senior Research Fellow (1)
**Salary** : Rs. 35000.00 + 16% HRA
**Essential qualification :** M. Sc. in Microbiology / life science with two years of experience as JRF/ Research assistant.
**Desirable qualification :** Candidates having prior experience in routine clinical microbiology work, antimicrobial resistance and molecular biology techniques like PCR, Real-time PCR, Cloning and expression, PFGE and DNA hybridization.
**How to apply :** Interested candidates are requested to apply with their CV within **ten days** from the date of advertisement. Application on plain paper with necessary certificates should be e-mailed to sahu.chinmoy@gmail.com. Shortlisted applicants will be informed about the date of interview through e-mail. The above post is entirely temporary and can be terminated with one month notice. Appointment will only be for the duration of the project. Director reserves the right to cancel the advertisement / selection without assigning any reason.

**Dr. Chinmoy Sahu**
**Advt. No. R / 34/ 2020-21 Dept. of Microbioloy, SGPGIMS, Lucknow**

NOTICE

I, Rama Dixit Spouse of No - 13819516 Late Ex Sepoy Shyam Sundar Dixit R/o Vill & Post Kantha, Distt-Unnao U.P. have changed my name from Rama Dixit to Rama Devi that my DOB-10/10/1953. Wide Affidavit dated 22/12/2020 before Unnao SDM Court.

सूचना

मैंने अपना नाम खैरात हुसैन से बदलकर खेरात हुसैन सिद्दीकी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। खेरात हुसैन सिद्दीकी पुत्र अब्बास अली सिद्दीकी निवासी-ग्राम गौसिया सराय अकील कौशाम्बी।

सूचना

मैंने अपना नाम UZMA BEGUMSIDDQQE से बदल कर UZMA BEGUM रख लिया है अब मैं इसी नाम से जानी जाती हूं UZMA BEGUM W/O KHALID RASHID 132/168 बाबू पुरवा कानपुर

# लुटेरों को दबोचा, तो कहीं रक्तदान कर बचाई जान

## साल भर में अच्छे कामों के लिए 647 पीआरवी कर्मी हुए सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**सालभर** अच्छे कार्यों के माध्यम से यूपी.112 के कर्मियों ने पुलिस विभाग का मान बढ़ाया है। जरुरत कैसी भी हो सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर लोगों को सहायता देने के साथ सुरक्षा का अहसास भी कराया। यूपी-112 कर्मियों ने हर समय मुस्तैद रहते हुए कहीं रुपए लूट कर भाग रहे लुटेरों को दबोचा तो कहीं रक्त दान कर किसी अंजान की जान बचायी। विभाग ने भी अच्छे कार्य करने वाले 647 कर्मियों को साल भर में सम्मानित किया।

कर्मियों के अच्छे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए एडीजी असीम अरुण ने बताया कि आजमगढ़ जिले के जीयनपुर निवासी एक व्यक्ति 45,000 रुपए लेकर कहीं जा रहे थे। रास्ते में कार सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति आए और रुपयों से भरा बैग लूट कर भाग गए। पीड़ित गुहार लगते थाने की तरफ जा रहे थे कि रास्ते में उनको पीआरवी 1041 मिली। पीड़ित ने पीआरवी कर्मियों को पूरी घटना बताया और ये जानकारी भी दी कि संदिग्ध किस तरफ भागे हैं। पीआरवी कर्मियों ने बिना समय गंवाए संदिग्ध लुटेरों का पीछा शुरू किया। करीब 17 किलोमीटर दूर पीआरवी ने संदिग्ध कार और तीन लोगों को घेर के पकड़ लिया। कर्मियों ने कार सवारों के पास से पीड़ित के 45,000 रुपए भी बरामद कर लिया। सराहनीय कार्य के लिए पीआरवी कमांडर बाबूलाल, सबकमांडर अनिल कुमार यादव और पायलट जगदीश गौड़ को पीआरवी आफ द डे से सम्मानित किया। इसी प्रकार हरदोई जिले से कॉलर ने यूपी.112 को सूचना दी कि सीतापुर में नगर कोतवाली क्षेत्र में उनका बेटा फांसी लगा के आत्महत्या का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही पीआरवी 3317 मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़ कर देखा कि लड़का अचेत अवस्था में फंदे से लटका हुआ है। जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक को फंदे से नीचे उतारा। अस्पताल ले जाने के लिए मौके पर कोई साधन न देख कमांडर सुरेन्द्र यादव और पायलट भानु यादव युवक को एक ठेले पर लिटा कर 2 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल लेकर गए। जहां उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक को खतरे से बाहर बताया। युवक की जान बचाने वाले पीआरवी कर्मियों को आईजी रेंज लखनऊ की तरफ से 5,000 रुपए प्रोत्साहन पुरस्कार की घोषणा की गयी। वहीं यूपी-112 को जानकारी मिली कि सड़क दुर्घटना में घायल एक बुजुर्ग को सिविल अस्पताल में तत्काल रक्त की जरुरत है। सूचना मिलते ही मुख्यालय में तैनात आरक्षी विपिन कुमार शुक्ला तत्काल अस्पताल गए और एक यूनिट ब्लड डोनेट किया। एडीजी ने कहा कि विपिन का सहयोग तो एक उदाहरण मात्र है सालभर में 112 के कर्मियों ने 68 लोगों को रक्त देकर मदद पहुंचाने का कार्य किया है। रक्त दान करने वाले कर्मियों को एडीजी-112 की तरफ से प्रशस्तिपत्र अथवा पीआरवी आफ द डे देकर सम्मानित किया गया।

एम0 सी0 जे0 फार्म नं0 33 भाग 7
हेतु सन्दर्शित करने के सूचना ( साधारण प्रारूप )
न्यायालय कलेक्टर महोदय, सीतापुर

बाजदायर वाद संख्या 6/डी 2016106400212
अन्तर्गत धारा 30 उ0प्र0 राजस्व संहिता
नियत तिथि : 31-12-2020

1-महन्त सियाराम दास चेला स्व0 प्रकाश दास लंका दहन मन्दिर, 258/133 नाग लालजी, लखनऊ
-वादी

बनाम

1- गुनीराम पुत्र दुर्गा निवासी ग्राम 2-हैदर हुसेन रूहानी 3-हबीब हुसैन रूहानी पुत्रगण अशरफ उर्फ अस हुसैन रूहानी निवासी उमेदपुर परगना व तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर। 4- मनोज कुमार पुत्र ओमप्रकाश 5- संध्या पत्नी मनोज निवासीगण कालिकापुरवा परगना व तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर। 6-श्रीमती सविता गुप्ता पत्नी विनय कुमार गुप्ता निवासी ग्राम दौलतपुर परगना व तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर। 7- ग्राम सभा मिश्रिख बाहर नगर क्षेत्र द्वारा ग्राम प्रधान, मिश्रिख बाहर नगर क्षेत्र परगना व तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर।
- प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में धारा 30 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 अन्तर्गत गाटा संख्या 643/0.267 हे0 स्थित ग्राम मिश्रिख बाहर नगर क्षेत्र परगना व तहसील मिश्रिख जनपद सीतापुर की नक्शा दुरूस्ती हेतु बाजदायर आवेदन किया है, अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2020 के 31-12-2020 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 22-12-2020 के दिवस को निकाली गई।

आज्ञा से,
रीडर, न्या0 कलेक्टर, सीतापुर

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, बाँदा

पत्रांक-1363/ई-टेण्डर/27 दिनांक-18.12.2020

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगरीय पेयजल योजना बाँदा अन्तर्गत मुख्य पाइपलाइन के एलाइनमेंट बदलने कार्य हेतु ई-निविदा दिनांक 19.12.2020 से 26.12.2020 तक आमंत्रित की जाती है जो कि दिनांक-27.12.2020 को प्रातः 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी एवं निविदा समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। अवकाश होने की दशा में ई-निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

यह निविदा सूचना एवं प्रपत्र http://etender.up.nic.in/ पर भी उपलब्ध है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम |
|---|---|---|
| 1 | पेयजल योजना बाँदा के अंतर्गत डोर टू डोर सर्वे सम्बन्धी कार्य। | बाँदा नगरीय/ ग्रामीण पेयजल योजना |
| 2 | पेयजल योजना बाँदा के अंतर्गत आन लाइन बिलिंग एवं भुगतान सम्बन्धी कार्य। | बाँदा नगरीय/ ग्रामीण पेयजल योजना |

नोट : 1. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर एवं कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है।

(वी.के.श्रीवास्तव)
अधिशासी अभियन्ता
जल संस्थान बाँदा

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# देश में ट्रेंड डॉक्टरों की संख्या जरूरत के मुताबिक कमः राजनाथ

## केजीएमयू का 114 वां और 115वां स्थापना दिवस समारोह

### सरकार देश के हेल्थ सिस्टम में 3.5 लाख कम्युनिटी हेल्थ प्रोवाइडर जोड़ने जा रहीः रक्षा मंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हमारी** सरकार ने मेडिकल कॉलेज और इनकी संख्या में काफी बढ़ोतरी की है। इस वृद्धि के बावजूद देश में ट्रेंड डॉक्टरों की संख्या जरूरत के मुताबिक कम है। सरकार देश में करीब 3.5 लाख कम्युनिटी हेल्थ प्रोवाइडर देश के हेल्थ सिस्टम में जोड़ने जा रही है ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के 114 व 115वें स्थापना दिवस को वर्चुअल तौर पर सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा को आप जिस भी दृष्टि से देखें देखें पर मेरी दृष्टि से चिकित्सा का विचार संतुलन पर टिका हुआ है संतुलन स्वयं एक विज्ञान है दुनिया में चिकित्सा की जितनी भी पद्धतियां उपलब्ध है वह सब यह मानती है कि कोई भी रोग असंतुलन और उनका इलाज संतुलन के कारण ही होता है।

रक्षामंत्री ने कहा कि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग उस स्थान पर है जहां पहले कभी मच्छी भवन हुआ करता था। पूरी दुनिया में जाइए कहीं भी मछली का इतना गुणगान नहीं मिलेगा जितना लखनऊ में अवध की परंपरा में। मछली सौभाग्य और सेहत का प्रतीक है। 135 करोड़ आबादी के स्वास्थ्य की चिंता करना इस सरकार के सामने बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मौजूदा समय में भारत में हेल्थ सेक्टर में गवर्नमेंट स्पेंडिंग जीडीपी का 1.16 फीसदी है। इस देश का गरीब चिकित्सा में होने वाले खर्च के चलते चिकित्सा सुविधाओं से महरूम ना रहे इसलिए हमारे पीएम ने इसी साल सितंबर महीने से 110 करोड़ गरीब परिवारों के लिए 5 लाख तक का इलाज मुफ्त किया जा सके, ऐसी आयुष्मान भारत योजना शुरू की।

वहीं स्थापना दिवस पर वर्ष 2019 व 2020 के मेडल पाने वाले टॉपर्स को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कन्वेंशन सेंटर में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी के स्वागत सम्बोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलपति द्वारा चिकित्सा विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा डॉ रजनीश दुबे ने इस अवसर पर मेडल प्राप्त करने वाले मेधावियों को बधाई देते हुए छात्र-छात्राओं से शोध कार्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि, पूर्व विभागाध्यक्षा, न्यूरोलॉजी विभाग केजीएमयू प्रो देविका नाग ने कहा कि केजीएमयू में पढ़े हुए छात्र विश्व के हर कोने में फैले हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज मेडल पाने वाले छात्र छात्राओं को इसके साथ ही यह जिम्मेदारी भी देते हैं आप इस क्षेत्र में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। विशिष्ट अतिथि, निदेशक जैव चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र प्रो आलोक धवन ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जीवन और चिकित्सा सेवा से जुड़ी जिम्मेदारी एवं अनुभव के बारे में जानकारी दी।

समारोह में नर्सिंग से संबंधित जानकारी हेतु नर्स उर्वशी शर्मा द्वारा चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी अलग अलग लिखित किताबों तथा अधिष्ठाता, दंत संकाय, डॉ अनिल चंद्रा और डॉ रामेश्वरी सिंघल द्वारा जारी दंत संकाय के बुलेटिन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व प्रति कुलपति प्रो विनीत शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।

**115वें स्थापना दिवस समारोह में 38 मेडिकोज को दिए गए मेडल व अवार्ड:** इस मौके पर 38 मेडिकोज को मेडल प्रदान किए गए। मेडल पाने वालों में 56 प्रतिशत से अधिक संख्या छात्राओं की रही। इसमें डॉ कोपल रोहतगी, डॉ मोनिका पटनायक, डॉ मयंक कुमार, डॉ आकाशदीप शर्मा, डॉ मोहम्मद यासिर, डॉ प्रिंसी चैधरी, डॉ रफ्फ्यात आरा, डॉ दीशू अग्रवाल, डॉ निमेश सक्सेना, डॉ राहुल कुमार तोमर, डॉ जसनीत कौर, डॉ वाई आशुतोष भारद्वाज, डॉ विदुशी वर्मा, डॉ श्रेष्ठा सिंह, डॉ प्रगति बसेरा, डॉ प्रांजल शुक्ला, डॉ सेजल अग्रवाल , डॉ अनन्या वर्मा, डॉ चिन्मय गुप्ता, डॉ खादिजा आमिर, डॉ महवीश अहमद, डॉ आशीष शर्मा, डॉ मेघा भारद्वाज, डॉ खुशाल जिंदल, डॉ अर्जुन जैन, डॉ प्रगति जैन, डॉ दीपक बंसल, डॉ आस्था गुप्ता तथा बीडीएस के छात्र डॉ आशीष झा, डॉ अफरीन कादिर, डॉ पारूल सिंघल, डॉ गिन्नी जैन, डॉ प्रणय मिश्रा, डॉ सत्येन्द्र प्रताप सिंह, डॉ श्रीमती इंदु यादव, डॉ पूजा स्वेतांबर भारती, डॉ पूजा अवस्थी एवं डॉ विभा यादव को मेडल व अवार्ड प्रदान किए गए।

**यह विभाग भी किए गए सम्मानित:** समारोह में चिकित्सा विश्वविद्यालय के क्लीनिकल एवं नॉन क्लीनिकल विभाग को भी उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान के विश्वविद्यालय पर्यावरण विभाग को बायो वेस्ट मेनेजमेंट से उत्कृष्ठ प्रबंधन हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से सर्वश्रेष्ठ आपरेशन थियेटर के लिए न्यूरोसर्जरी विभाग, सर्वश्रेष्ठ वार्ड के लिए जनरल सर्जरी विभाग, सर्वश्रेष्ठ क्लीनिक के लिए आर्थोडोंटिक्स विभाग, सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशाला के लिए ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग, दंत संकाय के सर्वश्रेष्ठ विभाग के लिए पेरियोडोंटिक्स विभाग तथा नॉन क्लीनिकल विभाग में माइक्रोबायोलॉजी विभाग को सम्मानित किया गया।



## 114वें स्थापना दिवस समारोह के 94 मेडिकोज को दिए गए मेडल व अवार्ड

114वें स्थापना दिवस समारोह में सर्वाधिक चार मेडल और एक बुक प्राइज डॉ नीलांशा वार्ष्णेय को मिला। इसके अतिरिक्त डॉ उर्जश्वेता सिंह, डॉ शुभम मजूमदार, डॉ चैताली, डॉ इशा आतम, डॉ शुभम जैन, डॉ प्रिंसी पूनम, डॉ स्वाती रानी, डॉ शिवम अरोड़ा, डॉ साल्वी शर्मा, डॉ शोभित गर्ग, डॉ ऐश्वर्या, डॉ अंशिका अग्रवाल, डॉ श्वेता मणि, डॉ योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, डॉ शिखा, डॉ आकांक्षा, डॉ वैशाली साहू, डॉ श्रद्धा सिंह, डॉ नीतिन भारती, डॉ स्वाती सिंह, डॉ सिमरन जायसवाल, डॉ श्रुति सिंह, डॉ विजय राजे गुप्ता, डॉ शशांक गुप्ता, डॉ संविदा परिहार, डॉ अहमद ओजैर, डॉ अविरल दुआ, डॉ प्राजन्य, डॉ अनन्या त्रिपाठी, डॉ अंकिता पाण्डेय, डॉ आयुश साहू, डॉ त्रिश्रा गौतम, डॉ प्रखर केसरवानी, डॉ माही फातिमा, डॉ प्राची पंवार, डॉ मानसी वार्ष्णेय, डॉ लिपिका अग्रवाल, डॉ अनुभव मुखर्जी, डॉ प्रदीप्ति मिश्रा, डॉ गरिमा अग्रवाल, डॉ रोशनी सिंह, डॉ लक्ष्य बंसल, डॉ मानसी जायसवाल, डॉ प्रतिमा पाल, डॉ आयुष गुप्ता को मेडल एवं अवार्ड प्रदान किए गए। इस अतिरिक्त फार्मोकोलॉजी विभाग की डॉ सुचि जैन को फस्ट रनरअप के रूप में स्व डॉ जान्हवी दत्त पाण्डेय स्कॉलरशिप अवार्ड तथा पीडियाट्रिक विभाग के डॉ राजीव कुमार को सेकेण्ड रनरअप के रूप में स्व डॉ जान्हवी दत्त पाण्डेय स्कॉलरशिप अवार्ड प्रदान किया गया। दंत संकाय में डॉ आशुतोष श्रीवास्तव को डॉ एचडी गुप्ता मेमोरियल गोल्ड मेडल सहित चार अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलावा डॉ नैंसी जैन, डॉ निहारिका सिंह, डॉ मनीषा मीणा, डॉ अंतरा तिवारी, डॉ प्रियांशु सिंह, डॉ हिना फातिमा, डॉ स्वर्णिम सिंह, डॉ अश्रिता शर्मा, डॉ प्रवनीत कौर सोनी, डॉ मान्या अग्रवाल, डॉ सौम्या गुप्ता, डॉ अनिमेश त्रिपाठी, डॉ अंजली मल, डॉ दिव्या अग्रवाल, बृष्टि देबनाथ, डॉ गुंजन मेहता, डॉ नेहा रानी, डॉ नेहा सिंघल, डॉ मुमताक मियू, डॉ रिजवाना हनफी, डॉ अस्मिता द्विवेदी, डॉ अंजली सिंह, डॉ शशंक शेखरए डॉ रमेश कुमार, डॉ वनलालरूतसाकी, डॉ अपराजिता राय, डॉ ध्रूतिका जाधव, डॉ अभिनव कुमार, डॉ सौम्या मिश्रा, डॉ रीतुपर्णा राय, डॉ मानसी वर्मा, डॉ सागरिका आर्या, डॉ अपूर्वा वत्स, डॉ प्रांजलि सिंह, डॉ स्नेहलता कौशिक, डॉ आकांक्षा दीक्षित, डॉ स्वाती राय तथा अनिता पॉल एवं राहुल बंसवार सर्वश्रेष्ठ नर्स 2019 के अवार्ड एवं कैश प्राइज से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2016 बैच के डॉ शुभम कुमार एवं डॉ निकिता चौहान को भी सम्मानित किया गया।

# यूपीएसएचए के बैंक खाते से 125 करोड़ की रकम निकालने का प्रयास, दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने उत्तर प्रदेश स्टेट हाईवे अथॉरिटी के बैंक खाते में जमा 125 करोड़ की रकम को बैंक कर्मियों की मिलीभगत से दिल्ली के दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर निकालने का प्रयास करने वाले दो जालसाजों को लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पंजाब नेशनल बैंक, धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन ,कक्ष मण्डल कार्यालय नई दिल्ली द्वारा वित्त नियंत्रक यूपीएसएचए को प्राधिकरण के नाम से फर्जी खाता खोलने व 1252554647 रुपए का बैंक ड्राफ्ट आहरित कराने सम्बन्धी सूचना दी गई। इस सम्बन्ध में थाना महानगर लखनऊ में मुकदमा दर्ज हुआ। प्रकरण की जांच हेतु अपर मुख्य सचिव द्वारा उक्त धोखाधड़ी की जांच एवं आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए एसटीएफ लखनऊ को निर्देशित किया गया था।



एसटीएफ को पता चला कि सरकारी संस्थाओं के रुपयों की बैंक एवं सम्बंधित विभागों के कर्मियों एवं दलालों की मिलीभगत से अधिक कमीशन दिलाने का प्रलोभन देकर उक्त धनराशि की बंदर बांट करने वाला एक गिरोह राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। गिरोह के दो सदस्यों अमरनाथ गुप्ता उर्फ अनिल गोयल निवासी ग्राम जखैता, बुलन्दशहर और प्रभास चन्द्र श्रीवास्तव निवासी भरतनगर सीतापुर रोड लखनऊ स्थायी पता ग्राम सिठौली कला पोस्ट सराय गुदौली थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को लखनऊ के फातिमा रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । विस्तृत पूछताछ पर प्रभास द्वारा बताया गया कि हम लोंगो का एक संगठित गैंग है जिसके द्वारा सरकारी संस्थाओं के खातों में उपलब्ध धनराशियों का एफडीआर बनवाकर अधिक ब्याज दर दिलाने एवं अवैध रूप से प्राप्त कमीशन का आपस में बन्दर बांट करने का प्रलोभन देकर उक्त संस्थाओं की अन्य बैंकों में जमा धनराशि का एफडीआर प्राप्त कर लेते है। फिर गिरोह में शामिल बैंक कर्मियों की मिलीभगत से उक्त संस्था का फर्जी अथॉरिटी लेटर तैयार कर अन्य दूरस्थ बैंकों में खाता खुलवाते हैं फिर प्राप्त एफडीआर को उक्त फर्जी खाते में आहरित करा लेते हैं।

इसी क्रम में 26 मई 2020 को उप्र राज्य मार्ग प्राधिकरण की धनराशि 1252554647 रुपए जीबी मार्ग पीएनबी, हजरतगंज में मेच्योर्ड हुए एफडीआर को पुन: 185 दिन का एफडीआर बनाने के लिए 2 जून 2020 को पत्र के माध्यम से पीएनबी महानगर ब्रांच के शाखा प्रबंधक से वित्तीय नियंत्रक यूपीएसए द्वारा अनुरोध किया गया । जिस पर 11जून 2020 अजय कुमार दीक्षित, शाखा प्रबंधक पीएनबी व मुझे यूपीएसए लेकर आए व बैंक ड्राफ्ट मूल रूप में प्राप्त किए। शाखा प्रबंधक से मैने उपरोक्त ड्राफ्ट को प्राप्त कर लिया। उपरोक्त धनराशि को बेईमानी पूर्ण ढंग से प्राप्त करने के लिए अपने गिरोह के सदस्यों की सहायता से द्वारिका नई दिल्ली स्थित पीएनबी ब्रांच में अपने जानने वाले अमर नाथ गुप्ता को उपलब्ध कराया। अमर नाथ गुप्ता द्वारिका स्थित पीएनबी के बैंक मैनेजर एवं दिल्ली में रहने वाले गैंग के सदस्यों की सहायता से अमरनाथ गुप्ता की पहचान अनिल गोयल के रूप में कराकर फर्जी आधार कार्ड पैन कार्ड एंव यूपीएसए के वित्त नियंत्रक - सचिव वित्त के नाम से विभिन्न प्रकार के कागज तैयार कर एक खाता खुलवाया।

# पशुधन घोटाला मामले में अमित मिश्रा की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**पशुधन** घोटाला मामले में वांछित मुल्जिम अमित मिश्रा की अग्रिम जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज संदीप गुप्ता ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील प्रभा वैश्य के मुताबिक 13 जून 2020 को इस मामले की एफआईआर इंदौर के व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फ रिन्कू ने थाना हजरतंगज में दर्ज कराई थी। इस मामले में अमित मिश्रा व आशीष राय समेत 13 अभियुक्तों को नामजद किया गया था। मुल्जिमों पर कूटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से गेहूं, आटा, शक्कर व दाल आदि की सप्लाई का ठेका दिलवाने के नाम पर कुल नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी करने का आरोप है। मुल्जिम अमित ने टेंडर दिलाने के एवज में सबसे पहले दो करोड़ लिए थे। यह पर्यटन घोटाला मामले में भी वांछित है। इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित है।

## हत्या के आरोप में दो मुल्जिमों को उम्र कैद

**लखनऊ।** सम्पति के विवाद में दिन-दहाड़े गोली मारकर हत्या कारित करने के इल्जाम में सत्र अदालत ने मुल्जिम धर्मेंद्र कुमार रावत व सोहन लाल उर्फ उदयभान को उम्र कैद की सजा सुनाई है। एडीजे प्रेम प्रकाश ने इन दोनों पर 10-10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 28 अक्टूबर 2011 को इस मामले की एफआईआर मृतक की पत्नी राम प्यारी ने थाना गोसाईगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील मो. इंतिजार अहमद गाजी के मुताबिक उस रोज राम प्यारी के पति दोपहर में मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में मोटरसाइकिल सवार मुल्जिमों ने उन्हें गोली मार दी और भाग गए। उनके पति को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। मुल्जिम रिश्तेदार हैं और मृतक से सम्पति का विवाद था।

# प्रापर्टी डीलर संदिग्ध हालात में लापता, अपहरण की आशंका

## परिवारीजनों ने गुड़म्बा थाने में दर्ज करवाई गुमशुदगी

**लखनऊ।** गुड़म्बा के कल्याणपुर निवासी प्रापर्टी डीलर 35 वर्षीयधीरज वर्मा सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। धीरज देवा रोड स्थित अपने साइट पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। रात भर तलाशने के बाद मंगलवार सुबह को परिवारीजनों ने गुड़म्बा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। वही दोहपर को धीरज की स्कूटी आनन्दी वाटर के सामने इंदिरा नहर की पटरी पर मिली है। पास में ही उसका एक जूता भी पड़ा हुआ था। जिसके बाद परिवारीजनों ने प्रापर्टी के रंजिश में अनहोनी की आशंका जताते हुए कुछ लोगों पर शक जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कल्याणपुर निवासी धीरज वर्मा जमीन का कारोबार करते हैं। पिता रतिराम वर्मा ने बताया कि धीरज की मातीए देवा रोड पर साइट चल रही है। सोमवार को वह सुबह 7.30 बज अपनी नई स्कूटी से माती की साइट पर निकल गया। बड़े भाई नीरज ने बताया कि शाम को उसने धीरज को फोन किया तो उसने बताया कि वह आनंदी वाटर पार्क के पासए इंदिरा नहर पर एक पार्टी से मिलने जा रहा हैए कुछ देर में घर आ जायेगा। लेकिन वह घर नहीं आया। तब रात करीब 10.30 बजे उसे फोन किया गया। धीरज का फोन बंद था। दोस्तो व परिचितों से सम्पर्क किया गया, लेकिन धीरज के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद परिवारीजनों ने मंगलवार सुबह गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करा दिया।

### वाटर पार्क के सामने लावारिस मिली स्कूटी, पास में पड़ा था एक जूता

परिवारीजनों व दोस्तों ने धीरज की तलाश शुरू की। सुबह करीब 9.30 बजे उन्हें आनन्दी वाटर पार्क के सामने इंदिरा नहर की पटरी पर स्कूटी लावारिश हालत में पड़ी मिली। स्कूटी से कुछ दूरी पर एक जूता भी पड़ा हुआ था। जिसके बाद परिवारीजनों ने गुड़म्बा पुलिस को जानकारी दी। दारोगा धनंजय तिवारी मौके पर पहुंचे। परिवारीजनों ने घटना स्थल व वहां की परिस्थितियों को देखने के बाद अपहरण की आशंका जताई है। उनका कहना कि कारोबार को लेकर धीरज का माती के ही तीन लोगों से विवाद चल रहा है। परिवारीजन अनहोनी की आशंका से सहमे हुए है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए तलाश की जा रही है।

# प्रो. विनय पाठक ने संभाला भाषा विवि के कुलपति का कार्यभार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजभवन से** नियुक्ति के बाद ख्वाजा मुईनुद्दीन भाषा विवि के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार प्रो विनय कुमार पाठक ने मंगलवार को ग्रहण कर लिया। प्रो पाठक ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत विवि के समस्त आचार्यों, सह आचार्यों एवं सहायक आचार्यों के साथ बैठक भी की। इस दौरान प्रो पाठक द्वारा भाषा विश्वविद्यालय की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता जताई गयी। उन्होंने कहा कि भाषा विश्वविद्यालय की मुख्य अवधारणा भाषाओं के क्षेत्र में शोध एवं नवाचारों को बढ़ावा देना है। विवि में इस क्षेत्र में अभी कोई प्रगति नहीं हुयी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक उच्च स्तरीय समिति बना कर इस क्षेत्र में प्रतिबद्धता से कार्य किया जायेगा। प्रो पाठक ने कहा कि विवि में बेहतर शिक्षा के वातावरण के लिए प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि विवि के विद्यार्थियों को शोध एवं नवाचार से जोड़ने के लिए कार्य योजना जल्द ही तैयार की जाएगी।

# आदर्श ने लहराया सफलता का परचम, बने सिविल जज



**मोहनलालगंज।** उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की सिविल जज (जूनियर डिवीजन)-2019 के नतीजों में मोहनलालगंज तहसील के घुसकर गांव निवासी समाजसेवी अनिल त्रिपाठी के बेटे आदर्श त्रिपाठी ने दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद मंगलवार को उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। आदर्श ने वर्ष 2017 में पटना की चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी से एलएलबी उत्तीर्ण कर रखी है। जिसके बाद वह पीसीएस जे की तैयारी के लिए दिल्ली चले गए। उन्होने बताया पहले प्रयास में यूपी पीसीएस जे की परीक्षा में कुछ नंबर से उनका चयन नहीं हो सका था। लेकिन इस बार उत्तराखण्ड की पीसीएस जे परीक्षा में आदर्श ने कामयाबी की दास्तां लिख दी। अपनी सफलता का श्रेय आदर्श ने माता-पिता के आशीर्वाद और उनके अटूट विश्वास को दिया।

## दुराचारी को 10 साल का सश्रम कारावास

**लखनऊ।** एक नाबालिग युवती से दुराचार करने के आपराधिक मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने मुल्जिम धर्मवीर यादव को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज अरविन्द मिश्र ने इस पर 15 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सात अगस्त 2016 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता की मां ने थाना सरोजनीनगर में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील नवीन त्रिपाठी व अभिषेक उपाध्याय के मुताबिक मुल्जिम ने 14 वर्षीय पीड़िता को घर में अकेली पाकर उसके साथ जबरिया दुराचार किया था। वो पीड़िता के पड़ोस में रहता था।

## राजधानी में 197, सूबे में मिले कोरोना के 1277 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण बना हुआ है। मंगलवार को राजधानी में कोरोना के 197 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1277 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 16691 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2792 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8224 मरीजों की और राजधानी में 1088 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,27,219 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,26,92,833 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1,277 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 16,691 कोरोना के एक्टिव मामले में से 7,238 लोग होम आइसोलेशन में हैं।

# हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए सड़क पर उतरे व्यापारी

**सुजीत पाण्डेय हत्याकांड**

## कोतवाली घेरकर किया प्रदर्शन

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**व्यापार** मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय हत्याकांड के 48 घण्टे बाद भी मोहनलालगंज पुलिस कातिलों तक नहीं पहुंच पाई है। जिसे लेकर आक्रोशित मोहनलालगंज कस्बे के व्यापारी मंगलवार को बाजार बन्द कर सड़क पर उतर आए। हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे सैकड़ों व्यापारियों ने हाईवे की दोनों पटरियों पर जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। फिर कोतवाली का घेराव कर नारेबाजी करने लगे। लिहाजा उन्हें समझाने बाहर आए एसीपी प्रवीण मलिक और इंस्पेक्टर जीडी शुक्ल से व्यापारियों की नोंकझोंक भी हुई। पुलिस अधिकारियों ने मामले में तकरीबन डेढ़ सौ लोग रडार पर होने और जांच के लिए आठ टीमें लगी होने का भरोसा देकर व्यापारियों को जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने पिछले वर्ष घटित हुए रिटायर्ड आर्मीमैन अशोक यादव हत्याकांड का खुलासा अब तक नहीं हो पाने पर भी सवाल उठाया। इस मामले की जांच भी उसी तरह ठण्डे बस्ते में नहीं डाल दी जाए इस मुद्दे पर भी व्यापारी लामबन्द नजर आए। जिस पर एसीपी ने उस मामले की जांच क्राइम ब्रांच में चलने की बात कहते हुए व्यापारियों को पुलिस तत्परता का विश्वास दिलाया। जिसके बाद व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियों को गुरुवार तक खुलासे की समय सीमा देकर बाजार बन्द रखने की बात कही। व्यापारियों ने शुक्रवार को मामले में अगली रणनीति तय करने की चेतावनी दी है।

**परिजनों से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल:** पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय और विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर की अगुवाई में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। प्रदेश में खराब कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए प्रतिनिधिमंडल ने 24 घण्टे में व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुजीत पाण्डेय के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराजगी जताई। पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय ने लगातार ब्राह्मणों की हत्याओं को सरकार की नाकामी बताया। वहीं ब्रिक क्लिन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी ईंट भट्ठा उद्यमी सुजीत पाण्डेय के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस अफसरों को ज्ञापन सौंपा है।

**कांग्रेस ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन:** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मोहनलालगंज में सुजीत पाण्डेय की हुई हत्या के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए मंगलवार को पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व मंत्री आरके चौधरी भी मौजूद रहे।

### जांच बेनतीजा, सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के भरोसे पुलिस

मोहनलालगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय हत्याकांड में पुलिस की जांच अब तक बेनतीजा रही है। आधा दर्जन लोगों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज व सीडीआर खंगाल रही पुलिस को अब तक कोई पुख्ता सुराग हाथ नहीं लग सका है। एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत ने बताया पुलिस की कई टीमें रातो दिन काम कर रही हैं। संदेह के घेरे में आए सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर बारीकी से खंगाला जा रहा है। घटनास्थल के आसपास एक्टिव रहे सभी मोबाइल नंबरों का ब्योरा जुटाकर भी पड़ताल की जा रही है। बाहरी लोगों की मौजूदगी का भी पता लगाया जा रहा है। घटना का जल्द से जल्द अनावरण करने की पूरी कोशिश की जा रही है।

ARYAVART BANK आर्यावर्त बैंक
(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) (भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय : लखनऊ, आर्यावर्त भवन, 569/के/1, स्नेह नगर, वी.आई.पी.रोड, अवध हॉस्पिटल के सामने, आलमबाग, लखनऊ

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित
प्रवर्तन अधिनियम 2002, की धारा 13 (2) के अंतर्गत

प्राधिकृत अधिकारी आर्यावर्त बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ, ने उक्त अधिनियम की धारा-13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणियों/ज़मानतकर्ताओं को मांग नोटिस रजिस्टर्ड/स्पीड डाक द्वारा प्रेषित किये थे। परन्तु उक्त मांग नोटिस बिना डिलीवरी वापिस आ गये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित ऋणियों/ज़मानतकर्ताओं से उल्लिखित देनदारी/संविदात्मक ब्याज़/खर्चों इत्यादी का भुगतान इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के अदा करने का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है। यदि वे उक्त देय राशिया इस मांग नोटिस के अनुसार भुगतान करने में असफल रहते है तो उक्त एक्ट की धारा 13 की उप धारा (4) के अन्तर्गत निहित समस्त या किसी भी जिसका विवरण उक्त धारा मे दिया गया है, का प्रयोग करेगा।
उक्त अधिनियम की धारा-13(13) में निहित प्रावधानों के बिना बैंक की लिखित अनुमति के ऋणियों/ज़मानतकर्ताओं/बंधककर्ताओं प्रतिभूति आस्तियों जिनका विवरण निचे सूची में दिया गया है, की बिक्री लीज एवं या अन्य किसी माध्यम से हस्तांतरित नहीं करेगा।

| ऋणी/ज़मानतकर्ता/का नाम एवं पता/शाखा | सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक | नोटिस की धनराशि |
|---|---|---|---|
| **ऋणीः- (1) श्री सचिन देव वर्मा पुत्र बी.एल. वर्मा,** 600/38, भपटामऊ, लखनऊ -227107 **(2) श्री अखिलेश कुमार पुत्र राम आशरे,** डी -33, सलेमपुर पतौरा आंशिक, काकोरी, लखनऊ -227107 **जमानतकर्ताः- (1) श्री प्रशांत कुमार वर्मा पुत्र गुरु प्रसाद वर्मा,** ई -4718, सेक्टर -11, राजाजीपुरम, लखनऊ -226017 **(२) श्री संजय पाल पुत्र राजा राम पाल,** अमरूद्धि बाग, आलमबाग, श्रृंगार नगर, लखनऊ -226017 **शाखा- खुशहालगंज** | खसरा नं. 3172/2 पर बना मकान, स्थित ग्राम व परगना-काकोरी, तहसील व जिला-लखनऊ, **श्री सचिन देव वर्मा पुत्र बी.एल. वर्मा, व श्री अखिलेश कुमार पुत्र राम आशरे** के नाम पर **(सेल डीड के अनुसार दिनांक-03.10.2015), चौहद्दीः-पूर्वः** रघुराज का प्लॉट, **पश्चिमः** चंद्रावती का प्लॉट, **उत्तरः** रोड 12 मी. चौड़ी, **दक्षिणः** सिद्धेश्वरी देवी का प्लॉट **क्षेत्रफल- 427.509 वर्ग मी.** | 01.12.2020 | रु. 15,97,195.05 +ब्याज़ एवं अन्य खर्चे |

दिनांकः 23.12.2020 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी

## अनुकरणीय नवाचारों के लिए प्रधानाध्यापकों के होंगे चयन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार डा सतीश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि विद्यालय के प्रधानाध्यापकों द्वारा विद्यालय को प्रेरक विद्यालय बनाने हेतु किये गये अनुकरणीय नवाचारों के लिए प्रधानाध्यापक को चयनित किया जायेगा। विद्यालय विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के आधार पर चयनित प्रधानाध्यापकों को देश के चुनिन्दा प्रतिष्ठित संस्थानों में एक्सपोजर विजिट के लिए ले जाया जायेगा। डा द्विवेदी ने बताया कि प्रेरक विद्यालय बनाने के लिए जिन प्रधानाध्यापकों द्वारा बेहतर कार्य किया गया है उनका चिन्हीकरण कराया जायगा और चिन्हीकरण कार्य हो जाने के बाद प्रधानाध्यापको को चुनिन्दा संस्थानों में एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रधानाध्यापक द्वारा अपने विद्यालय को प्रेरक विद्यालय बनाने के लिए बेहतर ढंग से कार्य किया जाना चाहिए तथा विद्यालय विकास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण किया जाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। डा द्विवेदी ने बताया कि बुनियादी शिक्षा एवं उपचारात्मक शिक्षा हेतु शिक्षक हस्त पुस्तिकाओं में आधारशिला, ध्यानाकर्षण एवं शिक्षण संग्रह प्रत्येक शिक्षक को उपलब्ध करायी गयी है, आधारशिला ध्यानाकर्षण एवं शिक्षण संग्रह में दी शिक्षण तकनीकी पर आधारित एवं बुनियादी शिक्षा पर आधारित लगभग 100 वीडियो विकसित किया गया है जिसको देखकर शिक्षको द्वारा शिक्षण तकनीक को आत्मसात किया जा रहा है।

# भवन निर्माण कार्य के लिए उचित मूल्य पर मिले सामग्री

● मुख्यमंत्री के समक्ष भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग का प्रस्तुतिकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की जनता को भवन निर्माण कार्य के लिए उचित मूल्य पर उपखनिज जैसे बालू, मौरंग, गिट्टी इत्यादि उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में इनकी पर्याप्त उपलब्धता उचित मूल्य पर सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक इन खनिजों की सप्लाई निरन्तर सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो। प्रस्तुतीकरण के दौरान मुख्यमंत्री को सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म डॉ. रोशन जैकब ने अवगत कराया कि विगत वर्षों के मुकाबले वर्तमान में प्रदेश में बालू, मौरंग एवं गिट्टी के मूल्य स्थिर हैं। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण से उत्पन्न विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वित्तीय वर्ष 2020-2021 में गत वर्ष की तुलना में 420.82 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है, जो 21.5 प्रतिशत अधिक है। भूतत्व एवं खनिकर्म सचिव ने प्रस्तुतिकरण के दौरान निजी भूमि के उप खनिज, बालू-मौरंग के लिए दोगुनी रायल्टी पर भूस्वामी के पक्ष में खनन अनुज्ञा पत्र का प्रस्ताव भी रखा गया जिसे मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदन दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा अनुभव किया गया है कि नदी तल स्थित बालू मौरंग के क्षेत्रों के अलावा भी प्रदेश में निजी भूमि, जो कृषकीय भूमि से भिन्न है, में बालू मौरंग पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, परन्तु इसके लिए वर्तमान में कोई प्राविधान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नियमों में प्राविधान किए जाने से पर्याप्त संख्या में खनिजों के परिहार स्वीकृत हो पाएंगे, जिससे जनता को उचित मूल्य पर उप खनिज उपलब्ध हो सकेंगे और निजी भूस्वामियों को भी आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

# बलिया की विभूतियों को अपनी मिट्टी से जुड़ने का मिलेगा अवसर

● राज्यपाल ने लिविंग लिजेन्ड्स आफ बलिया वेबसाइट का आनलाइन उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लिविंग** लिजेन्ड्स आफ बलिया फोरम के माध्यम से विश्वविद्यालय ने बलिया की उन विभूतियों को फिर से यहां की मिट्टी से जोड़ने की अनूठी पहल की है, जो फिलहाल यहां से दूर रहकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। उक्त विचार राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन से जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया द्वारा आयोजित वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य एवं जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय की भूमिका: चुनौतियां एवं संभावनाएं विषयक संगोष्ठी एवं लिविंग लिजेन्ड्स आफ बलिया फोरम की वेबसाइट का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि इस फोरम के माध्यम से विश्वविद्यालय बलिया की विभूतियों को अपनी मिट्टी से जुड़ने तथा मधुर स्मृतियों को संजोने का न सिर्फ अवसर मिलेगा बल्कि मातृभूमि के ऋण से उऋण होने का अवसर भी प्रदान करेगा। राज्यपाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय बलिया के जिस महान विभूति चन्द्रशेखर के नाम पर स्थापित है, उनके पदचिन्हों पर चलकर कार्य करें और शीर्ष पर पहुचे। उन्होंने कहा कि बलिया की धरती एक अत्यन्त उर्वर धरती है, जिसने तमाम ऋषि-मुनियों से लेकर स्वाधीनता सेनानियों, साहित्यकारों, विद्वानों, बुद्धिजीवियों और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं तक को जन्म दिया है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने अपने छोटे से जीवनकाल में ही कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जो प्रशंसनीय है। सीमित संसाधनों और कोरोना से उत्पन्न कठिन परिस्थितियों के बावजूद विश्वविद्यालय ने निर्धारित समय सीमा के अन्दर नकलविहीन परीक्षा कराई, समय से परीक्षाफल घोषित किया। कुछ पाठ्यक्रमों में सबसे पहले परीक्षाफल घोषित करके इस विश्वविद्यालय ने प्रदेश भर के विश्वविद्यालय के समक्ष एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने कहा कि बलिया जनपद प्राकृतिक जल स्त्रोतों से अत्यंत समृद्ध है और यहां मत्स्य उत्पादन की व्यापक संभावनाएं भी हैं। इसके लिए सम्यक प्रशिक्षण और वैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग करते हुए मत्स्य उत्पादन में भारी वृद्धि की जा सकती है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लौकीखेडा विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी

पत्रांक/टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020–21 दिनांक दिसम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लौकीखेडा वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन निर्मित किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईट, सीमेन्ट, रोडत्र, बजरी, टायल नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 29.12.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 29.12.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र0 सं0 | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बन्सी के मकान से विरासत के मकान तक इन्टरलाक व नाली निर्माण कार्य | मु0 02.48 रु0 | 10000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 23.12.2020 से 29.12.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम लौकीखेडा के नाम से बंधक होनी चाहिए।

विरासत खॉ
प्रधान
ग्राम पंचायत–लौकीखेडा
विकास खण्ड–मोहम्मदी खीरी

राहुल राज
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत–लौकीखेडा
विकास खण्ड–मोहम्मदी खीरी



मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, प्रधान कार्यालय–4–ए, गोखले मार्ग, लखनऊ। **निविदा प्रकाशन सूचना (ई–निविदा)** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित समय में आपूर्ति में सक्षम, प्रतिष्ठित निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकर्ता द्वारा निविदित मात्रा की न्यूनतम 50 प्रतिशत मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा एवं उसी अनुपात में धरोहर धनराशि जमा करनी होगी: **निविदा विशिष्टि सं0 मेडको/2538/2020 (परिवर्तनीय आधार तिथि 01.11.2020), क्र0सं0** 1, **सामग्री का विवरण Supply of :** 21.0 SWG DPC Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 378135, **क्र0सं0** 2, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 20.0 SWG DPC Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 43484, **क्र0सं0** 3, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 17.5 SWG DPC Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 202335, **क्र0सं0** 4, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 16.5 SWG DPC Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 118902, **क्र0सं0** 5, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 14.5 SWG DPC Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 10622, **क्र0सं0** 6, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 13.0 SWG DPC Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 97265, **धरोहर राशि (रु0)** 18,38,000/-, **निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 11.01.2021, 13.00 बजे, **निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय** 12.01.2021, 14.00 बजे, **निविदा का शुल्क रु0** 11,800/- **निविदा विशिष्टि सं0 मेडको/2539/2020 (परिवर्तनीय आधार तिथि 01.11.2020), क्र0सं0** 1, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 21.0 SWG Super Enameled Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 357128, **क्र0सं0** 2, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 20.0 SWG Super Enameled Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 43484, **क्र0सं0** 3, **सामग्री का विवरण–Supply of:** 17.5 SWG Super Enameled Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 192283, **क्र0सं0** 4, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 16.5 SWG Super Enameled Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 113041, **क्र0सं0** 5, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 14.5 SWG Super Enameled Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 4384, **क्र0सं0** 6, **सामग्री का विवरण – Supply of :** 13.0 SWG Super Enameled Aluminium Winding Wire, **इकाई** Kg., **मात्रा** 38708, **धरोहर राशि (रु0)** 19,09,000/-, **निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 11.01.2021, 13.00 बजे, **निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय** 12.01.2021, 14.05 बजे, **निविदा का शुल्क रु0** 11,800/- **निविदा विशिष्टि सं0 मेडको/2540/2020 (परिवर्तनीय आधार तिथि 01.11.2020), क्र0सं0** 1, **सामग्री का विवरण Supply of:** DPC Aluminium Strip 7.7x2.8mm, **इकाई** Kg., **मात्रा** 421619, **क्र0सं0** 2, **सामग्री का विवरण Supply of:** DPC Aluminium Strip 7.6.x3.5mm, **इकाई** Kg., **मात्रा** 241304, **क्र0सं0** 3, **सामग्री का विवरण Supply of:** DPC Aluminium Strip 9.9x4.8mm, **इकाई** Kg., **मात्रा** 139479, **क्र0सं0** 4, **सामग्री का विवरण Supply of:** DPC Aluminium Strip 8.0x4.0mm, **इकाई** Kg., **मात्रा** 8430, **क्र0सं0** 5, **सामग्री का विवरण Supply of :** DPC Aluminium Strip 10.5x4.5mm, **इकाई** Kg., **मात्रा** 95280, **धरोहर राशि (रु0)** 18,92,000/-, **निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 11.01.2021, 13.00 बजे, **निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय** 12.01.2021, 14.10 बजे, **निविदा का शुल्क रु0** 11,800/-, निविदा शुल्क को आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से तथा धरोहर राशि आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0 या बैंक गारण्टी के माध्यम से जमा किया जाना है, जिनकी स्कैन्ड कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड करनी होगी। उक्त निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में परिवर्तन की सूचना ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in उपलब्ध कराई जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (सा.प्र.–प्रथम) म.वि.वि.नि.लि. 4–ए, गोखले मार्ग लखनऊ।** पत्रांक–327, दिनांक–22.12.2020, **म0वि0वि0नि0 लि0, हेल्पलाईन नं0 18001800440/1912, राष्ट्रहित में बिजली बचाए"**


## सीएम के संभावित कार्यक्रम को लेकर डीएम ने लिया तैयारियों का जायजा



संवाददाता। मोहनलालगंज

**अटल** जी के जन्मदिन पर 25 दिसम्बर को पीएम नरेन्द्र मोदी के किसानों से वर्चुअल संवाद के दौरान मोहनलालगंज ब्लाक में सीएम योगी आदित्यनाथ के संभावित कार्यक्रम को लेकर मंगलवार डीएम अभिषेक प्रकाश ने सीडीओ प्रभाष कुमार और एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह समेत अन्य अफसरों के साथ ब्लाक पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम ने कार्यक्रम के लिए प्रवेश द्वार पर कोविड हेल्पडेस्क बनाने और तकरीबन पांच सौ किसानों के बैठने के लिए व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। ब्लाक परिसर और तहसील की बाउण्ड्रीवाल के आसपास सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की होर्डिंग नहीं होने पर नाराजगी जताई और तुरन्त होर्डिंग लगवाने के निर्देश दिए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में स्थापित स्तम्भ का सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देश दिए। ब्लाक में जगह जगह स्वच्छता स्लोगन और योजनाओं का ब्योरा लिखवाने के लिए कहा। बाहर हाईवे के डिवाइडर पर यातायात जागरुकता के सूचक लगवाने की हिदायत दी। एसडीएम विकास कुमार सिंह और बीडीओ अजीत कुमार सिंह से संभावित कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा कर उन्हें अमल में लाने के लिए निर्देश दिए।

## सात महत्वाकांक्षी जनपदों के गवर्मेंट डिग्री कालेजों को टैबलेट देगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** के सात महत्वाकांक्षी जनपदों में उच्च शिक्षा का स्तर उठाने व छात्रों को तकनीक से जोड़ने के लिए योगी सरकार टैबलेट देगी। यह टैबलेट प्रीलोडेड अध्ययन सामग्री युक्त होंगे। टैबलेट राजकीय डिग्री कालेजों की लाइब्रेरी में रखे जाएंगे और इनका छात्रों को आवंटन पुस्तकों के जैसे किया जाएगा। इस टैबलेट को स्टूडेंट्स बिना इंटरनेट सुविधा के भी इन टैबलेट का उपयोग कर सकेंगे।

यह टैबलेट जिन सात महत्वाकांक्षी जनपदों के गवर्मेंट डिग्री कालेजों को दिए जाएंगे उनमे चित्रकूट, बलरामपुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, चंदौली, सिद्धार्थनगर और फतेहपुर शामिल हैं। बता दें कि महत्वाकांक्षी के रूप में इन जनपदों का चयन पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा किया गया है। इन जनपदों का चयन स्वास्थ्यए शिक्षाए सुविधा जैसे कई मापदंडों के आधार पर हुआ है। जिसमे यह अत्यंत पिछड़े जनपद के रूप में शामिल हुए हैं। जिसके बाद से केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार यहाँ विकास पर जोर दे रही है। टैबलेट वितरण को लेकर उच्च शिक्षा विभाग की तरफसे इन जिलों के 18 सरकारी कॉलेजों में 160 टैबलेट खरीदने का निर्णय लिया है। टैबलेट में उत्तर प्रदेश डिजिटल लाइब्रेरी की पाठ्य सामग्री के साथ अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध रहेगी।

कोरोना संक्रमण के कारण इस वर्ष ऑनलाइन पढ़ाई पर ही जोर दिया गया है। इन सात जिलों में इंटरनेट सुविधाओं और विद्यार्थियों के पास संसाधनों का अभाव होने के कारण टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रत्येक टैबलेट में 10 इंच की स्क्रीन होगी और इसकी गुणवत्ता उच्च स्तर की होगी।

### दिव्यांगों को बांटी गई मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल



**मोहनलालगंज।** इण्डियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड की सीएसआर योजना के तहत मंगलवार को मोहनलालगंज ब्लाक परिसर में दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद कौशल किशोर और विशिष्ट अतिथि आईओसीएल के जीएम मंजीत कुमार धीमान ने ब्लाक प्रमुख विजयलक्ष्मी व बीडीओ अजीत कुमार सिंह के साथ 90 लाभार्थियों को 2 लाख 28 हजार कीमत की मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की। सांसद ने योजना से लाभान्वित दिव्यांगजनों की हौसला अफजाई भी की।

### अपहरण कर फिरौती मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट इलाके की विष्णुपुरी कालोनी में रहने वाले अभिषेक को दो दिन पहले सिद्धार्थनगर के रहने वाले दबंग प्रमोद गुप्ता ने तीन साथियों संग मिलकर लेनदेन के विवाद में अगवा कर लिया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपियों को तलाश रही थी। मंगलवार को इंस्पेक्टर धंनजय पाण्डेय ने क्राइम प्रभारी लोकेश गौतम और थाने की कमता चौकी इंचार्ज संदीप मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम आरोपियों की तलाश में लगाई और मुखबिर की सूचना पर की घटना में शामिल मुख्य आरोपी प्रमोद गुप्ता को दबोचकर अपहृत अभिषेक को सकुशल बरामद कर लिया जबकि तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### एकेटीयू ने शासन को भेजा यूजीपैट का प्रस्ताव

**लखनऊ।** इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कोर्सेज में जेईई मेंस के माध्यम से अगले सत्र से दाखिले को देखते हुए अंडरग्रेजुएट कोर्सेज में दाखिले को लेकर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने अंडर ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीईटयूड टेस्टज (यूजीपैट) नाम से प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है। जिससे बीफार्मा जैसे कोर्सेज में एडमिशन हो सके। विवि के मुताबिक प्रदेश में बीफार्मा के करीब 270 से अधिक संस्थान है। जहां इंजीनियरिंग के साथ बीफार्मा की 21 हजार सीटों पर अभी तक यूपीएसईई के जरिए दाखिले लिए जाते रहे हैं। एकेटीयू के अधिकारियों के मुताबिक बीफार्मा में नए सत्र से यूजीपैट के जरिए दाखिले की प्रक्रिया आयोजित कराई जा सकती है। एकेटीयू के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक का कहना है कि यूजीपैट के जरिए बीफार्मा में दाखिले की प्रक्रिया होने से स्टूडेंट्स को प्रदेश के साथ साथ देश भर के दूसरे संस्थानों में पढ़ने का मौका मिल सकेगा।

### मड़ियांव में वकील के घर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के वकील धर्मेंद्र कुमार सिंह फैजुल्लागंज की विष्णुपुरी कॉलोनी अपने परिवार के साथ रहते है। पीड़ित धर्मेन्द्र ने बताया कि वह अपने पैतृक निवास गए हुए थे। मंगलवार सुबह करीब छह बजे उन्हें पड़ोसी से सूचना मिली कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ है। धर्मेन्द्र के अनुसार चोर उनके मकान का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी में रखे 25 हजार की नकदी, 30 चांदी के सिक्के, दो सोने की अंगूठी, कपड़े, गैस सिलेंडर, एक एलईडी, किचन के सारे बर्तन समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरो का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कोविड प्रोटाकाल के साथ उत्तरायणी कौथिग 14 से

**लखनऊ।** राजधानी में विगत कई वर्षो से पर्वतीय महापरिषद लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड का पौराणिक एवं धार्मिक पर्व उत्तरायणी कौथिग का आयोजन पं. गोविन्द बल्लव पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन गोमती तट पर आयोजित करता आ रहा है। इसी क्रम में महापरिषद इस बार भी उत्तरायणी कौथिग 2021 का आयोजन 14 जनवरी से सरकार द्वारा दिये गये कोविड.19 के दिशा निर्देशो के साथ करेगा। उत्तरायणी कौथिंग के अवसर पर एक से 3 जनवरी 2021 तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताऐं महापरिषद भवन गोमती नगर के परिसर में आयोजित की जायेगी।

### जेल वार्डर व फायरमैन भर्ती परीक्षा की आंसर की जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से 19 और 20 दिसंबर 2020 को आयोजित हुई जेल वार्डर (महिला-पुरुष) फायरमैन सीधी एवं आरक्षी घुड़सवार पुलिस भर्ती 2016 की लिखित परीक्षा की आंसर की जारी कर दी गई है। परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर आंसर की डाउनलोड कर सकते हैं। बोर्ड के अनुसार आंसर की 29 दिसंबर को रात्रि 12 बजे तक की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। इसलिए अभ्यर्थी समय पर ही इन्हें डाउनलोड कर परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों से मिलान कर लें। यदि कोई अभ्यर्थी जारी की गई आंसर की के आधार पर परीक्षा में पूछे गए प्रश्न या उत्तर के विकल्प या उत्तर कुंजी के संबंध में कोई विसंगति दिखे तो आपत्ति भी दर्ज करा सकते हैं।

## चार शातिर चोर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कमिश्नरेट** की चिनहट कोतवाली पुलिस ने सोमवार देर रात चार शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इलाके में सक्रिय शातिर चोरों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। उप निरीक्षक विजय प्रकाश सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीम को आरोपी की लोकेशन स्थानीय थाना इलाके में मिली तो घेराबंदी कर दी गई। इस दौरान शातिर चोर पुलिस टीम को सामने देखकर भागने की कोशिश करने लगे तो उन्हें दौड़ा कर मौके पर दबोच लिया गया। आरोपियों की शिनाख्त बलरामपुर जनपद के उतरौला पटेलनगर निवासी प्रभु कश्यप, सिद्धार्थनगर त्रिलोकपुर जदहा निवासी रंजीत और गोरखपुर के बड़हलगंज निवासी सुनील कुमार के अलावा राजधानी लखनऊ के बंथरा निवासी शिव प्रताप सिंह उर्फ नान सिंह के रूप में हुई है।

## अपनी बुद्धि व ज्ञान को विश्व समाज की सेवा में लगाएं: मेयर

● सीएमएस आरडीएसओ कैम्पस द्वारा आयोजित इण्टरनेशनल मैथ्स एण्ड फिजिक्स ओलम्पियाड का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, आरडीएसओ कैम्पस द्वारा आयोजित इण्टरनेशनल मैथ्स एण्ड फिजिक्स ओलम्पियाड 'मैथफी' का आज ऑनलाइन भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि संयुक्ता भाटिया, मेयर, लखनऊ ने समापन समारोह का वर्चुअल उद्घाटन किया। रंगारंग शिक्षात्मक–साँस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रस्तुतिकरण के बीच सम्पन्न हुए पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में 8 देशों एवं भारत के विभिन्न राज्यों के विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि संयुक्ता भाटिया, मेयर, लखनऊ ने कहा कि विभिन्न देशों के बाल गणितज्ञों को एक मंच पर प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान करना वास्तव में अत्यन्त सराहनीय है। उन्होंने बाल गणितज्ञों से अपील की कि अपनी बुद्धि और ज्ञान की शक्ति को विधाता की देन समझें और इसे विश्व समाज की सेवा में लगायें। जिससे मानव जाति निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर रहे। इससे पहले, पुरस्कार वितरण समारोह में देश–विदेश की प्रतिभागी छात्र टीमों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक–साँस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर सीएमएस के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने देश–विदेश के बाल गणितज्ञों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सीएमएस का प्रयास है कि भावी पीढ़ी में वैज्ञानिक सोच और विश्व बन्धुत्व की भावना का विकास हो।


## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर राजा विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी

पत्रांक/टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020–21 दिनांक दिसम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर राजा वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन निर्मित किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईट, सीमेन्ट, रोडत्र, बजरी, टायल नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 29.12.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 29.12.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र0 सं0 | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | कमलेश के मकान से विजेन्द्र के मकान तक इन्टरलाक व नाली निर्माण कार्य | मु0 03.89 रु0 | 10000 |
| 2 | रामनरेश के मकान से मुनेश के मकान तक इन्टरलाक व नाली निर्माण कार्य | मु0 03.89 रु0 | 10000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 23.12.2020 से 29.12.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम शाहपुर राजा के नाम से बंधक होनी चाहिए।

सरोजनी वर्मा
प्रधान
ग्राम पंचायत–शाहपुर राजा
विकास खण्ड–मोहम्मदी खीरी

कृष्णा देवी
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत–शाहपुर राजा
विकास खण्ड–मोहम्मदी खीरी


# एनसीसी में दाखिले को लेकर चयन प्रक्रिया शुरू

● बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के 20 यूपी गर्ल्स बटालियन में नये सत्र में दाखिले का मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी में नये सत्र में दाखिले के लिए मंगलवार से पुलिस लाइन में दो दिवसीय चयन प्रक्रिया शुरू की गई। चयन प्रक्रिया में विवि की 25 छात्राओं ने भाग लिया। पहले दिन विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से 130 छात्राएं और दूसरे दिन कुल 190 छात्राएं शामिल हुई।

दो चरणों की इस चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में शारीरिक परीक्षण में 400 मीटर दौड़ और दूसरे चरण में सामान्य ज्ञान पर आधारित लिखित परीक्षा हुई। इस प्रक्रिया के दौरान यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरुण सूर्यवंशी, एडम ऑफिसर मेजर प्रवीन कुमारी, कैप्टन डॉक्टर राज श्री, सूबेदार मेजर सुदेश कुमार, सूबेदार मेजर पदम बहादुर आले आदि मौजूद थे।

**मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस**

महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा ऑनलाइन क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। कंपटीशन 2 चरणों में सम्पन्न हुआ। पहले चरण से सर्वश्रेष्ठ 20 प्रतिभागियों को चयन दूसरे चरण के लिए किया गया। दूसरे चरण में गूगल मीट के जरिए चयनित प्रतिभागियों से सवाल पूछे गए। सबसे पहले और सबसे ज्यादा सही जवाब देने वाले तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में समाजशास्त्र विभाग के राजकमल चौबे को प्रथम पुरस्कार, गणित विभाग के हिमांशु मिश्रा को द्वितीय पुरस्कार और संगणक विज्ञान विभाग के राहुल दीक्षित को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही दूसरे चरण के सभी 20 प्रतिभागियों को ई–सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

### बीबीएयू और एनबीआरआई के बीच एमओयू

**बीबीएयू** और सीएसआईआर. एनबीआरआई के बीच मंगलवार को एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। यह एमओयू शिक्षा तथा शोध कार्यों में आपसी सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से हुआ है। अब दोनों संस्थानों के शोधार्थी, आपसी सहयोग से विशेषज्ञों तथा वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे और साथ ही शोध कार्य के लिए दोनो संस्थानो की प्रयोगशालाओं व अन्य सुविधाओं का लाभ भी प्राप्त होगा। इसके साथ ही समय समय पर ट्रेनिंग प्रोग्राम का भी आयोजन किया जाएगा जिससे दोनों संस्थानों को लाभ होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय आर्किटेक्ट खींचेंगे अयोध्या के विकास का खाका: लल्लू सिंह

संवाददाता। अयोध्या

- 51 महिला सफाई कर्मियों को नगर निगम अयोध्या द्वारा प्रशस्ति पत्र और शाल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित
- अयोध्या नगर निगम के तीसरी वर्षगांठ पर मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने गिनाई नगर निगम की उपलब्धियां





**अयोध्या** नगर निगम के 3 वर्ष पूरे होने पर अयोध्या के प्रथम मेयर ऋषिकेश उपाध्याय भाजपा सांसद लल्लू सिंह और श्री राम वल्लभा कुंज वेदांती मंदिर के अधिकारी राजकुमार दास जी महाराज ने अयोध्या नगर निगम को स्वच्छ बनाए रखने वाली 51 कर्मवीर महिला सफाई कर्मियों को राम कथा पार्क में आयोजित भव्य समारोह में प्रशस्ति पत्र और शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह ने कहा अयोध्या नगर निगम नया बना है और संसाधनों की भी कमी है इसके बावजूद अयोध्या के में पार्षद और नगर निगम की टीम ने अयोध्या को स्वच्छ और विकसित करने का जो कार्य किया है वह सराहनीय है। लल्लू सिंह ने कहा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या को अयोध्या के पुरातन स्थिति में विकसित करने का कार्य कर रही है जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूपरेखा बना ली गई है और आगामी 24 तारीख को अयोध्या के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय आर्किटेक्ट का चयन होगा जो अपनी टीम के साथ अयोध्या के पुनरुद्धार की रूपरेखा तैयार करेंगे और अयोध्या को अयोध्या के अनुरूप विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा की अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय और राम राज्य के रूप में विकसित करने का कार्य हो रहा है जिसके लिए अयोध्या रेलवे स्टेशन मिसाल कायम करेगा और मंदिर मॉडल के रूप में फैजाबाद रामघाट हाल्ट और अयोध्या परी क्षेत्र में पड़ने वाले सभी स्टेशनों को विकसित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार बनी है तब से अयोध्या के विकास गति मिली है। उन्होंने कहा रेलवे का दोहरीकरण विद्युतीकरण के साथ लखनऊ गोरखपुर हाईवे को सिक्स लेन फैजाबाद रायबरेली फोर लाइन और अयोध्या से अकबरपुर को फोरलेन बनाने का कार्य हो रहा है इसके साथ.साथ अयोध्या के पौराणिक स्थलों का विकास और 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को भी विकसित करने का कार्य चल रहा है। श्री सांसद ने नगर निगम के मेयर पार्षद और अधिकारियों को शुभकामना दी और कहा कि सीमित संसाधनों में विकास करने का जो नया खाका खींचा गया है वह काबिले तारीफ है। श्रीराम बल्भाकुंज वेदांती मंदिर के अधिकारी राजकुमार दास ने कहा कि जब से नगर निगम बना है अयोध्या की सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है कोविड.19 में नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्र कि मोदी सरकार अयोध्या के विकासके लिए अग्रसर है बहुत सारी योजनाएं चल रही हैं बहुत जल्द अयोध्या का नया रूप हम सब को देखने को मिलेगा।

मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने 3 वर्षों के कार्यकाल में अयोध्या के विकास का खाका खींचते हुए कहा कोविड.19 के दौर में नगर निगम क्षेत्र में नियमित रूप से सैनिटाइजर करने का कार्य हुआ है। इसके साथ.साथ कोरोना महामारी के दौरान बंदरों को पशुओं को चारा और भोजन की व्यवस्था की गई और पूरे लॉकडाउन के समय 4 लाख पैकेट गरीबों के लिए बांटे गए। कहां कि रामलला के मंदिर शिलान्यास के समय नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री के आगमन पर पेंटिंग का कार्य किया गया और स्वच्छ भारत मिशन के नगर निगम को ओडीएफ प्लस प्लस प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया की मां सरयू में बहने वाले 5 सालों को पूर्ण रूप से पैचअप कर दिया गया और पानी को स्वच्छ करके बाहर निकालने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने बताया कि 22 नए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हुआ। नगर निगम अंतर्गत वसूले जाने वाले करो और नामांतरण की व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत ?10करोड़ की कार योजना चल रही है और उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी से नगर निगम के आंतरिक सड़कों को दुरुस्त करने के लिए 28 करोड़ स्वीकृत हो गया है जो बहुत जल्द नगर निगम के आंतरिक सड़कों का निर्माण हो करके स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा। अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह ने सब का आभार व्यक्त किया और कहा कि साधनों के अभाव में भी हम अच्छा कार्य करने की कोशिश कर रहे हैं उन्होंने कहा कि हफ्ते में 4 दिन लखनऊ मीटिंग में ही हमें रहना पड़ रहा है इसलिए हम नगर निगम को भी बहुत समय नहीं दे पा रहे है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या को विकसित करने की योजना बन रही है जो बहुत जल्द एक नई रूपरेखा दिखाई देगी और अयोध्या को अयोध्या के अनुरूप विकसित करने की सरकार की मंशा है जिसके लिए अंतर्राष्ट्रीय आर्किटेक्ट अयोध्या के विकास का खाका तैयार करेगा और फिर उस अनुरूप से अयोध्या का विकास होगा। तीसरी वर्षगांठ कार्यक्रम में उपस्थित सभी आभार व्यक्त किया। विक्रम का संचालन अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह ने किया। इसके पूर्व अतिथियों ने प्रभु श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और नगर निगम अयोध्या प्रगति के पथ पर नामक विकास पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने भी अयोध्या के विकास के लिए नगर निगम और मेयर की सराहना की। तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल वर्तमान जिला अध्यक्ष संजीव सिंह परमानंद मिश्र प्रतीक श्रीवास्तव पार्षद रमेश दास अशोका दुवेदी संजय शुक्ला बिंदु सिंह आशीष सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## ठंड लगने से युवक की मौत, बेटी गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**प्लास्टिक** के फूल और गुलदस्ता सहित सजावाट के सामान के थोक तथा फुटकर कारोबारी दीपक कसौधन की सोमवार की रात में मौत हो गई। जबकि उनकी 7 साल की बेटी गंभीर है और उसका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। जहर खाने से मौत की खबर पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि ठंड लगने से दीपक की मौत हुई। दीपक के कमरों की भी जांच की गई, कहीं कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला। जानकारी के अनुसार कोतवाली इलाके के दीवान बाजार निवासी चुन्नू कसौधन के 42 वर्षीय पुत्र दीपक कसौधन की अलीनगर में ही प्लास्टिक के फूल का कारोबार है। दीपक की सात साल की बेटी सौम्या की सोमवार की शाम को तबीयत खराब हुई थी। दीपक उसे गांधी गली में स्थित अस्पताल ले गए और दवा कराकर नौ बजे घर लौट आए। टीशर्ट में दीपक को देखकर पिता चुन्नी लाल ने टोका तो उन्होंने कहा कि मुझे ठंड नहीं लगती है। रात में दीपक उनकी पत्नी सपना और बेटियां सौम्या तथा काब्या कमरे में सोए। सुबह पत्नी सबसे पहले उठीं और घर के काम में जुट गई। सुबह देर से उठने की आदत की वजह से 11 बजे पत्नी जगाने पहुंची तो किसी तरह की प्रतिक्रिया न होने पर उन्होंने अपने ससुर को फोन किया। उधर, सौम्या उठी तो उल्टी कर रही थी। ससुर चुन्नू लाल दुकान पहुंच चुके थे। छोटे बेटे दिलीप के साथ वह घर लौटे और दीपक के साथ ही सौम्या को लेकर हॉस्पिटल पहुंचे। डॉक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। दीपक को लेकर परिवारीजन घर लौट आए वहीं सौम्या को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां से डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। उधर, किसी ने कोतवाली पुलिस को दीपक और उनके परिवार के जहर खाने की सूचना दे दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दीपक के कमरों की जांच की और परिवारीजनों से बात की जिसके बाद ठंड से मौत सामने आई।

## पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर अन्नदाताओं से रूबरू होंगे पीएम

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



पार्टी कार्यालय पर बैठक करते जिलाध्यक्ष पायनियर

**अन्नदाता** किसान का सम्मान और समृद्धि देश की प्रगति के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।भारतीय जनता पार्टी की प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार सतत् प्रयास कर किसानों की आय दोगुनी करने के साथ साथ उनके सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नीति का निर्धारण करती चली आ रही है।

उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्म दिन के अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन की तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।श्री वर्मा ने कहा कि देव तुल्य किसान देश की अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ करने की महत्व पूर्ण कड़ी का कार्य करता है। जनपद के सभी नौ(9) विकास खण्ड,संगठन की दृष्टि से तीन मण्डल केदार नगर,बेवाना और मालीपुर ,तीन बड़े ग्राम सभा जलालपुर विकास खण्ड के ग्राम सभा नगपुर,कटेहरी विकास खण्ड के प्रताप पुर चामुरखा और बसखारी विकास खण्ड के हंसवर ग्राम सभा में किसान सम्मेलन का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के नेतृत्व सम्पन्न होगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने सभी किसान सम्मेलन कार्यक्रमों के संयोजक की नियुक्ति कर दिया है और संगठन ने मुख्य अतिथि के रूप में विकास खण्ड कटेहरी में पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद को संयोजक और जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश पाठक को अतिथि, भीटी में संयोजक संजय सिंह और अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह (मिंटू), अकबरपुर में संयोजक गया प्रसाद वर्मा और अतिथि विधान सभा प्रभारी दर्जा प्राप्त मंत्री वीरेन्द्र तिवारी, टांडा में संयोजक राम शब्द वर्मा और अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,बसखारी में संयोजक अच्छे लाल गुप्त,विधायक संजू देवी, जलालपुर में अशोक उपाध्याय संयोजक और अतिथि अकबरपुर नगर पालिका परिषद चेयर मैन सरिता गुप्ता, भियांव में संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव संयोजक और अतिथि पूर्व सांसद डाक्टर हरि ओम पाण्डेय, रामनगर में संयोजक पूर्व विधायक जय राम विमल और अतिथि विधायक अनीता कमल, जहांगीर गंज में संयोजक भूमि विकास बैंक डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी संयोजक और अतिथि पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,मालीपुर में मण्डल अध्यक्ष हरिदर्शन राजभर,बेवाना, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव नायक वर्मा,केदार नगर में क्षेत्रीय महामंत्री त्रियंबक तिवारी,प्रताप पुर चमुर्खा में पवन अग्रहरि,नगपुर में अश्वनी कुमार,हंसवर में दीपक सोनी को किसान सम्मेलन की जिम्मेदारी दे कर कार्यक्रम की सफलता की अपेक्षा संगठन ने किया है। किसान सम्मेलन की तैयारी बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव नायक वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह (मिंटू), भाजपा नेता श्याम बाबू गुप्ता,जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया,बाबा राम शब्द यादव, जिला मंत्री दीपक तिवारी, चंद्रिका प्रसाद,दिलीप पटेल (देव),भाजपा नेता संजय सिंह,जालिम सिंह,राम शब्द वर्मा, राजेश सिंह(बब्लू),प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### कोरोना संक्रमित एक और महिला की इलाज के दौरान मौत

**अम्बेडकरनगर।** मंगलवार को जिले में कोरोना से संक्रमित किसी भी नये मरीज की पुष्टि नही हुई जबकि दो लोग ठीक हुए। जिले में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 48 है। जानकारी के अनुसार बीते तीन दिनों में कोरोना से संक्रमित दो महिलाओं की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो चुकी है लेकिन अभी तक उन्हें जिले के पोर्टल पर फीड नही किया जा सका है। अधिकारियों को कहना है कि वे इस सम्बन्ध में कुछ नही कर सकते। सोमवार को अकबरपुर तहसील क्षेत्र के मीरपुर माउख की रहने वाली 38 वर्षीय राजकुमारी की लखनऊ में मौत हो गई। स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह लखनऊ गई थीं जहां हिन्द इंस्टीट्यूट में 18 दिसम्बर को उनकी सैम्पलिंग हुई थी। 19 को आई रिपोर्ट में वह कोरोना संक्रमित पाई गयीं। 21 दिसम्बर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इन्हीं परिस्थितियों में 20 दिसम्बर को 27 वर्षीय भियांव निवासी फरहाना खातून की भी कोरोना संक्रमण से मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि वह गर्भवती थीं। फिलहाल यह दोनों मौतें अभी तक जिले के पोर्टल पर नही दर्ज हो सकी है।इसलिए अधिकारी कुछ भी बताने की स्थिति में नही हैं।

### कल आयेंगे प्रभारी मंत्री

**गोरखपुर।** प्रदेश के समाज कल्याण विभाग/प्रभारी मंत्री रमापति शास्त्री का 24 दिसम्बर को 11 बजे जनपद में आगमन होगा। मंत्री 2 बजे से सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों/कर्ताकताओं के साथ बैठक करने के उपरान्त 4.30 बजे से एनेक्सी सभागार में कानून व्यवस्था/विकास कार्यों की बैठक करेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। मंत्री 25 दिसम्बर को गोरखपुर में प्रधानमंत्री द्वारा आनलाइन उद्बोधन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरान्त 2 बजे से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करें समितियां: मंडलायुक्त

**गोरखपुर।** जनपद में गोरखपुर महोत्सव 12 एवं 13 जनवरी को आयोजित होगा। इस संबंध में मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने गठित उप समितियों के अधिकारियों एंव सदस्यों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन हेतु बनाई गयी समितियां अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रदर्शनी के लिए स्थान आवंटन हेतु समिति अपनी आवश्यकताओं के बारे में अवगत करायें। उन्होंने कहा कि स्टालों के मध्य प्रोत्साहित करने के लिए आपस में प्रतियोगिताएं भी करायी जाये तथा विजयी प्रतियोगी को पुरस्कृत भी किया जाये। इसी प्रकार कृषि प्रदर्शनी, विज्ञान प्रदर्शनी, पुस्तक मेला आदि का भी स्टाल लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि गोरखपुर महोत्सव में फूड जोन, शूटिंग कम्पटीशन, हाफ मैराथन, फल फूल सब्जी का प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही लोगों को प्रशिक्षित भी किया जाये। किसानों को के.सी.सी. की जानकारी देने के लिए स्टाल लगाया जाये तथा आत्मनिर्भर भारत योजना में किसानों की आय में वृद्धि के लिए भी विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी गण, सचिव जीडीए, अपर आयुक्त गण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### राजपत्रित एवं रविवार अवकाश छोड़ खुले रहेंगे क्रय केंद्र

**गोरखपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत जारी धान क्रय नीति अनुसार कृषकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर शेष कार्य दिवसों में धान क्रय केन्द्र खुले रहेंगे। जिलाधिकारी, रविवार को छोड़कर अन्य राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी लक्ष्य की पूर्ति के दृष्टिगत क्रय केन्द्र खुलवा सकेगे। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया है कि उक्त के दृष्टिगत जनपद के क्रय केन्द्रों पर धान की आवक बढ़ने के कारण कृषक हितों को देखते हुए रविवार को छोड़कर अन्य समस्त राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी धान क्रय केन्द्र खुले रहेंगे तथा समस्त क्रय प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि नियमानुसार कृषकों से धान क्रय कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### सभी ब्लाकों पर किसानों के साथ मनाई जाय अटल की जयंती

**गोरखपुर।** लखनऊ से प्रमुख सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर कहा कि जनपद के सभी ब्लाकों पर किसानों के साथ देश के पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी बाजपेई की जंयती 25 दिसंबर को मनाएं। गोरखपुर एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में सीडीओ इंद्रजीत सिंह, उप कृषि निदेशक संजय सिंह, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी व संजय यादव सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी जनपद के सभी ब्लॉकों पर किसानों के साथ मौजूद रहते हुए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों से रूबरू होते हुए भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती मनाएंगे। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम किसान योजना के अंतर्गत लगभग नौ करोड़ किसानों के खाते में करीब 18 हजार करोड़ रुपये हस्तांतरित करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर में 12 से 1 बजे के बीच किसानों से चर्चा करेंगे अधिकारीगण सभी ब्लाकों पर तैयारियां पूर्ण कर लें ताकि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों से वार्ता करते समय किसी भी प्रकार की दिक्कत व समस्या न हो।

### आजाद हिंद फौज के सेनानी की पत्नी का निधन

**गोरखपुर।** बड़हलगंज क्षेत्र के फड़साड़ निवासी आजाद हिंद फौज के सेनानी अप्रवासी भारतीय सिंगापुर स्व. रामअवध राय की पत्नी श्रीमती विद्यावती राय उम्र 90 वर्ष का लखनऊ में इलाज के दौरान सोमवार की रात को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिपथ पर सम्पन्न हुआ, जहां उनके कनिष्ट पुत्र शशि राय ने उन्हें मुखाग्नि दी।

## विभिन्न विभागों के कार्यों व योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा, दिया दिशा-निर्देश

संवाददाता। अयोध्या

**कलेक्ट्रेट** सभाकक्ष में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार द्वारा विभागवार विवरण प्रस्तुत करते हुए योजनाओं के संचालन एवं कार्यान्वयन में आ रही परेशानियों एवं कमियों को बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष रखते हुए उसके निराकरण के उपाय भी बताएं। जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण शीतलहर में बाहर कोई भी व्यक्ति सोने न पाए, यदि कोई भी व्यक्ति बाहर सोते हुए मिले तो उसे रेन बसेरा में शिफ्ट करें, अलाव जलाने में कमी नहीं होनी चाहिए, ठंड से किसी की मृत्यु नहीं होनी चाहिए इसे प्राथमिकता से देखा जाए। जो भी कम्बल आप को वितरण हेतु आप को प्राप्त हुए है रात्रि भ्रमण के दौरान ऐसे लोगो को कम्बल प्रदान करे जो ठंड से ठिठुर रहे हो जब भी किसी गॉव में जाये तो वहॉ के गणमान्य व्यक्तियो से जानकारी प्राप्त कर असहाय एवं गरीब परिवारो को कम्बल प्रदान करे। गोवंश आश्रय स्थल पर भी काऊ कोर्ट व अलाव जलाने की व्यवस्था बेहतर ढंग से होनी चाहिए। गौवंश आश्रय स्थल पर असमान्य मृत्यु तो नहीं हो रही है इसे देखा जाना चाहिए और इस संबंध में सूचना तंत्र विकसित करें। आश्रय स्थल में धनराशि की कमी न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं व धन की उपलब्धता पूर्व से सुनिश्चित कराएं। धान क्रय केंद्रों की समीक्षा करते हुए कहां कि धान क्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण नियमित रूप से करें यह देखा जा रहा है कि किसानों को धान विक्रय करने में लंबे वक्त का इंतजार करना पड़ रहा है यह स्थिति ठीक नही है यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त कांटा लगवाया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि प्रतिदिन धान क्रय की सीमा 75 कुंटल को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब तक किसान धान लाएगा धान की खरीद नियमित रूप से चलती रहेगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राइस मिलों का स्टाक का सत्यापन करें यह भी देखें कि कहीं किसी खास केंद्र से बहुत अधिक धान तो मिल में नहीं आ रहा हैए फर्जी खरीद की जांच अवश्य कराई जाए।

## शीतकालीन भ्रमण में डीएम ने विकासखंड मसौधा का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनिल कुमार झा ने अपने शीत कालीन भ्रमण के अंतर्गत विकास खंड मसौधा का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत से विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत निर्मित सामुदायिक शौचालयों की गुणवत्ता एवं रखरखाव संबंधी जानकारी प्राप्त की। एडीओ पंचायत ने बताया कि विकास खंड में सामुदायिक शौचालय हेतु निर्धारित लक्ष्य 67 अदद के सापेक्ष 44 सामुदायिक शौचालय को पूर्ण कर लिया गया है, 17 निर्माणाधीन हैं तथा 6 शौचालय विवादित है। पंचायत भवन के निर्धारित लक्ष्य 21 के सापेक्ष 10 छत स्तर, 9 निर्माणाधीन, 1 पूर्ण जबकि एक पंचायत भवन भदरसा विवादित है। जिलाधिकारी ने पंचायत भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## बीआरसी पर आयोजित हुई समीक्षा बैठक

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**मंगलवार** को ब्लाक संसाधन केन्द्र टाण्डा पर उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य/मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक अयोध्या मण्डल अयोध्या मनोज कुमार गिरि, की अध्यक्षता में तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह की उपस्थिति में विकास खण्ड-टाण्डा के समस्त प्रधानाध्यापकों/ प्रभारी प्रधानाध्यापकों/ शिक्षक संकूलो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी टाण्डा कमल प्रकाश सिंह, एसआरजी विजय चन्द्र मिश्र, श्रीमती श्वेता सिंह, डायट मेंटर श्रीमती बीना चौधरी एवं ए0आर0पी0 राम श्याम, हरिश्याम, अजीत सिंह सहित 194 प्र0 अ0/प्रभारी प्र0 आ0, 70 शिक्षक संकुल उपस्थित रहे। बैठक में प्राचार्य डायट द्वारा मिशन प्रेरणा के विभिन्न घटकों यथा प्रेरणा लक्ष्य, प्रेरणा सूची एवं प्रेरणा तालिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षकों से इन पर आधारित प्रश्न पूछे गये जिसका उपस्थित प्रतिभागियों में से अधिकांश ने संतोष जनक उत्तर दिया। इसके अलावा तीन माड्यूल्स आधारशिला, ध्यानाकर्षण एवं शिक्षण संग्रह पर आधारित प्रश्नों को पूछ कर शिक्षकों को इन्हें विधिवत पढ़कर इनका उपयोग बच्चों की अधिगम दक्षता बढ़ाने हेतु करने का निर्देश दिया गया। प्राचार्य द्वारा 15 दिन के अन्दर इन तीनों माड्यूलों का अध्ययन पूर्ण करने हेतु शिक्षकों को निर्देश देते हुए अपेक्षा किया कि इसके बाद इन पर आधारित प्रश्न का उत्तर देने की स्थिति में सभी शिक्षकों को होना चाहिए। विद्यालय के बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति का स्तर सुधारते हुए मिशन प्रेरणा के लक्ष्य को सितम्बर 2021 तक प्राप्त करने का संकल्प शिक्षकों को दिलाया गया।

## बैंक के कर्ज में डूबे कारोबारी ने की खुदकुशी

**गोरखपुर।** बैंक के कर्ज में डूबे कारोबारी विकास श्रीवास्तव ने मंगलवार की दोपहर में खुदकुशी कर ली। देवरिया के धनवती गांव निवासी विकास की कोतवाली इलाके में किराये के कमरे में पंखे से लटकती लाश मिली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। विकास अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। पिता की मौत हो चुकी थी। वह अपनी बुजुर्ग मां का सहारा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। बताया जाता है कि देवरिया जिले के धनवती गांव निवासी विकास श्रीवास्तव अपनी मां के साथ हुमायूंपुर दक्षिणी मोहल्ले में उमाशंकर गुप्ता के मकान में किराये पर रहता था। विकास की तमकुहीराज में मिक्सर बनाने की दुकान है। विकास ने अपना कारोबार बढ़ाने के लिए ओरिएंटल बैंक से दस लाख रुपये का कर्ज लिया था। वह कर्ज लौटा नहीं पा रहा था। एनपीए होने की वजह से कर्ज को लेकर नोटिस आ रहा था। मंगलवार की सुबह नोटिस की जानकारी के बाद विकास की मां अधिवक्ता से मिलने गई थी। दोपहर में करीब 12.30 बजे वह लौटी तो अंदर से दरवाजा भिड़काया गया था। मां ने पहले बेटे को आवाज दी। दरवाजा नहीं खुला तो धक्का दी और दरवाजा खुल गया। विकास कमरे में पंखे से लटक रहा था। बेटे की लाश देखकर मां चीख पड़ी। उसकी चीख सुनकर आस-पास के लोग पहुंच गए और इन्हीं में से किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। विकास के अलावा उसकी दो बहनें हैं। बहनों की शादी हो गई है। एक बहन की शादी बक्शीपुर में हुई है तो दूसरी की उत्तराखंड में। गोरखपुर में ही रिश्तेदारी होने की वजह वह यहीं पर किराये का कमरा लेकर रहता था। विकास के पिता की पहले गोलघर में दुकान भी थी। लेकिन उनकी मौत के बाद दुकान बंद हो गई।

## एनटीपीसी ने 275 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, स्टेशनरी किया वितरित

- यूपीएल द्वारा 100 निर्धन एवं असहाय लोगो को ऊनी कंबल वितरित किया गया

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**एनटीपीसी** टांडा द्वारा अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परियोजना के आसपास के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विविध सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी श्रृंखला में महाप्रबंधक (अनुरक्षण) बी.सी.पोलई एवं अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन)एस.एन.पाणिग्रही ने राजकीय विद्युत परिषद इंटर कालेज, टांडा थर्मल के 275 छात्र-छात्राओं स्टेशनरी सहित स्कूल बैग का वितरण किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी, प्रबंधक (मानव संसाधन) राजीव त्रिपाठी, सी.एस.आर. अधिकारी सुश्री इशिता पोहुजा, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए महाप्रबंधक (अनुरक्षण) बी.सी.पोलई ने बच्चों को नियमित रूप से अध्ययन जारी रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे कोविड-19 के प्रति सतर्क रहें तथा नियमित रूप से साफ-सफाई करने एवं सदैव फेसमास्क का उपयोग करने को अपनी आदत का हिस्सा बनायें। सभी अतिथिजनों ने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य तथा भावी जीवन की सफलता के लिए शुभकामनायें दी। पर्याप्त स्टेशनरी एवं बैग पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। वितरण कार्य में संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सामग्री वितरण हेतु सीमित संख्या में बच्चों को बुलाया गया था, शेष बच्चों की सामग्री विद्यालय को उपलब्ध करा दी गई। इसी कड़ी में आवासीय परिसर स्थित नवरंग क्लब में भयंकर ठंड को देखते हुए एनटीपीसी की सहयोगी कंपनी यूटिलिटी पावरटेक लिमिटेड (यू.पी.एल.) द्वारा अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अन्तर्गत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन एवं असहाय लोगों को एनटीपीसी टांडा के महाप्रबंधक (अनुरक्षण) बी.सी.पोलई एवं अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एस.एन.पाणिग्रही ने 100 नग ऊनी कंबल वितरित किया।

वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन यू.पी.एल. के आवासीय प्रबंधक श्री राजीव श्रीवास्तव एवं प्रबंधक (मानव संसाधन) राकेश त्रिपाठी की उपस्थिति मे किया गया। इस अवसर पर यू.पी.एल द्वारा आवासीय परिसर स्थित विवेकानंद शिशुकुंज के 04 छात्रों को छात्रवृति भी प्रदान किया गया। सामग्री वितरण के दौरान कोविड-19 के प्रोटोकाल का पूरी तरह पालन किया गया।

# नेपाल में उथल-पुथल

## संसद भंग करने की घोषणा

**अपने** बहुमत के सामने चुनौती पैदा होते देख कर नेपाली प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने संसद भंग करने की घोषणा कर दी। अब भारत को इस आपदा को अपने लिए अवसर में बदलने के प्रयास करने चाहिए। काफी समय से ओली चीन के साथ चले गए थे जिसके कारण यह हिमालयी देश भारत के खिलाफ हो गया था, सीमाओं को बदलने की चुनौती दे रहा था तथा हमारी साझा सभ्यतामूलक विरासत पर सवाल उठा रहा था। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी में विद्रोह की स्थिति है तथा पुष्प कमल दहल प्रचंड व माधव नेपाल का गुट बहुसंख्य समर्थन का दावा कर रहा है। ये दोनों एक समय भारत-समर्थक रहे हैं। ओली ने देश की संसद के 275 सदस्यों वाले निचले प्रतिनिधि सदन को भंग कर दिया। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने अप्रैल-मई में चुनाव की घोषणा कर उनको अंतरिम सरकार चलाने को कहा है। यह कदम असंवैधानिक है क्योंकि प्रतिनिधि सभा का कार्यकाल पांच साल है और उसे पहले भंग नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री द्वारा सदन को एकपक्षीय रूप से भंग करने का कोई प्राविधान नहीं है। उनको अपनी पार्टी की ओर से विश्वास मत लाना चाहिए था जिससे बाकी कार्यकाल के लिए प्रचंड को प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिल सकता था। वैसे भी यह मामला नेपाली सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। ऐसे में अपने खिलाफ फैसला आने पर ओली को इस्तीफा देना पड़ता, नहीं तो वे पद पर बने रह सकते थे। एनसीपी में खींचतान नई नहीं है और भारत पहले भी अन्य दो नेताओं का समर्थन कर ओली का प्रभाव घटाने का प्रयास करता रहा है। लेकिन हर बार चीन ओली को सत्ता में बनाए रखने में सफल हुआ क्योंकि वह भारत के खिलाफ आक्रामकता को बढ़ावा देकर सीमा पर उत्तेजना बनाए रखना चाहता था। चीन को ओली के अलावा कोई और नेता पसंद नहीं था जो मानचित्र-युद्ध में शामिल होकर उसके विस्तारवादी एजेंडे को हवा दे रहे थे। बीजिंग ने हिमालयी राज्य की ढांचागत संरचना में भारी निवेश कर विरोधी समूह को मजबूर किया था कि उसकी भू-रणनीतिक पकड़ को अनदेखा न किया जाए। भारत द्विपक्षीय संबंधों को न्यायसंगत स्तर पर बनाने का प्रयास कर रहा था जिसके लिए नवंबर में सेना प्रमुख जनरल एम.एम.नरवणे तथा इसके बाद विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला ने नेपाल की यात्रा की थी। वास्तव में उनकी पार्टी के बहुत से लोग तथा विपक्ष भारत के साथ संबंध बिगाड़ने के पक्ष में नहीं थे। मई, 2018 में नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के दोनों धड़ों का विलय होने के बाद प्रचंड व ओली ने प्रधानमंत्री पद पर आधे-आधे कार्यकाल का समझौता किया था, लेकिन ओली भारत-विरोधी कार्रवाइयों के कारण इसे महत्व नहीं दे रहे थे। प्रचंड भारत-विरोधी दृष्टिकोण के लिए अपने राजनीतिक बलिदान के लिए तैयार नहीं थे। इसके साथ ही नेपाल में राजतंत्र समर्थकों का भी उभार हो रहा है जो नरेन्द्र मोदी सरकार के साथ संबंध मजबूत करने के लिए हिंदू राष्ट्र व राजतंत्र की वापसी की मांग कर रहे हैं। हालांकि, नेपाली राजतंत्र चीन-विरोधी नहीं था, लेकिन वर्तमान समय में उसके पक्ष में जनमत बनने से भारत ने राहत की सांस ली है क्योंकि इससे ओली व प्रचंड, दोनों प्रभावित होते हैं। हिंदू राष्ट्र के रूप में भारत से सटा नेपाल परस्पर हितों को बढ़ावा देता था जिसका कारण दोनों देशों के बीच खुली सीमा है। लेकिन ओली सांस्कृतिक बाधायें खड़ी कर भारत से संबंध विच्छेद चाहते थे। वे निर्णायक रूप से चीन के पक्ष में झुके थे और नेपाल को उसका मुहरा बनाने पर तुले थे। वास्तव में चीन ने भी नेपाल में अपनी सांस्कृतिक राजनय को बढ़ावा देते हुए उसे 2015 में भूकंप के बाद नष्ट हुए मंदिरों को बनाने में आर्थिक सहायता दी थी। ओली ने ब्रिटिश काल के मानचित्रों पर सवाल उठा कर भारत-विरोधी मोर्चा खोला था। भारत व नेपाल तथा चीन के बीच 1954 की संधि के अनुसार लिपुलेख दर्रा भारत का हिस्सा था। हालांकि, भारत नेपाल के साथ द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के लिए बहुत कुछ कर रहा है, पर अब नेपाल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में चीन का हिस्सा 90 प्रतिशत हो गया है।



# कोरोना विरोधी संघर्ष में एकजुटता

राजनीतिक विचारधाराओं के प्रति प्रतिबद्धता में विविधता के बावजूद केंद्र व राज्य सरकारों ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ वायरस के खिलाफ संघर्ष में एकजुटता प्रदर्शित की है।



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)



भारत में कोविड संक्रमितों की संख्या सितंबर में प्रति दिन 98,000 से गिर कर अब 25,000 के नीचे आ गई है। ऐसे में कहा जा सकता है कि पिछले आठ महीने से केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों व स्वास्थ्य प्रशासकों तथा सारे स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र के प्रयास अंततः रंग ला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मोर्चे पर देश का नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने मुख्यमंत्रियों के साथ 10 बैठकें की जिनका विषय केवल कोरोना वैश्विक महामारी से निपटना था। उन्होंने मुख्यमंत्रियों से मिल कर सीधे राज्यों में वायरस प्रसार की निगरानी की, सर्वाधिक प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से संवाद किया तथा वैक्सीन निर्माण करने वाली कंपनियों का दौरा कर सीधे जानकारी प्राप्त की। इन सब ने बीमारी पर नियंत्रण के लिए डाक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल कर्मचारियों व प्रशासकों तथा चिकित्सा शोधकर्ताओं में उत्साह बनाए रखा है।

प्रधानमंत्री के साथ ही अनेक मुख्यमंत्रियों ने भी राजनीति को पीछे रख कर अथक रूप से अपने राज्यों में कोविड-19 से मुकाबला करने में योगदान किया। इस प्रकार राष्ट्रीय व राज्यों के स्तर पर 40 से अधिक राजनीतिक पार्टियों का सहयोग सामने आया। इनमें केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के सदस्य, तथा क्षेत्रीय पार्टियां शामिल हैं जिनमें ओडिशा में बीजू जनता दल, दिल्ली में आम आदमी पार्टी-आप, पश्चिम बंगाल में आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, आंध्र प्रदेश मे वाईएसआर कांग्रेस व तेलंगाना में तेलंगाना राष्ट्र समिति-टीआरएस प्रमुख हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी-माकपा शासित केरल तथा जनता दल-जदयू गठबंधन शासित बिहार ने भी अच्छा काम किया। इन पार्टियों के अलावा भारतीय जनता पार्टी-भाजपा व कांग्रेस शासित अनेक बड़े राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब व छत्तीसगढ ने शानदार प्रदर्शन किया।

इसमें व्यापक रूप से 1,400 मिलियन लोगों पर शासन करने वाली राजनीतिक पार्टियों के साथ कई दर्जन उप-क्षेत्रीय पार्टियां भी शामिल हैं जो जिला परिषदों व नगर निगमों के स्तर पर शासन कर रही हैं। राजनीति के विभाजित चरित्र तथा हालिया वर्षों में केन्द्र व राज्यों में भाजपा व अन्य पार्टियों के साथ तीखे राजनीतिक टकरावों के बावजूद राजनीतिक मतभेदों को अलग रख कर सबने महामारी के खिलाफ संघर्ष में एकजुटता प्रदर्शित की है। मोदी सहयोगी संघवाद की इसी भावना को बढ़ावा देते रहे हैं और उनको इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष में एकता स्थापित की जो सामान्य समय में जमीनी स्तर पर चलने वाली राजनीतिक लड़ाइयों से एकदम अलग है। यह राजनीति को अलग रख कर संयुक्त प्रयास का अच्छा उदाहरण है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने साथ आकर दिल्ली में कोविड-19 के खिलाफ ढांचा मजबूत किया। शाह ने राजधानी क्षेत्र में कोविड से निपटने के लिए मुख्यमंत्री व उनके अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं। इनमें केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन भी शामिल थे जिन्होंने पिछले 10 महीने से देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य के समक्ष आई सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर उसे सीमित करने के लिए अथक काम किया है। नवंबर में हुई बैठकों के परिणामस्वरूप दिल्ली में ज्यादा आईसीयू बिस्तरों व उपकरणों की व्यवस्था हुई। इस बैठक के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा था कि उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार की एजेंसियों के बीच कोविड-19 के खिलाफ एकजुटता का आश्वासन दिया था।

यह खासकर सरकारी क्षेत्र में हमारे डाक्टरों, नर्सों व पैरामेडिकल कर्मियों का परिश्रम स्वीकारने का भी क्षण है जिन्होंने अथक रूप से कोविड-19 रोगियों का इलाज करने में बाधाओं के बावजूद अपना योगदान दिया। कोविड प्रभावित पाए जाने के बाद इस लेखक का इलाज एम्स के ट्रामा सेंटर में हुआ जिसे कोविड सेंटर में बदला गया था। वहां कार्यरत अनेक डाक्टर व नर्सें स्वयं अपना दायित्व निभाने के दौरान कोविड का शिकार हुए। इसके बावजूद उन्होंने ठीक होने के बाद फिर यही काम शुरू किया। अन्य अस्पतालों के बारे में भी ऐसी अनेक खबरें हैं। लेकिन कुछ निजी अस्पतालों के बारे में परेशान करने वाली खबरें भी हैं जिन्होंने कोविड-19 मरीजों को भर्ती करने के लिए दिमाग चकराने वाले पैसे लिए। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इन संस्थानों की पहचान कर उनके व्यवहारों की जांच करे तथा महामारी पर नियंत्रण के बाद उनको दंड दे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की टीकाकरण रणनीति की समीक्षा की है तथा वैक्सीन पर शोध व इसकी उपलब्धता के बाद वितरण पर गौर किया है। उन्होंने इस बारे में भी राज्यों के साथ विचार-विमर्श किया है। इससे हमें पिछले 10 महीनों में मिले सबक सामने आते हैं। संकट पहली बार सामने आते ही केन्द्र सरकार ने लाकडाउन की घोषणा की तथा इसका विस्तार किया। लाकडाउन की प्रभावशीलता पर राष्ट्रव्यापी बहस हुई। इसके बाद केन्द्र के अत्यधिक आलोचक पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने केन्द्र के दिशानिर्देशों पर समुचित कार्रवाई नहीं की। सभी पक्षों को यह समझने में थोड़ा समय लगा कि लाकडाउन, सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनने तथा बिजनेस, मनोरंजन उद्योग व शिक्षण संस्थान बंद करने के केन्द्र के निर्देश संविधान द्वारा उसे राष्ट्रीय आपातस्थितियों व विभीषिकाओं से निपटने के लिए मिली शक्तियों के अंतर्गत थे। राज्यों को यह भी समझ में आया कि कार्यों की एकता के बिना सभी राज्य संकट में घिर जाएंगे क्योंकि वायरस राज्यों को अलग करने वाली किसी भौगोलिक सीमा का सम्मान नहीं करता है।

नकारात्मकता का भाव रखने वाले ये सारी चीजें नहीं देख सकते हैं। उन निराशावादियों को उम्मीद थी कि यह विविधतापूर्ण राष्ट्र आपदा से ध्वस्त हो जाएगा। लेकिन सारे संकेतों से स्पष्ट है कि देश का राजनीतिक नेतृत्व राष्ट्र व राज्यों के स्तर पर छुद्र राजनीति से ऊपर उठने तथा महामारी पर विजय पाने के लिए एकजुट संघर्ष में सफल हुआ। अमेरिका की स्थिति देख कर आपको अनुमान लग जाएगा कि हम कितने सौभाग्यशाली रहे। दुर्भाग्य से अमेरिका उद्देश्य की एकता प्रदर्शित करने में विफल रहा और महामारी के खिलाफ विश्वास नहीं पैदा कर पाया जिससे कोविड-19 उस देश में बेलगाम हो गया। उम्मीद करनी चाहिए कि विश्वसनीय व प्रभावी वैक्सीन आने के बाद अगला साल भारत में कोविड-19 मामले न्यूनतम करने में सफलता प्रदान करेगा। उस दिन हमें पूरे मन से राजनीतिक नेतृत्व द्वारा पैदा एकजुटता तथा डाक्टरों, नर्सों व स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में कार्यरत सबके योगदान को धन्यवाद देना होगा जिन्होंने हालिया समय में देश के सामने आई सबसे खतरनाक विभीषिका से उबरने में हमारी सहायता की।

# निराशा के बीच उम्मीद की किरण

> "कोई पुनरुत्थान अथवा परिवर्तन तब तक नहीं हो सकता जबतक कुछ लोगों को उसके होने का भरोसा न हो। डब्लूईएफ की रिपोर्ट सही दिशा में दिया गया झटका है।"

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



अंततः अखबारी एवं श्रव्य-दृश्य मीडिया में टिप्पणियां उससे बदलनी प्रारम्भ हो गई हैं जैसी कि आज हैं कि यह वर्ष कैसा रहा है और आने वाले वर्ष में चीजें कैसी रहेंगी। यद्यपि धरातल पर कुछ ज्यादा नहीं बदला है और निश्चित रूप से दुनिया के बहुत से भूक्षेत्र अभी भी कठिन समय से गुजर रहे हैं, यह एहसास बढ़ता जा रहा है कि उम्मीद एक प्रकार की विकल्पहीन स्थिति है। बहुत सी मूलभूत सच्चाइयों में से, सबसे बड़ी यह है कि निराशा से भी थकान हो जाती है। बहुत से धरातलों पर कल्पनाएं जन्म लेती हैं और उनमें से एक है अतिशय निराशा।

कोविड-19 महामारी द्वारा लाई गई वैश्विक तबाही का एक दिन मूल्यांकन किया जाएगा। अभी तक, कुछ लोग फिर भी जल के नीचे तैरने का प्रयास कर रहे हैं और अन्य समस्याग्रस्त स्थितियों में भविष्य निर्मित करने का प्रयास कर रहे हैं। वे उल्लेखनीय रूप से बेहतर काम कर रहे हैं क्योंकि वे समझते हैं कि यदि वहन करने की क्षमता होगी तो लोग पैसे का भुगतान करेंगे और अंधाधुध करेंगे जब स्थितियां कठिन होंगी। यह सिद्धांतवादिता दिखाने का समय नहीं है। केवल इतना ही कहा जा सकता है कि, हर किसी का अपना मामला है। इस बीच परिवारों में तनावपूर्ण संबंध, सरल गतिविधियों को गलत समझना व गलत ढंग से प्रारूपित करना भारी पड़ रहा है। ऐसा होना ही है यदि अतिशय तनावग्रसित मानसिक क्षमता के द्वारा अर्थों का अपवर्तन होगा। जैसा भी है, क्षितिज पर चमकीले संकेतों में से एक है कुछ लोगों का मजबूत मस्तिष्क जो अभी भी अपनी सावधानी की क्षमता के द्वारा सार्थक होते हैं।

सचेत रहने का पहला लक्षण है यह पहचान लेना कि कोई व्यक्ति अपनी असुरक्षा की भावनाओं को दूसरे पर प्रक्षेपित नहीं कर सकता। यह मायने नहीं रखता है कि यंबंधों की नींव किसतनी बेहतरीन अथवा मजबूत है, कोई भी किसी अन्य व्यक्ति के बोझ को अंतहीन रूप से तक नहीं उठा सकता। खासकर उन लोगों के जो यह नहीं जानते कि स्वयं को नियंत्रित कैसे किया जाए।

इसका कोविड काल खंड की अद्वितीयता से कोई लेना-देना नहीं है। यह एक आम मानवीय भावना है जिसका समाधान व्यवहार विज्ञानियों ने पेश नहीं किया है, शायद इसलिए क्योंकि संकेतक कमजोर हें और लोगों द्वारा किये जाने वाले बचाव बहुत भारी भरकम हैं। उसके साथ किसी के कार्यतंत्र एवं योजनाओं को बनाए रखने की संभाव्यता आती है। बहुत से लोगों में यथार्थ की समझ कमजोर हो सकती है। ऐसी प्रवृत्तियों का समामेलन एक विनाशकारी सम्मिश्रण पैदा करता है।

शायद, समस्या के साथ किसी ऐसे दृष्टिकोण के द्वारा निबटा जा सकता है जो भीतर से बाहर के बजाए बाहर से भीतर को यात्रा करती है। साथ में, हमें यह मानने की आवश्यकता है कि मनुष्य जटिल प्राणी होते हें और, अन्यों को छोड़ ही दीजिए, स्वयं को समझने में भी कठिनाई होती है।

समझदारी का कोई भी प्रयास प्रक्रिया की शुरुआत के बजाए उसका अंत होना चाहिए। समझदारी की जड़ के बाहर से भीतर आने के मार्ग का विचार प्रयासों का एक संस्तरण तैयार करता है जो उसे प्रगतिशील रूप से अधिक प्रभावी एवं अधिक जटिल होती स्थितियों से निबटने में सक्षम बनाता है। उस कार्यतंत्र को महामारी के प्रति मानवीय प्रतिक्रिया की वर्तमान स्थिति में लागू करने (और प्राय:दु:साध्य जटिलता एवं व्याकुलता) कुछ संभावित निष्कर्षों की ओर ले जाती है। उनमें से एक है भौतिक दशाओं के प्रति अर्थव्यवस्था की संभावित प्रतिक्रिया को समझना प्रारम्भ करना और फिर धीरे-धीरे उसकी आंतरिक पर्तों की ओर बढ़ना।

करुणामय ढंग से, लगता है कि वह प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। विश्व आर्थिक मंच वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता रिपोर्ट : 2020 का एक विशेष संस्करण लेकर आया है। यह देखने में तो यह बात करता है कि कैसे देश पुनरुत्थान के मार्ग पर निष्पादन कर रहे हैं। इसे पढ़ा जाएगा और बार-बार पढ़ा जाएगा क्योंकि यह निश्चित रूप से पढ़ने योग्य है।

इस स्तम्भ लेख में जगह कम होने के कारण कोई तात्विक प्रत्यालोचना संभव नहीं है। भारत में इस प्रयास में साझीदार थी एक संस्था जो बहुत अधिक प्रसिद्ध नहीं है और फिर भी लगता है कि उसने कार्य निर्वाह क्षमता के साथ सहयोग किया है। अल्बानिया से लेकर उरुग्वे तक भौगोलिक क्षेत्रों ने किसी न किसी संस्था के माध्यम से योगदान किया हे और वह स्वयं में एक सराहनीय काम है। साझीदार संस्थानों ने कार्यकारी अभिमत सर्वेक्षण प्रशासित करने एवं प्रतिस्पर्धात्मकता एजेंडे को अपनी अपनी अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ़ाने में मदद की है। अन्य संस्थाएं भी हैं जिन्होंने भिन्न प्रकार की योग्यता दर्शायी है जिसमें डब्लूईएफ सूचकांक की रचना भी शामिल है। आंकड़े एकत्र करने से लेकर विश्लेषण व और आगे तक, एक विराट संगठनात्मक कवायद होती है। इसकी अधिकतम सराहनी की जानी चाहिए। अधिक मजबूती से, वह सामग्री क्रांतिकारी न होते हुए, ने एक बदले हुए विश्व संदर्भ में प्रतिस्पर्धात्मकता के अर्थ को पुन: परिभाषित करने में मदद की है। यह देखना प्रसन्नतादायी है कि व्यवधान और प्रतिरोधकता का उपचार भी उसी खंड में किया जाता था। महामारी की अवधारणा ने अर्थशास्त्र पर लिखित साहित्य पर अपनी छाप छोड़ी है।

अभी और भी प्रयास होंगे। वर्तमान समय के लिए यह उल्लेख करने के लिए एक मानक हो सकता है कि यह पिछले दशक एवं भावी रुझानों के विश्लेषण के लिए महान प्रयास है। डब्लूईएफ रिपोर्ट में प्रसन्नतादायी चीज है स्थिति में सुधार के मार्ग के विचार पर ध्यान केंद्रित किया जाना। स्वाभाविक रूप से, किसी भी सार्थक यात्रा के लिए, उसे कहीं न कहीं शुरू होना होगा।

कोई पुनरुत्थान अथवा परिवर्तन तब तक नहीं हो सकता जबतक कुछ लोगों को उसके होने का भरोसा न हो। डब्लूईएफ की रिपोर्ट सही दिशा में दिया गया झटका है। वैज्ञानिक पद्धति के लिए मापन के कुछ उपकरणों की आवश्यकता होती है। लेकिन इसके लिए संभव होने को लेकर आस्था एवं विश्वास की आवश्यकता होती है। यह केवल रोचक ही नहीं बल्कि सार्थक यात्रा होनी चाहिए।

## आप की बात

### किसानों का नया अखबार

**कृषि** कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन ने अब खुद मीडिया बनने का अहम फैसला लिया।देश की मुख्यधारा की मीडिया ने तो किसानों कल खालिस्तानी और न जाने क्या क्या कहना शुरू कर दिया।जब किसान की सच्चाई और उनकी आवाज को दबाया जाने लगा तो, आखिरकार उन्होंने खद का अखबार निकालने का फैसला लिया।ये तो कुछ कुछ आत्मनिर्भर भारत से जुड़ा हुआ लगता है। अकबर इलहाबादी का मशहूर शेर है, खींचो न कमानो को तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो अखबार निकालो। लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाने वाल मीडिया अब और विषैले तत्वों को नहीं पचा सकता। ट्रॉली टाइम्स को संपादित करने और इसको निकालने में साठ लोगों ने अपना योगदान दिया। इस अखबार ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया। जो कुछ भी हो, लेकिन इस अखबार ने जन जागरूकता को बढ़ावा दिया है। जब जब मीडिया सत्ता की गुलाम हो जाएगी, और सवाल पूछना खत्म कर देगी, तब तब आम जनता को अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। ट्रॉली टाइम्स, भारत के इतिहास में नई दस्तक दे चुका है, अब देखना होगा कि क्या अन्य मीडिया घरानों में बदलाव आता है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

### कोरोना योद्धाओं को सलाम

**कोरोनावायरस** अवश्य ही मानवीय त्रासदी लेकर आया है। एक ऐसी त्रासदी जिससे कोई भी अछूत नहीं है। यह धीरे-धीरे पूरे विश्व को प्रभावित कर रही है। हालांकि विश्व युद्धों में भी इतनी तेजी से दुनिया के हर एक देश किसी संकट में घिरे हों, ऐसा नहीं हुआ था। भारत की गरीब और कामगार आबादी के लिए तो बहुत ही चुनौतीपूर्ण समय गुजर रहा हैं। दुनिया में अब तक करोडो लोग इस वायरस के संक्रमण में आ चुके है, जबकि पूरी दुनिया में कोरोना से लाखों लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं भारत में भी कोरोना वायरस के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं। भारत में कोरोना की तीसरी तहर आने की सम्भावना है। कोरोना वायरस की बढ़ती स्पीड को देखते हुए देश की अर्थव्यवस्था ड़गमगा रही है लेकिन भारत के डॉक्टर, पुलिसकर्मी से लेकर सफाई कर्मी तक लोगों की जान बंचाने के लिए खुद को जोखिम में डाल रहे हैं और सामने आकर लोगों की मदद कर रहे हैं। जो सब निश्चित ही कोरोना के जंग के हीरो हैं। भारत कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में उन वीरों का पराक्रम देख रहा है, जो सीमा के भीतर घुस आए इस दुश्मन से लोहा ले रहे हैं।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

### रचनात्मक संकल्प

**कुछ** दिनों बाद हमेशा की तरह क्रिसमस पर्व के साथ-साथ नए वर्ष में प्रवेश का पर्व भी देशभर में जोरदार ढंग से मनाया जाएगा। 31 दिसंबर की मध्य रात्रि में पटाखे फोड़ व कानफोड़ू संगीत चलाकर पार्टियां मनाई जाएंगी। इसी तरह नए वर्ष का आगाज़ होगा। देश ही नहीं पूरा विश्व बढ़ते प्रदूषण से खफा है। पटाखे फोड़ने से ध्वनि व विषैला धुआं फैलने से प्रदूषण बढ़ेगा, जो हम सब के लिए खतरनाक होगा। पर्व मनाए, नव वर्ष का उत्साह के साथ स्वागत भी करें, लेकिन धीमे संगीत पर कर्णप्रिय गीतों पर नाचे गाए, खुशियां मनाएं, बधाइयां दे लेकिन पटाखे फोड़ व धूम धड़ाका ना करके। खुशियां मनाने में जिस काम से पर्यावरण प्रदूषण हो, इंसानों व सबको तकलीफ हो, ऐसे कामों से बचना चाहिए। यही तो जन जागरूकता है। हम कानून के डंडे की तो बात मानते हैं, लेकिन अगर हम सब अतिरिक्त जागरूकता व स्वबोध से नियमों का पालन करें व ऐसे कोई काम ना करें तो एक शुभ व अच्छी शुरुआत होगी। यह नववर्ष के स्वागत का एक रचनात्मक संकल्प भी होगा।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मेरी** किसानों से अपील है कि वे विपक्ष द्वारा चलाए जा रहे दुष्प्रचार अभियान से दिग्भ्रमित न हों। हम आपकी बेहतरी सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**अपने** भतीजे अभिषेक बनर्जी को पश्चिम बंगाल का अगला मुख्यमंत्री बनाने के लिए दीदी हताशापूर्ण प्रयास कर रही हैं।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**मैं** स्पष्ट करना चाहता हूं कि ममता के परिवार का कोई भी सदस्य बंगाल का अगला मुख्यमंत्री बनने के लिए उत्सुक नहीं है। भाजपा असत्य बोल रही है।

– **कल्याण बनर्जी**
तृणमूल सांसद

# सीएम ने कड़ाके की ठंड में गरीबों को ओढ़ाया कंबल





## ● रैन बसेरा का निरीक्षण करने के बाद विश्वनाथ कॉरिडोर एवं प्रोजेक्ट स्मार्ट का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मऊ में** जनसभा के बाद हेलिकाप्टर से वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री पुलिस लाइन से सीधे सर्किट हाउस पहुंचे जहां अधिकारियों संग वह बैठक कर वाराणसी में विकास कार्यों पर चर्चा किया। सर्किट हाउस में बैठक करने के बाद मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ दरबार और काल भैरव मंदिर का रुख करने के अलावा टाउनहॉल स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण करने पहुंचे। वहीं शाम को सीएम से मिलने की जिद पर लंका निवासी सुभद्रा शुक्ला अड़ी रहींए उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस और राजस्व व भूमाफिया ने मिलकर उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। बाबा दरबार दर्शन के लिए सीएम पहुंचे तो सप्तऋषि आरती शुरू होने के कारण बाहर से ही भगवान को माला अर्पित कर बाहर से ही दर्शन किये और शिखर नमन कर अपने गंतव्य को निकल गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके बाद टाउनहॉल रैन बसेरा का निरीक्षण कर गरीब असहाय लोगों में कंबल का वितरण कर टाउनहॉल में बन रहे पार्क एवं पार्किंग प्रोजेक्ट स्मार्ट का निरीक्षण कर प्रोजेक्ट के कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद रात 8.16 बजे वाराणसी एयरपोर्ट से राजकीय विमान द्वारा मुख्यमंत्री लखनऊ प्रस्थान कर गए।

# डीएम ने प्राइमरी के स्कूली बच्चों को स्वेटर व जूतों की पहली खेप को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



## ● एक लाख छियानवबे हजार स्कूलों को स्वेटर व जूते मिलेंगे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जिलाधिकारी कौशलराज** शर्मा ने मंगलवार को जनपद में कक्षा एक से आठ तक के 1,96000 बच्चों को बांटने के लिए मंगाये गये जुतों की खेप को हरी झंडी दिखाकर कैम्प कार्यालय से रवाना किया जो कल से स्कूलों में बंटना शूरू हो जायेगा। इसी प्रकार सर्दी की लहर को देखते हुए बच्चों को पहले ही स्वेटर वितरित किए गये थे जिसका सत्यापन करा कराने का निर्देश बीएसए को देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित कर लें कि शत प्रतिशत बच्चों को स्वेटर मिले कि नहीं।

## क्विक न्यूज

### इस समय महामारी ने उत्साह थोड़ा फीका कर दिया

**वाराणसी।** इस समय महामारी ने भले ही हमारा उत्साह थोड़ा फीका कर दिया होए लेकिन कुमकुम भाग्य के कलाकार आपस में इतने घुले.मिले हुए हैं कि वो अच्छी तरह जानते हैं कि मस्ती का माहौल कैसे बनाना है। इस शो के कलाकार एक दूसरे के लिए परिवार की तरह हैं और वो सेट पर अपने मजेदार कारनामों से लोगों को खूब हंसाते हैं। शो कुमकुम भाग्य अपनी दिलचस्प कहानी और अपने से लगने वाले किरदारों के स्वाभाविक अभिनय के साथ दर्शकों का पसंदीदा बन गया है।

### कोविड के बावजूद छोटे व्यापारियों की सफलता को दर्शाया

**वाराणसी।** वैश्विक महामारी के बावजूद भी लोगो के व्यापार और छोटे छोटे कामगारों की सफलता। का विशेष का आर्थिक रूप से अमेजन डॉट इंडिया ने कैसे उनका ध्यान देकर उनको आशावादी तथा संघर्षशील बनाए रखा यही दर्शाता है इस विकट परिस्थिति में लोगों का विशेष ख्याल रखा और जिसमें बताया गया है कि सेलर्स डिलीवरी और लॉजिस्टिक्स पार्टनर्स नेबरहुड स्टोर्स एंटरप्राइजेज डेवलपर्स कन्टेंट क्रिएटर्स और भारत के लेखकों सहित कंपनी 10 लाख से अधिक एसएमबी को लाभ कैसे पहुंचाती है। बदले में ये एसएमबी लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करते हैं।

### भाजपा ब्लाक स्तर पर आयोजित करेगी किसान सम्मेलन

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी ने भारत रत्नए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को बूथ स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है। जिसके अन्तर्गत 25 दिसम्बर को ब्लाक स्तर पर किसान सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। उसी दिन 12 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को किये जाने वाले उद्बोधन को महानगर एवं मंडल स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता सुनेंगे। 26 व 27 दिसम्बर को जिले व महानगर के सभी बूथों पर अटल की जयंती मनाई जाएगी। यह विचार भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने वाराणसी एवं प्रयागराज महानगर के महानगर पदाधिकारीए मंडल प्रभारीए एवं मंडल अध्यक्षो को वर्चुअल माध्यम से सम्पन्न हुई बैठक में व्यक्त किये। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने 25, 26, 27 दिसम्बर को भारत रत्नए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयन्ती को बूथ स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है।

### वेबसाइट और डिजिटलीकरण पर होगा जोर

**प्रयागराज।** वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से गोमैकेनिक ने अपने लोगों को मूल्य प्रदान करने में विश्वास रखता है। उसके लिए यह प्रोफेशनली ट्रेंड मैकेनिक और कार के मुफ्त पिक एंड ड्रॉप के साथ बिना किसी छिपे खर्चे के सस्ता ट्रांसपेरेंट और किफायती दाम सुनिश्चित करता है। इसका उद्देश्य एक ऐसा ब्रांड बनना है। जिसमें लोग अपनी सभी कार की देखभाल से जुड़ी चिंताओं का भरोसा कर सके। लांच के साथ गोमैकेनिक अब भारत में एक वर्ष में बीस लाख से अधिक कारों की सर्विस करने वाला पच्चीस प्लस शहरों में पांच सौ प्लस सर्विस सेंटर्स का एक नेटवर्क बन गया है। इसने अब भारत का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इनेबल्ड कार सर्विस नेटवर्क है। गयारह दिसंबर को लखनऊ में दस से अधिक सर्विस सेंटर्स के साथ टियर टू सिटी एक्सटेंशन ड्राइव के तहत अपने एक्सपैंड करने की घोषणा की। टिप्पणी करते हुए कुशल करवा आईबाईएम ए दो हजार बारह के पूर्व छात्र और कंपनी के को फाउंडर ने कहा कि लखनऊ में प्रवेश करने की खुशी है।

### एपीएस की प्रधानाचार्या अमिता सम्मानित

**प्रयागराज।** सीबीएसई शिक्षक कल्याण समिति की ओर से लूकरगंज में आयोजित जिले के सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य तथा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इसमें इलाहाबाद पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अमिता मिश्रा को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान एमएलसी डॉ मान सिंह यादव ने इलाहाबाद पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अमिता मिश्रा को प्रदान किया। अमिता मिश्रा इलाहाबाद पब्लिक स्कूल की 18 वर्षो से बतौर प्रधानाचार्या कार्यरत हैं। श्रीमती मिश्र के नेतृत्त्व में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान किया है। कई संस्थाओं ने अमिता मिश्रा को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम में शिक्षक कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ राधाकृष्णन विशिष्ट अतिथि जूही जायसवाल व कार्यक्रम संयोजक डॉ सत्यानंद यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आशीष मजूमदार ने सरस्वती वंदना का पाठ किया। अतिथियों का स्वागत एवं परिचय सेंट मेरिज कॉन्वेंट स्कूल घूरपुर के हिंदी प्रवक्ता अनुराग पांडेय ने किया।

# फीस वृद्धि को लेकर फैलाई जा रही अफवाह: सिस्टर ज्योति

## ● सेंट मैरीज कॉन्वेंट इंटर कालेज की प्रतिष्ठा को किया जा रहा धूमिल

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**थार्नहिल रोड** स्थित सेंट मैरीज कॉन्वेंट इंटर कालेज में किसी भी तरह की फीस वृद्धि नही की गई है। फीस वृद्धि को लेकर कुछ असामाजिक तत्व और कथित अभिभावक दुष्प्रचार कर रहे हैं। इसे लेकर लगातार ऐसे लोगों द्वारा स्कूल की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह कहना है स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर ज्योति सी जे का। मंगलवार को वह विद्यालय परिसर में मीडिया से मुखातिब हुई। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर स्कूल प्रबंधन ने किसी तरह की फीस किसी भी मद में नही बढ़ाई है। इस तरह के निर्देश जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा दिये गए थे। जिसके कारण स्कूल में फीस वृद्धि नही की गई है। सिस्टर ज्योति सी जे का कहना था कि तमाम लोगों द्वारा यह अफवाह हमेशा फैलाई जाती है कि निजी स्कूलों में फीस हर वर्ष बढ़ाई जाती है लेकिन इस तरह का आरोप बेबुनियाद और निराधार है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में मुद्रास्फीति को देखते हुए इस वर्ष कोई शुल्क नही बढ़ाया गया है। कहा कि महामारी के समय अभिभावकों से यह अनुरोध जरूर किया गया था कि फीस समय समय पर जमा करते रहें जिससे ऑनलाइन पठन पाठन सुचारू रूप से चलता रहे। स्कूल पर प्रवेश के समय यह भी आरोप लगता है कि धन लेकर प्रवेश दिया जाता है। यह आरोप भी सरासर गलत है। उन्होंने तमाम अभिभावकों से अपील की है कि वह किसी भी अफवाह में न आएं।

स्कूल सिर्फ बच्चों की पढ़ाई को लेकर सजग है। उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर स्कूल कार्य कर रहा है। बता दें कि स्कूल के अभिभावक ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। जिसका कई समाचार पत्रों में प्रकाशन हुआ है। इसकी वजह से स्कूल की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। इस मौके पर सिस्टर सुमिता लता आभू अनुराग कृष्णा आदि रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल रहे मोतीलाल बोरा के निधन पर कांग्रेसजनों ने जताया शोक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय राष्ट्रीय** कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष और महासचिव वरिष्ठतम नेता मोतीलाल बोरा जी के निधन के समाचार से कांग्रेस जन अत्यंत दुखी हैं।

बोरा जी के निधन का समाचार मिलने पर ईंगलिसियालाईन स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी फाउन्डेशन के कार्यालय में जुटे कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि सभा करके अपने दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किया । श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय मोतीलाल बोरा जी कांग्रेस पार्टी की एकनिष्ठ अहर्निश सेवा में अपना पूरा जीवन अर्पित करने वाले बिरले ऐसे नेता थे जिनका सम्मान शीर्ष नेतृत्व के साथ साथ आम कार्यकर्ता भी समान भाव से करता था।' एआईसीसी के दफ्तर में सुबह से शाम तक हर आम और खास कार्यकर्ताओं के लिये सर्वसुलभ रहने वाले स्वर्गीय बोरा जी एक मात्र नेता थे ए उनके निधन से पार्टी ने अपना सच्चा सेवक और अजात शत्रु जैसा ब्यक्तित्व रखने वला बड़े नेता को खो दिया ए जिनकी कमी पार्टी को दिर्घकाल तक खलती रहेगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विजय शंकर पान्डेय, उत्तर प्रदेश कांग्रेस आरटीआई सेल के पूर्व चेयरमैन बैजनाथ सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजयशंकर मेहता, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य भूपेंद्र प्रताप सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष राकेश चन्द्र, पूर्व महामंत्री श्री प्रमोद श्रीवास्तव श्री अशोक पांडे, डॉ. उमापति उपाध्याय, श्री विनोद सिंह कल्लू, शुभभ राय, मोहम्मद अरशद, जावेद अहमद, सुवाष राम, पिन्टू शेख आदि रहे ।

### कोविड पॉजिटिव होने के बाद भी सभी से की मास्क पहनने की अपील

**वाराणसी।** मुझे पूरे शरीर में तेज दर्द और बुखार था, लेकिन मुझे लगा कि ज्यादा काम करने की वजह से मुझे थकान हो गई हैए जिसकी वजह से मुझे फ्लू हो गया है। लेकिन जब शनिवार तक बुखार और दर्द ठीक नहीं हुआ, तो मैंने कोविड टेस्ट करने का फैसला किया, जो दुर्भाग्य से पॉजिटिव निकला। अपनी शुरुआत से ही अपना टाइम भी आएगा अनेक अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। लेकिन दुर्भाग्य से दर्शकों की फेवरेट महारानी राजेश्वरी यानी तनाज़ ईरानी का स्वास्थ्य बिगड़ गया है क्योंकि यह अभिनेत्री कोरोनावायरस से संक्रमित पाई गई हैं।

# संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में रामानुजन का योगदान महत्वपूर्ण: विनोद मिश्रा

## ● ज्वाला देवी स्कूल में मनायी गयी रामानुजन जयन्ती




**प्रयागराज।** प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में मंगलवार को विद्यालय के विशाल सभागार में श्रीनिवास रामानुजन जयन्ती आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ रामानुजन प्रतिमा के सम्मुख विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं गणित प्रमुख द्वारा दीपार्चन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। विद्यालय के गणित आचार्य विनोद मिश्रा ने रामानुजन के जीवन कृत्य पर प्रकाश डाला। श्री मिश्रा ने बताया कि उन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नही मिला। फिर भी उन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गणित के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण प्रयोग किये। जो आज भी उपयोग किये जाते हैं। वैदिक गणित के सह क्षेत्रीय प्रमुख शिवशंकर ने कहा कि विद्या भारती द्वारा प्रतिवर्ष ज्ञान विज्ञान मेले में वैदिक गणित के रुप में प्रश्नमंच एवं गणित प्रदर्श का आयोजन संकुल प्रान्त क्षेत्र एवं राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। जिसमें बच्चे प्रतिभाग कर मेधा का प्रदर्शन करते हैं। विद्या भारती से सम्बद्ध विभिन्न विद्यालयों में प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को गणित दिवस मनाया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने कहा कि आज रामानुजन की जयन्ती के अवसर पर उनके द्वारा गणित विषय पर किये गये विभिन्न नित्य नूतन अविष्कार को आत्मसात् करना चाहिये। उसे गणित विषय में प्रयोग करना चाहिये।

# नोडल अधिकारी ने विकास योजनाओं का लिया जायजा

## ● धान क्रय केंद्र बौनामऊ और गुरधरी में बन रहे मिनी स्टेडियम की देखी हकीकत

संवाददाता। उन्नाव



**जनपद के** नोडल अधिकारी मंगलवार को जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, धान क्रय केन्द्र एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की हकीकत परखी।

नोड्ल अधिकारी अपर मुख्य सचिव नियुक्त एवं कार्मिक विभाग उप्र शासन मुकुल सिंघल ने जनपदीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत लखनऊ से आकर सर्वप्रथम नगर में स्थापित आईटीआई में बन रही निर्माणाधीन बिल्ड़िग का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य आईटीआई विजय कान्त वर्मा से विभिन्न ट्रेडो के बारे में जानकारी हासिल की, हो रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता के बारे में यूपीपीसीएल कार्यदायी संस्था के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नही होनी चाहिये। पीसीएफ द्वारा संचालित साधन सहकारी समिति बौनामऊ में स्थापित धान क्रय केन्द्र का बारीकी से निरीक्षण कर राजीव कुलश्रेष्ठ, जिला विपणन अधिकारी से जनपद में हो रही धान खरीद एवं लक्ष्य के सापेक्ष्य हुई प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही निद्रेश दिए कि समय से किसानों का धान क्रय करने एवं किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखे। नादाखेड़ा के किसान सत्यदेव सिंह से भी धान क्रय सम्बन्धी व्यवहारिक जानकारी ली। नोड्ल अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सफीपुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र के सभी वार्डो ओपीडी आदि का निरीक्षण किया। कोविड-19 के बारे में किये गये कार्यो की जानकारी ली। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई से प्रशन्न होकर साफई कर्मी श्री सागर को धनराशि देकर उत्साहवर्धन किया। इसके उपरान्त ब्लाक सफीपुर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। राष्टीऊय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन एवं गरीब कल्याण रोजगार अभियान योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समुह की सदस्यों को सामुदायिक शौचालय की चाभी एवं 09 हजार रूपये की चेक कई महिलाओं को दी। तथा सस्ते गल्ले की दुकान का आवंटन पत्र भी उपस्थित महिलाओं को दिया गया। सफीपुर क्षेत्र के अन्तर्गत यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि निर्माण ईकाई द्वारा ग्राम गुरूधरी में बनाये जा रहे मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया। बताया गया कि बाउन्ड्रीवाल का निर्माण एवं मल्टीपरपज हाल की नीव का कार्य प्रगति पर है। इस स्टेड़ियम में बाउन्ड्रीवाल का निर्माण, मल्टीपरपज स्पोर्ट हाल, रनिंग टैऊक, गार्ड कक्ष आदि का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी हसनगंज, सफीपुर, विकास से जुडे अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

सुमेरपुर बीआरसी का मामला...

# खाता न बही जो साहब कहें वही सही, शासनादेश का उड़ा मखौल!

## ● बीईओगीरी व बाबूगीरी ने शिक्षा व्यवस्था को किया चौपट

## ● शैक्षिक पर्वेक्षण व सपोर्ट हेतु हुई थी एबीआरसी की नियुक्ति, थमा दी गई कार्यालयी कामकाज की बागडोर, हावी रही बीईओ की मनमानी, अब बड़े साहब का संरक्षण

संवाददाता। पाटन उन्नाव

**ब्लॉक संसाधन** केंद्र सुमेरपुर में गायब सेवा पंजिकाओं व वित्तीय अभिलेखों के मामले में बीएसए की कार्रवाई पर बुद्धिजीवी आश्चर्यचकित हैं। मामले में पूर्व एबीआरसी का निलंबन तो लाजमी है किंतु बीईओ को क्लीन चिट कैसे दे दी गई उन्हें यह समझ नहीं आ रहा। मूल रूप से सेवा पंजिकाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी बीईओ की थी। एबीआरसी को तो उन्होंने अपनी सुविधा हेतु अनाधिकृत तरीके से कार्यालय की बागडोर दे रखी थी। विभाग द्वारा उनकी नियुक्ति विद्यालयों में शैक्षिक सपोर्ट करने हेतु की गई थी। शासनादेश की माने तो ऐसे में प्रथमदृष्टया बीईओ द्वारा उनसे कार्यालयी कामकाज कराकर ही घोर अनियमितताएं बरती गई।

बेसिक शिक्षा विभाग में एबीआरसी पदों का सृजन कर विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, हिंदी एवं समाजिक शिक्षा हेतु शिक्षकों की विषयवार नियुक्ति की गई थी। जिनका कार्य विद्यालयों का पर्वेक्षण एवं शैक्षिक गुणवत्ता में बृद्धि करना था। विभागीय सूत्रों के अनुसार गंगा कृष्ण का चयन सामाजिक शिक्षा विषय पर हुआ था। ऐसे में बुद्धिजीवियों के जहन में एक ही सवाल उठ रहा है कि विभागीय निर्देशों के इतर बीईओ ने उन्हें कार्यालयी कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी किस आधार पर दे दी? अपनी सुविधा के आगे वह शासनादेश कैसे भूल गए? और इस मनमानी पर उनसे उच्चाधिकारियों ने भी जवाब तलब नहीं किया! शिक्षकों का मानना हैं कि बीईओ दफ्तर में गंगा कृष्ण की भूमिका एक तरह से निजी सहयोगी की रही। काली सफेदी के खेल में वह बीईओ के भरोसेमंद रहे। तत्समय वित्तीय अनियमितताओं किए जाने के भी आरोप लग रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस सब के बावजूद बीएसए द्वारा कार्यवाही की आंच से बीईओ को सुरक्षित रखा गया।

**मौजूदा बीईओ के समय में भी कार्यालय में जमें रहे पूर्व एबीआरसी:** सुमेरपुर में एबीआरसी के पद पर गंगा कृष्ण दो बार नियुक्त किए गए। किंतु दायित्वों की सुध शायद ही कभी ली हो। विभागीय सूत्रों के अनुसार उन्होंने बीईओ प्रवीण दीक्षित के समय में कार्यालयी कामकाज संभाला था। सितंबर 2018 में जब बीईओ का कार्यभार दाता राम को मिला, गंगा कृष्ण उनके भी भरोसेमंद रहे। यही वजह थी कि दाता राम ने भी शासनादेश की परवाह नहीं की और अनियमितताओं का सिलसिला अनवरत चलता रहा। एबीआरसी नवंबर 2019 तक कार्यालय में ही जमे रहे।

**रिसीविंग कर फंसे एबीआरसी, बीईओ के बचाव में अधिकारी:** एबीआरसी उस वक्त स्वयं ही आरोपों में फंस गए जब मई 2020 में कनिष्ठ सहायक को अभिलेखीय मिलान कराया। बीईओ ने गायब सेवा पुस्तिकाओं व वेतन बिलों का ठीकरा एबीआरसी के सिर फोड़ दिया। विभागीय जानकारों का कहना है कि लिखा पढी में अभिलेखीय मिलान कराना एबीआरसी को मंहगा पड़ गया।

**बीईओ प्रवीण दीक्षित पर भी लग रहे अनियमितताओं के आरोप:** दाता राम के पूर्व सुमेरपुर में बीईओ रहे प्रवीण दीक्षित भी अपने कारनामों को लेकर चर्चाएं बटोर चुके हैं। हाल ही में वायरल हुए एक कथित आडिओ में उनपर यूनिफार्म वितरक से कमीशनखोरी की मांग को लेकर आरोप लग रहे थे। विभागीय सूत्रों के अनुसार, सुमेरपुर बीआरसी केंद्र में गंगा कृष्ण को उन्होंने स्थापित किया था। यही नहीं उन पर वित्तीय अनियमितताएं बरतने के भी आरोप लग रहे हैं।

**क्या बोले जिम्मेदार**- एबीआरसी की नियुक्ति विद्यालयों में शैक्षिक सपोर्ट हेतु हुई थी। हालांकि केंद्रों पर बीईओ द्वारा उनसे कार्य लिया गया, जो नियम विरुद्ध था। इस हेतु बीईओ से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा।

**-प्रदीप कुमार पांडेय, बीएसए उन्नाव।**

# आक्रोशित परिजनों का कप्तान ऑफिस कूच, पुलिस ने रास्ते मे रोका

## ● प्रेमी प्रेमिका खुदखुशी में नया मोड! प्रेमी युवक के परिजनों की मांग पर 4 पर हत्या का मुकदमा हुआ दर्ज

**नवाबगंज उन्नाव।** प्रेमिका से मिलने उसके घर गये प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या व प्रेमिका के फांसी लगाकर जान देने के मामले में पुलिस के द्वारा उचित कार्रवाई होती न देख पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने निकले मृतक युवक के परिजनों सहित आधा सैकड़ा ग्रामीणों को अजगैन पुलिस ने बीच रास्ते पर रोक लिया। जहां मोहान विधायक सहित ब्लाक प्रमुख ने आक्रोशित परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों ने किसी की एक न सुनी। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी हसनगंज ने सभी को कोतवाली लाकर मृतक युवक के परिजनों से प्रार्थना पत्र लेकर तीन नामजद सहित दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। आपको बताते चले अभी 1 दिन पूर्व ही अजगैन कोतवाली क्षेत्र के ओहरापुर कोरिया गांव निवासी विनय पुत्र रवि शंकर उम्र 17 वर्ष अपने पड़ोस की 16 वर्षीय प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। जहां देर रात प्रेमिका की मां कमला रानी ने युवक के घर में जाकर बताया कि अपने बेटे को मेरे घर से ले जाओ वह मेरे घर में चोरी करने आया था, तो गंभीर हालत में पड़ा है। जिस पर बड़े भाई चंद्रेश ने विनय को लाकर आनन फानन पास के एक प्राइवेट अस्पताल में दिखाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चंद्रेश ने शव लाकर रागिनी के दरवाजे पर रख दिया और जान से मारने का आरोप लगाने लगा। प्रेमी के मौत की खबर पाकर प्रेमिका ने भी घर के अंदर जाकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। चर्चा तो ऑनर किलिंग की भी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से प्रार्थना पत्र लेकर शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। पुलिस की कार्यशैली से नाखुश युवक के परिजनों सहित आधा सैकड़ा ग्रामीण मंगलवार कार्यवाही की मांग को लेकर कप्तान ऑफिस जाने के लिए निकले, जिसकी सूचना पुलिस को लगते ही पुलिस ने रास्ते में ही उन्हें रोककर समझाने का प्रयास किया। मामला बढ़ता देख आनन-फानन क्षेत्राधिकारी हसनगंज आर के शुक्ला मौके पर पहुंचे और सभी को कोतवाली लेकर आए जहां सभी को बैठाकर शांतिपूर्ण बातचीत कर मृतक के भाई चंद्रेश से प्रार्थना पत्र लिया जिसमें चंद्रेश ने प्रेमिका की मां कमला रानी व राजा बाग सलाई गांव निवासी मामा के लड़के धर्मेंद्र व सनी देओल सहित दो अन्य लोगों पर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस द्वारा मुकदमा लिखने के बाद परिजनों सहित ग्रामीणों का आक्रोश कम हुआ और वह अंतिम संस्कार हेतु वापस गांव चलें गये।

# प्रधानमंत्री के गुरुद्वारे जाने पर शिवसेना ने चुटकी ली

**भाषा।** मुंबई




**शिवसेना** ने मंगलवार को पूछा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल्ली के रकाबगंज गुरुद्वारा जाने और गुरुतेग बहादुर से प्रेरणा लेने की अपील से किसानों के प्रदर्शन का क्या नतीजा निकलेगा, जिसमें उनके अनुयाई शामिल हैं। शिवसेना के मुखपत्र सामना के मराठी संस्करण में एक संपादकीय में मोदी के रविवार को गुरुद्वारा जाने और गुरु तेग बहादुर को उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने का जिक्र किया गया है। गुरु तेग बहादुर की रविवार को पुण्यतिथि थी। गुरुद्वारा रकाबगंज में उनका अंतिम संस्कार किया गया था। सिखों समेत हजारों किसान मोदी सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ 26 सितंबर से दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। संपादकीय में कहा गया है कि मोदी के गुरुद्वारा जाने पर भी किसान टस से मस नहीं हुए और सिख किसानों के साथ प्रदर्शन जारी रखा। संपादकीय में कहा गया है, प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु तेग बहादुर से प्रेरणा लेने की अपील की है। सुनकर खुशी हुई। हजारों सिख योद्धा उन्हीं से प्रेरणा लेकर दिल्ली सीमा के निकट लड़ाई लड़ रहे (आंदोलन) हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि इस लड़ाई का क्या नतीजा निकलता है। संपादकीय में लिखा है कि मोदी के गुरुद्वारा पहुंचने पर गुरबाणी हो रही थी। गुरबाणी कहती है कि अगर कोई अपने विचार नहीं बदलता है, तो भगवान की सेवा और उसके प्रति श्रद्धा किसी काम की नहीं है। इसमें लिखा है कि पवित्र धार्मिक ग्रंथ को कितनी भी बार पढ़ लीजिए अगर इससे आपको सीख नहीं मिलती, तो इसका कोई फायदा नहीं है। साथ ही यह भी सवाल किया गया है कि अगर किसी का समय आ गया है और उसे अपने कर्मों का हिसाब-किताब देना पड़े तो वह क्या करेगा। संपादकीय में कहा गया है कि गुरबाणी में बताया गया है कि समय के आगे किसी का जोर नहीं चल सकता।

## नेपाल के होटल में महिलाओं के साथ पकड़े गए बिहार के तीन जज सेवा से बर्खास्त

**पटना।** नेपाल के एक होटल में कुछ साल पहले महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए बिहार के तीन न्यायिक अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। बिहार राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सोमवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार बर्खास्त किए गए न्यायिक सेवा के अधिकारियों में हरि निवास गुप्ता, जितेंद्र नाथ सिंह और कोमल राम शामिल हैं। अधिसूचना में पटना उच्च न्यायालय द्वारा जारी एक पत्र का उद्धरण है। इसमें कहा गया है कि उनकी बर्खास्तगी 12 फरवरी 2014 से प्रभावी मानी जाएगी और वे सेवानिवृत्ति के बाद के सभी लाभों से वंचित होंगे। गुप्ता उस समय समस्तीपुर में परिवार अदालत के प्रधान न्यायाधीश थे जबकि सिंह और राम उस समय अररिया जिले में क्रमश: अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और अतिरिक्त न्यायाधीश सह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी थे। पुलिस नेपाल ने विराटनगर में एक होटल में तीनों को छापेमारी के दौरान के पकड़ा था।



नई दिल्ली में आर्मी चीफ जनरल एम.एम. नरवणे केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर मुलाकात करते हुए।

## घुसपैठ की कोशिश को रोकने के लिए की गई गोलीबारी में बांग्लादेशी महिला की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ की कोशिश को रोकने के लिए बीएसएफ कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक बांग्लादेशी महिला की मौत हो गई। सीमा सुरक्षा बल ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि घुसपैठ की कोशिश कर रहे लोगों के साथ हुए संघर्ष में अर्द्धसैनिक बल का एक जवान भी जख्मी हुआ है। बीएसएफ के जवानों ने सोमवार को देखा कि पखुरिया सीमा चौकी के पास से तीन-चार लोग बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे हैं। बयान के मुताबिक, गांव के पश्चिमी हिस्से में कुछ बदमाशों ने बीएसएफ के जवानों को उलझा लिया और तभी 8-10 लोग सीमा बाड़ के काफी करीब आ गए और बांग्लादेश की तरफ भागना शुरू कर दिया। बीएसएफ के कर्मियों ने उन्हें ललकारा और सीमा के दोनों तरफ के बदमाशों ने धारदार हथियार से जवानों पर हमला कर दिया तथा उन पर पथराव किया।

बीएसएफ के जवानों ने आत्मरक्षा में बदमाशों पर दो गोलियां चलाई। उसमें बताया गया है, जब बदमाश मौके से भाग गए तो एक महिला बाड़ के करीब पड़ी मिली जिसके गोली लगी थी। पथराव में बीएसएफ के एक जवान के माथे पर चोट आई है। बयान में बताया गया है कि घायल महिला को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया और फिर उसे दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित किया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान बांग्लादेशी के तौर पर हुई है। बीएसएफ ने मामले की आगे की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## गायों के बारे में सोचते हैं तो गोमांस का निर्यात प्रतिबंधित करें: कांग्रेस विधायक

**भाषा।** पणजी

**कर्नाटक** के एक कांग्रेसी नेता ने मंगलवार को नरेंद्र मोदी सरकार से गोमांस के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि गाएं न काटी जाएं। कांग्रेस के गोवा प्रभारी विधायक दिनेश गुंडू राव की यह टिप्पणी पड़ोसी राज्य कर्नाटक से आपूर्ति में गिरावट के बाद तटीय राज्य में गोमांस की कमी की पृष्ठभूमि में आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गोमांस के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने दीजिए। अगर यह होता है तो गायों को नहीं काटा जाएगा। जिला पंचायत चुनावों में हाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद राव कांग्रेस की स्थिति का जायजा लेने के लिए दो दिवसीय गोवा दौरे पर हैं। उन्होंने पूछा, कर्नाटक में किसान परेशान हैं। एक तरफ तो प्रदेश सरकार किसानों को उनके बैलों, गायों और भैंसों की देखभाल करने के लिए कोई मदद नहीं दे रही तो दूसरी तरफ कह रही है कि वे अपने मवेशी नहीं बेच सकते। ऐसी स्थिति में मवेशियों की देखभाल कौन करेगा? राव ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा सरकार को एक नीति बनानी चाहिए जिससे राज्य में प्रत्एक गाय, भैंस, बैल की देखभाल सुनिश्चित हो।

## पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार में पुलिस ने कभी शराब नहीं पीने की शपथ ली

**पटना।** बिहार में सभी पुलिसकर्मियों ने जीवन में कभी भी शराब नहीं पीने की शपथ ली है। बिहार के सभी जिलों में पुलिसकर्मियों को यह शपथ सोमवार को दिलाई गई जिसमें प्रदेश में तैनात करीब 80,000 पुरुषों और महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। बिहार में पूर्णशराबंदी अप्रैल 2016 में लागू की गई थी और पिछले कुछ सालों के दौरान यह राज्य में अपनी तरह का तीसरा अभियान था। इस अभियान में हिस्सा लेने वाले बिहार के पुलिस महानिदेशक एस के सिंघल ने संवाददाताओं से कहा, निषेध कानून को लागू करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हमें इसे बार-बार खुद को याद दिलाना होगा। उन्होंने कहा कि शपथ के दौरान आजीवन शराब नहीं पीने और इसके कारोबार में शामिल नहीं होने की शपथ को दोहराया गया और एक छोटे शपथपत्र पर हस्ताक्षर किया गया।

समझा जा रहा है कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हालिया कवायदों में से एक है जिन्होंने हाल ही में कानून और व्यवस्था की स्थिति और शराब बंदी के सख्त क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए अपने कार्यालय में एक बैठक आयोजित की थी। अप्रैल 2016 में लागू निषेध कानून 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव के पहले राज्य की महिला मतदाताओं से नीतीश कुमार द्वारा किए गए एक वादे का पालन था कि अगर वह सत्ता में लौटते हैं तो शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

बिहार में शराबबंदी के पूर्व के वर्षों में राज्य ने उत्पाद शुल्क में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई थी, भले ही शहरों, कस्बों और गांवों में शराब की दुकानों के प्रसार की व्यापक आलोचना की गई थी। विपक्षी नेताओं का आरोप है कि बिहार में पूर्णशराबबंदी के बावजूद प्रभावशाली राजनेताओं और नौकरशाहों के संरक्षण में इसकी घर पर आपूर्ति जारी है जबकि इसके कठोर प्रावधानों का गलत इस्तेमाल करते हुए कई निर्दोष गरीबों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिसकर्मियों के खुद को नशे में पकड़े जाने, शराब से भरे वाहनों को कट प्राप्त करके जाने देने और यहां तक कि जब्त की गई शराब की बिक्री में शामिल होने के उदाहरणों के कारण राज्य सरकार को कई बार शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है। बहरहाल राज्य के गृह विभाग का दावा है कि इसका उल्लंघन करने पर सैकड़ों पुलिस अधिकारियों को अनुशासनात्मक कार्वाई का सामना करना पड़ा है और 60 से अधिक को निषेध कानून के उल्लंघन में उनकी भागीदारी के लिए अब तक सेवा से बर्खास्त किया गया है।

## क्विक न्यूज

### तेंदुओं की संख्या देश में सर्वाधिक, वन मंत्री ने दी बधाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के वन मंत्री विजय शाह ने देश में तेंदुओं की संख्या के मामले में प्रदेश के पहला स्थान हासिल करने पर मंगलवार को राज्यवासियों और वन विभाग के कर्मियों को बधाई दी। शाह ने अपने संदेश में कहा, प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। जैव-विविधता को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने भारत में तेंदुओं की संख्या की स्थिति रिपोर्ट-2018 दिल्ली में जारी की। इसमें मध्यप्रदेश में 3,421 तेंदुए होने के कारण उसे देश में पहला स्थान मिला है। देश-भर में तेंदुओं की संख्या 12,852 हो गई है। पूरे भारत में एक चौथाई से अधिक तेंदुए मध्यप्रदेश में हैं। गौरतलब है कि 31 जुलाई 2019 को जारी हुई राष्ट्रीय बाघ आकलन रिपोर्ट-2018 के अनुसार, 526 बाघों के साथ मध्यप्रदेश ने प्रतिष्ठित टाइगर स्टेट का अपना खोया हुआ दर्जा आठ साल बाद कर्नाटक से फिर से हासिल किया है।

### लश्कर के दो आतंकवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों ने मंगलवार को एक तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कुलगाम जिले के तांगदूना गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तड़के गांव की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इलाके में छिपे आतंकवादियों से संपर्क किया गया और उनके परिवार तथा सुरक्षा बलों ने उनसे आत्मसमर्पण करने की अपील की। अधिकारियों ने बताया, दोनों आतंकवादियों ने हथियार छोड़कर सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने दो हथगोले और दो पिस्तौल भी सौंप दिए। आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादियों की पहचान यावर वागी और आमिर मीर के तौर पर हुई है।

### जीवित पशु दूसरे राज्यों से खरीदे जा सकते हैं : गोवा सीएम

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को कहा कि तटीय राज्य में गोमांस की कमी पूरी करने के लिए अन्य राज्यों से जीवित पशुओं की खरीद की जा सकती है। पड़ोसी राज्य कर्नाटक से आपूर्ति कम होने के कारण गोवा में गोमांस की कमी देखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, यह सब पंजीकृत एजेंटों पर निर्भर करता है ... यदि ए एजेंट पड़ोसी राज्य से गोमांस नही ले पाते, तो वे जीवित पशुओं की खरीद कर सकते है, जिनका यहां गोवा मीट कॉम्प्लेक्स लिमिटेड (जीएमसीएल) में वध किया जा सकता है। जीएमसीएल राज्य द्वारा संचालित एक बूचड़खाना है जो पणजी से 45 किलोमीटर दूर उत्तरी गोवा के उसगाओ गाँव में स्थित है। सावंत ने कहा, जीएमसीएल मे जीवित पशुओं का वध किया जाता है। यदि और पशुओं को लाया जाता है, तो जीएमसीएल में उनका वध किया जा सकता है।

### तेल कंपनी में काम करने वाले दो कर्मचारियों का अपहरण

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में बंदूकधारी बदमाशों ने तेल कंपनी में काम करने वाले दो कर्मचारियों का अपहरण कर लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यहां मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) चुखु आपा ने बताया कि इन्नाओ के पास कुमचैखा स्थित एक ड्रिलिंग स्थल से किप्पो आयल एंड गैस इंफ्रास्ट्रक्चर में काम करने वाले एक ड्रिलिंग सुपरिंटेंडेंट और एक रेडियो ऑपरेटर को सोमवार शाम को अगवा कर लिया गया। उन्होने कहा कि मानभूम संरक्षित वन क्षेत्र से लगभग 14 बदमाशों ने कर्मचारियों का अपहरण कर लिया। पुलिस सूत्रों ने कहा, संदेह है कि फिरौती के उद्देश्य से एनएससीएन (आईएम) या उल्फा संगठन ने अपहरण किया होगा। उन्होने कहा कि फिरौती के लिए अभी तक कोई कॉल नही आई है। उन्होने कहा कि अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने असम पुलिस को भी इस घटना की जानकारी दी है और सेना तथा अर्ध सैनिक बलों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### एनसीबी ने नाइजीरिया के दो नागरिकों को किया गिरफ्तार

**बेंगलुरू।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में एक महिला सहित नाइजीरिया के दो नागरिकों को कर्नाटक के बेंगलुरू से गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक्स्टेसी की 3000 गोलियां और कोकीन जब्त की गई है जो डाक पार्सल सेवा के जरिए नीदरलैंड और इथोपिया से आई थी। केंद्रीय एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि खुफिया जानकारी पर कार्वाई करते हुए एनसीबी ने 18 दिसंबर को यहां विदेशी डाक दफ्तर में पार्सल लेने आए रामला शेडफा नेसी और इमैनुएल माइकल को गिरफ्तार कर लिया। विज्ञप्ति में बताया गया है कि पीले और धूसर रंग की एक्स्टेसी की तीन हजार गोलियों को जब्त किया गया है जिनका वजन 610 ग्राम है। इन गोलियों को पार्सलों में रखे मेज पोश की परतों में छुपा कर रखा गया था। एनसीबी ने एक अन्य पार्सल में छुपा कर भेजी गई 235 ग्राम कोकीन भी बरामद की है। एनसीबी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि एक्स्टेसी गोलियों नीदरलैंड से वितरण के लिए भेजी गई थी जबकि कोकीन इथोपिया से आई है। उसे शक है कि नाइजीरिया के गिरफ्तार नागरिकों के पासपोर्ट जाली हैं।



चिकमंगलूर में पंचायत चुनाव के पहले चरण में मतदान के लिए पालिंग स्टेशन लाइन लगाए हुए मतदाता अपनी आईडी दिखाते हुए।

## विकास के सभी सूचकांकों पर बंगाल अन्य राज्यों से आगे : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की जानबूझ कर कमतर और निराशाजनक तस्वीर पेश करने की कोशिश को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि सभी विकास सूचकांकों पर प्रदेश ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। शाह द्वारा पिछले हफ्ते अपने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान उनकी सरकार पर लगाए गए आरोपों को सिलसिलेवार तरीके से खारिज करते हुए बनर्जी ने यह बताने के लिए एनसीआरबी के आंकड़ों का उल्लेख किया कि टीएमसी के बीते 10 वर्षों के शासन के दौरान राजनीतिक हत्याएं और अन्य अपराध कम हुए हैं।

ममता ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, देश के गृह मंत्री जब कुछ कहते हैं तो उसे प्रामाणिक बनाने के लिए आंकड़े, तथ्य और संख्याएं होनी चाहिए। विकास के सभी सूचकांकों पर बंगाल अन्य राज्यों से आगे है। लेकिन अमित शाह जी ने जानबूझ कर राज्य की कमतर और निराशाजनक तस्वीर पेश करने की कोशिश की। मुझे चुनौती दी गई थी [8230] यह मेरा जवाब है।

उन्होंने कहा कि कोलकाता को दो बार देश में सबसे सुरक्षित शहर का दर्जा मिला। बनर्जी ने कहा, एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, टीएमसी के शासन के दौरान राजनीतिक हत्याएं, अन्य आपराधिक घटनाएं और दुष्कर्म के मामलों में कमी आई है। दूसरों पर उंगली उठाने से पहले भाजपा नेताओं को उत्तर प्रदेश के हाथरस दुष्कर्म-हत्या मामले के खिलाफ भी आवाज उठानी चाहिए।

## कोरोना से बचाव में विज्ञान संचारकों की भूमिका अहम: प्रो. शर्मा

### 20वीं भारतीय विज्ञान संचार कांग्रेस का वर्चुअल आयोजन

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** संपूर्ण विश्व कोरोना महामारी से उबरने हेतु क्रियाशील है। ऐसे में 20वीं भारतीय विज्ञान संचार कांग्रेस (आईएससीसी-2020) का प्रमुख विषय भी यही रहा। अंतरराष्ट्रीय सहभागिता के साथ वर्चुअल प्लेटफार्म पर 'कोविड 19 पेंडेमिक: असेसिंग अवेयरनेस एंड रिस्पांस' विषय पर आयोजित कांग्रेस में कोरोना के प्रसार को रोकने में विज्ञान तकनीकी तथा जन सामान्य की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के सचिव प्रोफेसर आशुतोष शर्मा ने कहा कि कोरोना से बचाव एवं प्रसार को रोकने में विज्ञान व तकनीक की निर्णायक भूमिका हो सकती है। उन्होंने आह्वान किया कि वैज्ञानिकों को लोकप्रिय एवं सरलीकृत विज्ञान लेखन करना चाहिए। सक्रिय विज्ञान संचारकों को इसे जन जन तक पहुंचाना चाहिए। विशिष्ट वक्ता एवं माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रोफेसर केजी सुरेश ने लोकप्रिय विज्ञान लेखन हेतु प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली के डॉ. मनोज कुमार पटैरिया ने



वैज्ञानिक खोजों एवं अनुसंधानों को लैब से लैंड तक लाने की बात की तथा कोरोना महामारी से निपटने हेतु छोटे-छोटे प्रयासों एवं सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने विज्ञान संचार कांग्रेस के उद्देश्यों एवं आगामी प्रयासों का रोडमैप प्रस्तुत किया। सत्र की अध्यक्षता कर रहे विज्ञान भारती के राष्ट्रीय महासचिव जयंत सहस्त्रबुद्धे ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने एवं सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन करने की अपील की। अमेरिकन केमिकल सोसाइटी की संपादक डॉ. दीक्षा गुप्ता ने भी विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

इसके पश्चात राउंडटेबल थीम डिस्कशन हुआ जिसकी अध्यक्षता विज्ञान प्रसार के निदेशक डॉ. नकुल पाराशर ने की। उपाध्यक्ष के रूप में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्रा की उपस्थित रही। विभिन्न विषयों पर एक दर्जन से अधिक शोधपत्रों का प्रस्तुतीकरण हुआ। सत्र संयोजन डॉ. अंशु अरोरा ने किया। द्वितीय तकनीकी सत्र में कोरोना से बचाव एवं जनसंचार संबंधी शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण हुआ। सत्र की अध्यक्षता हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि श्रीनगर उत्तराखंड के संकाय विकास केंद्र की निदेशक प्रो. इंदु पांडे खंडूरी ने की। उपाध्यक्ष के रूप में विज्ञान भारती अवध प्रांत के श्रेयांश मंडलोई उपस्थित रहे। सत्र संयोजन डॉ. लता चंदोला ने किया। इस सत्र में विभिन्न वक्ताओं ने कोरोना की वर्तमान स्थिति, प्रसार के कारण, रोकथाम के उपाय व सामाजिक उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डाला। अकबरपुर महाविद्यालय कानपुर देहात के सहायक आचार्य एवं विज्ञान संचालक डॉ. विकास मिश्रा ने कोरोना से बचाव में विज्ञान तथा तकनीकी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए लोककला एवं प्राचीन परंपरागत ज्ञान विज्ञान को अपनाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अंत में भारतीय विज्ञान लेखक संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. वीपी सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि जनसामान्य की सूजबूझ एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने से इस प्रकार की महामारी से बचाव संभव है। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान संचारिका पूजा विरमानी ने किया।

## सीबीआई अदालत ने कैथोलिक पादरी और नन को दोषी पाया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में तिरुवनंपुरम की एक सीबीआई अदालत ने 21 वर्षीय सिस्टर अभया की हत्या के सिलसिले में कैथोलिक पादरी और एक नन को मंगलवार को दोषी पाया। उनका शव 1992 में कोट्टायम के एक कान्वेंट के कुएं में मिला था। विशेष सीबीआई अदालत के न्यायाधीश जे सनल कुमार ने इस मामले में फैसला सुनाया है। सजा की अवधि पर फैसला बुधवार को सुनाया जाएगा। अदालत ने कहा कि फादर थॉमस कोट्टूर और सिस्टर सेफी के खिलाफ हत्या के आरोप साबित होते हैं। दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में अन्य आरोपी फादर फूथराकयाल को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया है। युवा नन के सेंट पियूस कॉन्वेंट के कुएं में से मृत मिलने के 28 साल बाद अदालत का फैसला आया है। वह कॉन्वेंट में रहती थी। अभया के माता-पिता की कुछ साल पहले मौत हो गई थी। वे अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने के इंतजार में ही गुजर गए।



रांची में कोविड-19 के बाद स्कूल खुलने पर 10वीं की छात्राओं की उपस्थिति लेती हुई शिक्षिका।

# भारत ग्लोबल हाईटेक पावर के विकास क्रांति का केंद्र बन रहा है: नरेंद्र मोदी

**भाषा। नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष में भारत की एक समृद्ध विरासत रही है और आज भारत ग्लोबल हाईटेक पावर के विकास और क्रांति का केंद्र बन रहा है। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से चार दिवसीय भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) के छठे संस्करण का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी भारत में अभाव और प्रभाव के अंतर को कम करने में सेतु का काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, आज गांव में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों की संख्या शहरों से ज्यादा है। गांव का गरीब किसान भी डिजिटल पेमेंट कर रहा है। आज भारत की बड़ी आबादी स्मार्ट फोन आधारित ऐप से जुड़ चुकी है। आज भारत ग्लोबल हाईटेक पावर (वैश्विक उच्च प्रोद्योगिक शक्ति) के विकास और क्रांति दोनों का केन्द्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से गरीब से गरीब को भी सरकार के साथ सीधे जोड़ा गया है और सामान्य भारतीयों को ताकत भी दी है और सरकारी सहायता की सीधी तेज आपूर्ति का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा, बीते छह साल में युवाओं को अवसरों से जोड़ने के लिए देश में विज्ञान और प्रौद्योगिक के उपयोग का विस्तार किया गया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी भारत में अभाव और प्रभाव के अंतर को भरने का बहुत बड़ा सेतु बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कोरोना के टीके के इजाद में लगे वैज्ञानिकों की सराहना की और कहा कि विज्ञान व्यक्ति के अंदर के सामर्थ्य को बाहर लाता है। उन्होंने कहा,, यही भावना हमने कोविड वैक्सीन के लिए काम करने वाले हमारे वैज्ञानिकों में देखी है। हमारे वैज्ञानिकों ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हमें बेहतर स्थिति में रखा है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू महोत्सव के आखिरी दिन 25 दिसंबर को संबोधित करेंगे। इस बार आईआईएसएफ-2020 का विषय आत्मनिर्भर भारत और विश्व कल्याण के लिए विज्ञान रखा गया है। इस महोत्सव का आयोजन वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंधित विज्ञान भारती, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय संयुक्त रूप से किया गया है।



नई दिल्ली में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में भाषण देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## किसान संगठनों से सभी मुद्दों पर चाहते हैं चर्चा करना

### ● कहा, भारतीय कृषि में नए युग की शुरुआत करेंगे केंद्रीय कानून

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**केंद्रीय** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को जोर दिया कि नए कृषि सुधार कानून भारतीय कृषि के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेंगे और कहा कि सरकार अभी भी प्रदर्शन कर रही यूनियनों के साथ विवाद के सभी मुद्दों पर चर्चा जारी रखने की इच्छुक है।

मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है और नरेंद्र मोदी सरकार वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। तोमर ने 'फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया' के अंतरराष्ट्रीय मीडिया के सदस्यों से बातचीत में यह बात कही। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्री ने दोहराया कि नए कृषि कानून किसानों के हित में बनाए गए हैं और इससे भारतीय कृषि के क्षेत्र में नए



युग की शुरुआत होगी। सरकार ने किसान यूनियनों के साथ कई दौर की वार्ता की है और खुले दिमाग के साथ सभी विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा जारी रखने की इच्छुक है।

नए कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर हजारों किसान लगभग चार सप्ताह से दिल्ली की सीमाओं पर विरोध-प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। गतिरोध को समाप्त करने के लिए किसान यूनियनों के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच पांच दौर की वार्ता विफल हो चुकी है। तोमर ने कहा कि ये सुधार किसानों को बाजार में कहीं भी अपनी फसल बेचने की आजादी प्रदान करने, उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने, प्रौद्योगिकी तक पहुंच और कृषि को बदलने में सहायक साबित होंगे।

### बातचीत के प्रस्ताव पर आज फैसला करेंगे किसान नेता

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**नए** कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसान यूनियनों ने मंगलवार को कहा कि आगे की बातचीत के लिए केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर फैसला बुधवार तक के लिए टाल दिया गया है। इस बीच किसान तीनों कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की मांग पर अडिग हैं। किसान नेता कुलवंत सिंह संधू ने दिल्ली के सिंघू बॉर्डर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब के 32 किसान यूनियनों ने बैठक की और आगे के कदम के बारे में विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि देश भर के किसान नेताओं की एक बैठक बुधवार को होगी, जहां बातचीत के लिए सरकार के प्रस्ताव पर फैसला किया जाएगा।

## सीबीएसई ने 8वीं से 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए साइंस चैलेंज शुरू किया

**नई दिल्ली।** बच्चों में जिज्ञासा तथा उच्च स्तर की चिंतन क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने ऑनलाइन माध्यम से साइंस चैलेंज की शुरूआत की है। सीबीएसई के एक अधिकारी ने बताया कि सीबीएसई साइंस चैलेंज दीक्षा पोर्टल और एप पर 11 जनवरी 2021 तक उपलब्ध रहेगा और इसमें 8वीं से 10वीं कक्षा के छात्र हिस्सा ले सकेंगे। छात्र अपने कम्प्यूटर या एंड्रायड मोबाइल फोन के जरिए दीक्षा एप के माध्यम से कोर्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और पहुंच स्थापित कर सकते हैं। क्विज में हिस्सा लेने के लिए उनके पास दीक्षा एप का अद्यतन संस्करण होना चाहिए। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के इच्छुक छात्रों को दीक्षा एप पर अपना पंजीकरण करना होगा। छात्र अपने पंजीकृत ईमेल तथा पासवर्ड के जरिए ही इससे जुड़ सकते हैं। एक बार चैलेंज में शामिल होने के बाद छात्रों को सभी कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलेगा।

## विहिप राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा जुटाने की खातिर कर्नाटक में पांच लाख स्वयंसेवक तैनात करेगी

**भाषा। बेंगलुरू**

**विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए अगले साल 15 जनवरी से 27 फरवरी के बीच कर्नाटक में चंदा जुटाने के लिए अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत पांच लाख से अधिक स्वयंसेवक घर-घर जाकर चंदा जुटाएंगे।

विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कुमार ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम स्वयंसेवकों का एक लाख का समूह बनाएंगे जो राज्य के 27,500 गांवों में जाएंगे और निधि सम्मान (मंदिर के लिए चंदा) प्राप्त करने के लिए 90 लाख भक्तों से संपर्क करेंगे। मंदिर के लिए राशि एकत्र करने की योजनाओं का जिक्र करते हुए कुमार ने कहा कि राज्य में चंदा अभियान की निगरानी के लिए श्री राम मंदिर निधि समर्पण अभियान समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक के पदाधिकारी एन थिप्पेस्वामी कर्नाटक समिति के सचिव होंगे।

> कुमार ने कहा कि 10 रुपये, 100 रुपये, 1,000 रुपये के टोकन के जरिए राशि एकत्र की जाएगी और 2,000 रुपये से अधिक का दान देने वालों को रसीद दी जाएगी।

समिति का मार्गदर्शन करने के लिए संतों की एक समिति होगी। कुमार ने कहा कि 10 रुपए, 100 रुपए, 1,000 रुपए के टोकन के जरिए राशि एकत्र की जाएगी। 2,000 रुपए से अधिक का दान देने वालों को रसीद दी जाएगी। दान दी गई राशि पर आयकर अधिनियम की धारा 80 जी के तहत छूट मिलेगी।

चंदे की रकम भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बडौदा और पंजाब नेशनल बैंक में जमा कराई जाएगी। कुमार ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि विहिप इसे एक और मंदिर नहीं बल्कि सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक पुनर्जीवन का माध्यम मानती है। कुमार ने कहा कि हम एक सौहार्दपूर्ण समाज बनाने के लिए इस मंदिर के साथ जाति, क्षेत्र और भाषा से जुड़े सभी मतभेदों को दूर करना चाहते हैं...। उन्होंने कहा कि विहिप किसी भी सरकार, नगर निगम या किसी भी सरकारी निकाय से चंदा नहीं लेगी। उन्होंने लोगों से मंदिर निर्माण के लिए उदारता से दान देने की अपील की।


सिलीगुड़ी के फुलबाड़ी में मंगलवार को 'बंगा धोनी' रैली में भाग लेतीं टीएमसी की महिलाएं।

## पाकिस्तानी ड्रोन के जरिए गिराई गई एके 47 राइफल और कारतूस बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को कहा कि गुरदासपुर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप पाकिस्तान ड्रोन से गेहूं के खेतों में गिराई गई एके 47 राइफल और 30 कारतूस बरामद की गई हैं। इससे महज दो दिन पहले सलाच गांव में सीमा से करीब एक किमी. की दूरी पर खेत से 11 हथगोले बरामद किए गए थे। पंजाब के पुलिस महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने कहा कि गुरदासपुर पुलिस ने इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है जहां शनिवार को एक ड्रोन नजर आया था। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि राइफल वाला एक पैकेट गुरदासपुर में डोरांगला थानाक्षेत्र में सलाच गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर वजीर गांव में गेहूं के खेत में गिराया गया। यह जब्ती ऐसे समय हुई है जब हाल ही में सीएम अमरिंदर सिंह ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों द्वारा इस सीमावर्ती राज्य की शांति भंग करने की फिर कोशिश किए जाने पर चिंता जताई थी।

## ईडी ने पोंजी मामले में बेंगलुरू की कंपनी की आठ करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**भाषा। नई दिल्ली**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने बेंगलुरु स्थित एक कंपनी की आठ करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति धनशोधन जांच के तहत जब्त की है। कंपनी के खिलाफ करोड़ों रूपए के पोंजी या चिट फंड घोटाले में शामिल होने का आरोप है। एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने कहा कि जब्त की गई संपत्ति में एक कृषि भूखंड, एक आवासीय भूखंड, 13 बैंक खाते और एक डीमैट खाता शामिल है जो अजमेरा समूह, उसके सहयोगियों और अन्य लोगों के नाम पर हैं। इन संपत्तियों को धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत जब्त किया गया है। ईडी ने कंपनी और उसके प्रवर्तकों तबरेज पाशा, अब्दुल दस्तगीर, तबरेज उल्ला शरीफ, सैयद मुदसिर, सैयद मुताहिर और फैरोज खान के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और आरोपपत्र के आधार पर जांच शुरू की है। प्राथमिकी के अनुसार।,148 जमाकर्ताओं से गैर-कानूनी तरीके सौ पैसे एकत्र किए गए और 29.17 करोड़ रुपए नहीं लौटाए गए।

ईडी ने एक बयान में कहा कि अजमेरा समूह ने ब्याज की उच्च दर (प्रति माह 20 प्रतिशत तक) के वादे के साथ निवेशकों को लालच देकर 256.06 करोड़ रुपए अवैध तरीके से एकत्र किए। एजेंसी ने कहा कि ब्याज की इतनी उंची दर किसी भी विवेकपूर्ण तरीके से संभव नहीं थी और आरोपी कंपनी निवेशकों को 29.17 करोड़ रुपए लौटाने में नाकाम रही।

## पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले 'आया राम गया राम'

**भाषा। कोलकाता**

**एक** राजनीतिक दल छोड़कर दूसरे का दामन थामने की आया राम गया राम संस्कृति को कभी पश्चिम बंगाल में बुरा समझा जाता था लेकिन अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में यह चलन प्रमुखता से उभर कर सामने आया है। गत एक दशक पहले तक राज्य के नेता दल बदलने वाले का उपहास करते नजर आते थे। हालांकि जब से तृणमूल कांग्रेस 2011 में सत्ता में आई है, कांग्रेस और वामदलों के कई नेताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा शुरू की गई विकास की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए तृणमूल का दामन थामा। अब चूंकि, तृणमूल कांग्रेस के नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं ऐसे में सत्ताधारी दल को अपनी ही कड़वी दवा का स्वाद चखना पड़ रहा है। पिछले साल के लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी समेत तृणमूल के 15 अन्य विधायक और सांसद भाजपा में शामिल हो चुके हैं। मेदिनीपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की शनिवार को हुई रैली के दौरान राज्य सरकार में पूर्व मंत्री अधिकारी समेत 34 अन्य नेता भाजपा में शामिल हो गए थे जिससे तृणमूल को एक ही दिन में तगड़ा झटका लगा था। इसके जवाब में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और विष्णुपुर से सांसद सौमित्र खान की पत्नी सुजाता मंडल खान, सोमवार को भाजपा का साथ छोड़कर तृणमूल में शामिल हो गईं। एक दशक तक दार्जिलिंग में भाजपा का समर्थन करने वाले गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के बिमल गुरुंग ने आगामी चुनाव में तृणमूल कांग्रेस का साथ देने का फैसला लिया है। नाम उजागर न करने की शर्त पर तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी को आया राम गया राम की संस्कृति को बढ़ावा नहीं देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी द्वारा कांग्रेस और वामदलों से ढेर सारे विधायक शामिल करना गलत था। वह अनैतिक राजनीति थी और हमें ऐसा नहीं करना चाहिए था। कभी-कभी अपने समर्थन का आधार बढ़ाने के लिए आपको ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं जो आगे जाकर आपको प्रभावित करते हैं। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में जहां नेता की पहचान विचारधारा से होती थी, पार्टी छोड़ देने की घटनाएं दुर्लभ थीं। तृणमूल और भाजपा के सूत्रों के अनुसार दोनों पार्टियों से अभी और नेता पाला बदलते नजर आएंगे। हालांकि तृणमूल का कहना है कि पार्टी छोड़ने वाले विधायक गद्दार हैं, लेकिन विपक्षी दलों और राजनीति के विशेषज्ञों के मानना है कि तृणमूल ने वही काटा है जो उसने बोया था।

## एनआईए ने आतंकवादी संगठन जूंद अल अक्सा को लेकर केरल में छापे मारे

**भाषा। नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जूंद अल अक्सा के कथित सदस्यों के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में केरल में सात स्थानों पर मंगलवार को छापेमारी की। इस आतंकी संगठन के युद्धप्रभावित सीरिया में सक्रिय होने का संदेह है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि केरल के त्रिशूर और कोझिकोड जिलों में मोहम्मद फाज, मोहम्मद इहतिशाम, अब्दुल समीह, रईस रेहिमान, नबील मोहम्मद, मोहम्मद शाहीन और मोहम्मद अमीर के मकानों की तलाशी की गई। अधिकारी ने बताया कि एनआईए ने जनवरी, 2019 में स्वत: ही संज्ञान लेते हुए छह आरोपियों--एर्नाकुलम के हाशिर मोहम्मद, मलप्पुरम के सिधिकुल अकबर, कन्नूर के मुहम्मद इरफान, कोझिकोड के सुल्तान अब्दुल्ला, त्रिशूर के फाएज फारूक और कर्नाटक के शिमोगा के ताहा मोहम्मद के खिलाफ भादंसं और यूएपीए कानूनों की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। एनआईए अधिकारी के अनुसार इन लोगों ने 2013 से कतर में रहने के बाद साचिश रची, सीरिया की यात्रा की या उसकी तैयारी की तथा वे जूंद अल अक्सा या जभात अल नुसरा से जुड़े। अधिकारी ने बताया कि मोहम्मद फाज, मोहम्मद इहतिशाम, अब्दुल समीह, रईस रेहिमान, नबील मोहम्मद, मोहम्मद शाहीन और मोहम्मद अमीर 2019 के प्रारंभ तक कतर में रहने के दौरान आरोपी सिधिकुल अकबर के संपर्क में थे और उन्होंने सीरिया में भगोड़ों को धन प्रदान किया था।

## पेज 1 का शेष

### ब्रिटेन से...

पहले ही शुरू कर दी गई है। हालांकि संवाददाता सम्मेलन में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने कहा कि ब्रिटेन में तेजी से फैल रहे कोरोना के नए स्ट्रेन को भारत में अभी तक नहीं पाया गया है लेकिन एसओपी जारी होना इस संबंध में खतरे की घंटी है। सोमवार सुबह 10.40 पर भारत से आने वाली एयर इंडिया की उड़ान से छह यात्रियों को यहां पहुंचने के बाद पॉजिटिव पाया गया है। इस विमान में कुल 266 यात्री थे। एक यात्री जो ब्रिटेन से वाया दिल्ली होकर चेन्नई पहुंचा था, वह मंगलवार को पॉजिटिव पाया गया।

### पिछले 15...

की पहचान अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप को ध्यान में रखते हुए विगत 15 दिनों के दौरान प्रदेश में विदेश से आए लोगों की जांच की जाए। उन्होंने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग को एक हेल्पलाइन नम्बर जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि निजी लैब द्वारा आरटीपीसीआर की जांच के सम्बन्ध में किसी भी दशा में 700 रुपये प्रति जांच से अधिक की फीस न ली जाए। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति का नमूना घर से लिया जाता है तो 900 रुपये का जांच शुल्क लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कोविड 19 से ठीक होने की दर 95.68 प्रतिशत पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए इस दिशा में सभी प्रयास निरन्तर जारी रखे जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त बनाए रखा जाए। कोविड अस्पतालों में औषधियों, मेडिकल उपकरण तथा आक्सीजन की बैकअप सहित सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी एप का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसके माध्यम से आनलाइन चिकित्सीय परामर्श का लाभ प्राप्त कर सके। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में ई-संजीवनी एप का उपयोग करने वालों की संख्या अब तक तीन लाख से अधिक हो गई है। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### फरवरी तक...

महामारी के कारण देशभर के स्कूल मार्च से ही बंद हैं। कुछ राज्यों में 15 अक्तूबर के बाद इन्हें आंशिक रूप से खोला गया है। बहरहाल, निशंक ने कहा कि हमने कोरोना काल में जेईई मेन और नीट जैसी बड़ी परीक्षाएं कराईं और बिहार चुनाव में इन परीक्षाओं का उदाहरण लिया गया। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि छात्रों पर कोविड डिग्रीधारी का ठप्पा लगे और यह भी नहीं चाहते कि कोई यह कहे कि कोविड के समय डिग्री मिली, इसलिए आवेदन न करें।

### आर्म्ड फोर्सेज...

की सेवा की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी के चिकित्सकों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। यह जंग तब तक जारी रहेगी जब तक दुनिया में वैक्सीन सभी लोगों तक पहुंच नहीं जाती इसलिए जब हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं, हमें उसे पूरी गंभीरता से लेना चाहिए। वैसे रूस में बनी स्पुतनिक वैक्सीन की खेप भी जल्द भारत आ रही है। चिकित्सा क्षेत्र में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही नहीं भारत में अपनी एक अहमियत रखती है इसकी अपनी क्रेडिबिलिटी है। संकट की इस घड़ी में मेडिकल फैकल्टी में प्रतिबद्धता ना दिखाई होती तो कोई भी सुपरमैन इस दुनिया को नहीं बचा सकता था। उन्होंने मेडल पाने वाले स्टूडेंट्स से कहा कि इससे प्रेरणा लें अपने साथ अपनी डिग्री अपनी योग्यता को एक सोशल ट्रस्ट समझे। सदियों से भारत के लोग यह मानते रहे हैं कि स्वास्थ्य और ज्ञान से बड़ा कोई धन दूसरा नहीं है, हमारा हर पल इसका एक डोज खोजने का होना चाहिए। आज 2020 में जब हम खड़े हैं तो एक संस्थान के रूप में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी को हम 30 साल बाद कहां देखना चाहते हैं यह सेट करना भी जरूरी हो जाता है।

### राष्ट्रीय लक्ष्यों...

मिला। बिना किसी भेदभाव के कोरोना वायरस संक्रमण के दौर में 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त अनाज सुनिश्चित किया गया। आयुष्मान योजना के तहत 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रूपए तक का मुफ्त इलाज संभव हुआ। मोदी ने कहा, जो देश का है, वह हर देशवासी का है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मुस्लिम छात्राओं के बीच में ही पढ़ाई छोड़ने की दर में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पहले इसकी दर 70 फीसदी तक थी लेकिन अब यह कम होकर 30 फीसदी के करीब रह गई है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय स्वच्छ भारत अभियान को दिया, जिसकी शुरुआत 2 अक्टूबर 2014 को हुई थी। उन्होंने कहा कि लिंग के आधार पर भेदभाव ना हो, इसे ही आगे बढ़ाते हुए तीन तलाक की कुप्रथा का अंत किया गया। उन्होंने कहा, पहले मुस्लिम बेटियों का शिक्षा में ड्रॉप आउट रेट 70 प्रतिशत से ज्यादा था। मुस्लिम समाज की प्रगति में बेटियों का इस तरह पढ़ाई बीच में छोड़ देना हमेशा से बहुत बड़ी बाधा रहा है। लेकिन 70 साल से हमारे यहां स्थिति यही थी। 70 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम बेटियां अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाती थी। आज देश के सामने क्या स्थिति है। पहले जो ड्रॉपआउट रेट 70 प्रतिशत से ज्यादा था वह अब घटकर करीब 30 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने कहा, पहले लाखों मुस्लिम बेटियां शौचालय की कमी की वजह से पढ़ाई छोड़ देती थी। इन्हीं स्थितियों में स्वच्छ भारत मिशन शुरू हुआ। गांव-गांव में शौचालय बनें। सरकार ने स्कूल जाने वाली छात्राओं के लिए मिशन मोड में शौचालय बनाएं। मुस्लिम बेटियों का ड्रॉपआउट रेट कम से कम हो, इसके लिए केंद्र सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। मुस्लिम समाज की महिलाओं में शिक्षा पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर एक महिला शिक्षित होती है तो उससे एक परिवार शिक्षित होता है। उन्होंने कहा, महिलाओं को शिक्षित इसलिए होना है ताकि वह अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकें। अपना भविष्य खुद तय कर सकें। मोदी ने कहा कि सरकार उच्च शिक्षा पर जोर दे रही है और इसके लिए पंजीकरण और सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए भी लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा, वर्ष 2014 में हमारे देश में 16 आईआईटी थे, आज 23 हैं। वर्ष 2014 में हमारे देश में 9 ट्रिपल आईटी थे, आज 25 हैं। वर्ष 2014 में हमारे यहां 13 आईआईएम थे जो आज 20 हो गए हैं।

### संपत्ति विवाद...

पहली पत्नी विमला जीवित है। पहली पत्नी से राम दयाल के पांच बेटे राम मिलन, प्रवीण कुमार उर्फ पांडेय, संतोष कुमार, सुरेश और टिल्लू के अलावा दो बेटियां हैं। राम दयाल गौतम शान्ति देवी के साथ पिछले कई सालों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। अर्जुन पुर इटौंजा के मूल निवासी मृतक राम दयाल के पास दो बीघा पक्की जमीन थी जिसमे से इटौंजा के पास सड़क के किनारे 6.50 बिस्वा काफी बेशकीमती जमीन थी। इस जमीन को शान्ति देवी के कहने पर राम दयाल 57 लाख रुपये में बेंच रहे थे। इन 57 लाख रुपयों में 11.50 लाख रुपये मृतक राम दयाल के खाते में आ चुके थे व चार लाख रुपये मृतका शान्ति देवी के पुत्र मोनू के खाते में आ चुके थे। जिस पर मृतक की पहली पत्नी विमला व उनके बेटों को आपत्ति थी। सोमवार को मृतक की पहली पत्नी के तीन बेटे व दो पोतों ने मौके पर जाकर राम दयाल को समझाने का प्रयास किया। कि वह इस जमीन को न बेचे जिस पर मृतका शान्ति देवी ने कहा कि अभी तो इतनी बेची है पूरी जमीन बेच देंगे। इस बात को लेकर वाद विवाद भी हुआ था। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने बताया कि घटना में संलिप्त राम मिलन, प्रवीण कुमार उर्फ पाण्डेय, संतोष पुत्रगण राम दयाल, राहुल, अवनीश पुत्रगण सुरेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ट्रंप ने...

की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाया है और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिका एवं भारत की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया है। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस पुरस्कार के जरिए वैश्विक शक्ति के तौर पर भारत के उत्थान के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व और दूरदृष्टि को सम्मानित किया गया है। उसने एक बयान में कहा, इस पुरस्कार के जरिए वैश्विक शक्ति के तौर पर भारत को आगे ले जाने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व एवं उनकी दूरदृष्टि और भारत एवं अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने एवं वैश्विक शांति एवं समृद्धि को प्रोत्साहित करने में उनके अनुकरणीय योगदान को सम्मानित किया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी को मिले इस सम्मान पर कहा कि अमेरिका का यह निर्णय वैश्विक नेता के तौर पर मोदी की स्वीकार्यता को दर्शाता है तथा उनके दृष्टिकोण, नेतृत्व एवं कूटनीति का प्रमाण है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रतिष्ठित लीजन ऑफ मेरिट पुरस्कार से सम्मानित किया जाना प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण, मजबूत नेतृत्व और कूटनीति को दर्शाता है। भारत जब दुनियाभर में बढ़ती महाशक्ति के रूप में उभरता है तो भारत-अमेरिका संबंध पहले से कहीं ज्यादा मजबूत होते हैं। पीएम को बधाई देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह पुरस्कार वैश्विक नेता के तौर पर उनकी स्वीकार्यता का एक और प्रमाण है जो वैश्विक शांति की दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं।

# 'हार को भूलकर आगे बढ़ो टीम इंडिया'

## एडीलेड में हार के बाद स्मिथ की भारत को सलाह

भाषा। एडीलेड

आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के पास इस सप्ताहांत शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के बदले की योजना के बारे में सोचने का समय नहीं है लेकिन उन्होंने पहले टेस्ट में हार झेलने वाली मेहमान टीम को सलाह दी है कि हार को भूलकर आगे बढ़ें। मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की आस्ट्रेलियाई तिकड़ी ने हाल के समय के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी प्रदर्शन में से एक करते हुए यहां पहले दिन-रात्रि टेस्ट में भारत को 36 रन के उसके न्यूनतम टेस्ट स्कोर पर समेट दिया था। आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट आठ विकेट से जीता और अब श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा। स्मिथ ने श्रृंखला के आधिकारिक प्रसारणकर्ता सोनी नेटवर्क की आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा, देखिए, उस दिन हमने बेहतरीन तेज गेंदबाजी देखी थी। यह शायद पिछले लगभग पांच साल में हमारे गेंदबाजों का सामूहिक रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वे शानदार लेंथ से गेंदबाजी कर रहे थे। कभी कभी जब ऐसा होता है तो आपको अच्छी गेंद मिलती है और यह आपके बल्ले का किनारा लेती है और क्षेत्ररक्षक कैच लपक लेता है.... आपको इसे भूलकर आगे बढ़ना होता है और स्वयं को सकारात्मक मानसिकता में रखना होता है। करारी हार के बाद वह भारतीय टीम की मानसिकता के बारे में क्या सोचते हैं इस बारे में पूछने पर स्मिथ ने कहा, प्रत्एक खिलाड़ी अलग होता है, वे अपने आउट होने के तरीके को कैसे देखते हैं, मैच खत्म होने के बाद वे इसके बारे में क्या सोचते हैं यह अलग होता है। यह महत्वपूर्ण है कि हम आगे बढ़ें, खिलाड़ी अपने आप को व्यक्तिगत रूप से देखें, देखें कि वे क्या बेहतर कर सकते हैं। स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की कलाई में फ्रेक्चर से भारत को दोहरा झटका लगा है क्योंकि कप्तान विराट कोहली भी पितृत्व अवकाश के कारण अंतिम तीन टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। भारत के बारे में अधिक नहीं सोच रहा हूं और इस बारे में भी नहीं कि वे कैसे वापसी करेंगे। हमारे लिए यह सिर्फ इतनी बात है कि हमें क्या सही करने की जरूरत है। शमी की गैरमौजूदगी के बावजूद भारत के पास नवदीप सैनी और मोहम्मद सिराज के रूप में अच्छे गेंदबाज मौजूद हैं। मुझे लगता है कि वे दो स्तरीय गेंदबाज हैं जिनका टेस्ट करियर अच्छा हो सकता है। बेशक उन्हें इशांत शर्मा की कमी भी खल रही है जो अनुभव के लिहाज से उनके लिए बड़ा नुकसान है। स्मिथ पहले टेस्ट में एक रन बनाने के बाद रविचंद्रन अश्विन का शिकार बने और इस स्टार बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने सबक सीख लिया है।



### चैपल प्रत्येक मैच के बाद विचित्र बयान देते हैं : स्मिथ

**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने पुछल्ले बल्लेबाजों को शॉर्ट पिच गेंदो से बचाने की वकालत करने के पूर्व कप्तान इयान चैपल के बयान को विचित्र करार देते हुए कहा कि शॉर्ट गेंदें खेल का हिस्सा है। खेल के लोकप्रिय विशेषज्ञों में शामिल चैपल ने बाउंसर पर प्रतिबंध को खारिज किया था लेकिन सिर में चोट और चक्कर आने जैसी स्थिति के बढ़ते मामलों को देखते हुए निचले क्रम के बल्लेबाजों को बचाने के लिए उन्होंने नियमों को कड़ा करने की बात की। स्मिथ हालांकि इस सुझाव से सहमत नही है।

### टेस्ट श्रृंखला में भारत की वापसी की कोई उम्मीद नहीं : मार्क वॉ

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ का मानना है कि एडीलेड मे शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम की टेस्ट श्रृंखला मे वापसी की कोई उम्मीद नही है और मेजबान टीम 4-0 से क्लीन स्वीप कर सकती है। यह पूछने पर कि क्या भारत की वापसी की उम्मीद दिख रही है, उन्होंने कहा, कोई उम्मीद नही। कोई उम्मीद नही है। एडीलेड टेस्ट मे वे जीत सकते थे। विराट कोहली एक ही टेस्ट खेल रहा था। मुझे लगा था कि वहां के हालात भी उनके अनुकूल थे। अब नही लगता कि वे वापसी कर पाएंगे। पहला टेस्ट तीन दिन मे हारने के बाद तो बिल्कुल नही।आस्ट्रेलिया 4 . 0 से जीतेगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ शमी का पहला टेस्ट खेलना संदिग्ध, छह सप्ताह का आराम जरूरी



**मेलबर्न।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का फरवरी में इंग्लैड के खिलाफ पहले टेस्ट मे खेलना संदिग्ध है क्योंकि कलाई के फ्रेक्चर के बाद उन्हें छह सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत है। शमी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी वाले हाथ मे फ्रेक्चर हुआ था। उन्हें दूसरी पारी मे पैट कमिंस की गेंद कोहनी मे लगी थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, उनका पहले टेस्ट में खेल पाना संभव नही है। रिहैबिलिटेशन मे छह सप्ताह लगेगे। प्लास्टर हटने के बाद वह बेगलुरू मे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी मे रिहैब मे भाग लेगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी तीन टेस्ट से बाहर हुए शमी मंगलवार को भारत रवाना हो गए। भारतीय टीम पांच फरवरी से इंग्लैड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेलेगी।

## टीम की हौसलाअफजाई कर कोहली ऑस्टेलिया से भारत रवाना



**एडीलेड।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी बचे तीन मैचों के लिए अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम की हैसलाअफजाई करने के बाद पितृत्व अवकाश पर भारत के लिए रवाना हो गए। कोहली के पहले बच्चे का जन्म जनवरी में होगा। ऑस्ट्रेलिया से उड़ान भरने से पहले कोहली ने टीम के साथियों से मुलाकात की और श्रृंखला के बाकी बचे मैचों में अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। कोहली को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से काफी समय पहले ही पितृत्व अवकाश मिल गया था। कोहली की गैरमौजूदगी में रहाणे को टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी सौपी गई है। कोहली के साथ टीम की बातचीत का आयोजन करने का मकसद खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाना था ताकि वे मेलबर्न में खेले जाने वाले बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर से) टेस्ट मैच के लिए सकारात्मक मानसिकता के साथ मैदान में उतरे।

### रैना ने अनजाने में हुई घटना पर खेद व्यक्त किया

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना को यहां एक क्लब में कोविड-19 से जुड़े सामाजिक दूरी और दूसरे नियमों के उल्लंघन के साथ हो रही पार्टी में शामिल होने पर मुंबई पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया। रैना ने अनजाने में हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर अफसोस जताया जिसमें उनके साथ 34 और लोग पकड़े गए थे। पूर्व बल्लेबाज की प्रबंधन टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि 34 साल के रैना को घटना के वक्त स्थानीय समय सीमा (क्लब खुला रहने की) और दूसरे नियमों की जानकारी नहीं थी। सुरेश एक शूट के लिए मुंबई में थे, जो देर तक चला था। उनके एक मित्र ने उन्हें दिल्ली रवाना होने से पहले रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया था। उन्हें स्थानीय समय सीमा और नियमों की जानकारी नहीं थी।

### एजीएम में गठित नई सीएसी चयनकर्ताओं का साक्षात्कार लेगी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की आम सभा (एजीएम) गुरुवार को नई क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) का गठन करेगी जो फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला से पहले तीन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को चुनेगी। पता चला है कि मदनलाल की अध्यक्षता में समिति का गठन सिर्फ एक बैठक के लिए किया गया था और अहमदाबाद में बोर्ड की आगामी एजीएम के बाद नई सीएसी जिम्मेदारी संभालेगी और साक्षात्कार लेगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, मदनलाल, रुद्र प्रताप सिंह और सुलक्षणा नाईक को सिर्फ एक बैठक के लिए नियुक्त किया गया था जिसमें सुनील जोशी और हरविंदर सिंह को चयनकर्ता चुना गया। एजीएम के बाद सभी क्रिकेट समितियों का गठन किया जाएगा इसलिए नई सीएसी का भी गठन होगा और इसके बाद साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। तीन क्षेत्रों से चयनकर्ताओं के पदों के लिए कुछ जाने माने नामों ने आवेदन किया है। इसमें सबसे बड़ा नाम पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजित अगरकर का है जिन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए सभी प्रारूपों में 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। अगरकर पश्चिम क्षेत्र से एबे कुरुविला के साथ दावेदार हैं जबकि उत्तर क्षेत्र से मनिंदर सिंह और चेतन शर्मा ने आवेदन किया है। पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज शिव सुंदर दास पूर्व क्षेत्र से आवेदन करने वाले बड़े पूर्व खिलाड़ी हैं।

## रिजवान की अर्धशतकीय पारी से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को हराया

**नेपियर (न्यूजीलैंड)।** विकेटकीपर बल्लेबाज और बाबर आजम की गैरमौजूदगी में कप्तानी कर रहे मोहम्मद रिजवान की 89 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी के दम पर पाकिस्तान ने तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में न्यूलीलैंड को चार विकेट से शिकस्त दी। न्यूजीलैंड की टीम शुरूआती दोनों मैच जीत कर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी थी। इस जीत से हालांकि 26 दिसंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले पाकिस्तान का हौसला बढ़ेगा। आजम की गैरमौजूदगी में इस श्रृंखला में पारी का आगाज कर रहे रिजवान ने 59 गेंद में 10 चौके और तीन छक्के की मदद से टी20 अंतरराष्ट्रीय का अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ नाबाद 33 रन था। इस पारी के बूते पाकिस्तान ने जीत के लिए 174 रन का पीछा करते हुए दो गेंद शेष रहते छह विकेट 177 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 173 रन बनाए। उसके लिए कोनवे ने 45 गेंद में 63 जबकि विकेटकीपर टीम सिफर्ट ने 20 गेंद में 35 और ग्लेन फिलिप्स ने 20 गेंद में 31 रन का योगदान दिया।

### रीजीजू ने आठ खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों का उद्घाटन किया

**कोहिमा।** केन्द्रीय खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने नगालैंड स्थिति खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) सहित कुल आठ केन्द्रो का मंगलवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। नगालैड के अलावा केआईएससीई के ए केन्द्र कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा और तेलंगाना मे है। इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार भारत मे खेल संस्कृति विकसित करना चाहती है।

### सरीन, गुकेश और रक्षिता फाइनल्स में

**चेन्नई।** भारत के ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन समेत तीन खिलाड़ी फिडे आनलाइन विश्व युवा और कैडेट रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप मे अपने अपने वर्ग के फाइनल्स मे पहुंच गए। सरीन ने अंडर 18 वर्ग मे फ्रांसिस्को सोनिस को 1.5-0.5 से हराया जबकि ग्रैंडमास्टर गुकेश और महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर रक्षिता रवि क्रमशः लड़कों के अंडर 14 और लड़कियो के अंडर 16 वर्ग के फाइनल्स मे पहुंचे।

### फीफा ने पूर्व अध्यक्ष ब्लैटर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया

**जेनेवा।** वैश्विक फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था फीफा ने अपने पूर्व अध्यक्ष सैप ब्लैटर के खिलाफ ज्यूरिख मे घाटे मे चल रहे फुटबॉल संग्रहालय के वित्त पोषण मामले मे आपराधिक शिकायत दर्ज की है। फीफा ने मंगलवार को कहा कि संग्रहालय को लेकर काम करने के लिए फीफा के पूर्व प्रबंधन और उनके द्वारा नियुक्त कंपनियो से आपराधिक कुप्रबंधन का संदेह है।

### रेसिंग टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगे कार्तिकेयन, मैनी और नवीन

**मुंबई।** नारायण कार्तिकेयन, अर्जुन मैनी और नवीन राव अगले साल फरवरी मे अबुधाबी मे होने वाली एशियाई लि मान्स सीरिज रेस 2021 मे रेसिंग टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगे। 24 घंटे की इस प्रतिष्ठित रेस मे यह पहली बार है जब किसी टीम के तीनो चालक भारतीय है। एशियाई लि मान्स सीरिज का आयोजन पांच एवं छह फरवरी और 19 एवं 20 फरवरी को अबुधाबी के यास मरिना सर्किट मे होगा।

### तोक्यो ओलंपिक के आधिकारिक खर्चों में 22 प्रतिशत का इजाफा

**तोक्यो।** स्थगित हो चुके तोक्यो ओलंपिक के आधिकारिक खर्चो मे 22 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। स्थानीय आयोजन समिति ने मंगलवार को नया बजट जारी करते हुए यह खुलासा किया। आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस मे आयोजकों ने बताया कि ओलंपिक के आयोजन का खर्चा अब 15 अरब 40 करोड़ डॉलर होगा।

## जोकोविच, फेडरर, नडाल और तियाफोई को एटीपी पुरस्कार

**लंदन।** नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर, रफेल नडाल और फ्रांसिस तियाफोई 2020 के लिए एटीपी के शीर्ष पुरस्कार जीतने वाले टेनिस खिलाड़ियों में शामिल रहे। जोकोविच ने रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए छठी बार साल का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में किया। उन्होंने 2020 में रिकॉर्ड आठवें आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब सहित कुल चार खिताब जीते। अमेरिकी ओपन चैंपयिन मेट पाविच और ब्रूनो सोरेस की जोड़ी युगल में नंबर एक रही। इस साल सिर्फ छह एकल मुकाबले खेलने वाले फेडरर एकल वर्ग में प्रशंसकों के सबसे पसंदीदा खिलाड़ी रहे। उन्हें लगातार 18वें साल इस पुरस्कार के लिए चुना गया और उन्होंने अपने रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया। रोलां गैरो पर 13वां खिताब जीतने वाले नडाल को लगातार तीसरे साल और कुल चौथी बार स्टीफन एडबर्ग खेल भावना पुरस्कार मिला।

# बर्नले ने वोल्व्स को हराया

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

भाषा। बर्नले

एश्ले बार्नेस और क्रिस वुड के गोल की मदद से बर्नले ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में वोल्वरहैम्पटन को 2-1 से हराया। बार्नेस ने 35वें मिनट में हैडर से गोल दागकर बर्नले को बढ़त दिलाई जबकि वुड ने टीम की बढ़त को 2-0 किया। वोल्व्स की ओर से 18 साल के स्ट्राइकर फाबियो सिल्वा ने 89वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। पोर्टो को छोड़कर वोल्वरहैम्पटन से जुड़ने के बाद सिल्वा का इंग्लिश फुटबॉल में यह पहला गोल है।

### इंग्लिश लीग कप का फाइनल फरवरी की जगह अप्रैल में

**लंदन।** इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल को फरवरी से अप्रैल में स्थानांतरित किया गया है। वेम्ब्ले स्टेडियम में फाइनल के लिए दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद के साथ यह कदम उठाया गया है। इंग्लिश फुटबॉल लीग ने सोमवार को कहा कि फाइनल 28 फरवरी की जगह 25 अप्रैल को खेला जाएगा।

### चेल्सी ने वेस्टहैम को हराया



**लंदन।** टैमी अब्राहम के दो गोल की मदद से चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को वेस्टहैम को 3-0 से हराया। एवर्टन और वोल्वरहैम्पटन के खिलाफ पिछले दो मैचों मे शिकस्त के बाद चेल्सी ने वापसी की। चेल्सी को 10वें मिनट मे थियागो सिल्वा ने बढ़त दिलाई जिसके बाद अब्राहम ने 78वें और 80वें मिनट मे गोल दागे। इस जीत से चेल्सी की टीम 14 मैचों में 25 अंक के साथ पांचवे स्थान पर है। वेस्टहैम के 14 मैचों मे 21 अंक है और टीम 10वें स्थान पर चल रही है।

### आईएसएल : ओडिशा और नार्थईस्ट का मैच ड्रॉ

**बम्बोलिम।** ओडिशा एफसी हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सातवें सत्र के अपने सातवे मैच मे भी जीत का खाता नही खोल पाई और टीम को मंगलवार को जीएमसी स्टेडियम मे खेले गए मुकाबले मे नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी से 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा। नॉर्थईस्ट को आठ मैचों मे पांचवी बार ड्रॉ खेलना पड़ा है और टीम 11 अंकों के साथ तालिका मे चौथे नंबर पर है। वही ओडिशा एफसी को सात मैचों मे दूसरी बार ड्रॉ खेलना पड़ा है और टीम दो अंकों के साथ 10वें नंबर पर है। ओडिशा के लिए डिएगो मॉरिसियो ने 23वें और कोले एलेक्जेंडर ने 67वें मिनट मे गोल किया। वही, नॉर्थईस्ट युनाइटेड के लिए कप्तान बेंजामिन लाम्बोट ने 45वें और क्वेसी अपियाह ने 67वें मिनट मे पेनल्टी पर गोल दागा। हाईलैंडर्स के नाम से मशहूर नॉर्थईस्ट युनाइटेड ने आक्रामक शुरूआत की और शुरूआती कुछ मिनटो मे तीन बार अपना खाता खोलने से चूक गई। इसके बाद 17वें मिनट मे नॉर्थईस्ट के डायलन फॉक्स और इसके दो मिनट बाद ही ओडिशा के डिएगो मॉरिसियो को एलो कार्ड दिखाया गया।

## ब्रैडमैन की टेस्ट कैप 340,000 डॉलर में बिकी

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के एक व्यवसाई ने महान बल्लेबाज डोनाल्ड ब्रैडमैन की पहली बैगी ग्रीन टेस्ट कैप को नीलामी में चार लाख 50 हजार आस्ट्रेलियाई डॉलर (तीन लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर) में खरीदा जो क्रिकेट की यादगार वस्तु के लिए दूसरी सर्वाधिक कीमत है। रोड माइक्रोफोन्स के संस्थापक पीटर फ्रीडमैन ने ब्रैडमैन द्वारा 1928 में टेस्ट पदार्पण के दौरान पहनी गई इस कैप को पूरे आस्ट्रेलिया में घुमाने की योजना बनाई है। नीलामी से जुड़े अधिकारियों के अनुसार क्रिकेट से जुड़ी किसी वस्तु के लिए सबसे अधिक धनराशि का रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर शेन वार्न की टेस्ट कैप के नाम है जो इसी साल 10 लाख सात हजार 500 आस्ट्रेलियाई डॉलर (सात लाख 60 हजार अमेरिकी डॉलर) में बिकी थी। ब्रैडमैन ने 20 साल आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया और इस दौरान 1928 से 1948 के बीच 52 टेस्ट खेले और उन्हें दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज माना जाता है।

# बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 453 अंक मजबूत

## आईटी कंपनियों के शेयर चमके

भाषा। मुंबई







स्थानीय शेयर बाजारोंमें भारी उतार चढ़ा भरे कारोबार के बीच बीएसई 30 सेंसेक्स में मंगलवार शुरुआती गिरावट से उबर कर 453 अंक उछाल के साथ बंद हुआ। ब्रिटेन के कोरोना वायर के नए रूप के प्रकोप की खबरों से चिंतित बाजार शुरू में बिकवाली के बदाव में आ गयाथा।

यूरोपीय बाजारों से मिले सकारात्मक रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी और बैंक शेयरों में मजबूत सुधार का बाजार पर अच्छा प्रभाव पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 452.73 अंक यानी 0.99 प्रतिशत मजबूत होकर 46,006.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 968 अंक का उतार-चढ़ाव आया। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 137.90 अंक यानी 1.03 प्रतिशत मजबूत होकर 13,466.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में एचसीएल टेक रही। इसमें 5.09 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, पावरग्रिड, सन फार्मा, एल एंड टी और नेस्ले इंडिया में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, सेंसेक्स के केवल पांच शेयरों... कोटक बैंक, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, आरआईएल और इंडसइंड बैंक.... में 0.94 प्रतिशत तक की गिरावट आई। जर्मनी की दवा कंपनी बॉयो-एन-टेक के अनुसार उसे उम्मीद है कि उसका टीका नए कोराना वायरस स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावी होगा। इससे यूरोपीय बाजारों में अच्छी तेजी आई जिसका सकारात्मक प्रभाव घरेलू बाजार पर पड़ा। वायरस का नया किस्म हाल के सप्ताहों में मुख्य रूप से लंदन और इंग्लैंड के दक्षिणपूर्व हिस्से में दिखा है। इस वायरस के और आसानी से फैलने की आशंका है जिसको लेकर दुनिया भर में चिंता है। हालांकि अबतक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि इससे और गंभीर बीमारी हो रही है। लेकिन यूरोप, भारत समेत कई देशों ने ब्रिटेन से यात्रा को लेकर पाबंदी लगाई है। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के 900 अरब डॉलर कें प्रोत्साहन पैकेज की मंजूरी से भी बाजार धारणा को बल मिला। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर कारोबार में अप्रत्यशित तेजी आई। यूरोपीय बाजारों में अच्छी शुरूआत का घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और सोमवार की बड़ी गिरावट से उबरा।

## दूरसंचार क्षेत्र में 2021 में होगी स्पेक्ट्रम नीलामी, संभावित टैरिफ बढ़ोतरी पर नजर

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र के लिए वर्ष 2021 गतिविधियों से भरा होगा और अगली तिमाही में स्पेक्ट्रम नीलामी के साथ ही एडीआर बकाया चुकाने के कारण दूरसंचार कंपनियां टैरिफ में बढ़ोतरी कर सकती हैं। भारतीय दूरसंचार बाजार में एक समय करीब एक दर्जन परिचालक थे, लेकिन बीते वर्षों के दौरान गलाकाट प्रतियोगिता के चलते इनमें से कई प्रमुख नामों को कारोबार छोड़ना पड़ा। यह भी संभव था कि 2020 में सिर्फ दो कंपनियां ही बचतीं, लेकिन उच्चतम न्यायालय दूरसंचार कंपनियों द्वारा 1.47 लाख करोड़ रुपए के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाए को 10 साल में चुकाने के लिए तैयार हो गया। शीर्ष न्यायालय के अक्टूबर 2019 के इस आदेश से कठिन दौर से गुजर रहीं दूरसंचार कंपनियों को बड़ी राहत मिली, हालांकि न्यायालय ने एजीआर की गणना में मुख्य व्यवसाय के अलावा हुई आय को भी शामिल करने के सरकार के रुख को बरकरार रखा।

### उद्योग संगठन सरकार के साथ बैठक में मजदूरी की नई परिभाषा वापस लेने को कहेंगे

**नई दिल्ली।** सीआईआई और फिक्की सहित उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि गुरुवार को श्रम मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान मजदूरी की नई परिभाषा को वापस लेने के लिए कहेंगे, जिससे सामाजिक सुरक्षा और कटौती बढ़ेगी, तथा हाथ में कम वेतन मिलेगा। एक उद्योग सूत्र ने कहा, अन्य उद्योग संगठनों के साथ ही सीआईआई और फिक्की के प्रतिनिधि 24 दिसंबर 2020 को केंद्रीय श्रम मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों से मजदूरी की नई परिभाषा पर चर्चा के लिए मिलेंगे, जिसके एक अप्रैल 2021 से लागू होने की संभावना है। सूत्र ने यह भी कहा कि उद्योग संगठन चाहते हैं कि सरकार नई परिभाषा को वापस ले, क्योंकि उन्हें डर है कि मजदूरी की नई परिभाषा से हाथ में आने वाले वेतन में भारी कटौती होगी और नियोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

### संसदीय समिति ने वाहन डीलरों के लिए दिया फ्रेंचाइजी संरक्षण कानून का सुझाव: संगठन

**मुंबई।** राज्यसभा सदस्य के केशव राव की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने सिफारिश की है कि सरकार को वाहन डीलरों के लिए फ्रेंचाइजी संरक्षण कानून लाना चाहिए। उद्योग संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसएिशंस (फाडा) ने यह कहा। संगठन के अनुसार निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा वाला फ्रेंचाइजी कानून मूल उपरकण विनिर्माताओं और डीलर दोनों के लिए फायदेमंद है। दीर्घकाल में यह ग्राहकों के लिए भी लाभकारी है। फाडा ने कहा कि इस प्रकार का कानून को सबसे पहले अमेरिका ने 1980 के दशक में लागू किया।

### सेबी ने जुर्माने की राशि वसूलने के लिए 19 इकाइयों के बैंक, डीमैट खाते कुर्क किए

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने विभिन्न कंपनियों से जुर्माने की 1.2 करोड़ रुपए की राशि वसूलने के लिए 19 इकाइयों के बैंक खाते, शेयर और उनकी म्यूचुअल फंड होल्डिंग को कुर्क करने का आदेश दिया है। कंपनियों इकाइयों से यह राशि वसूली की कार्वाई तब शुरू की गई जब वह जुर्माना चुकाने में असफल रहीं। प्रतिभूति बाजार के नियमों का उल्लंघन करने पर उनपर यह जुर्माना लगाया गया था।

## सरकार की एक नया विकास वित्त संस्थान बनाने की योजना: वित्तीय सेवा विभाग के सचिव

भाषा। नई दिल्ली

सरकार की योजना अगले तीन से चार माह में एक विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) स्थापित करने की है। सरकार की 111 लाख करोड़ रुपए की महत्वकांक्षी राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन के वित्तपोषणा के वास्ते यह संस्थान बनाया जाएगा। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव देवाशीष पांडा ने यह बताया।

देवाशीष ने पीटीआई- भाषा से खास बातचीत में कहा, हमें एक विकास वित्त संस्थान की जरूरत है क्योंकिं ढांचागत क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए धैर्यशीली पूंजी की आवश्यकता होती है। सालों तक कोई नकदी सृजित नहीं करने वाली दीर्घकालिक परियोजनाओं के लिए पूंजी उपलब्ध कराने को बैंकों की स्थिति इस समय उपयुक्त नहीं है।

## कोवाक्सिन के तीसरे चरण के परीक्षण की तैयारी शुरू, भारत बायोटेक ने भर्ती किए 13,000 स्वयंसेवक

भाषा। नई दिल्ली

भारत बायोटेक ने मंगलवार को कहा कि उसने कोरोना वायरस की संभावित वैक्सीन कोवाक्सिन के तीसरे चरण के परीक्षण के लिए 13,000 स्वयंसेवकों की भर्ती की है। कंपनी ने बताया कि इस चरण के लिए वह विभिन्न स्थानों से कुल 26,000 लोगों की भर्ती करेगी। भारत बायोटेक ने एक बयान में बताया कि पहले और दूसरे चरण के चिकित्सकीय परीक्षणों में लगभग ।,000 लोगों पर कोवाक्सिन के असर की जांच की गई थी। भारत बायोटेक ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) के सहयोग से यह वैक्सीन देश में ही विकसित की है।

### बजट में उर्वरक के संतुलित उपायोग के लिए कदम उठाने, अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाने का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारत किसान समाज (बीकेएस) ने कहा कि सरकार को आगामी बजट में यूरिया का दाम बढ़ाकर तथा पोटाश एव फास्फेट (पी एंड के) के मूल्य में कमी लाकर उर्वरक के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए।

## गोयल, कृषि क्षेत्र में भारत और बांग्लादेश के बीच अधिक से अधिक सहयोग के पक्ष में

भाषा। नई दिल्ली



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश को कृषि क्षेत्र में अधिक से अधिक सहयोग के साथ काम करना चाहिए क्योंकि यह दोनों देशों के लिए बहुत लाभकारी हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग, वर्तमान आर्थिक चुनौतियों से निपटने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने कृषि उत्पादों सहित कई उत्पादों के लिए बांग्लादेश को शुल्क मुक्त बाजार दे रखा है। वह सीआईआई द्वारा आयोजित कृषि क्षेत्र पर भारत-बांग्लादेश डिजिटल सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## डालर के मुकाबले रुपया पांच पैसे और गिरकर 73.84 पर पहुंचा

**मुंबई।** अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया कारोबार की समाप्ति पर पांच पैसे और गिरकर 73.84 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। कोरोना वायरस को नया रूप सामने आने के बाद चिंता बढ़ने से अन्य एशियाई मुद्राओं में भी गिरावटा का रुख रहा। स्थानीय मुद्रा विनिमय बाजार में कारोबार की शुरुआत में डालर के मुकाबले रुपया 73.95 पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73.82 रुपए और नीचे में 73.95 रुपए प्रति डालर के दायरे में रहा। अंत में यह 73.84 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। यह विनिमय दर पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे नीचे रही।

### एसबीआई कार्ड ने लॉन्च किया बीपीसीएल एसबीआई कार्ड ऑक्टेन

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी क्रेडिट कार्ड कंपनी एसबीआई कार्ड और महारत्न कंपनी एवं भारत की दूसरी सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल ने आज बीपीसीएल एसबीआई कार्ड ऑक्टेन लॉन्च करने की घोषणा की। यह कार्ड उन ग्राहकों के सेगमेंट के लिए अधिकतम बचत पेश करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो फ्यूल पर उल्लेखनीय राशि खर्च करते हैं। बीपीसीएल एसबीआई कार्ड ऑक्टेन बीपीसीएल फ्यूल और एमएके ल्यूब्रिकेंट्स भारत गैस एलपीजी पर खर्च करने और बीपीसीएल के इन और आउट कन्वीनियंस स्टोर में खर्च करने पर 25 रिवॉर्ड पॉइंट्स आरपी प्रदान करता है।

### अबतक 3.75 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि 21 दिसंबर तक 3.75 करोड़ करदाता पहले ही आकलन वर्ष 2020-21 (वित्त वर्ष 2019-20) के लिए आयकर रिटर्न भर चुके है। आयकर विभाग ने ट्विटर पर लिखा है, आकलन वर्ष 2020-21 के लिए 21 दिसंबर तक 3.75 करोड़ करदाता पहले ही रिटर्न दाखिल कर चुके है।

### रतन टाटा को एफआईआईसीसी का प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला

**यरुशलम,दुबई।** वरिष्ठ उद्योगपति रतन टाटा को फेडरेशन ऑफ इंडो-इजरायल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (एफआईआईसीसी) ने एकता, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिष्ठित ग्लोबल विजनरी ऑफ सस्टेनेबल बिजनेस एंड पीस पुरस्कार से सम्मानित किया है। द्विपक्षीय उद्योग संगठन के अध्यक्ष गुल कृपलानी ने कहा, इजरायल के प्रति रतन टाटा का समर्थन अटूट रहा है। भारत को गरिमा और सम्मान के साथ वैश्विक पटल पर लाने की उनकी प्रतिबद्धता को सभी ने देखा है।

# अमेरिका में भारतवंशी डॉक्टरों ने टीके की खुराक ली

● अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित किया

भाषा। न्यूयॉर्क

**महामारी के** खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर लड़ रहे कई भारतवंशी अमेरिकी डॉक्टरों ने कोरोना वायरस टीके की खुराक ली है और दूसरों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया है।भारतवंशी डॉक्टरों ने कहा है कि जान बचाने के लिए टीका कारगर उपाय है और वैज्ञानिकों के इस उपहार से कोविड-19 के खिलाफ जंग में दुनिया को जीत मिलेगी अमेरिका में एक सप्ताह पहले टीकाकरण अभियान शुरू किया गया और देश में फाइजर-बायोएनटेक और मॉर्डना के टीके को मंजूरी दी गई है।अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडियन ओरिजिन (एएपीआई) के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेश रेड्डी ने पीटीआई को बताया, हम सबको टीका लेना चाहिए।

यह बहुत प्रभावी है और हम इसके अच्छे नतीजे देख रहे हैं। जान बचाने के लिए टीका कारगर उपाय है और हम सबको इसे लेना चाहिए। रेड्डी ने फाइजर टीके की खुराक ली और उन्होंने कहा कि किसी तरह का प्रतिकूल असर नहीं देखने को मिला। अमेरिका में कोरोना वायरस संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले आए हैं और सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के आंकड़ों के मुताबिक देश में सोमवार तक संक्रमण के 1.80 करोड़ से ज्यादा मामले आ चुके हैं टेक्सास में काम करने वाले डॉक्टर जएश शाह ने भी फाइजर के टीके की खुराक ली। उन्होंने कहा कि कोविड-19 को परास्त करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर 70 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हो जाएगा तो इससे हर्ड इम्युनिटी बनाने में मदद मिलेगी।

टेक्सास मेडिकल एसोसिएशन के ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य और साउथ टेक्सास वुंड एसोसिएट्स के अध्यक्ष शाह ने कहा, टीका सबके लिए वैज्ञानिकों की ओर से दिया गया उपहार है। टीके को लेकर आशंकाओं को दूर करते हुए शाह ने कहा, टीके पर लगातार काम चलता रहता है। भले ही इसे कम समय में तैयार किया गया हो लेकिन इसके लिए बहुत समय और संसाधन लगाए गए हैं। दूसरी बीमारियों के लिए टीका तैयार करने जैसे ही मानकों का इस्तेमाल किया गया है।

हृदय रोग विशेषज्ञ और बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका के अध्यक्ष डॉ. अविनाश गुप्ता ने भी टीके की खुराक ली। फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने टीका लेने की एक तस्वीर को ट्वीट किया।

## बायोएनटेक को भरोसा, कोरोना वायरस के नए स्वरूप के खिलाफ कारगर रहेगा उसका टीका

**बर्लिन, एपी।** जर्मनी की दवा कंपनी बायोएनटेक ने भरोसा जताया है कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए उसका टीका नए स्वरूप के खिलाफ भी असरदार है, लेकिन पूरी तरह सुनिश्चित होने के लिए आगे और अध्ययन की जरूरत है।हालिया हफ्ते में ब्रिटेन के लंदन और दक्षिणी इंग्लैंड में कोरोना वायरस के नए स्वरूप का पता लगने के बाद दुनिया में चिंताएं बढ़ गई हैं। अब तक ऐसे संकेत नहीं मिले हैं कि यह नया स्वरूप ज्यादा घातक है लेकिन यूरोप और बाहर के कई देशों ने ब्रिटेन से यात्रा पर रोक लगा दी है।इस बीच, यूरोपीय संघ ने फाइजर-बायोएनटेक के टीके को मंजूरी दे दी है। बायोएनटेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) उगुर साहीन ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा इस समय हमें यह नहीं पता कि हमारा टीका नए स्वरूप के खिलाफ सुरक्षा मुहैया कराने में सक्षम है या नहीं। उन्होंने कहा, लेकिन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर इसकी पूरी संभावना है कि यह टीका वायरस के नए स्वरूप के खिलाफ भी प्रतिरक्षा तैयार करने का काम करेगा। साहीन ने कहा कि ब्रिटेन में वायरस के नए स्वरूप पर प्रोटीन अंश 99 प्रतिशत तक मौजूदा स्ट्रेन के समान ही हैं इसलिए वैज्ञानिक आधार पर बायोएनटेक आश्वस्त है कि टीका प्रभावी रहेगा। साहीन ने कहा, वैज्ञानिक फिलहाल इस पर परीक्षण कर रहे हैं और अगले दो हफ्ते में आंकड़े मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि हमारा टीका काम करेगा। साहीन ने कहा कि वायरस के नए स्वरूप से लड़ने के हिसाब से टीका को तैयार कर लिया जाएगा और इसमें छह हफ्ते लग सकते हैं। हालांकि, इसके इस्तेमाल के पहले नियामक की मंजूरी की जरूरत पड़ेगी। बायोएनटेक ने अमेरिका की अग्रणी दवा कंपनी फाइजर के साथ मिलकर कोरोना वायरस से रोकथाम का टीका तैयार किया है।



नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कोरोना वायरस वैक्सीन की पहली डोज लगवाते हुए

## चीन के नए रॉकेट ने अपनी पहली उड़ान में पांच उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया

भाषा। बीजिंग

● अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी शक्ति चीन ने इस साल 23 जुलाई को अपना मंगल मिशन तियानवेन-प्रथम प्रक्षेपित किया था, यह यान मंगल पर जाने की राह में है उसमें ओर्बिटर लैंडर और रोवर लगे हैं

चीन के नए मध्यम भारवाहक रॉकेट लांग मार्च-8 ने मंगलवार को पहली उड़ान भरी और उसने पांच उपग्रहों को उसकी नियोजित कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचाया। देश की अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी।

इस रॉकेट को हेनान के वेनचांग अंतरिक्षयान प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित किया गया।सरकारी मीडिया ने खबर दी कि पांच प्रायोगिक उपग्रह माइक्रोवेव इमेजिंग और अन्य प्रौद्योगिकियों का कक्षा में सत्यापन करेंगे। वे अंतरिक्ष विज्ञान, दूर संवेदी और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रयोग करेंगे। चाइना नेशनल स्पेश एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि लांग मार्च-8 नामक इस रॉकेट की लंबाई 50.3 मीटर है और उसका वजन 356 टन है। यह रॉकेट कम से कम 4.5 टन वजन को 700 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य समस्थैतिक कक्षा में पहुंचा सकता है।

उसने कहा कि इस रॉकेट ने सूर्य समस्थैतिक कक्षा में चीन की प्रक्षेपण की क्षमता तीन टन से बढ़ाकर साढे चार टन कर दी है और उसका प्रक्षेपण यानों के उन्नयन में वृद्धि की दृष्टि से बड़ा महत्व है। सत्तरह दिसंबर को चीन के चेंज-5, ने 40 साल में पहली बार चंद्रमा का पहला नमूना लाने का मिशन सफलतापूर्वक पूरा किया। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी शक्ति चीन ने इस साल 23 जुलाई को अपना मंगल मिशन तियानवेन-प्रथम प्रक्षेपित किया था। यह यान मंगल पर जाने की राह में हैं। उसमें ओर्बिटर , लैंडर और रोवर लगे हैं।सरकारी संवाद समिति शिन्हुआ ने बताया कि चाइना एकेडमी ऑफ लांच व्हिकल टेक्नोलोजी द्वारा विकसित नया रॉकेट चीन की प्रक्षेपण यान विविधता को समृद्ध करेगा और देश की अंतरिक्ष गतिविधियों का विस्तार करने में मदद करेगा।

## यहूदी राष्ट्र की मान्यता देने वाले विवादित कानून पर सुनवाई करेगा इजराइल का उच्चतम न्यायालय

एपी। यरूशलम

**इजराइल का** उच्चतम न्यायालय देश को यहूदी राष्ट्र के तौर पर मान्यता देने वाले विवादित कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। विपक्ष का आरोप है कि यह कानून अल्पसंख्यकों से भेदभाव करता है।आलोचकों का कहना है कि इस कानून से अरब अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा और कम होगा। अरब अल्संख्यक देश की आबादी का करीब 20 प्रतिशत हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कानून इजराइल को यहूदी राष्ट्र के तौर पर स्थापित कर देगा।अरब अधिकार समूहों और अन्य नागरिक समाज संगठनों द्वारा दायर 15 याचिकाओं में देश के उच्चतम न्यायालय से कानून को निरस्त करने का अनुरोध किया गया है।इस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 11 न्यायाधीशों का पैनल सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं में से एक अरब अल्पसंख्यक अधिकार समूह के संस्थापक हसन जाबरीन ने कहा, इजराइल के कानूनी इतिहास में यह पहली बार है जब उच्चतम न्यायालय इजराइल में फलस्तीनी अल्पसंख्यकों के वैधानिक दर्जे पर सुनवाई करेगा।

कानून को जुलाई 2018 में इजराइल की संसद नेसेट से मंजूरी मिली थी।यह कानून इजराइल को यहूदी राष्ट्र के तौर पर मान्यता देता है। कानून में अरबी भाषा का दर्जा आधिकारिक राजकीय भाषा से घटाकर इसे विशेष दर्जा दिया गया है।

### नदी में उफान के कारण मैक्सिको में चार लोगों की मौत, तीन अन्य लापता

**मैक्सिको सिटी।** दक्षिण मैक्सिको की नदी में बारिश के कारण जलस्तर बढ़ने से कैन्यनिंग करने गए एक समूह के चार लोगों की मौत हो गई और तीन अब भी लापता है।वेराक्रूज राज्य के नागरिक सुरक्षा कार्यालय ने बताया कि मेक्सिको की खाड़ी के पास रियो ओरो का जलस्तर बढ़ने के कारण पांच और लोग घायल भी हुए है।कार्यालय ने बताया कि यह हादसा रविवार को हुआ और पुलिस सोमवार को भी लापता लोगों की तलाश में जुटी थी। एक रस्सी के सहारे किसी झरने के पानी से होकर गुजरना या रस्सी के सहारे पानी में कूदने को कैन्यनिंग कहते हैं।

## सत्तारूढ़ एनसीपी की आम सभा के आयोजन के लिए ओली ने नई समिति का गठन किया

भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ने टूट की ओर बढ़ रही सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) पर अपनी पकड़ को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को पार्टी की आम सभा के आयोजन के लिए 1199 सदस्ईय नई समिति का गठन किया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, सत्तारूढ़ दल के दो प्रमुखों में से एक ओली ने आधिकारिक आवास पर पार्टी की केंद्रीय समिति के अपने करीबी सदस्यों के साथ बैठक के दौरान नई समिति की घोषणा की।नवगठित आम सभा आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रधानमंत्री की उपस्थिति में शपथ भी ग्रहण की। बैठक में नारायण काजी श्रेष्ठ को पार्टी प्रवक्ता के पद से हटाने का भी निर्णय लिया गया। केंद्रीय समिति के सदस्य बिनोद श्रेष्ठ ने कहा कि स्थाई समिति के सदस्य एवं विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली को पार्टी का नया प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।ओली ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को आश्चर्यचकित करते हुए रविवार को राष्ट्रपति से संसद भंग करने की सिफारिश कर दी और इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई। ओली और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के बीच सत्ता के लिए लंबे समय से चल रहे संघर्ष के बीच यह कदम उठाया गया। माई रिपब्लिक की रिपोर्ट के मुताबिक, ओली ने केंद्रीय समिति में अपना बहुमत प्राप्त करने के लिए यह कदम उठाया है। अपने खेमे के केंद्रीय समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए ओली ने कहा कि अगर कुछ नेता चले भी जाते हैं तो इससे पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बैठक में उन्होंने काठमांडू में अगले वर्ष 18-23 नवंबर तक आम सभा के आयोजन का प्रस्ताव रखा। इससे पहले यह आयोजन 7-12 अप्रैल 2021 को होना तय था।



ओसलो : नार्वे के शाहीपरिवार की ग्रुप फोटो राजा हार्लेंड व रानी सोनजा राजकुमारी मेट्टी मेरिट, राजकुमार सेवरी मैंगस व अन्य (बाएं से)

## क्विक न्यूज

### बाइडन ने सार्वजनिक रूप से लगवाया कोविड-19 का टीका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को सार्वजनिक रूप से कोविड-19 का टीका लगवाया। बाइडन ने कहा कि वह सार्वजनिक रूप से टीका लगवाकर लोगो को संदेश देना चाहते है कि टीका उपलब्ध होने पर उन्हें टीकाकरण के लिए तैयार रहना चाहिए।बाइडन ने फाइजर-बायोएनटेक के टीके की पहली खुराक क्रिस्टियाना केयर अस्पताल में ली।उन्होंने कहा, मै लोगो को बताना चाहता हूं कि टीका उपलब्ध होने पर अब उन्हें टीकाकरण के लिए पूरी तरह से तैयार रहना चाहिए। इसमें चिंतित होने वाली कोई बात नही है। क्रिस्टियाना केयर अस्पताल में नर्स और कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं की प्रमुख ताबा मासा ने बाइडन को टीका लगाया। बाइडन ने ट्वीट किया, आज मैने कोविड-19 का टीका लगवाया। उन वैज्ञानिको और शोधकर्ताओं को शुक्रिया, जिन्होंने इसे संभव बनाने के लिए अथक मेहनत की। इसके लिए हम सभी आपके आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा, अमेरिकी लोग यह जान लें कि चिंता की कोई बात नही है। मै आपसे अपील करता हूं कि जब भी टीका उपलब्ध हो, आप इसे लगवाएं। बाइडन के टीकाकरण के बाद नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ट्वीट किया, एक नेता को ऐसे ही काम करना चाहिए। कमला हैरिस अगले सप्ताह सार्वजनिक रूप से टीका लगवाएंगी।

### दो साल में चौथे आम चुनाव की ओर बढ़ता दिख रहा है इज़राइल

**यरूशलम।** इज़राइल दो साल मे चौथे आम चुनाव की ओर बढ़ता हुआ दिख रहा है। सरकार को कायम रखने और संसद को स्वतः भंग होने से रोकने की आखिरी कोशिश भी नाकाम हो गई। बजट समझौते को लेकर गठबंधन सरकार की दो प्रमुख पार्टियों के बीच बातचीत विफल हो गई और संसद के देर रात्रि सत्र मे लिकुड और ब्लू एवं व्हाइट पार्टी के सदस्यो ने मंगलवार तक बजट पारित करने की समयसीमा को दो और हफ्ते बढ़ाने के खिलाफ वोट दिया। प्रस्ताव के खिलाफ 49 वोट पड़े जबकि पक्ष में 47 वोट पड़े। अगर सरकार मंगलवार आधी रात तक बजट पारित नही कर पाती है तो इज़राइली कानून के मुताबिक संसद भंग हो जाएगी और 90 दिनो के अंदर मध्यावधि चुनाव कराने होगे। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामीन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और रक्षा मंत्री बैनी गैंट्ज़ की ब्लू एंड व्हाइट पार्टी के बीच मई में सरकार के बनने के बाद से ही बजट को लेकर विवाद है। नेतन्याहू और गैंट्ज़ ने मंगलवार तक बजट पारित करने की समयसीमा को दो और हफ्ते बढ़ाने के लिए प्रस्ताव दिया था ताकि 2020 के बजट को लेकर किसी समझौते पर पहुंचा जा सके लेकिन दोनो पार्टियो के सदस्यो ने ही संसद में इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान कर दिया। प्रधानमंत्री ने ट्विटर पर कहा, हम चुनाव नही चाहते है और हमने आज शाम उनके खिलाफ वोट दिया, लेकिन हम चुनाव से नही डरते है--क्योंकि हम चुनाव जीतेंगे। संसद के भंग होने पर इज़राइल मे मार्च मे चुनाव कराए जा सकते है। अगर ऐसा होता है तो यह 2019 से चौथा चुनाव होगा। इस बार चुनाव कोरोना वायरस महामारी, आर्थिक मंदी और नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपो पर चल रहे मुकदमे के बीच होगा।

### अमेरिका में ह्यूस्टन के डाकघर का नामकरण सिख पुलिस अधिकारी के नाम पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किया जिसके तहत टेक्सास में एक डाकघर का नामकरण दिवंगत सिख पुलिस अधिकारी संदीप सिंह धालीवाल के नाम पर पर होगा। एक साल पहले ह्यूस्टन में यातायात व्यवस्था संभालने के दौरान धालीवाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।व्हाइट हाउस ने एक बयान में बताया कि ट्रंप ने टेक्सास के ह्यूस्टन मे 315 एडिक्स होवेल रोड पर स्थित डाक घर का नाम डिप्टी संदीप सिंह धालीवाल पोस्ट ऑफिस बिल्डिंग करने से संबंधित कानून पर हस्ताक्षर कर दिए है।अमेरिका में भारतवंशी के नाम पर अब तक दो डाकघरों के नाम रखे गए है। इससे पहले 2006 में दक्षिणी कैलिफोर्निया में पहले भारतवंशी सांसद दलिप सिंह सौंद के नाम पर डाकघर का नामकरण किया गया था।प्रतिनिधि सभा और सीनेट ने इस संबंध मे हाल मे विधेयक को पारित किया था। टेक्सास के सांसद टेड क्रूज ने सीनेट में कहा था कि धालीवाल नायक और मार्गदर्शक थे जिनके काम से सिखो और धार्मिक अल्पसंख्यकों की पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी। धालीवाल की 27 सितंबर 2019 को ड्यूटी के दौरान हत्या कर दी गई थी। भारत मे जन्मे धालीवाल अपने अभिभावकों के साथ ह्यूस्टन चले गए थे। हैरिस काउंटी के कानून प्रवर्तन कार्यालय में तैनात धालीवाल टेक्सास के पहले भारतवंशी सिख थे जिन्हें पगड़ी पहनने और दाढ़ी रखने समेत अपनी धार्मिक मान्यताओं का पालन करते हुए ड्यूटी निभाने की छूट दी गई थी।

### काबुल में हुए कार बम हमले में पांच लोगों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मंगलवार को एक कार में हुए बम धमाके मे चार डॉक्टरों समेत कम से कम पांच लोगो की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चिकित्सक काबुल के मुख्य कारावास पुल-ए-चरखी जेल में काम करते थे। शहर के दोगाबाद में काम पर जाते समय धमाके मे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नही हो पाया है कि यह हमला चिकित्सकों को निशाना बनाकर किया गया था या नही। उन्होंने कहा कि धमाके का शिकार हुई सफेद रंग की सेडान कार पर किसी तरह के निशान नही मिले है, जिससे यह पता चलता है कि इसमे चिकित्सा कर्मी ही यात्रा कर रहे थे।

## भारत-अमेरिका संबंधों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ वर्ष 2020

भाषा। वाशिंगटन



**भारत-अमेरिका** संबंधों के लिहाज से साल 2020 मील का पत्थर साबित हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इस साल भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा दिया। इसी साल दोनों देशों ने कोविड -19 महामारी और यहां हुए राष्ट्रपति चुनाव के चलते पैदा घरेलू राजनीतिक गतिरोध के बावजूद अपने संबंधों को अभूतपूर्व ऊंचाई और गति प्रदान की।अमेरिका में तीन नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव से पहले दोनों के देशों के बीच दिल्ली में 2 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता हुई जिसमें अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और रक्षा मंत्री मार्क एस्पर जबकि भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिस्सा लिया, जिससे दोनों देशों के संबंधों की परिपवक्ता प्रदर्शित हुई। भारत दूसरा देश है जिसके साथ 2 2 वार्ता हुई। यह वार्ता संबंधों की गहराई और व्यापकता के मुद्दों पर चर्चा करने का प्रमुख तंत्र बन गई है।ट्रम्प प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प की ऐतिहासिक भारत यात्रा (फरवरी में) ने द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया और राष्ट्रपति ट्रम्प तथा प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी द्वारा व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी संबंधों को बढ़ावा देने के फैसले से रिश्तों को और अधिक बल मिला। अधिकारी ने कहा, हमारी लोकतांत्रिक नींव और आपसी हितों ने कोविड-19 के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र और खुला बनाए रखने में मदद की है , जिससे अमेरिका-भारत साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता कायम रहेगी। भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण बेका समझौता हुआ जिससे दोनों देशों ने रक्षा संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की तरफ कदम बढ़ाए।अमेरिका में भारत के राजूदत तरनजीत सिंह संधू ने कहा, वैश्विक महामारी के बीच भारत-अमेरिका संबंध शक्ति का एक स्रोत रहा है। टीका तैयार करने से लेकर हिंद-प्रशांत की सुरक्षा तक दोनों देशों ने 2020 में रणनीतिक साझेदारी को मजबूत और प्रगाढ़ बनाने के लिए मिलकर काम किया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका-भारत व्यापार परिषद और अमेरिका-भारत रणनीतिक एवं साझेदारी फोरम के जरिए अमेरिका के व्यापार जगत को संबोधित किया। दोनों देशों ने सामरिक ऊर्जा साझेदारी तथा भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठकें भी हुईं, जिनका मकसद द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ावा देना था।

## अमेरिका में विश्वविद्यालय ने जैन धर्म और हिंदू धर्म पर पीठ स्थापित की

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक विश्वविद्यालय ने जैन धर्म और हिंदू धर्म पर एक पीठ स्थापित करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने अपने धार्मिक अध्ययन कार्यक्रम के तहत इस पीठ की स्थापना की है।कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, फ्रेस्नो में जैन और हिंदू धर्म पर अध्ययन के लिए एक संयुक्त पीठ स्थापित करने में भारतीय मूल के 24 से ज्यादा लोगों ने योगदान दिया है।कला और मानविकी कॉलेज के दर्शन विभाग में जैन और हिंदू धर्म पर पीठ की स्थापना की जाएगी और यह विश्वविद्यालय के धार्मिक अध्ययन कार्यक्रम का अभिन्न हिस्सा होगा। जैन और हिंदू धर्म की परंपरा के एक विशेषज्ञ प्रोफेसर को 2021 में अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा।मीडिया में जारी विज्ञप्ति के अनुसार जैन और हिंदू समुदाय तथा कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, फ्रेस्नो के बीच यह संबंध मौजूदा एवं आगामी पीढ़ी के छात्रों को अहिंसा, धर्म, न्याय, दर्शन, हिंदू जैन ग्रंथों एवं परंपराओं के माध्यम से सभी प्राणियों एवं पर्यावरण के बीच परस्पर सह-संबंध की शिक्षा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी (सीएसयू), फ्रेस्नो के अध्यक्ष जोसेफ आई. कास्त्रो ने कहा, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी की कभी जैन और हिंदू समुदायों से भागीदारी नहीं थी। मुझे प्रसन्नता है कि फ्रेस्नो राज्य में यह हुआ। इसने सीएसयू के अन्य कैम्पस और देश के लिए एक मॉडल स्थापित किया है। लॉस एंजिलिस के प्रमुख जैन समाजसेवी और इस पीठ के समर्थक रहे जसवंत मोदी ने कहा, हमें आशा है कि युवा पीढ़ी जब शिक्षा के लिए कॉलेज आएगी तो वह अहिंसा का रास्ता अपनाकर देश-दुनिया की समस्याओं का निराकरण करने वाले महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग और अन्य महापुरुषों के योगदान से अवगत होगी।

### गजनी प्रांत में एक स्थानीय पत्रकार की हत्या : अफगानिस्तान के अधिकारी

**काबुल।** अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में सोमवार को एक प्रतिष्ठित स्थानीय पत्रकार की कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पिछले दो महीने में यहां पत्रकारों की हत्या का यह चौथा मामला है। अफगानिस्तान को दुनिया में पत्रकारों के लिए सबसे खतरनाक देशों में से एक माना जाता है।प्रांतीय पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता अहमद खान सेराट ने बताया कि गजनी शहर में रहमतुल्ला नेकजाद अपने घर से नजदीक स्थित मस्जिद जाने के लिए निकले थे, तभी उन्हें गोली मार दी गई। नेकजाद गजनी पत्रकार संघ के प्रमुख थे और प्रतिष्ठित पत्रकार थे। वह 2007 से एसोसिएटेड प्रेस से जुड़े थे और इससे पहले उन्होंने अल जजीरा टीवी चैनल के साथ भी काम किया था। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स ने अफगानिस्तान में पत्रकारों की हत्या और उन पर हो रहे हमलों की निंदा की।

## जैसा सबका वैसा ही रहा मेरा सालः नवाजुद्दीन

**अभिनेता** नवाजुद्दीन सिद्दीकी की इस साल दो फिल्में हिट हुई हैं–सीरियस मेन तथा रात अकेली है। उनका कहना है कि ये साल कोरोना महामारी के कारण वैसा ही गया जैसा सब अभिनेताओं का रहा। लेकिन एक अभिनेता के रूप में साल ठीक–ठाक रहा।

वर्ष 2020 में नवाजुद्दीन ने रात अकेली है, में जटिल यादव का चरित्र किया था जबकि अपनी दूसरी फिल्म सीरियस मेन में वो अय्यन मणि बने थे। कहना ही होगा कि भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इन दो चरित्रों को लंबे समय तक याद किया जाएगा। ये वो वर्ष रहा है जब विजुअल मनोरंजन को डिजिटल कंटेंट ने परिभाषित किया है। 2020 में अपनी यात्रा के बारे में याद करते हुए नवाज़ ने कहा, 'एक मनुष्य के रूप में मेरा साल वैसा ही गया जैसा दूसरों का था लेकिन एक अभिनेता के रूप में मेरी दो फिल्में–सीरियस मेन तथा रात अकेली है, रिलीज़ हुईं।'





## कंगना ने कहा 'दूसरों से भी करें सवाल'

चर्चित अभिनेत्री कंगना रानौत ने कहा है कि 'हमने आतंकवादियों तथा विदेशी शक्तियों के सम्मुख इतने कमजोर क्यों बना लिया है। हर दिन मुझे अपनी मंसा का बचाव करना पड़ता है जबकि मैं एक देशभक्त व्यक्ति हूं। दिलजीत दोसांझ और प्रियंका चोपड़ा क्या कर रही हैं? कोई उनसे प्रश्न क्यों नहीं पूछता? यदि मैं देश के पक्ष में बोलकर राजनीति कर रही हूं तो ये लोग किस प्रकार की नीति कर रहे हैं? कृपया इनसे भी पूछिये।'

## हिमाचल में लंबी शूटिंग से लौटी रवीना टंडन



**रवीना** टंडन हिमाचल प्रदेश के अपने सबसे लंबे प्रवास से वापस मुंबई लौट आई हैं। उनके अनुसार ये तीन दशकों के दौरान उनका शहर से बाहर सबसे लंबा शूटिंग सिड्यूल था। रवीना अपनी एक आने वाली फिल्म के लिए शूटिंग करने हिमाचल गई थीं। उन्होंने वायुयान के भीतर से अपनी एक सेल्फी साझा की जिसमें वो फेस शील्ड तथा मास्क लगाए दिख रही हैं। उन्होंने लिखा, 'अब घर की ओर, कॅरियर के सबसे लंबे बाहरी सिड्यूल के बाद अब मैं घर की ओर चल दी हूं। जी हां घर से मैं इतने दिनों तक बाहर नहीं रही। लेकिन अब घर की ओर प्रस्थान!'

अपने कई पोस्ट्स में उन्होंने हिमाचल की तुलना स्विट्ज़रलैंड से की।

## थियेटरों में रिलीज़ होगी 'द इलेक्ट्रिक स्टेट'

**अभिनेता** मिली बॉबी ब्राउन को इस विज्ञान आधारित कहानी वाली फिल्म 'द इलेक्ट्रिक स्टेट' में लिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन तथा निर्माण एंथनी तथा जो रूसो ने किया है। इसे वैकल्पिक भविष्य की पृष्ठभूमि में रखा गया है। इसकी कहानी एक किशोर वय की लड़की जिसे ब्राउन ने ही किया है, के आसपास ही घूमती है। उसे लगता है कि एक विचित्र तथा प्यारा सा जो रोबोट उसके पास आता है उसे उसके खोए हुए भाई ने ही उसके पास भेजा है। इसके बाद वे मानवों तथा रोबोट्स के एक काल्पनिक लोक में उसे ढूंढने निकल पड़ते हैं। रूसो बंधुओं ने कहा, 'हम यूनिवर्सल के साथ इस डील को पाकर बहुत प्रसन्न हैं। उन्होंने इसे थियेटरों में रिलीज़ करने का संकल्प व्यक्त किया है। हम फिल्मकारों तथा दुनिया भर के दर्शकों के लिए तो ये अविश्वसनीय समाचार है, जो एक बार पुनः फिल्मों को थियेटरों में देखने की राह देख रहे हैं।



# 'पिछले आठ महीनों ने हमें सिखाया जीवन में जो मिले उससे संतुष्ट रहो'

**उदीयमान अभिनेता शक्ति आनंद जो ज़ी टीवी के शो 'हमारी वाली गुड न्यूज़ में मुकुंद तिवारी का चरित्र निभा रहे हैं, ने इस रोल के प्रति उनके आकर्षण का कारण, इंडस्ट्री से मिली सीख तथा जीवन में किसी बात का उन्हें खेद है, जैसे विषयों पर बात की पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी से। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-**



**■ ज़ी टीवी के शो 'हमारी वाली गुड न्यूज़' शो में आपकी क्या भूमिका है?**

मैं इसमें मुकुंद तिवारी का चरित्र कर रहा हूं जो आगरा से बाहर एक दुकानदार है। वो अपने परिवार की इच्छाओं तथा धन अर्जित करने के बोरिंग काम से ऊब चुका है। उसके इस दायित्व के कारण वो अपने सब सपनों को विस्मृत कर चुका है। अब वो हर चीज को सख्त दृष्टिकोण से देखता है। अब वो अपने जीवन के लक्ष्य से भटक गया है और इस चक्कर में वो अपने बच्चों तथा पत्नी से सही व्यवहार नहीं कर पाता। लेकिन अपनी बहन, जिसको वो भगवान जैसा मानता है। शो में दिखाया गया है कि किस प्रकार उसके जीवन में बदलाव आता है।

**■ इस भूमिका के प्रति आपको क्या आकर्षक लगा?**

इसकी कहानी ही मुझे बहुत अच्छी लगी थी। जब भी किसी अभिनेता को किसी शो की कहानी सुनाई जाती है तो उसका पहला ध्यान कहानी पर ही जाता है। इसके बाद ही उसका चरित्र आता है।

**■ आपने 'एक्सज़ोन सहेली, में काम किया है और अब आप हिम्मतवाली गुड न्यूज़ में काम कर रहे हैं, कैसी रही है आपकी ये यात्रा?**

ये अच्छी रही है। मैंने विविध प्रकार के चरित्रों को निभाया है और मुझे अनेक प्रोडक्शन हाउस के साथ काम करने का अवसर मिला है। जब भी किसी शो को अपनी वर्षगांठ मनाते देखते हैं तो अच्छा लगता है कि लोग आपको आज भी उतना ही प्यार देते हैं और 20 साल के आपके काम को आज भी सराहते हैं। मेरी यात्रा अद्भुत रही है। आज भी लोग मेरे शोज़ को अपेक्षाओं के साथ देखते हैं और किसी भी अभिनेता के लिए ये बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**■ इस इंडस्ट्री से आपने अब तक के कॅरियर में क्या सीख ली है?**

हमारी इंडस्ट्री उथल–पुथल भरी है। मैं गैर फिल्मी पृष्ठभूमि का हूं और जब मैं इस इंडस्ट्री में आया था तो लोगों ने बताया था कि यहां की स्थितियां बहुत अनिश्चित होती हैं। कई बार आपको काम मिलता है और कई बार नहीं भी मिलता है। लेकिन जब आप इंडस्ट्री में प्रवेश कर रहे होते हैं तो आपको लगता है कि आप यहां अपना स्थान बनाने में अवश्य सफल रहेंगे। लेकिन जब आप उन लोगों के साथ अपनी तुलना करते हैं जिन्होंने अपना कॅरियर आपके ही साथ प्रारंभ किया था तो आपको लगने लगता है कि ये इंडस्ट्री उथल–पुथल भरी रही है। यहां आपको स्वयं को अपने पिछले शो, शूट या अवार्ड जितना ही सफल मानना चाहिये, उससे अधिक नहीं। यहां मैंने यही सीखा है कि आपको हर समय अपने प्रयास करते रहना चाहिये और विविधतापूर्ण चरित्र निभाने पर अपना पूरा ध्यान केन्द्रित रखना चाहिये।

**■ आप इस इंडस्ट्री में पिछले 20 सालों से काम कर रहे हैं क्या आपको लगता है कि आपको अपनी योग्यता के अनुसार प्रतिफल मिला है?**

जी हां, मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैं ये नहीं देखता कि मैं क्या चाहता था। बल्कि मैं यही देखता हूं कि मुझे मिला क्या है। सपने देखना तो कभी समाप्त नहीं हो सकता। लेकिन एक अभिनेता के रूप में आपको देखना होगा कि आप अपना स्थान बनाने में सफल हुए हैं या नहीं। आज भी मैं प्रेस को साक्षात्कार दे रहा हूं। इसका सीधा सा अर्थ ये है कि लोग आज भी मेरे जीवन तथा काम के बारे में जानना चाहते हैं। अब हर कोई तो शाहरुख खान या ऋतिक रोशन हो नहीं सकता। इस क्षेत्र में लाखों में से कोई एक चमकता है। मुझे जो भी मिला है और मैं जहां भी हूं, उसे लेकर प्रसन्न तथा संतुष्ट हूं। पिछले आठ महीनों में हम सभी को एक बात सीखने को मिली है कि जीवन में जो भी मिले उससे संतुष्ट रहो।

**■ क्या आपको अपना कोई रोल विशेष प्रिय है?**

सारा आकाश एक ऐसा शो है जो मुझे बहुत प्रिय है। लीड के रूप में वो मेरा पहला शो था। उन दिनों मैं बहुत उत्साहित तथा जोखिम लेने वाला व्यक्ति था। यही कारण था कि मुझे उस शो का हिस्सा बनना विशेष प्रिय था।

**■ कोरोना के समय शूटिंग करना कितना कठिन या सरल है?**

जी ये बहुत कठिन है और दुरूह भी। वर्तमान में मैं एक धारावाहिक के लिए शूटिंग कर रहा हूं जो एक बंद स्थान पर हो रही है। यही कारण है कि हम सब सुरक्षित अनुभव कर रहे हैं। लेकिन मेरे दूसरे ऐक्षन वाले शोज़ जो मैं ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए कर रहा हूं उनमें काम करना बहुत कठिन साबित हो रहा है।

इससे पहले हम ऐक्शन दृश्यों के लिए अभ्यास आदि किया करते थे। लेकिन मास्क और फेस शील्ड के साथ अभ्यास करना जटिल और उबाऊ प्रक्रिया बन जाती है। हमारे पास 110 लोगों की टीम है जो जूनियर हैं फिर सीरियर लोगों की तो बात ही छोड़ दीजिये। ऐसे में मास्क लगाकर काम करना काफी डरावना अनुभव बन जाता है।

## करण जौहर ने की महाकाव्य श्रृंखला के निर्माण की घोषणा

भाषा। मुंबई



**फिल्मकार** करण जौहर ने भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने की चेंज विदिन पहल के तहत मंगलवार को महाकाव्य श्रृंखला के निर्माण की घोषणा की। इस साल गांधी जयंती के मौके पर जौहर, एकता कपूर और आनंद एल राय समेत कई फिल्मकारों ने भारत की वीरता, मूल्यों और संस्कृति पर आधारित प्रेरणादाई फिल्में और धारावाहिक बनाने के लिए पहल शुरू की थी। जौहर ने ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टैग करते हुए यह घोषणा की। फिल्मकार ने कहा, 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाने की चेंज विदिन पहल के तहत हमारी पहली महाकाव्य श्रृंखला की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। रचनात्मक बिरादरी के मेरे मित्र राजकुमार संतोषी, दिनेश विजान और महावीर जैन हमारी आजादी की अतुल्य कहानियों को बताने के लिए एक साथ आए हैं। इससे पहले, फिल्म निर्माताओं ने कहा था कि वे प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेते हुए स्वतंत्रता संग्राम की भावना का जश्न मनाने को लेकर उत्सुक हैं।

## रकुलप्रीत सिंह कोरोना वायरस से संक्रमित



**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने मंगलवार को बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हैं और फिलहाल पृथक–वास में हैं। रकुल हैदराबाद में अभिनेता अजय देवगन के निर्देशन में बन रही फिल्म मेडे की शूटिंग कर रही थीं। रकुल ने ट्वीट कर कहा कि उनकी तबियत ठीक है। उन्होंने अपने संपर्क में आने वाले लोगों से अपनी जांच कराने का आग्रह किया है। उन्होंने ट्वीट किया, मैं बताना चाहूंगी कि मैं कोविड–19 से संक्रमित पाई गई हूं। मैं ठीक हूं और फिलहाल आराम कर रही हूं ताकि जल्द से जल्द शूटिंग पर वापस आ सकूं। उन्होंने लिखा, मुझसे मिलने वालों से मेरा अनुरोध है कि वे अपनी जांच करा लें। आपका धन्यवाद... और सुरक्षित रहें। मेडे में अमिताभ बच्चन, अंगीरि धर और अजय देवगन मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## आयुष्मान और वाणी ने फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी की शूटिंग पूरी की



भाषा। मुम्बई

**अभिनेता** आयुष्मान खुराना और अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी की शूटिंग पूरी कर ली है। इस रोमांटिक–ड्रामा फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया है और इसका निर्माण टी–सीरिज और गाय इन द स्काई पिक्चर्स के बैनर तले किया गया है। चंडीगढ़ में कोविड–19 वैश्विक महामारी के प्रकोप के बीच अक्टूबर में फिल्म की शूटिंग शुरू की गई थी और करीब 48 दिन में शूटिंग पूरी कर ली गई। टी–सीरिज के भूषण कुमार ने बताया कि शूटिंग के दौरान सुरक्षा संबंधी सभी एहतियात बरते गए। कुमार ने एक बयान में कहा, इससे फिल्म उद्योग में कार्यरत लोगों को भी वापस काम पर लौटने का मौका मिला। हम खुश हैं कि हमारे प्रयास सफल रहे। गाय इन द स्काई पिक्चर्स की प्रज्ञा कपूर ने भी कहा कि फिल्म की शूटिंग के दौरान दिए गए सहयोग के लिए वह पूरी टीम की आभारी हैं।

## मैं हमेशा से काम को लेकर ईमानदार रहा हूं: प्रतीक गांधी

**मुंबई।** गुजराती सिनेमा और रंगमंच के जाने–पहचाने चेहरे प्रतीक गांधी ने इंजीनियरिंग और अभिनय के दो अलग–अलग क्षेत्रों में कई सालों तक काम किया और अंततः वेबसीरीज स्कैम 1992– द हर्षद मेहता स्टोरी के जरिए मिली सराहना से बेहद खुश हैं। सोनी लिव पर प्रसारित इस वेबसीरीज में गांधी की भूमिका की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। इसका निर्देशन हंसल मेहता ने किया है। सूरत में शिक्षक दंपत्ति के यहां जन्मे गांधी 2004 में मुंबई आए लेकिन किस्मत उन्हें वापस गुजरात ले आई और उन्हें गुजराती सिनेमा और रंगमंच के क्षेत्र में पहचान मिली। 31 वर्षीय अभिनेता ने साक्षात्कार में कहा, मैं खुश हूं कि लोग अब मेरे पुराने काम को देखकर उसकी सराहना कर रहे हैं। लेकिन मैं हमेशा से अपने काम को लेकर ईमानदार रहा हूं। मैं स्कैम 1992 से पहले भी एसा ही था, बस अब लोगों के फोन आने ज्यादा हो गए हैं।

## नेटफ्लिक्स पर जनवरी में रिलीज होगी द व्हाइट टाइगर पर आधारित फिल्म

भाषा। मुंबई



**मैन** बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरविंद अडीगा के उपन्यास द व्हाइट टाइगर पर आधारित फिल्म नेटफ्लिक्स पर 22 जनवरी को रिलीज होगी। अंग्रेजी भाषा में बनी इस फिल्म का निर्देशन फारेनहाइट 451 और 99 होम्स से मशहूर हुए निर्देशक रामिन बहरानी ने किया है। नेटफ्लिक्स ने अपने अधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर सोमवार रात को फिल्म का ट्रेलर साझा कर इस बात की घोषणा की। पोस्ट के अनुसार, 22 जनवरी को रिलीज होगी द व्हाइट टाइगर। न्यूयॉर्क के बहुचर्चित उपन्यास पर आधारित फिल्म का निर्माण प्रियंका चोपड़ा और एवा दवर्ने कर रही हैं। इस फिल्म में माइ नेम इज खान , मॉम और लीला से मशहूर हुए अभिनेता आदर्श गौरव पहली बार मुख्य भूमिका में हैं। गौरव इस फिल्म में बलराम की भूमिका में हैं जो अशोक नाम के एक अमीर व्यवसाई का ड्राइवर है। अशोक की भूमिका राजकुमार राव निभा रहे हैं। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास अशोक की पत्नी पिंकी मैडम की भूमिका में हैं जो अमेरिका में एक प्रवासी है।

# पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण का जुनून

आलोक निगम। बांदा



**उत्तर प्रदेश** के बुंदेलखंड के बांदा जनपद में एक ऐसा शख्स है जो अपने आप में स्वयं वृक्ष बाबा के नाम से प्रसिद्ध हो रहा है। यह हैं रियल हीरो राम मोहन गुप्त। इस कोरोना काल में अपने जीवन की परवाह किए बगैर जुनून में लगातार पौधरोपण किए जा रहे हैं। नए–नए तरीके खोजे जा रहे हैं, अभी अपनी भतीजी की शादी में कार्ड में पौधरोपण को स्थान दिया और दूल्हा–दुल्हन से जगह–जगह पौधरोपण कराया। लड़का–लड़की दोनों अमेरिका में आईटियन हैं अभी हाल में बबेरू तहसील में मुख्यमंत्री द्वारा सामूहिक विवाह में 59 जोड़ों को वृक्ष ले जाकर स्वयं लगवाया। किसी से कोई पैसा नहीं लेते व स्वयं वृक्ष खरीदते हैं और जाकर लगवाना एक बहुत बड़ी बात है। अब तक हजारों पौधे लगवा चुके हैं। कई फार्म हाउस में बहुत दूर–दूर से पौधे लाकर लगाए हैं। उनका एक जुनून है इसको यह स्वयं पागलपन की संज्ञा देते हैं। राम मोहन स्वयं अपने पैसे से पौधे खरीदते हैं और अपनी गाड़ी में ले जाकर लोगों से गड्ढा खोदवाकर लगवाते हैं। आपका मानना है कि जीवन हैं वृक्ष, नहीं तो जीवन खत्म। इस बुंदेलखंड में जहां भयंकर गर्मी और पानी की समस्या रहती हो वहां अमलतास, रबर, प्लांट, नारियल जैसे पेड़ों को उगाना बहुत कठिन है। फिर भी यहां पर सभी पेड़ लग रहे हैं और हरे–भरे वातावरण को शुद्ध किए हुए हैं।

बताते चलें कि राम मोहन गुप्त की उम्र 51 वर्ष हो रही है। वे कहते हैं कि मैं लगभग 5 वर्षों से पौधरोपण कर रहा हूं और करवा रहा हूं और मोटिवेशन करके लोगों को समझाने की कोशिश कर रहा हूं कि वृक्ष है तो जीवन है, वृक्ष नहीं तो जीवन नहीं। इस जुनून से मैंने काफी पेड़ लगवा रखे हैं। बड़ा क्षेत्र हरा भरा हो रहा है, शुद्ध वातावरण हो रहा है। मेरे जो भी वृक्ष लगे हैं या लगाए गए हैं या लगवाए गए हैं, वह आज भी हरे भरे हैं। जीवित दशा में जबकि सरकारी वर्क वन विभाग द्वारा जो भी वृक्ष 1 दिन में करोड़ों की संख्या में लगाए जाते हैं लेकिन वह आपको दूसरे वर्ष जीवित दशा में मात्र 20 प्रतिशत ही मिलते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि किसी को इस कार्य से लगाव नहीं होता। यह तो वह पुनीत कार्य है। जिसे स्वयं लगन और ध्यान से करना चाहिए।

उन्होंने कहाकि जब कहीं भी किसी की शादी होती है तो मैं स्वयं पौध व फावड़ा लेकर जाता हूं और उस नई नवेली दुल्हन और दूल्हे से पौधा लगवाता हूं। ऐसा सामूहिक विवाहों में भी करता हूं। मैं लोगों को जिम्मेदारी देता हूं कि आप इस वृक्ष को जीवित रखने के लिए सारे उपाय करें। यह जीवित है तो समझ लीजिए आपकी उम्र बढ़ेगी। बुंदेलखंड के बांदा जनपद में कहीं भी किसी को बेटा या बेटी का जन्म होता है तो मेरी कोशिश है कि पौधा ले जाकर उनके मां–बाप से लगवाता हूं और कहता हूं इसको आप सुरक्षित रखें। आपके बच्चे की उम्र भी पेड़ की तरह बढ़ती रहेगी और बच्चा स्वस्थ रहेगा।

सीतापुर जेल से पेशी पर मुरादाबाद गए आजम खां...

# ...जब सुबह जेल कैंपस में अलर्ट हो गई पुलिस

संवाददाता। सीतापुर



**जिला कारागार** में निरूद्ध रामपुर से समाजवादी पार्टी सांसद आजम खां भारी सुरक्षा इंतजामों के संग मंगलवार को मुरादाबाद पेशी को रवाना हुए। उन्हें एमपी-एमएलए मुरादाबाद कोर्ट पांच को भेजा गया है। पेशी पर रवाना करने से पहले अलसुबह जिला कारागार में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात हो गई थी। इससे पूर्व सोमवार की देर शाम को आजम खां की पत्नी, विधायक तंजीन फातिमा की रिहाई हुई थी।

विभिन्न मुकदमे दर्ज होने के बाद कोर्ट में हाजिर न होने पर रामपुर से सपा सांसद आजम खां, पत्नी विधायक डॉ. तजीन फात्मा और बेटे विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ कुर्की का आदेश जारी हो गया था। इसके बाद तीनों ने 26 फरवरी को कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया था। एक रात रामपुर जेल में रखने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से तीनों को अगले ही दिन सीतापुर की जेल भेज दिया था, तभी से तीनों सीतापुर जेल में थे। शुक्रवार को दो मामलों में जमानत मिलने के बाद विधायक डॉ. तजीन फात्मा की रिहाई का रास्ता साफ हो गया था। सोमवार को रामपुर से परवाना सीतापुर की जेल भेज दिया गया था। उनकी जेल से रिहाई के लिए डॉ. तंजीन फातिमा के पुत्र अदीब आजम, बहू सिदरा आदि समर्थक सीतापुर की जेल पहुंच गए थे। देर शाम को जिला कारागार प्रशासन ने आजम खां की पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा की रिहा की गई। व्हील चेयर पर बैठकर विधायक तंजीन फातिमा जेल से बाहर आईं। बाद में वह महोली से सपा विधायक अनूप गुप्ता के आवास पर गई थी, जहां से वो रामपुर जिला को रवाना हो गई थी। मंगलवार को अलसुबह भारी सुरक्षा इंतजामों के साथ रामपुर से सांसद आजम खां मुरादाबाद पेशी को रवाना किए गए। उनकी रवानगी के समय जिला कारागार के बाहर भारी संख्या में पुलिस फोर्स समेत मीडिया का जमावड़ा लगा रहा।

जासमीर अंसारी के आवास पर पहुंचीं आजम खां की पत्नी...

## आम कैदियों की तरह ही हुआ मेरे साथ व्यवहार: तंजीन फातिमा

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर



लहरपुर में चेयरमैन जासमीर अंसारी से मिलने पहुंची तंजीन फातिमा

**सीतापुर जेल** से रिहा होने के बाद पूर्व मंत्री आजम खान की पत्नी विधायक तंजीन फातिमा अपने रामपुर घर जाने के बजाय जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर स्थित तहसील मुख्यालय के लहरपुर कस्बे में मोहल्ला शेख टोला स्थित पूर्व सांसद कैसर जहां व उनके पति नगर पालिका अध्यक्ष व पूर्व विधायक जासमीर अंसारी के घर आने की खबर जैसे ही लहरपुर के सपा कार्यकर्ताओं को पता चली वैसे ही हाल ही में सपा में शामिल हुए जासमीर अंसारी के आवास पर उनके समर्थकों की भारी भीड़ जुटने लगी रात 8:00 बजे तंजीन फातिमा अपने बहू सिदरा व पुत्र अदीम आजम के साथ दोनों सपा नेताओं के आवास पर पहुंची। जहां पहले से ही मौजूद सैकड़ों सपा कार्यकर्ता में उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और वह गाड़ी से उतरते ही सांसद कैसर जहां को गले से लगा लिया जासमीर अंसारी के आवास पर पत्रकारों से रूबरू होती हुई तंजीन फातिमा ने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने कोविड का बहाना लेकर उनसे उनके परिजनों को मिलने नहीं दिया गया और ना ही पार्टी के नेताओं से मिलने दिया गया फातिमा ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि उन्हें आम कैदियों की तरह जेल में रखा गया और जैसा आम कैदियों के साथ व्यवहार किया जाता है वैसा मेरे साथ भी किया गया उन्होंने कहा कि सरकार मेरे और मेरे परिवार के साथ ऐसा क्यों कर रही है वह आज तक जान नहीं पाई है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा सीतापुर व लहरपुर के लोगों की कर्जदार रहेगी। इस प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद कैसर जहां पूर्व विधायक व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जासमीर अंसारी, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे। देर शाम बाद तंजीन फातिमा अपने परिजनों व समर्थकों के साथ में रामपुर के लिए रवाना हो गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका के सभासद, व्यवसाई, समाजसेवी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य, शिक्षक अधिवक्ता बड़ी संख्या नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्पेशल ट्रेन दौड़ाकर तय करेंगे ट्रैक की स्पीड ट्रायल...

## रेल संरक्षा आयुक्त आज परखेंगे इलेक्ट्रिक ट्रैक की गुणवत्ता

संवाददाता। सीतापुर



**पूर्वोत्तर रेलवे** के सीतापुर-लखीमपुर के नए विद्युत टैऊक की बुधवार को रेल संरक्षा आयुक्त मो. लतीफ खां गुणवत्ता परखेंगे। बाद में स्पेशल टेऊन दौड़ाकर टैऊक की स्पीड भी तय करेंगे। उनके साथ डीआरएम लखनऊ मोनिका अग्निहोत्री समेत अधीनस्थ अफसर मौजूद रहेगें। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के सीतापुर जंक्शन-लखीमपुर खण्ड पर रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमण्डल मोहम्मद लतीफ खान द्वारा 25,000 वोल्ट ए.सी नई विद्युतकर्षण लाइन युक्त रेल खण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया जायेगा। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री तथा व मुख्यालय के संबंधित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं मण्डल के शाखाधिकारी उपस्थित रहेगे। रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा सीतापुर जं.-लखीमपुर स्टेशनों के मध्य आने वाले कर्व, पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग्स, रेलवे लाइन फिटिंग्स, सिग्नल, समपार फाटक तथा पैनल रूम, रिले रूम आदि का निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण के पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा लखीमपुर-सीतापुर जं0 खण्ड के मध्य स्पेशल टेऊन द्वारा स्पीड ट्रायल भी किया जायेगा। सभी क्षेत्रीय जनता एवं विशेषकर रेलवे लाइन के समीपवर्ती इलाकों में रहने वाले निवासियों को सचेत किया जाता है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान वह रेलवे लाइन पर गाड़ियों के संचालन के प्रति सतर्कता बरतें तथा अपने मवेशियों को रेलवे लाइन के आस पास खुले में न छोड़ें।

कोतवाली लहरपुर का कारनामा...

## एसपी साहब! हमारी एफआईआर लिखवा दीजिए

● पीड़ित की तहरीर पर भी नहीं लिखी गई एफआईआर, 6 दिसंबर को हुई थी घर में लूट

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर



पीड़ित

**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां एक तरफ अपराध और अपराधियों के प्रति शासन द्वारा जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं और जनपद के पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह भी शासन की इसी नीति को आगे बढ़ाते हुए हर छोटे से छोटे अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार मेहनत करते नजर आते हैं लेकिन लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में कोतवाली प्रभारी ओपी राय की अपराध को छिपाने की नीति के चलते पूरे क्षेत्र में अपराध और अपराधियों का बोलबाला चल रहा है। अपराध छिपाने में माहिर कोतवाली प्रभारी ओपी राय तब तक अपराध को दर्ज करना उचित नहीं समझते जब तक पीड़ित या तो पुलिस अधीक्षक या न्यायालय से मुकदमा दर्ज कराने का आदेश न ले आए। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुलेमानपुर का है जहां के निवासी अनिल दीक्षित पुत्र उमाशंकर दीक्षित के घर पर बीती 6-7 दिसंबर की रात सशस्त्र बदमाशों ने पीछे से घर में चढ़कर कमरे में सो रही अनिल दीक्षित की बहू अंकिता को असलहा लगाकर मंगलसूत्र व कान के बाले नोच लिए और अवैध असलहे की नोक पर ही अंकिता की अलमारी में रखे 4000 की नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित अनिल दीक्षित ने कोतवाली आकर पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की किंतु अपराध को छिपाने में माहिर कोतवाली प्रभारी द्वारा अपराध दर्ज करने की बजाय बीट के सिपाही कुलदीप से जांच कराए जाने की बात कह कर मामले को टाल दिया गया। अभियोग पंजीकृत न होता देख कर पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव से मिलकर जब न्याय की गुहार लगाई तो कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के सगे भाई सुनील दीक्षित को पकड़कर थाने पर बिठा लिया पीड़ित अनिल दीक्षित का आरोप है कि उन्होंने पुलिस के पूछने पर सुनील राजवंशी और सुनील दिक्षित पर घटना के संबंध में मौखिक रूप से शक जरूर जताया था किंतु कोतवाली पुलिस ने सुनील राजवंशी पर हाथ डालने की बजाए केवल सुनील दीक्षित को बगैर मामला दर्ज किये लाकर थाने पर बिठा लिया और पाँच दिन बिठाया रखा। घटना के संबंध में कोई कार्रवाई न होती देख कर जब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक आर पी सिंह के कार्यालय पहुंचकर उन से न्याय की गुहार लगाई तो पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया लेकिन यदि पीड़ित की माने तो कोतवाली पुलिस ने पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर में फेरबदल करते हुए मामला दर्ज किया है कोतवाली प्रभारी ओपी राय की अपराध को छिपाने की यह शैली कोई नई नहीं है लेकिन प्रश्न यह उठता है कि जब एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी अपराध को छुपाने के लिए इस तरह की कार्यप्रणाली अपनाएगा तो अपराध और अपराधियों के विरुद्ध शासन द्वारा कड़ी कार्रवाई करने की मंशा को अमलीजामा कैसे पहनाया जा सकेगा।

## क्विक न्यूज

### आरोपियों को हुई जेल, सुनाया गया जुर्माना

**सीतापुर।** अलग-अलग थाना पुलिस की सतत पैरवी के चलते कोर्ट ने 5 मामलों में अभियुक्तों को सजा सुना दी। थाना हरगांव पुलिस की पैरवी के बाद कोर्ट ने इलाके के गांव निगोहा निवासी खिल्ली उर्फ बिहारी को दुष्कर्म, हत्या व पास्को एक्ट के तहत आजीवन कारावास व 20 हजार रुपए जुर्माना, थाना कमलापुर पुलिस की पैरवी पर पताराकलां के विकास शुक्ला को दहेज हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि कोर्ट ने महमूदाबाद पुलिस की पैरवी के बाद इलाके के गांव मीरानगर निवासी भानू प्रताप को अपहरण व दुष्कर्म के मामले में 10 वर्ष का कारावास व 16 हजार रुपए जुर्माना, तालगांव पुलिस की पैरवी पर विस्फोटक अधिनियम के अभियुक्त को 9 वर्ष कारावास व 4 हजार रुपए जुर्माने की सजा मुकर्रर की है। इसके अलावा मिश्रिख पुलिस की पैरवी पर 3 शोहदों अवधेश, रामहेत व नन्हके को 5-5 सौ रुपए जुर्माना व बिताई गयी अवधि के कारावास की सजा सुनाई है।

### दो मासूमों को पुलिस ने मिलाया

**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली बिसवां पुलिस ने एक बार फिर मित्र पुलिस की छवि प्रदर्शित करते हुए खोए हुए 2 मासूमों को 3 घंटे के भीतर खोजकर परिजनों तक पहुंचा दिया। 2 वर्षीय समा व 3 वर्षीय महक मंगहरिया कस्बा बाजार में रो रहे थे। स्थानीय की सूचना पर पुलिस बड़ी मसक्कत के उनके परिजनों समीउद्दीन व सलीम निवासी जुलाही टोला का पता लगा पायी। इसके बाद पुलिस ने मासूमों के घर उन्हें पहुंचा दिया। हर कोई बेहतरीन पुलिसिंग के लिए टीम की प्रशंसा कर रहा है

### एंटी रोमियो ने पकड़े दो शोहदे

**सीतापुर।** महिला सुरक्षा के लिए तैनात अलग-अलग थानों की एंटी रोमियो टीमों ने 4 शोहदों को गिरफ्तार किया है। थाना अटरिया पुलिस ने नीमगांव के विष्णु, सिधौली पुलिस ने बीकेटी के राज यादव, मानपुर पुलिस ने शीतल पुरवा के अनुज कुमार व इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने थाना मछरेहटा के सरैय्या निवासी रवि को पकड़ा है। इसके अलावा बेटियों संग बदतमीजी कर रहे 35 से अधिक मनचलों को हिदायत भी दी गई है।

### स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण चलाया अभियान

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष टीकाकरण व नियमित टीकाकरण के जागरूकता के लिये ई रिक्शा प्रचार अभियान का सुभारम्भ किया गया। टीकाकरण प्रचार अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में टिका कारण को लेकर भ्रम को दूर करना है। प्रचार अभियान वाहन को रेउसा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ सन्दीप बाजपेई व फार्मासिस्ट डॉ गिरीश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### रेउसा में एनडी समाज सेवा संस्था द्वारा जरूरतमंदों को बांटे गये कंबल

**रेउसा सीतापुर।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए एंडी समाज सेवा संस्था के द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीबों को कंबल वितरण किया गया। जहां पर संस्था के अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने रेउसा ग्राम पंचायत के 21 लोगों को ए डी फैशन स्टोर पर कंबलों का वितरण किया। इस मौके पर आशीष सिंह छोटू सहित संस्था के सदस्य लोग मौजूद रहे।

### मानपुर पुलिस के हत्थे चढ़े जुआ खेलते नौ आरोपी

**मानपुर सीतापुर।** मानपुर पुलिस ने हार जीत की बाजी लगाकर जुवां खेलते 9 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस द्वारा सभी अभियुक्तों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कारवाई की जा रही है। थाना प्रभारी राय साहब द्विबेदी ने बताया पुलिस टीम ने करौंदीपुर गांव के निकट ब्रह्म बाबा देव स्थान के दाहिने गन्ने के खेत मे सार्वजनिक जुवां खेल रहे उलरा निवासी खालिक पुत्र मुन्ना, करौंदीपुर निवासी शंकरलाल पुत्र श्यामलाल, सुनील कुमार पुत्र खुशी राम, हनुमान प्रसाद पुत्र मेवा लाल, गुड्डू पुत्र सूंदर लाल, चांदपुर मजरा मोइजुद्दीनपुर निवासी रहीम खान,सरोज पुत्रगण बिस्मिल्लाह खान तथा प्रदीप पुत्र राम गुलाम निवासी सहेगंज थाना बिसवां को घेर कर पकड़ लिया। जुएं के फड़ से 2450 रुपये व 52 ताश के पत्ते वरामद हुए हैं। गिरफ्तारी पुलिस टीम में उ.नि. सतीश चंद, हे.का. बालेन्द्र सिंह, का. अखिलेश वर्मा, रवींद्र पाल शामिल रहे।

### उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन, सुरेन्द्र बने संघ के अध्यक्ष

**परसेंडी सीतापुर।** उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन ब्लाक संसाधन केंद्र लहरपुर में शिक्षक ओमप्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में जिला संगठन के पदाधिकारी रमा शंकर अवस्थी,सुंदर लाल तथा राजेश कुमार विश्वकर्मा उपस्थित हुए।कार्यक्रम का संचालन अनवर अली ने किया।शिक्षक दिनेश कुमार वर्मा,अनुपम राही तथा प्रमोद कुमार वर्मा ने वर्तमान समय शिक्षकों के सामने चुनौतियों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। अधिवेशन में ब्लाक इकाई के नवीन गठन हेतु चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु कृष्ण कुमार सिंह और सुरेन्द्र राजवंशी के मध्य चुनाव हुआ।कुल 80 में से 77 मत पड़े।एक मत अवैध घोषित किया गया। कृष्ण कुमार सिंह को 23 एव सुरेन्द्र राजवंशी को 53 मत प्राप्त हुए। पर्यवेक्षको ने सुरेन्द्र राजवंशी को विजयी घोषित किया। इस अवसर पर रामपाल, नूतन भारती, संजयकुमार, मुशीर अहमद, अशोक कुमार अवस्थी, मो. उस्मान अंसारी, नितिन, मो. असद सिद्दीकी आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

## एक साथ 20 एकड़ जमीन मिलना असंभव राहत दे सरकार: डॉ. अम्मार रिजवी

● पूर्व मंत्री ने कहा, उच्च शिक्षा की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही योगी सरकार

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर



महमूदाबाद-प्रेसवार्ता करते पूर्व मंत्री अम्मार रिजवी

**प्रदेश की** वर्तमान सरकार उच्च शिक्षा के प्रति न सिर्फ जागरूक है बल्कि पूरी तरह से सक्रियता के साथ उसकी प्रगति और प्रोत्साहन में मदद कर रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा निजी क्षेत्र में विश्वविद्यालय खोले जाने की तत्परता और सरकार की सक्रियता के लिये हम उनका धन्यवाद और आभार ज्ञापित करते हैं। बीते दिनों सरकार ने विश्वविद्यालय स्थापना के लिये भूमि का मानक 40 एकड़ से घटाकर 20 एकड़ कर दिया गया है जो कि सराहनीय प्रयास है। लेकिन शहरी क्षेत्र में एक ही स्थान पर 20 एकड़ भूमि मिलना बेहद दुर्लभ काम है। मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट के प्रांगण में पत्रकारों से वार्ता करते हुए संस्था के सचिव और पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी ने यह बात कही। उन्होने बताया कि महमूदाबाद में एक विश्वविद्यालय खोलने के प्रयास शुरू किये गये हैं जिस पर लगातार काम हो रहा है। वर्ष 2013 में तत्कालीन सरकार ने 25 एकड़ के मानक को घटाकर 10 एकड़ कर दिया था और इसका शासनादेश भी जारी हुआ था किन्तु एक प्रभावशाली राजनेता के जनपद में विश्वविद्यालय खुल जाने के बाद पुन: उसे बढ़ाकर 40 एकड़ कर दिया गया। जो कि सर्वथा गलत है। अखिलेश यादव जब महमूदाबाद आये थे तब उन्होने मौलाना आजाद को रूरल विश्वविद्यालय का दर्जा देने की बात कही थी और उनके द्वारा सहयोग भी किया गया। दो बार प्रस्ताव कैबिनेट में पहुंचाा किन्तु कुछ लोगो के विरोध के चलते पास नहीं हो सका। प्रदेश में सरकार पलट गई। योगी आदित्यनाथ सीएम बने तो हमने उनसे आग्रह किया और उन्होने आग्रह को स्वीकार करते हुए 40 एकड़ से घटाकर मानक को 20 एकड़ कर दिया। हम सबने उनके इस फैंसले की सराहना की और उन्हें धन्यवाद भी दिया। इस दौरान कालेज के प्राचार्य डा. जफर अब्बास, कार्यालय अधीक्षक राजेश सिंह, सीतांश शुक्ल, मनोज शुक्ल, राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

सांसद राजेश वर्मा ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात...

## शहर में जल्द शुरू होंगी सैन्य गतिविधियां

● बंद चीनी मिलों का घूमेगा पहिया

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पत्र देते सांसद राजेश वर्मा

**सीतापुर शहर** का जल्द ही काया कल्प होगा। इसे संवारने के लिए यहां की खाली पड़ी सेना की जमीनों पर सैन्य गतिविधियां शीघ्र शुरू होगी। इससे सीतापुर की जनता को लाभ मिलेगा। ये आश्वासन मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीतापुर सांसद राजेश वर्मा को मुलाकात में दिया। श्री वर्मा सीतापुर शहर के बीचोंबीच खाली पड़ी सेना की जमीनों को विकसित करने के मसले को लेकर रक्षा मंत्री से मिले थे। सांसद राजेश वर्मा ने आई इंडिया को बताया कि सीतापुर शहर के बीचोंबीच ग्रास फार्म, सदर बाजार, लाल कुर्ती, कनवाखेड़ा, आवास विकास कॉलोनी, हुसैनगंज तथा लखीमपुर मार्ग पर सेना की जमीनें पिछले काफी समय से खाली पड़ी हैं। लेकिन इन जमीनों का सेना द्वारा प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जिससे शहर का विकास नहीं हो पा रहा है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आश्वासन दिया कि वो प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री को अपना प्रस्ताव बनाकर भेजे। इसके जरिए शहर में खाली पड़ी सेना की जमीन का उपयुक्त करने के बदले में उसके कहीं दूसरी जगह पर जमीन दे दी जाए। एक सवाल के जवाब में सांसद ने बताया कि कमलापुर की बंद चीनी मिल को चडडा ग्रुप इसी सत्र में शुरू करेगा और बंद महोली चीनी मिल को भी चालू कराने का भी उनका प्रयास रहेगा।

## मनचला युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

संवाददाता। मानपुर सीतापुर

**मानपुर पुलिस** की एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं से अश्लील इशारे कर रहे एक मनचले को गिरफ्तार किया है। आरोपी को संबंधित धाराओं में जेल भेजा जा रहा है। उप निरीक्षक सतीश चंद ने बताया महिला कांस्टेबल दीपिका रावत व कांस्टेबल प्रदीप कुमार के साथ गश्त पर थे। तभी सूचना मिली क्षेत्र के मोहारी चौराहे पर एक युवक निकलने वाली महिलाओं से अश्लीलता कर रहा है। जिससे महिलाएं शर्मसार हो रही हैं। पुलिस टीम को देखकर वह भागने लगा। जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पूछने पर उसने अपना नाम अनुज कुमार पुत्र दीन दयाल यादव निवासी शीतल पुरवा बताया।

नैमिष दर्शन के बाद लाइन्स सभागार में की समीक्षा बैठक...

## एडीजी ने ट्रेनी रिक्रूटों को सिखाया पुलिसिंग का पाठ

● एडीजी ने आरटीसी का किया निरीक्षण, जानी व्यवस्थाएं, बैठक में डीएम एसपी समेत मौजूद रहे सभी आला अधिकारी

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-सम्बोधित करते एडीजे एस.के. सावंत



सीतापुर-गोष्ठी में मौजूद आरक्षी

**मंगलवार का** दिन सरकारी तंत्र के लिए चौंकाने वाला रहा है जब एडीजी एसएन साबत औचक निरीक्षण करने सीतापुर पहुंच गए सीतापुर पहुंचते ही एडीजी साबत ने सबसे पहले तीर्थ भूमि नैमिषारण्य का रुख किया और मां ललिता देवी के दर्शन किए इसके बाद वह पुलिस लाइन सीतापुर पहुंचे लाइंस पहुंचते ही डीएम विशाल भरद्वाज, एस पी आर पी सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया एवं आरक्षियो द्वारा गार्द सलामी दी गई इसके बाद एडीजी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ लाइंस के बाहर सभागार में समीक्षा बैठक करने पहुंचे कानून व्यवस्था को लेकर बैठक में एडीजी साबत ने गंभीर महिला व बाल संबंधी अपराधों गैंगस्टर एनएसए के अंतर्गत की गई कार्यवाहीयों की समीक्षा की और अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक संपन्न करने के बाद श्री साबत ने आरटीसी का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रेनी रिक्रूट को संबोधित करते हुए सभी को परीक्षा उत्तीर्ण कर महकमे में स्वागत किया और बधाई भी दी श्री साबत ने कहा कि पुलिसकर्मी बनने से पहले हमें एक जिम्मेदार भारतीय बनने की आवश्यकता है हमारे जीवन में अखबार का महत्व बताते हुए उन्होंने सभी को कोविड-19 टी जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया संबोधन के बाद उन्होंने आरटीसी परिस, मेस व बैरकों का भ्रमण कर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए इसके बाद भ्रमण कार्यक्रम हेतु पड़ोसी जनपद खीरी के लिए रवाना हो गए इस दौरान बैठक में एडीएम विनय पाठक, एएसपी उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित, एएसपी दक्षिणी एन.पी. सिंह प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, एसडीएम सदर अमित भट्ट व सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# कोविड-19 टीकाकरण अभियान पर बनी रणनीति

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**मंगलवार को** डीएम डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल की मौजूदगी में जिले में वैक्सीन उपलब्ध होने के पश्चात कोविड-19 टीकाकरण वृहद स्तर पर चलाए जाने के संबंध में रणनीति तय हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कोविड.19 वैक्सीन शीघ्र उपलब्ध होने की प्रबल संभावना है। इस क्रम में शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में कोल्ड चैन संबंधी व्यवस्थाएं, कोविन पोर्टल संबंधी डाटा अपलोडिंग, प्रशिक्षण तथा हेल्थ केयर वर्कर डाटा अपलोड किए जाने के संबंध में जिला स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में शीघ्र ही टीकाकरण का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाना संभावित है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के प्रथम चरण के टीकाकरण के संबंध में भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन कराए जाने के संबंध में अभी से अपनी कमर कस लें। सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने बताया प्रत्येक सत्र में छह कर्मियों की तैनाती की जाएगी। जिसमें दो सुरक्षाकर्मी, एक जांचकर्ता, एक वैक्सीनेटर एवं एक मोबिलाइजर शामिल है। टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण हेतु स्थलों का चयन एसओपी के अंतर्गत किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टीकाकरण सत्र में लाजिस्टिक, दो वैक्सीन कैरियर लाभार्थियों की संख्या के अनुसार वैक्सीन कैरियर में कोविड वैक्सीन, पर्याप्त संख्या में एडी शिरीज, हब कटर, वैक्सीन वायल ओपनर, हैंड सैनिटाइजर एवं मास्क पार्टीशन स्क्रीन एनाफाईलैक्सिस किट, लाल व पीले बैग एवं कचरे के लिए थैला ब्लू पंचर व रूफ कंटेनर वस्तुओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में टीकाकरण स्थल एवं सत्र आयोजन, प्रशिक्षण, कोविन पोर्टल पर सूचनाएं, ड्यू लिस्टए डीटीएफ, टीटीएफ, बीटीएफ शहरी टास्क फोर्स, अवशिष्ट निस्तारण, एईएफआई किट, अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण, चिन्हित कोल्ड चैन पॉइंट्स की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी एवं वीडियो रिकॉर्डिंग सहित कोल्ड चैन पॉइंट्स पर सुरक्षाकर्मियों की 24 घंटे तैनाती सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा के साथ रणनीति बनाई गई।बैठक में सभी विभागों के दायित्व बताये गये। बैठक में एसीएमओ डा. आरपी दीक्षित, डा. अश्विनी, डा. बीसी पंत, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरसी अग्रवाल, डा. नसरीन सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, आइएमए सदस्य एवं यूनिसेफके लोग मौजूद रहे।

## लाटरी सिस्टम से 21 आवास हुए चयनित

**मोहम्मदी-खीरी।** आज नगर पालिका परिषद के सभागार में मोहम्मदी में स्थित कांशीराम कालोनी के 21 आवासों का चयन लॉटरी सिस्टम द्वारा किया गया। इसमें 7 आवास सामान्य वर्ग के तथा 14 आवास अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित से थे। सभी 21 आवासों का चयन लाटरी सिस्टम के जरिए एक बच्चे के माध्यम से किया गया। बच्चे से प्रत्येक पर्ची निकलवाई गई जिससे पूरी पारदर्शिता नजर आई। पात्र 21 महिला व पुरुष व्यक्तियों को आवास आवंटित किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद डीके मिश्रा, नायब तहसीलदार ज्ञान प्रकाश सिंह, लिपिक कन्हैया लाल कुशवाहा, मोहित अवस्थी व लेखपाल दीपक वर्मा भी मौजूद रहे।

# सांसद ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

संवाददाता। निघासन-खीरी



**भाजपा सांसद** अजय मिश्र टेनी ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुधौरी में कई विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान रामपाल मौर्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी पहुंचे। यहां राष्ट्रीय आजीविका मिशन संकुल संघ कार्यालय का शिलान्यास किया गया। पंचायत भवन के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण, 160 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण हुआ है। बीडीओ ने भवन की विशेषताओं के बारे में बताया। कहा कि लाइब्रेरी, शौचालय, सभागार, मीटिंग हाल होगा। इसमें समूह की महिलाएं कढ़ाई, सिलाई आदि काम कर सकेंगी। अजय मिश्र टेनी ने बताया कि पिछली सरकारों में और अपनी सरकार में इतना अंतर है कि आज बिजली समस्या नहीं रही। गांव के लोग अंधेरे में जीवन यापन नहीं करते। पिछली सरकार में बिजली कब आई और कब चली गई कोई भरोसा नहीं था। हमारी सरकार ने गरीबों को लाभान्वित करने वाली सैकड़ों योजना धरातल पर उतारी है। आज के दौर में हर गरीब का सपना सरकार ने साकार किया है। सांसद ने पंचायत भवन लुधौरी के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण और गांव में बन रही इंटरलॉकिंग का लोकार्पण किया। वहीं सैकड़ों गरीबो को कंबल दिए। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, नागेंद्र सिंह सेंगर, रतीराम लोधी, प्रज्ञानन्द श्रीवास्तव, वीरेंद्र मिश्रा, गंगाराम जायसवाल, भाजपा नेता दरोगा सिंह, संजय गिरी, ध्रुव गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, जुगेश विश्वकर्मा, अनमोल तहसीलदार धर्मेंद्र पांडे, खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा व क्षेत्रीय लेखपाल अजय कुमार समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दबंगों ने युवक को मारी गोली

**लखीमपुर-खीरी।** भुईफोरवानाथ निवासी इन्द्रजीत सिंह पुत्र राजेश सिंह बेगमबाग स्थित मीरा गुप्ता के कोटे पर राशन लेने गया था। वहां कमाल पुत्र मोबीन से साइकिल हटाने को लेकर विवाद हो गया। लोगों के समझाने पर मामला शांत हो गया। कुछ देर बाद कमाल अपने भतीजे आमीर व समीर पुत्रगण असलम के साथ आ धमका। समीर ने तमंचा निकालकर इंद्रजीत पर फायर झोंक दी। फायर मिस होने से उसकी जान बच गयी। समीर ने उसे तमंचे की बट मारते हुए लहूलुहान कर दिया। शोर शराब व सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समीर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो तमंचे व कारतूस बरामद हुई। कमाल व आमिर फरार हैं।

# राम कथा में शिव विवाह प्रसंग सुन श्रोता हुये भावविभोर

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**मानस अमृत** सेवा संस्थान की ओर से मोहल्ला शुक्लापुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के आज तीसरे दिन परमपूज्य जितेन्द्री जी महाराज ने शिव विवाह प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथावाचक जितेन्द्री जी महाराज ने कहा कि शिव विवाह का प्रसंग आध्यात्मिक रहस्यों को अपने में समाहित किए हुए है। इसलिए रामकथा से पूर्व शिव विवाह को जानना आवश्यक है। शिव विवाह में देवाधिदेव महादेव के विश्वास रूप और मां पार्वती के श्रद्धा रूप को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज भी मानव जीवन में विवाह इन्हीं बातों पर टिका हुआ है। विवाह में पति-पत्नी का बंधन विश्वास और श्रद्धा पर आधारित होता है। इसमें एक भी कड़ी कमजोर होती है तो मानों संबंध में मिठास के बदले खटास आ जाएगी। वह इसलिए कि मां पार्वती को विवाह से पूर्व बताया और समझाया गया कि भस्म रमाने वाले, भांग धतूरा खाने वाले कैसे उसे सुखी रख पाएंगे। पार्वती के मन की श्रद्धा और भक्ति इन बातों से नहीं बदली। उन्होंने यह तय कर लिया कि वह विवाह करेंगी तो सिर्फ भोलेनाथ से। विवाह में क्या उधम मचा इस प्रसंग को भी भक्त जानते हैं। बारात को देख कैसे पार्वती की मां मयना ने सिर पीट लिया। यह प्रसंग यह भी बताता है कि भक्त के हृदय में श्रद्धा और विश्वास का मिलन तभी होता है जब जीवन में एक गुरु का आगमन होता है। यह शिव विवाह प्रसंग में स्पष्ट हो जाता है। कथा में आयोजक संजय सैनी, रजनी सैनी समेत कथा यजमान संजीव गुप्ता, शुभम चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# सरयू व गंगा पूजन के साथ राम विवाह उत्सव संपन्न

**फतेहपुर।** मलवा विकास खण्ड के ठाकुर जी विराजमान मंदिर गोधरौली में पांच दिवसीय राम विवाह उत्सव कार्यक्रम सरयू व गंगा पूजन के बाद संपन्न हो गया। गाजे बाजे के साथ राम और सीता की झांकी सीताराम के जयकारे के साथ भक्तों की टोली वाहनों से गंगा व सरयू पूजन के लिए लेकर चल पड़ी। सबसे आगे दो बाइकों में कमांडो की वेशभूषा में भक्त श्रीराम, सीता की गाड़ी के आगे चल रहे थे। इसके पीछे मंदिर के महंत सीता कांत शरण जी महाराज और फिर भक्तों की गाड़ियां चल रही थी। गंगा के किनारे मौर विसर्जन, गंगा पूजन किया गया। राम सीता के जयकारों से पूरा वातावरण राममय हो गया। भक्तों ने गंगा जी के तट पर सीताराम की आरती उतारी। श्रीराम विवाह उत्सव संपन्न होने के बाद पंगत में बैठकर साधु संतों की संगत में सभी भक्तों ने प्रसाद पाया।

# कांग्रेसियों ने सांसद व विधायक को सौंपे ज्ञापन



● मोदी सरकार के कृषि कानून को वापस लेने की मांग

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**मोदी सरकार** के कृषि कानून के विरोध में कांग्रेस ने खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी एवं लखीमपुर योगेश वर्मा के प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा। शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी ने कहा कि तीनों कृषि बिल किसानों के हित में नहीं है। इस बिल को लाकर मोदी सरकार ने किसान को छला है। ऐसे काले कानून तत्काल वापस लिए जाएं।

संजय गोस्वामी एवं मंजू मिश्रा ने कहा कि धान क्रय केंद्रों का पता नहीं है। बिल के आने के बाद किसानों को नुकसान के अलावा कुछ नहीं मिला। किसान अपनी धान की फसल नहीं बेच पा रहे हैं। जिन किसानों का धान बिका भी है तो उन्हें एक हजार से ज्याद दाम नहीं मिले। गन्ना किसानों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ और नया गन्ना सीजन शुरू हो चुका है। दिल्ली में किसान ठंड में धरने पर बैठे हैं लेकिन मोदी सरकार के नेता मंत्री पश्चिम बंगाल में अन्य प्रदेशों में दौरा कर रहे हैं। सांसद विधायक को ज्ञापन देकर किसानों की बात सदन में उठाने के लिए कहा गया है। इस अवसर पर मोहनचंद उप्रेती, रियाज अहमद मोनू, इरफान बेग, कोमल सिंह, शीला कश्यप, कमलेश कश्यप, रवि गोस्वामी, नीरज बाजपेई, अब्दुल कयूम, संजीव मिश्रा, इम्तियाज अली, रामपाल शाक्य, तारिक हुसैन व चंद्र शुक्ला आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# पूर्व राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री मोती लाल को गई दी श्रद्धांजलि



**लखीमपुर-खीरी।** कैंप कार्यालय भारत भूषण कालोनी गोला-लखीमपुर में पूर्व राज्यपाल एवं दो-दो बार के मुख्यमंत्री कांग्रेस के मार्गदर्शक मोतीलाल बोरा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने स्वर्गीय बोरा के जीवन के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि वह शख्सियत थे जो गांधी परिवार से लेकर एक छोटे से जमीनी कार्यकर्ता तक अपना संबंध बनाए रखते थे। उनके जाने से कांग्रेस को बहुत बड़ी क्षति हुई है। इसकी भरपाई करना बहुत मुश्किल है। उसके बाद 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सहजेंद्र दीक्षित, जिला महासचिव प्रेम कुमार वर्मा, नवनियुक्त अध्यक्ष ब्लाक कुंभी मतीन शाह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अध्यापक सत्य प्रकाश बाजपेई, रामकुमार वर्मा, सगीर अहमद, रमेश चंद पटेल, राम शंकर पाल, पंकज पटेल, फकीर मोहम्मद, इसरार अली, अंकुर पटेल, जितेंद्र गौतम व राजाराम भारती आदिउपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### गांव और पांव-पांव यात्रा की शुरुआत

**बरेली।** गांव और पांव पांव यात्रा की शुरुआत कैंट विधानसभा के अध्यक्ष भाई इरशाद अंसारी के निवास यनिवर्सिटी रोड निकट दीपक स्वीट्स हाउस से शुरू की पार्टी के महानगर अध्यक्ष डॉ मोहम्मद खालिद जी के नेतृत्व में सभी बड़े नेताओं की मौजूदगी में की। सीहडॉ मो खालिद ने प्रोग्राम की जानकारी देते हुए कहा हमारे नेता मा शिवपाल सिंह यादव ने अब ऐलान कर दिया है जब तक किसान विरोधी कला कानून बापस नही होगा तब तक हम लोग अब चेन से नही वैठेगे इस सरकार ने तो हदों की सारी सीमाएं लांघ दी है वही प्रमुख महासचिव अशोक यादव ने कहा सारा नगर निगम खुदा पड़ा है पब्लिक को हर जगह जाम से जूझना पड़ रहा है जिस पार्टी के मेयर ही खुद स्वीकार कर चुके हैं स्मार्ट सिटी बस कागजो तक ही सीमित है पब्लिक की कई समस्यओं को लेकर हम लोग सड़कों पर निकल व्यापारी,किसान,नोजवानो महिला उत्पीड़न की आवाज बन संघर्ष करेंगे ।साथ मे मोजूद रहे भारत यादव,जमुना प्रसाद मौर्य, इरशाद अंसारी ,मुदसर खान,मौलाना शाहिद, शेर सिंह यादव,मुकेश सिंह,अनिल खेड़ा, अखिलेश सक्सेना,आदि लोग मौजूद रहे

### फफूंदनाशक दवा का छिड़काव कर आलू की फसल को बचायें

**बरेली।** ठंड के मौसम मे आलू मे तमाम तरह की बीमारिया अभी से दिखने लगी है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया बदलीयुक्त बूंदाबांदी एव नम वातावरण मे झुलसा रोग का प्रकोप देखने को मिलता है। आलू उत्पादक फफूंदनाशक दवा का छिड़काव करे। मैन्कोजेब प्रोपीनेब क्लोरोथेलोनील युक्त फफूंदनाशक दवा का छिड़काव कर सकते है। सुग्राही किस्मो पर .25 प्रतिशत की दर से अर्थात् 2.0-2.5 किलोग्राम दवा 1000 लीटर पानी मे घोलकर प्रति हेक्टेयर छिड़काव कर सकते है। फफूंदनाशक को दस दिन के अंतराल पर दोहराया जा सकता है। इस बात का ख्याल रखना होगा कि एक ही फफूंदनाशक का बार-बार छिड़काव न करे।

### चर्चो से लेकर घरों तक क्रिसमस कार्यक्रमों की शुरूआत

**बरेली।** क्रिसमस पर्व से पहले ही चर्चो से लेकर घरो तक धार्मिक कार्यक्रमो की शुरूआत हो गयी है। चर्चो मे दोनो समय आराधना और बाइबिल पढ़ी गई। युवाओ ने संगीत के साथ गीत गाकर प्रभु यीशु मसीह का गुणगान किया। चौकी चौराह स्थित मैथोडिस्ट चर्च मे पादरी ने सुबह और शाम दोनो समय आराधना कराई। उन्होंने बाइबिल सुनाई और प्रभु यीशु मसीह का संदेश दिया। बताया गया प्रभु जगत से बहुत प्रेम करते है। इसलिए उन्होंने दुनिया के उद्धार के लिए खुद को कुर्बान कर दिया। उन्होंने अपने अनुयायियो को भी सदैव और सभी से प्रेम करने का संदेश दिया। प्रभु ने बताया हम प्रेम से ही विरोधियो तक को जीत सकते है। युवाओ ने संगीत के साथ भक्ति गीत गाकर सभी को झूमने के लिए विवश कर दिया। पूरा चर्च प्रभु यीशुमय हो गया। सानिध्य पादरी डेनियल मसीह का रहा।

### बरेली में हुआ प्रथम गुर्दा प्रत्यारोपण व विश्व पटल पर बनाया अपना स्थान



**बरेली।** पीलीभीत बाईपास स्थित साईं सुखदा अस्पताल में प्रथम गुर्दा प्रत्यारोपण हुआ । डॉ शरद अग्रवाल के नेतृत्व में प्रथम गुर्दा प्रत्यारोपण से बरेली ने विश्व पटल पर अपना स्थान बना लिया है। अस्पताल अब यूट्रस प्रत्यारोपण ब अन्य अंगों के प्रत्यारोपण के लिए भी प्रयासरत है। साईं सुखदा अस्पताल हर प्रकार की आधुनिक तकनीकी की सर्जरी के लिए उपयुक्त है। इस अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग में 4 सुपर स्पेशलिटी प्रारंभ हो चुकी है। जिसमें यहां प्रसूति एवं स्त्री रोग संपूर्ण तथा अत्याधुनिक हो गया है। यहां डॉ अर्चना अग्रवाल डॉक्टर करुणा की देखरेख में कॉस्मेटिक एवं एसथेटिक गायनी, फीटल मेडिसिन, हाई रिस्क प्रेगनेंसी, यूरो वाहिनी का इलाज अत्याधुनिक तरीके से किया जाता है। इस अस्पताल में 40 बेड का आईसीयू 10 बेड का एनआईसीयू घुटना प्रत्यारोपण न्यूरो सर्जरी, अत्याधुनिक डायलिसिस विभाग भी उपलब्ध है। अस्पताल में उच्च गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाएं एवं पेशेंट सेफ्टी का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर विशेष ध्यान रखा जाता है। इस अवसर पर डॉ शरद अग्रवाल डॉ अर्चना अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# महिला ने प्रधानपति पर लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

संवाददाता। गाजीपुर (फतेहपुर)

**थाना क्षेत्र** के असोथर विकासखंड क्षेत्र के परसेठा गांव की एक महिला ने प्रधान पति पर जान से मारने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम खनसेनपुर मजरे परसेठा की रहने वाली लगभग 56 वर्षीय गुड़िया देवी पत्नी बलराम ने वर्तमान प्रधान पति पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसका नाम मनरेगा जॉब कार्ड में है, वह मनरेगा में काम करने नहीं जाती है फिर भी प्रधान पति हर महीने उसके पास आकर पैसा निकालने के लिए कहता था और अंगूठा लगवा कर पैसा निकाल लेता था। सौ दो सौ रुपये देकर बाकी पैसा हड़प जाता था। वह एक दो बार पैसा निकालने नहीं गई, तो प्रधान पति घर आकर मेरी बेइज्जती करता है और भद्दी भद्दी गालियां भी देता है। उक्त महिला ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसे आवास दिया गया था। तभी दस हजार रुपये वही बैंक मैनेजर से सेटिंग करके ले लिया। जब उसने कहा कि उसे पूरा पैसा चाहिए तभी प्रधान पति गाली देते हुए कहा वह सभी आवास लाभार्थियों से दस हजार रूपये पहले ही ले लेता है, बाद में कोई नहीं देता। पीड़िता का पति बलराम लगभग 25 वर्ष पहले एक बेटा और एक बेटी को छोड़कर कहीं चला गया था। बाद में पता चला कि उसने दूसरी शादी कर ली है। वही गुड़िया देवी ने दोनों बच्चों की परवरिश करने के बाद बेटे और बेटी की भी शादी कर दिया। तभी से उक्त महिला घर में अकेली रहती है। बेटा रामकिशोर जीवन यापन के लिए महाराष्ट्र में परिवार सहित रहता है। प्रधान पति रामकृपाल के द्वारा अपमानित व प्रताड़ना से आजिज आकर महिला कुछ दिनों के लिए अपनी बेटी के यहां चली गई थी।

## घरेलू कलह के चलते महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**बिंदकी (फतेहपुर)।** घरेलू कलह के चलते महिला ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ खा लिया। माहिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने पूछताछ शुरू की। जिस पर जहर खाने की जानकारी हुई। जिसके चलते परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने महिला की हालत खराब देख प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के लखना खेड़ा गांव में घरेलू कला के चलते कमला देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी सरोज कुमार उर्फछोटे में जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाते ही महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने महिला से पूछताछ शुरू की। जिस पर महिला ने जहरीला पदार्थ खाए जाने की जानकारी दी। यह सुनते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में महिला को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि बच्चों को लेकर हुए विवाद में पति की डांट से क्षुब्ध होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया है।

# कृषि कानून के विरोध में किसानों का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** कृषि कानून के विरोध में दिल्ली में किसानों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के समर्थन पर स्थानीय किसानों द्वारा चालू किया गया। अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। इस मौके पर किसान नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक दिल्ली के किसान आंदोलन कर रहे हैं वह भी लगातार उनके समर्थन में आंदोलन करते रहेंगे और हर हाल में कृषि कानून को वापस कराने का काम करेंगे।जानकारी के अनुसार मंगलवार को तीसरे दिन भी जिला पंचायत सदस्य बबलू कालिया के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसान कृषि कानून के विरोध में धरना प्रदर्शन में बैठे रहे। बताते चलें कि स्थानीय किसान दिल्ली में चल रहे आंदोलन के समर्थन में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए हैं। इस मौके पर धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिपं सदस्य ने कहा कि कृषि कानून के विरोध में किसान लगातार दिल्ली में धरना प्रदर्शन कर रहे, आंदोलन कर रहे हैं। निश्चित रूप से इसी के चलते स्थानीय किसानों ने मिलकर या अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया है और जब तक दिल्ली में किसान आंदोलन में डटे रहेंगे वह लोग भी अनिश्चितकालीन धरने में यहां बैठे रहेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि कानून पूरी तरह से किसान विरोधी है। केंद्र की भाजपा सरकार को यह कानून हर हाल में वापस लेना होगा। इस मौके पर विवेक मिश्रा, मनीष पटेल, सैलाब, सुखीराम, राम दुलारे पटेल, संदीप कुमार, सुशील कालिया, अर्पित पटेल, रमेश, रामसखी आदि मौजूद रहे।

## रिक्रूट आरक्षियों का सम्मेलन व साइबर गोष्ठी का आयोजन

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशानुसार रिजर्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता कर प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। रिक्रूट आरक्षियों से समस्याओं के बारे में पूछा गया और निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स अनिल कुमार, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के अतिरिक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# राजकीय धान केन्द्र पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री ने किसानों से की बातचीत

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** अचानक बीजेपी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व शिक्षा मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक मंडी समिति परिसर स्थित राजकीय धान केंद्रों में पहुंचे तो हड़कंप मच गया। उन्होंने धान बेचने आए किसानों से बातचीत कहा और पूछा कि यदि कोई परेशानी हो तो उन्हें बताएं हालांकि मौजूद किसानों ने खरीद के मामले में संतोष व्यक्त किया। वही पूर्व मंत्री ने मौजूद केंद्र प्रभारियों से कहा कि कोई भी किसान लौटने ना पाए सबका धाम खरीदा जाना चाहिए।

नगर के कुंवरपुर रोड स्थित मंडी स्थल परिसर में लगे राजकीय धान केंद्रों में भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व शिक्षा मंत्री अमरजीत सिंह पहुंचे तो हड़कंप मच गया। उस समय दोनों धान केंद्रों में किसानों के धान की तौल चल रही थी। पूर्व शिक्षा मंत्री ने मौजूद कई किसानों से धान खरीद के बारे में जानकारी ली और कहा कि यदि कोई परेशानी हो तो उन्हें अवगत कराएं। वह इस मामले में जिलाधिकारी से बातचीत कर समस्या को हल कर आएंगे लेकिन मौके पर मौजूद किसानों ने बताया कि उनका धान आसानी से खरीदा जा रहा है कोई परेशानी नहीं है और यदि कोई आने वाले समय में परेशानी आएंगी तो निश्चित रूप से उनको अवगत कराएंगे ताकि उनकी समस्या जिलाधिकारी तक पहुंच सके। इतना ही नहीं पूर्व शिक्षा मंत्री ने राज्य की धान केंद्रों के प्रभारी संजीव श्रीवास्तव से भी बातचीत किया और कहा कि हर हाल में सभी किसानों का धान की तौल होनी चाहिए। कोई किसान वापस न जाए। ठंड का मौसम है इस बात का भी ध्यान रखा जाए। कोशिश करें कि दिन में ही पूरी तौल हो जाए। रात में किसी किसान को यहां पर ठहरना ना पड़े। केंद्र प्रभारी ने पूर्व शिक्षा मंत्री को आश्वस्त किया कि निश्चित रूप से उनके दिशा-निर्देशों का पालन होगा और सभी किसानों का धान तौला जा रहा है। आने वाले समय में भी लगातार धान की तौल होगी कोई समस्या सामने नहीं आएगी। इस मौके पर उपेंद्र सिंह गौतम तथा अजीत सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

## युवती ने आग लगाकर जान देने का किया प्रयास

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम छिवलहा में सोमवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 28 वर्षीय एक युवती ने केरोसीन डालकर आग लगा लिया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गयी। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार छिवलहा निवासी शब्बू की पत्नी सना ने देर शाम संदिग्ध अवस्था में अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा लिया। जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गयी। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे परिजनों ने महिला के शरीर में लगी आग को बुझाया और सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया।

## सड़क हादसे में युवती घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दरौली में मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 25 वर्षीय एक युवती घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार दरौली गांव निवासी मोहन की पत्नी सीमा आज सुबह खेत से घर की ओर आ रही थी। तभी सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गयी परिजन उसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## तीन वांछितों को पुलिस ने दबोचा

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में जनपद के दो थानों की पुलिस ने वांछित चल रहे तीन लोगों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव आज अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे श्रवण पासवान पुत्र ओम प्रकाश निवासी शाह थाना गाजीपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी है। इसी प्रकार मलवां थाने के उपनिरीक्षक उमाकांत अपने हमराही सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे पवन कुमार पुत्र स्व0 रामराज निवासी कारीकान का पुरवा मजरे कोराई व पुत्तन लाल गौतम पुत्र रघुराज निवासी पलनहा थाना हुसैनगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आये तीनों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

## तमंचा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के अन्तर्गत गाजीपुर पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम चुरियानी के समीप भट्ठे के पास किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़े युवक को अवैध असलहा व कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार थाने के उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़े रूपेश सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी फुलवामऊ को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से 12 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया।

## मासूम बच्ची से सगे मौसा ने दुष्कर्म करने का किया प्रयास

**ललौली ( फतेहपुर )।** थाना क्षेत्र में घर के बाहर खेल रही 06 वर्षीय मासूम बच्ची से उसके सगे मौसा ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मासूम की चीख पुकार सुनकर मोहल्ले वासियो ने आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंपा। मासूम की हालत खराब देख पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक घर वालो ने थाने में तहरीर दिया जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अभियुक्त को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## विधवा को पड़ोसी युवक ने पीटा

**थरियांव ( फतेहपुर )।** थाना क्षेत्र के गांव टेक्सारीबुजुर्ग की विधवा सुनीता देवी पत्नी स्व0 सूरजपाल सुबह 10 बजे किसी काम से शहर जा रही थी। तभी रास्ते में गांव का ही पड़ोसी हरीराम लोधी ने शराब के नशे में महिला का रास्ता रोका और छींटाकशी करने लगा। महिला के विरोध करने पर उसने गाली गलौज करने लगा और महिला का हाथ पकड़कर आक्रोशित होकर लात घूंसो से मारा पीटा।

# धान क्रय केंद्र प्रभारी व सहयोगी गिरफ्तार

- पैसा लेकर धान खरीदने पर हुई कार्रवाई
- गौशाला का किया निरीक्षण और पशु चिकित्सक को लगाई लताड़



संवाददाता। घाटमपुर

**मंगलवार** दोपहर बाद जिलाधिकारी आलोक तिवारी ने बिकास खंण्ड घाटमपुर के गांव कोटरा मकरंन्दपुर स्थित धान क्रय केन्द्र का अचानक निरीक्षण किया, निरीक्षण दौरान केंद्र में अफ्रा तफ्री मच गयी तथा केंद्र प्रभारी सुबोध साहू पर किसानों से पैसा लेकर धान खरीदने की शिकायत पर नराज हुए जिलाधिकारी ने जिन किसानों का आज क्रय केंद्र में धान खरीदा गया था उनके मोबाइल नंबर पर जानकारी के बाद डीएम ने केद्र प्रभारी सुबोध साहू व उसके प्राइवेट सहयोगी दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश देने व पुलिस बुला कर दोनों को हिरासत में देने का आदेश दिया। सजेती थाने में दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत होने के साथ पुलिस ने उन्हे गिरफ्तार कर लिया। कोटरा में सांई प्रसाद उपभोक्त समिति के नाम से धान्ॅय केन्द्र खुला है। इसके बाद जिलाधिकारी आलोक तिवारी व उप जिलधिकारी अरुणकुमार श्रीवास्तव कोटरा व मंकरंन्दपुर दोनों गांवों के गौशालाओं का निरीक्षण किया, मकरंन्दपुर की गौशाला के निरीक्षण दौरान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की कि ग्राम प्रधान गोबंशों के चारे आदि के लिये धन न देने से वो लोग चंन्दा कर भूसा आदि खिला रहे हैं। जिलाधिकारी ने मवेशियों के लिये कैचिंग और जाड़े से बचाव की ब्यवस्था न होने पर उन्होंने बीडीओं को भी फ्टकार लगायी, गौशालाओं ने पशुओं के टीकाकरण के बारे में पशु चिकित्सक से जानकारी की तो वो कोई जवाब न दे सके। डीएम ने गॅाव में आयोजित बरासत कैंम्प का भी निरीक्षण किया। इसके बाद जिलाधिकारी आलोक तिवारी ने घाटमपुर ब्लाक के ही गांव बेंदा का गौशाला व वरासत कैंम्प की हकीकत जॉची। निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार बिनीत कुमार, बीडीओं एस0एन0 सिंह और जाजपुर चौकी प्रभारी भी मौजूद रहे।

# चौदह दिन के बाद भी पुलिस के खाली हाथ

संवाददाता। कायमगंज .फर्रुखाबाद

**आखिर** क्यों ना हो चोरों गुंडों और अराजक तत्वों के हौसले बुलंद जब पुलिस हर मामले को ठंडे बस्ते में डालकर दबाने का ही प्रयास करे। जब किसी भी घटना की रिपोर्ट न लिखना ही अपराधों में कमी लाने का एक दिखावा मात्र जरिया या नजरिया पुलिस बना ले तो फ्रि ऐसी स्थिति में चोरों और मवालियों के हौसले तो बुलंद होंगे ही।

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव रुटौल में इसी माह की 13 - 14 तारीख की रात को यहीं के निवासी हरीमोहन पुत्र किशोरी लाल के घर में शातिर चोरों ने धावा बोला था । जिस समय चोर अपनी करतूतों को अंजाम दे रहे थे। उस वक्त केवल घर में कमरे के अंदर हरीमोहन व एक महिला सो रहे थे । परिवार के अन्य सदस्य पड़ोस में ही हो रहे धार्मिक आयोजन में शामिल होने चले गए थे गए थे। चोरों ने उस कमरे का दरवाजा कुंडी लगा कर बंद कर दिया था। जिसमें हरीमोहन सोया हुआ था । इसके बाद उनके घर आयी मेहमान बेटी तथा गृह स्वामी सहित दोनों के जेवरात व नकदी सहित लगभग सात लाख से अधिक की चोरी चोरों ने कर ली । जिसकी तहरीर उनकी बेटी के ससुराल वालों ने एवं स्वयं गृह स्वामी ने कोतवाली कायमगंज में दे दी थी। केबल औपचारिकता भर के लिए शायद एक बार ए एक या दो पुलिसकर्मी गांव तो गएए

लेकिन आज तक इस घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोरों की जहां पुलिस परछाई तक का आभास नहीं दिला पाई। वही विडंबना यह है कि इस घटना की संभवत आज तक रिपोर्ट लिखना भी पुलिस ने उचित नहीं समझा। प्रश्न यह अनुत्वरित होता है कि क्या इस तरह की गति विधि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम हो सकती है।

# थाने के बाहर सड़क पर खड़े ट्रकों की कतार बनी परेशानी का सबब



संवाददाता। बकेवर

**जनपद** में ओवरलोड वाहनों पर लगातार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा अभियान चलाया जा रहा है औरैया की तरफ से आने वाले कई ओवरलोड मौरंम से भरे वाहनों को बकेवर थाना पुलिस द्वारा पकड़कर थाने के बाहर खड़ा करवा दिया गया है लेकिन पकड़े गये ओवरलोड वाहन दुकानदारों व आने जाने वालों लोगों के लिऐ परेशानी का सबब बन चुके है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बकेवर थाना पुलिस तथा ए ?आरटी द्वारा ओवरलोड मौरंम से भरे वाहनों पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अभी तक लगभग दो दर्जन से अधिक मौरंम से भरे ओवरलोड ट्रक थाने के बाहर खड़े हुऐ है। जो आज दुकानदारों व आने जाने वालों के लिऐ परेशानी का सबब बन चुके है। ओवरलोड ट्रक थाने के बाहर सड़क के किनारे लग हुऐ तथा क ?ई दुकानों के सामने भी खड़े हुऐ है दुकानदारों का कहना है कि ट्रक दुकान के सामने लगे होने से दिन में दुकानदारी नहीं होती है तो वहीं पकड़े गये ट्रकों की वजह से आये दिन जाम की स्थिति भी उत्पन्न होती रहती है।

सर्दी के मौसम के सुबह के समय हल्का हल्का कोहरा रहता तथा क ?ई वाहन चालक वाहन को तेज गति में लेकर आते है जिसकों चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दिन में पढ़ने के लिऐ आने जाने वाले छात्र छात्राओं को भी निकलने में भारी दिक्कत होती

# मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में ग्रामीणों को किया जागरूक



संवाददाता। जसवंतनगर

**राष्ट्रीय** मानसिक स्वास्थ्य मिशन के तहत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत एसडीएम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगाकर की गई। कार्यक्रम समन्वयक व मानसिक विशेषज्ञ डाण्दिलीप चौधरी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य मिशन का उच्यस्तर पर केंद्रीकरण किया गया है ताकि मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं जिला अस्पताल या सम्बंधित स्तर पर उपलब्ध होने के साथ.साथ सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी मिल सके। कार्यक्रम के मुख्यातिथि उपजिलाधिकारी ज्योत्सना बंधु व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डाण्सुशील कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ना के बराबर है। इसी कारण से बड़ी संख्या में ग्रामीण अंधविश्वास और मिथ्या धारणाओं के जाल में फंसे हुए हैं। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मनोरोग व नशामुक्ति शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डॉण् विकास यादवए स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी डाण्विश्वदीपए भूपेंद्र सिंहए सुनीलए रवि कुमारए उदयवीर और नर्सिंग कर्मियोंए आशा सहयोगिनियों और आंगनबाड़ी कायत्री मौजूद रहे।

# गॉंव में घरों से दो सबमर्सिबल चोरी



**जसवंतनगर इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर में से बीती रात चोरों ने खेतों के पास लगे दो सबमरसेबल पम्प चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार राजू पुत्र ओमप्रकाश कठेरियाए विश्वनाथ पुत्र ओमप्रकाश कुशवाह के यहाँ नलकूप में 3.3 हॉर्सपावर के सबमर्सिबल पम्प सिंचाई के लिए डली हुई थी।

सर्दी की वजह से ये काश्तकार घरों पर ही लेटते थे कि बीती रात चोरों ने उन्हें बोरिंग में से निकलकर। हाथ साफ कर लिया। जब सुबह ये जागे तो चोरी की जानकारी हुई। पुलिस को सुचना दे दी गई है। पुलिस ने एप्लिकेशन ले ली मगर एफ्आईआर दर्ज नही किया।

## सैनिक सम्मेलन/अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कानपुर देहात।** मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलनध्अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता श्री केशव कुमार चौधरी पुलिस अधीक्षक जनपद कानपुर देहात द्वारा की गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षकए एवं समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे सर्वप्रथम सैनिक सम्मेलन कर उपस्थित अधिकारीध्कर्मचारीगणों की समस्याओंध्सुझावों से रूबरू होकर सम्बंधित को शीघ्र निस्तारण किये जाने हेतु आदेशित किया गया। साथ ही अधिकारीध्कर्मचारियों द्वारा विषम परिस्थितियों में भी निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किये जाने पर उनकी सराहना की गयी एवं सभी आरक्षियों को निर्देशित किया गया कि अपनी बीट क्षेत्र के अपराधियों का भौतिक सत्यापन करें। एवं अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान साफस्वच्छ वर्दी धारण करें तथा जनता के प्रति अपना आचरण व व्यवहार उच्च कोटि का रखें।

# खेलकूद स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक हैः उपजिलाधिकारी

संवाददाता। बकेवर



**एसडीएम** भरथना ने बेटियों से कहा कि वे सभी सपना देखना शुरू कर दें। और सपनो को पूरा करने को पढ़ाई करें। उक्त विचार एसडीएम भरथना नम्रता सिंह ने बकेवर में मिशन शक्ति के तहत आयोजित परिषदीय स्कूलों की बालिकाओं की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि के तौर पर उद्घाटन करते हुए व्यक्त किये।

एसडीएम ने प्रतिभागी बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलकूद स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। साथ उन्होंने बालिकाओं से कहा कि सभी खेलकूद के साथ सपने देखना शुरू करें और उन सपनो को पूरा करने के लिए जमकर पढ़ाई करें

इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी महेवा दिग्विजय सिंह ने मुख्य अतिथि एसडीएम भरथना व विशिष्ट अतिथि जनता कालेज की प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला एवं जनता कालेज की क्रीड़ा प्रभारी डॉ ज्योति भदौरिया को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उप जिलाधिकारी भरथना श्रीमती नम्रता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही बालिकाओं की सौ मीटर दौड़ उद्घाटन में हुई ।कार्यक्रम के आयोजक ब्लॉक पीटीआई योगेंद्र सिंह व एआरपी अर्चना ने प्रतीक चिन्ह प्रदान किये। इस मौके पर एआरपी रामकृष्ण दुबेए संकुल प्रभारी सौभाग्य चतुर्वेदीए श्याम प्रकाश त्रिपाठी सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अतर हुसैन के द्वारा किया गया।

# डीएम ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ. दिनेश चंद्र ने ठंड के चलते जिला अस्पताल के समीप बने रैन बसेरा व अकबरपुर कस्बे में जलाए जा रहे अलाव का औचक निरीक्षण किया ।

निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैन बसेरा में उपस्थित लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो ठंड के चलते रजाई गद्दा व बाहर अलाव अवश्य जलाएं तथा किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए तथा साफसफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए ।जिलाधिकारी ने अकबरपुर कस्बे में जलाए जा रहे अलाव को चेक किया तथा निर्देशित किया कि ठंड के चलते सभी चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाए जाएं तथा किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए तथा किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाएगी तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी । वहीं अकबरपुर ओवर ब्रिज के निकट चौरसिया रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान होटल में प्रतिबंधित पॉलिथीन के बैग 7 किलो पाई जाने पर जिलाधिकारी ने 5000 रुपए का जुर्माना लगाया वही निकट ठेलिया में चना मूंगफली आदि लगाकर बेच रहे गरीब व्यक्ति ओम नारायण द्वारा कागज के लिफाफे का प्रयोग किए जाने वह प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न किए जाने के चलते 21 रुपए का इनाम दिया तथा ?50 के चना भी खरीदे तथा कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना जो चलाई जा रही है उसमें ?10000 का लोन दिलाने की भी बात कही। वही दुकान मालिक अबरार द्वारा दुकान के बाहर कूड़ा फेंके जाने पर 500 का जुर्माना लगाया गया।

# जिलाधिकारी ने किया थाने का निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डा. दिनेश चन्द्र ने सिकन्दरा थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शस्त्र लाइसेंस के सत्यापन के प्रति पुलिस को गंभीरता बरतने एवं जिन शस्त्र धारकों के पास तीन शस्त्र है तत्काल शस्त्रों को जमा कराने के निर्देश दिये। जबकि शस्त्र धारकों द्वारा कारतूसों के प्रयोग का ब्यूरो भरने व उसकी जानकारी से अवगत कराने के निर्देश के साथ साथ वीट प्रभारियों को निर्धारित प्रारूप पर विवरण थाने में रखने तथा शस्त्र अनुभाग को भेजने के निर्देश दिये। इस मामले में लापरवाही बरतने वालों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति भेजने के निर्देश दिये। वहीं अगर थाना क्षेत्रों में अपराधी है तो उन पर पैनी निगरानी रखे जबकि निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष में जाकर कम्प्यूटर पर किये जा रहे कार्यो को बारीकी से देखा और वीट प्रभारियों द्वारा निरीक्षण सम्बन्धी जानकारी ली तथा थाने में दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लेने एवं उनका गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिये। यहीं नही महिला सशक्तीकरण व मिशन शक्ति को लेकर महिलाओं की समस्याओं को निस्तारण के लिए महिला हेल्प डेस्क का सही तरीके से संचालन करनेए कोविड हेल्पडेस्क को औपचारिकता मात्र न समझ कर हर आने वाले का परीक्षण करने के निर्देश दिये। इसी कडी में थाने में रखे शस्त्रोंए कारतूसों का भी परीक्षण किया तथा शस्त्र रखने वाले कक्ष के निरीक्षण में खामियां मिली जिस पर उन्हें ठीक करने के निर्देश दिये गये। अभिलेखों के रख रखाव के मामले में जिलाधिकारी जहां संतुष्ट दिखे वहीं सिकन्दरा थाने के भवन के मामले में भी जानकारी ली। जबकि थाने में रखे विभिन्न अभिलेखों का परीक्षण किया और मिली खामियों को समय रहते पूर्ण करने के भी निर्देश दिये।

## श्यामबाबू सचान अध्यक्ष, शिवसिंह परमार महामत्री बने

**घाटमपुर।** अधिवक्ताओं के एक गुट के बिरोध के बावजूद आज धाटमपुर बार एसोसियेशन का चुनाव संम्पन्य हो गया मुख्य चुनाव अधिकारी उजियारीलाल एडबोकेट के साथ बिशेष निर्वाचन अधिकारी बिजय बाबू और माधूय सिंह एडबोकेट की ओर से जारी प्रेस बिज्ञप्ति में श्यामबाबू सचान को अध्यक्ष व शिव सिंह परमार को बार का महामंत्री निर्वोरोध चुन लिया गयां बीते 19 व 21 दिसम्बर को हुए नामांकन पत्रों की आज जॉच में सभी के नामांकन पत्र वैध पाये गये थे। इसके अलावा वारिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री प्रकाश नरायण द्विवेदी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये रामकुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिये आशुतोष सचान, मंत्री संन्तोष कुमार पाल तथा संयुक्त मत्री प्रशासन देवेन्द्रसिंह, संयुक्त मत्री प्रकाशन अभिषेक सचान चुने गये। इसके अलावा संयुक्त मंत्री पुस्तकालय आशीष अवस्थी को बनाया गया है।

# स्वेटर पाकर बच्चों के खिले चेहरे



संवाददाता। औरैया

**नगर** की अग्रणी सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद हमेशा से संस्कार और सेवा के कार्य करती आ रही है ।इसी क्रम में सर्दी के मौसम में परिषद द्वारा गरीब बच्चों को लगभग 200 ऊनी वस्त्र बांटे जिसमे मुख्य रूप से ऊनी स्वेटर एव कैप थे ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एव स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पित एव दीप प्रज्ज्वलित कर हरिशचन्द्र वर्मा द्वारा किया गया ।तत्पश्चात वन्दे मातरम गीत के बाद राधास्वामी भट्ठा पर श्रमिकों को एव बच्चों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया ।इसके ।बाद अमर भट्ठा पर श्रमिकों एव बच्चों को लगभग 200 लोगों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया ।स्वेटर एव कैप को ।पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस मौके पर परिषद के जिलाअध्यक्ष अशोक त्रिपाठी एव शाखा के अध्यक्ष स्वतन्त्र अग्रवाल ने परिषद के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि परिषद प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम गरीब लोगों को चिन्हित कर करती हैऔर भारत विकास परिषद जीवन मे सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के सम्बर्धन के लिए निरन्तर प्रयासरत रहती है। इस मौके पर परिषद के जिलाध्यक्ष त्रिपाठी शाखा अध्यक्ष स्वतंत्र अग्रवाल सचिव सौरभ पुरवारएवित्त सचिव लक्ष्मी कांत दुबेएविनय अग्रवालएके के दुबेएकुलदीप सोनीएडॉक्टर एस एस परिहारएहरविंदर सिंहएब्रजेन्द्र पांडेय अधिवक्ताएदीपक पुरवारएअरुण एरण आदि का कार्यक्रम सम्पन्न कराने में पूर्ण सहयोग रहा।अंत में शाखा के अध्यक्ष स्वतन्त्र अग्रवाल ने सभी का आभार ब्यक्त किया।

## क्विक न्यूज

### बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

**फर्रुखाबाद।** बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सबार दो युवक गंभीर रूप जख्मी हो गये। इसके बाद उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। लोहिया अस्पताल में एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथ ही सैफई रिफर कर दिया गया।जनपद मैंनपुरी के भोगांव शिवनगर निवासी 25 वर्षीय पंकज सक्सेना पुत्र प्रमोद सक्सेना अपने साथी रजत उर्फ अजीत के साथ मोहम्मदाबाद आये थे। पंकज के चाचा दुर्गेश सक्सेना नें बताया कि पंकज ताजपुर एक भट्टे सेड ईंटों की बातचीत कर लौट रहे थे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन नें उनको जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उन्हें बीती रात लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोहिया अस्पताल में पंकज सक्सेना को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि रजत की हालत नाजुक होनें पर उसे सैफई के लिए रिफर कर दिया गया।जानकारी होनें पर मृतक की पत्नी अंजली, माँ मीरा देवी आदि परिजन लोहिया अस्पताल आ गये। उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। ताजपुर चौकी इंचार्ज अभय सिंह नें बताया कि अभी तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलनें के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### भाइयों में चले लाठी-डंडे, वीडियो वायरल

**फर्रुखाबाद।** बिजली विभाग के अधिकारी जब बिल चेक करने को लेकर दो सगे भाईयों में जमकर लाठी-डंडे चल गये। जिसके बाद बिजली कर्मी खिसक गये। ग्रामीणों नें बमुश्किल दोनों पक्षों को अलग-अलग कर दिया। जिसके बाद पुलिस नें दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया। दरअसल राजेपुर कस्बा निवासी मुकेश, मनीष पुत्र मिट्ठू लाल के घर बिजली कर्मी बिल चेक करने पंहुचे। जिस पर दोनों भाईयों में जूतमपैजार हो गयी। एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। लाठी-डंडे चले। माहौल गर्म देखकर बिजली विभाग के अफ्सर खिसक गये। मारपीट का वीडियो वायरल होनें से हडकंप मच गया। पुलिस नें दोनों को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद दोनों पक्षों से जबाबी एनसीआर दर्ज की गयी। जेई सतेंद्र कुमार ने बताया कि उपभोक्ता के घर मीटर लगा है संदेह के आधार पर चेकिंग की गई थी। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार नें बताया कि जाँच की जा रही है।

### अस्पताल लाया गया वृद्ध मृत घोषित

**कायमगंज फर्रुखाबाद** । जनपद एटा थाना नयागांव के ग्राम अमोघपुर निवासी 80 वर्षीय वृद्ध विशंभर सिंह पुत्र शिवराज सिंह को विगत कुछ दिनों से बुखार आदि की शिकायत थी। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए । जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथ आएए तीमारदार वृद्ध का शब लेकर अपने गांव वापस लौट गए।

### खाया विषाक्त पदार्थ, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद** । कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव अलादादपुर निवासी कुलदीप ख्21 वर्ष, पुत्र सत्यराम को बीती शाम नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। बताया गया कि युवक ने अपनी घरेलू परिस्थिति से खिन्न होकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया । सीएससी कायमगंज से प्रथम उपचार के बाद उसे डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफ्र कर दिया गया।

### गब्बर सहित तीन फरार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस नें लूटी गयी बाइक के साथ ही दो शातिरों को अबैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।थाना नवाबगंज क्षेत्र के पिपराभोजी निवासी हिमांशु पुत्र संजीव कुमार नें पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वीरपुर भट्टा के पास उसकी बाइक के आगे तीन बदमाश आ गये। उन्होंने डंडे से हमला कर दिया। जिसके बाद वह बाइक लूट ले गये। पुलिस नें आरोपियों की तलाश तेज की। जिसके बाद स्वाट टीम व थाना पुलिस नें लूटी गयी बाइक और एक बार बोर के तमंचे व एक जिंदा कारतूस सहित आरोपी रिंकू राजपूत पुत्र ओमकार निवासी उस्मानपुर फर्रुखाबाद, गोपाल राजपूत पुत्र रामदास निवासी घुमईया रसुलपुर नवाबगंज को गिरफ्तार किया ।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें बताया कि घटना में शामिल रजनेश उर्फ गब्बर पुत्र जबर सिंह उर्फ्अमर सिंहनिवासी घुमईया रसूलपुर नवाबगंज, नीलेश पुत्र ओमकार राजपूत निवासी उस्मानपुर, राजवीर राजपूत पुत्र लाल सहाय निवासी नन्दगाँव जहानगंज पुलिस को चकमा देकर फ्रार हो गये। पुलिस लाइन सभागार में सीओ सोहराब आलम, थानाध्यक्ष पूनम जादौन व स्वाट टीम प्रभारी जेपी शर्मा आदि रहे।

### डीएम ने कोविड-19 अस्पताल की गुणवत्ता परखी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने आज कोविड-19 एल 2 अस्पताल का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी। जिसमें जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों के जरिये वार्डो की साफसफाई का जाएजा लिया एंव मरीजों से बातकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं प्रत्येक मरीज को 3 कंबल देने के निर्देश दिये। शीत लहर से मरीजों को बचाने के भी निर्देश दिये ।मौसम के बदलते मिजाज के चलते आम जनमानस को कोविड महामारी से बचाने के लिए निकले जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी वंदना सिंह के साथ कोविड 19 एल2 अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अस्पताल का औचक निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वार्डों की साफसफाई का जाएजा लिया। इस दौरान उन्होने अस्पताल में भर्ती मरीज घनश्याम से बात कर उनके स्वास्थ्य,उपचार एंव भोजन की गुणवत्ता परखीए वहीं डीएम ने सीएमओ डा0 वंदना सिंह को निर्देशित कर कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों हेतु काढ़ा,गर्म पानी,समय पर भोजन एंव दवाईंया उपलब्ध कराई जांए। वहीं सर्दी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक मरीज को 3 कंबल दिये जांए। सर्दी के मौसम में चल रही शीतलहर से वार्डो में ठहरे मरीजों को बचाया जाए। जिस पर सीएमओ डा0 वंदना सिंह ने कहा कि कोविड महामारी से निपटने के अस्पताल में पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। वहीं सर्दी के मौसम को देखते मरीजों को शीतलहर से बचाने के लिए वार्डों में रुम हीटर लगाया गया है जिससे कोई भी मरीज शीतलहर की चपेट में न आ सके।

### दी गई श्रद्धांजलि

**औरैया।** स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों के द्रोणाचार्य के नाम से विख्यात पंडित गेंदालाल दीक्षित को उनकी पुण्यतिथि पर भारत प्रेरणा मंच की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। शहर के प्रमुख चौराहे पर स्थित पं0 गेंदालाल की प्रतिमा पर शहर के लोगों ने माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी लाल जी शुक्ला ने कहा कि गेंदालाल जी के प्रति औरैया का जनमानस नतमस्तक है। इसीलिए गेंदालाल दीक्षित चौराहे पर यह प्रतिमा नगर पालिका की ओर से स्थापित कराई गई है। आयोजक संस्था भारत प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने अमर शहीद गेंदालाल व उनकी संस्था मातृवेदी के कार्यों की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष व राष्ट्रीय कवि अजय अंजाम ने कहा कि जन्मभूमि न होने के बावजूद इस अमर क्रांतिकारी ने औरैया में रहकर क्रांति की अलख जगाई तिलक इंटर कालेज में प्रवक्ता रहते हुए उन्होंने बीहड़ के तमाम बागियों को मातृवेदी से जोड़कर अंग्रेजो के खिलाफ मोर्चा खोला था। इस मौके पर मनोरमा महाविद्यालय के प्रबंधक रमाकांत अवस्थीए ज्ञान सक्सेना व अशोक त्रिपाठी ने भी क्रांतिवीर के विषय में बताया। अध्यक्षता कर रहे आचार्य मनोज अवस्थी ने कहा कि देश हमेशा अपने अमर शहीदों को याद करता रहेगा और उनकी कुर्बानियों के प्रति नतमस्तक भी रहेगा। के0के0 चतुर्वेदी ने अमर शहीद के बलिदान को प्रणम्य बताया ।सूबेदार मेजर गिरेन्द्र सिंह परिहार कैप्टन जगपाल सिहं भदौरिया सुरेश सेंगर रामकृष्ण पाल गणेश दत्त मिश्रा सभासद पंकज अवस्थी सज्जन दीक्षित चन्दू तिवारी मौजूद रहे।

### फील्ड ऑफिसर का विदाई समारोह सम्पन्न

**ताखा।** कस्बा ऊसराहार में सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया के फील्ड ऑफ्सिर हरेंद्र सिंह यादव का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ ।ब्रांच मैनेजर अमित सिंह ने शाल भेंट की और लोगों ने हरेंद्र सिंह को फूल मालाओं से बिदाई की ।विदाई समारोह में शामिल हुए लोगों का कहना है कि हरेंद्र सिंह यादव मृदुभाषी व्यवहार कुशल और ईमानदार ऑफ्सिर रहे हैं।

# मां ने गला घोंटकर मार डाला था पुत्र को, गिरफ्तार

संवाददाता। हमीरपुर

### पुलिस का खुलासाः जीजा से अवैध संबंधों की जानकारी होने पर उठाया कदम, सांस बाकी न रहे इसलिए गले में पैर रखकर कई बार दबाया था

**तीन दिन** पहले राठ क्षेत्र में मासूम बालक की हत्या करने के मामले को पुलिस ने खुलासा करते हुये मृतक की मां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महिला के अपने जीजा से अवैध संबंध की जानकारी मासूम को होजाने से मां ने ही अपने पुत्र की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस अधीक्षक एनके सिंह ने बताया कि राठ क्षेत्र के मवई गांव निवासी सुरेश राजपूत की पत्नी सर्वेश कुमारी अपने पति के अनबन के चलते नौ माह से अपने मायके राठ क्षेत्र के गलिहा गांव में अपने भाई सतीश कुमार के यहां रह रही थी इसी बीच सर्वेश कुमारी के उसके जीजा से अवैध संबंध हो गये थे, सर्वेश कुमारी का पुत्र जो अपने पिता के साथ गांव मवई में रहता था पिछले 18 दिसम्बर को सतीश के लड़के का कुआ पूजन कार्यक्रम था उसी कार्यक्रम शामिल होने सर्वेश कुमारी का पति अपने सात वर्षीय पुत्र हिमाशु को मां के यहां छोड़ कर चला गया था पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुआ पूजन कार्यक्रम के दौरान एक कमरे में सर्वेश कुमारी का पुत्र हिमाशु ने अपनी मां को उसकी जीजा के साथ आपत्तिजनक स्थिति मे देख लिया था और उसने इस मामले को हिमाशु ने मामा व पिता को बताने की बात कही जिससे मां डर गयी थी, 19 दिसम्बर को सर्वेश कुमारी ने अपने पुत्र हिमाशु को पशुबाड़े में ले गयी और उसका गला घोटकर हत्या कर दी। यही नही कही सास तो नही चल रही इसके लिये मा ने मासूम के गले में पैर रखकर उसका कई मर्तवा गला दवाया था, जब उस दिन दिन भर हिमांशु घर मे दिखायी नही दिया तो सतीश ने मा सर्वेश कुमारी से पूछा तो उसने बताया कि कही हिमाशु पशुवाड़े में छिप तो नही गया जब सभी लोगो ने वहा जाकर देखा तो उसकी लाश मिली सतीश ने मामले की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने इस मामले में दूसरे दिन पिता सुरेश के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली।

## धरने पर बैठे चिकित्सक व कर्मचारी मरीज बेहाल

**बांदा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवनियुक्त अधीक्षक डॉण्संदीप के खिलाफ पूरा स्टाफ लामबंद है। उन्हें यहां ज्वाइन न कराने की बात पर अड़े चिकित्सक व कर्मचारी हड़ताल करते हुए अस्पताल में ही बेमियादी धरने पर बैठ गए हैं। वहीं इलाज कराने आ रहे मरीज व तीमारदार मायूस हो रहे हैं। उन्हें उपचार की सुविधा न मिलने से प्राइवेट चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व में तैनात रहे चिकित्साधीक्षक डॉण्संदीप कुमार को सीएमओ ने फिर नियुक्त कर दिया है। उनके ज्वाइन करने के बाद से यहां तैनात चिकित्सक फर्मासिस्ट व अन्य कर्मचारी विरोध में उतर आए हैं। दो दिन पूर्व एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें यहां से हटाने की मांग की थी। कोई सुनवाई न होने पर अस्पताल में ही अनिश्चितकालीन हड़ताल व धरना शुरू कर दिया। इससे इलाज करने आ रहे मरीज व उनके तीमारदार परेशान हो गए हैं।

## बांदा में खनिज अधिकारियों पर हमला करने वालों पर लगेगा गुंडा एक्ट

संवाददाता। बांदा

**महोबा** और बांदा जिले में अपराधों की समीक्षा में एडीजी जोन प्रयागराज प्रेम प्रकाश ने खनिज अधिकारियों पर हमले करने वालों पर गुंडा एक्ट लगाने के निर्देश दिए हैं। चार माह पहले गंछा में अवैध बालू खनन की जांच करने जा रहे खनन अधिकारियों पर खनन माफिया के गुर्गो ने रास्ते में हमला कर दिया था। एडीजी ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कहा है। इसके अलावा दो लोगों की हत्या के पुराने मामले में एनएसए की कार्रवाई करने को कहा है। समीक्षा के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि दोनों जिलों में अपराध घटा है। इनामी व वांछितों की गिरफ्तारी की जा रही है। सोमवार को जिले में पहुंचे एडीजी जोन ने नए वर्ष में भी अपराधों में कमी रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा.निर्देश दिए। एडीजी ने कहा कि हत्या व लूट जैसे बड़े अपराधों में कमी देखने को मिली है। महिला अपराधों पर भी लगाम लगी है। नए वर्ष में भी अपराध कम रहे इसके लिए रात्रि गश्त मिलान पेट्रोलिग आदि तेज करने कहा गया है। टॉपटेन अपराधी चिह्नित कर गिरफ्तार किए जा रहे हैं। इस मौके पर आइजी चित्रकूटधाम परिक्षेत्र केसत्यनारायण एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना एएसपी महेंद्र प्रताप चौहान सीओ सिटी आलोक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**थाने के निरीक्षण को लेकर पुलिसकर्मी रहे परेशानः** एडीजी जोन जिले के किसी थाने का निरीक्षण करेंगे यह संदेश जारी होने पर रविवार से ही हर थाने में तैयारियां होने लगी थीं। रिकार्ड से लेकर सफाई व्यवस्था ठीक की गई। पुलिस लाइन में एडीजी ने मंदिर में हुई चोरी की घटना के बारे में खुद जाकर देखने को कहा। उनका कहना था कि वह अतर्रा थाने का निरीक्षण भी करेंगे लेकिन समय कम होने से सीधा चित्रकूट रवाना हो गए।

## क्विक न्यूज

### चोरी गयी बाइक पुलिस ने की बरामद, अभियुक्त को भेजा जेल

**मौदहा (हमीरपुर)।** बीते दिनों चोरी गयी मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर चोर को जेल भिजवा दिया है। कस्बा मौदहा के सिचौली पुरवा निवासी बीरेंद्र ने बताया था कि बिवाँर से उसकी बाइक चोरी हो गई है। आज कस्बा मौदहा स्थित मलीकुआँ चौराहे पर लगी चेकिंग अभियान में कम्हरिया गांव निवासी सलाउद्दीन उर्फबाबू पुत्र कमरूद्दीन के पास से उक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। अभियुक्त सलाउद्दीन उर्फबाबू ने मोटरसाइकिल का बाहरी रूप काफी हद तक बदल दिया है। नम्बर प्लेट मे लिखे नम्बर को खरोंच कर नम्बर मिटाने की कोशिश की और गाड़ी के सामने लगी प्लेट को पलट दिया जिसे साधारण तौर पर कोई व्यक्ति पहचान न सके तथा गाड़ी में लगे सीट कवर को बदलकर आराम से कस्बे का भ्रमण कर रहा था। जिसको मौदहा पुलिस ने चेकिंग अभियान के अन्तर्गत बरामद कर कोतवाली ले गई है।

### मकान बंटवारे को लेकर पुत्र ने की पिता की हत्या

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा कस्वे आज संपत्ति बटवारे को लेकर पुत्र ने पिता को फरसा मारकर हत्या कर दी और फरसा लेकर स्वयं थाने पहुच गया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक कुरारा कस्वा निवासी कृपाशंकर उर्फमिठाई लाल सोनी(55) मंडी के पास सिलाई की दुकान रखे हुये है, उसके पुत्र रामेंद्र उर्फरामू का आज कमरे के बटवारे को लेकर विवाद हो गया तभी रामू घर मे रखे फरसे से पिता कृपाशंकर केगले मे कई वार किये जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया दुकान में भीड़ बढ़ते देख वह फरसा लेकर खुदथाने जाकर पिता के साथ घटना कर देने की जानकारी दी। मौके पर जाकर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक की पत्नी मुनिया ने पुत्र रामेंद्र के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### मारपीट कर विवाहिता को मायके में छोड़ गए

**राठ (हमीरपुर)।** दहेज में दो लाख की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने गर्भवती महिला को मारपीट उसके मायके छोड़ गये। पीडिता ने थाने में ससुरालीजनों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया है। कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी शाहिना खातून पुत्री हैदर अली ने बताया कि उसके पिता ने 30 मार्च 2017 को कस्बे के छोटी जुलहेटी मोहल्ला निवासी कमाल मुहम्मद पुत्र पीरबक्स के साथ उसकी शादी की थी। शादी में उसके पिता ने चार पहिया गाड़ी, चार लाख रुपये नकद और दान दहेज दिया था। बताया शादी के एक साल बाद से ही ससुरालीजन उससे दो लाख की मांग करने लगे। आरोप लगाया कि रुपयों की मांग पूरी न होने पर 6 अक्टूबर 2020 को मारपीट कर उसे मायके में छोड़ गये। दो माह बीत जाने के बाद भी वह मायके में बनी हुई है। बताया कि वह दो माह के गर्भ से है और ससुरालीजनों ने उसके गर्भ में पैर मार दिया।

### सूना घर पाकर लाखों का सामान चोर ले गए

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के नदना गांव में बीती शाम सूना घर पाकर अज्ञात चोरों ने बक्से का ताला तोड़ उसमे रखे लाखों के जेवरात व हजारों की नकदी चोरी कर ले गये। आज पीडित किसान ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। सूचना पर पहुंची डायल पुलिस ने जांच पड़ताल की। नदना गांव निवासी दिनेश राजपूत ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 5 बजे घर के सभी लोग खेत गये थे। घर में 8 वर्षीय बालक था। जो बाहर से कुंडी लगाकर खेलने के लिये चला गया। जब बच्चा खेलने के बाद घर पहुंचा तो दरवाजे की अंदर से कुंडी लगी हुई थी। जब बच्चे ने दरवाजे की सांस देखा तो अंदर एक लोग घुसा हुआ था। जब बच्चे ने शोर मचाया तो आस पास मौजूद लोग वहां आ गये। जब लोगों ने बगल से अंदर जाकर कुंडी खोली तो वहां कोई नहीं था। बताया कि जब वह लोग खेत से आये तो देखा कि बक्से का ताला टूटा था। बक्से में रखी सोने की जंजीर, सोने का मंगलसूत्र, हाफ़टी, 15 हजार रुपये व अन्य चीजें गायब थी। पीडित किसान थाने में पहुंच अज्ञात चोरों के विरूद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसडीएम से रुपए दिलाए जाने की मांग की

**राठ (हमीरपुर)।** शादी में उधार दिये रुपये न देने पर पीडित ने उपजिलाधिकारी अशोक कुमार यादव को शिकायती पत्र देकर रुपये दिलाये जाने की गुहार लगाई है। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी नृपत साहू पुत्र लीलाधर साहू ने बताया कि बीते 10 वर्ष पहले उसने कस्बे के चरखारी रोड़ सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी रामकुमार विश्वकर्मा को शादी के लिये 50 हजार रुपये उधार दिये थे। रुपये मांगने पर वह नहीं दे रहा है। बताया कि उसने जनसुनवाई में शिकायत की थी। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों का समझौता कराया था और रामकुमार ने 15 दिसंबर 2020 को रुपये देने की बात कही थी। बताया कि समय निकल जाने के बाद भी उसने अभी तक कोई रुपये नहीं दिये है। पीडित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर रुपये दिलाये जाने की मांग की है।

### मां व बेटों को पत्थर मारकर घायल किया

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के कांशीराम कॉलनि में घर के बाहर बैठे मां बेटों को अज्ञात युवक ने पत्थर मार गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीडित के पति ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। कांशीराम कालोनी निवासी शानू उर्फमुहम्मद खां पुत्र नबाव खां ने बताया कि मंगलवार की दोपह उसकी पत्नी रेशमा और उसका पुत्र अर्स घर के बाहर बैठे थे। तभी एक अज्ञात युवक उसके घर पर पत्थर फेंकने लगा। पत्थर लगने से उसकी पत्नी व पुत्र का सिर फूट गया। घायल मां बेटे को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बुखार से महिला की मृत्यु

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के रतवा गांव निवासी सुमन(38) पत्नी माता प्रसाद को सर्दी और तेज बुखार के चलते आज सुबह साम. स्वास्थ्य केन्द्र मौदहा लाया गया, जिसको देखते ही चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतका के पति ने बताया कि मेरी पत्नी को बीते दो-तीन दिनों सर्दी और तेज बुखार आ रहा था। जिसकी हालत गंभीर होने पर आज सुबह मौदहा स्थित सामु. स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहाँ पर डाक्टरों ने सुमन (38) को मृत घोषित कर दिया है।

### बल्ला मारकर लहूलुहान किया

**कुरारा (हमीरपुर)।** डामर गांव निवासी पंकज कुमार ने थाने पुलिस को बताया है कि आज सुबह मैदान में क्रिकेट खेल रहा था तो खेल के दौरान डामर निवासी अमन खान से झगड़ा हो गया तब उसकी मां और पिता दोनों ही आगये और प्रार्थी को गाली गलौच करने लगा तथा अपने लड़कों से कहा कि इसको मारो तब उनके लड़के अमन खान ने क्रिकेट का बल्ला मेरे सिर में मार दिया जिससे चोटे आई है खून बह रहा है तथा उसके बाद प्रार्थी ने उसका बल्ला छुड़ा लिया तो उनके पिता हबीब खान ने लड़कों को वहां से भगा दिया पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

### दुष्कर्म सहित तीन आरोपियों को भेजा जेल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक सहित तीन लोगों को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी अंकुर पुत्र कप्तान सिंह निवासी भज्जापुर्वा को पकड़कर हिरासत में ले लिया।

## गौवंशों को ठंड से बचाव को जलवाएं अलावः डीएम



गौवंशों को हरा चारा खिलाते डीएम।

**चित्रकूट।** डीएम ने रसिन बांध के निर्माण कार्य व रसिन गांव में संचालित गौशाला का निरीक्षण कर गौशाला में भूसा, शेड़, लाइन, इंटरलॉकिंग, चरही, सोलर पम्प से पेयजल व्यवस्था, हरा चारा की व्यवस्था देखी। डीएम को सीएमओ डॉ केपी यादव ने बताया कि गौशाला में 183 गौवंश हैं। दस दिन पहले 64 कुंतल भूसा की व्यवस्था की गई है। हरे चारे की व्यवस्था की जा रही है। डीएम ने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पुरानी चरही को हटाकर सड़क का निर्माण कराया जाये। छोटे-मोटे कार्य हैं उन्हें तत्काल करायें। सचिव व प्रधान को निर्देश दिये कि बगल में शासकीय जमीन को समतल कराकर गौवंश के लिए चारा की व्यवस्था करायें। पहुंच मार्ग को मनरेगा से बनवायें। डीएम ने बीडीओ राजेश कुमार नायक को निर्देश दिये कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गौशाला से जोडकर गोबर के दिये व अन्य चीजों का निर्माण कराने का प्रशिक्षण दें, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। बूढे व बच्चे पशुओं को अलग रखने की व्यवस्था करें। शेड में पन्नी व तिरपाल से ढककर ठंड को देखते हुए अलाव जलवाते रहें। पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहें। डीएम, सीडीओ व एएसपी ने गौवंशों को हरा चारा व गुड खिलाया। इस मौके पर संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सांसद के पिता की पुण्यतिथि पर भंडारे में हजारों ने चखा प्रसाद

संवाददाता। चित्रकूट

**सांसद** आरके सिंह पटेल के पिता स्व भगवानदीन सिंह पटेल की प्रथम पुण्यतिथि पर रगौली स्थित भगवानदीन महाविद्यालय में विशाल भंडारा हुआ। गरीबों व वृद्धों के बीच कम्बल बांटे गये। मंगलवार को सांसद आरके सिंह पटेल के पिता स्व भगवानदीन सिंह का पिछले वर्ष 20 दिसम्बर को निधन हो गया था। उनकी पुण्यतिथि पर सांसद आरके सिंह पटेल ने उनकी याद में विशाल भंडारा किया। भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर क्षेत्र की गरीब जनता को ठंड से बचाने को वृद्धों व गरीबों तथा असहायों के बीच कम्बल बांटे गये। सांसद पटेल के पिता की पुण्यतिथि पर भाजपा नेता, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों व क्षेत्र की जनता ने महाविद्यालय परिसर पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पिता की आत्मा की शान्ति की कामना की।

## डीएम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का किया निरीक्षण



अधिकारियों से बात करते डीएम व सीडीओ।

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय व सीडीओ अमित आसेरी ने निर्माणाधीन बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण कर लोनिवि के अधिशाषी अभियंता अरविन्द कुमार को निर्देश दिये कि एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता की जांच कराते रहें। मंगलवार को डीएम व सीडीओ को कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि शुरुवात में एक्सप्रेस-वे में छह पिलर का निर्माण कर ओवरब्रिज बनाया जा रहा है। सड़क निर्माण में लेयर के अनुसार गुणवत्ता की टेस्टिंग कराई जाती है। सड़क किनारे डिजाइन के अनुरुप मिट्टी का कार्य पूरा हो चुका है। घास लगाने का कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य की प्रगति बहुत धीमी है। कार्य में तेजी लाई जाये। उन्हें प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करायें। निरीक्षण में एसडीएम सदर रामप्रकाश समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कान्हा सभागार का एसपी ने किया शुभारम्भ

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने पुलिस लाइन में नवनिर्मित कान्हा सभागार का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने मौजूद लोगों का मुंह मीठा कराया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने पुलिस लाइन स्थित कान्हा सभागार का शुभारम्भ कर कंट्रोल रुम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को कंट्रोल रुम के पुराने कंडम सामान के निस्तारण एवं खराब सामान की मरम्मत के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस सभागार के बनने से बैठक आदि करने में परेशानी नहीं होगी। पुलिस लाइन में निर्माणाधीन चिल्ड्रन पार्क का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण जल्द निर्माण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीओ सिटी रजनीश कुमार यादव, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, कोतवाल वीरेन्द्र त्रिपाठी, प्रधान लिपिक पीआरओ आलोक सिंह, दिनेश कुमार सिंह, यातायात दरोगा योगेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## देशी शराब के जांच में नमूने पाये गये फेल, शराब कंपनी पर होगी कार्यवाही

**हमीरपुर।** एक माह पहले खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा देशी, अंग्रेजी, बियर शराब के नमूनों की जांच में देशी शराब के नमूने फेल पाये गये है। विभाग द्वारा संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करेगा। खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहीत अधिकारी रामअवतार यादव ने बताया कि जिले में पहली मर्तवा माह नवम्बर में शराब के सरकारी गोदाम व दुकानों से शराब के नमूने लिये गये थे जिनको जांच के लिये प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया था जिसमे देशी शराब के करीब पचास नमूनो में जो लेविल लगी थी उसमे जो अंकितहोना चाहिये था वह अंकित नही था जो मानक के अनुरुप नही था इससेसाबित होता है कि आबकारी विभाग शराब के शौकीनो के साथ धोखाधडी कर रहा है। अंग्रेजी शराब के नमूने शुद्ध पाये गये है। देशी शराब के बोतल मे जो लेविल चिपका होता है उसमें कई मामले अंकित नही थे इससे शराब की कंपनी की लापरवाही प्रदर्शित होती है।

## 2020 में जिले को मिली तोहफों की सौगात

**चित्रकूट।** जाते-जाते वर्ष 2020 ने जिले को एक के बाद एक कई तोहफों की सौगात दी है। आने वाले दिनों में यह विकास के तोहफे लोगों को बड़ा लाभ देंगे स बुन्देली सेना ने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है और सरकार की प्रसंशा की है। बुन्देली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि दिसम्बर के महीने ने धर्मनगरी चित्रकूट में विकास के द्वार खोल दिए हैं। यूपीसीडा ने बरगढ़ में खमीर (यीस्ट) का प्लांट लगाने के लिए 68 एकड़ भूमि आवंटित की है। ब्रिटिश कंपनी यहां प्रोजेक्ट में 400 करोड़ का निवेश करेगी और लगभग पांच हजार लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेंगे। जिले में दो गौ वन्य विहार बनाये जाने की स्वीकृति भी इसी महीने मिली है। मानिकपुर के चुरेह केसरुआ और मऊ के कटैयाडांडी में यह गौ वन्य विहार बनेंगे। वर्षों से मऊ को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग की जा रही थी। प्रदेश सरकार ने यह मांग पूरी कर दी है और मऊ को नगर पंचायत का दर्जा दे दिया है। नगर पालिका परिषद कर्वी के सीमा विस्तार को भी योगी सरकार ने हरी झंडी दे दी है। प्रदेश सरकार ने एक्सप्रेस-वे के किनारे पांच जिलों में इंडस्ट्रियल पार्क बनाये जाने की घोषणा की है। इन पांच जिलों में चित्रकूट का भी नाम है। भरतकूप क्षेत्र के पहरा गांव में यह इंडस्ट्रियल पार्क बनाये जाने की घोषणा की गई है। वर्ष 2020 ने जाते-जाते चित्रकूट को खुशियों की सौगात दी है।

बुन्देली सेना ने विकास की इन सौगातों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह और सरकार के प्रति आभार जताया है। साथ ही उम्मीद जताई है कि 2020 की तरह ही 2021 भी धर्मनगरी के चहुंमुखी विकास में चार-चांद लगाएगा।

## जांच टीम ने प्रबंधन को लगायी फटकार

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा सामु. स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प योजना में लिए जाने पर आज रीजनल कंसटेंट टीम की दो सदस्यीयस टीम में आज निरीक्षण कर ऑफिस सहित सभी स्थानों पर निरीक्षण कर नाराजगी व्यक्त करें करते हुए प्रबंधन पर फटकार लगाई। नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज दोपहर डॉक्टरों की दो सदस्यीय टीम जिसमें डॉक्टर सुरेंद्र (डिविजनल कंसलटेंट) कानपुर डॉ दिवाकर ( जिला परामर्शदाता) महोबा निरीक्षण कर कायाकल्प योजना के लिए यहां आकर किचन बाथरूम वार्ड व पैथोलॉजी स्टॉक रूम का निरीक्षण किया तथा व्यवस्था देख कर सभी को फटकार लगाई वहीं पर तो पैथोलॉजी विभाग के देहाती बाबू को विभाग में लेट पाकर फटकार लगाई पूरी टीम ने हर स्थान पर निरीक्षण किया व व्यवस्थाओं पर अपनी नाराजगी जताई इस टीम के सदस्य डॉक्टर सुरेंद्र डॉक्टर दिवाकर ने बताया कि टीम की जांच के बाद नेशनल क्वालिटी पॉलिसी इनक्वास टीम को आना है वह भी आकर यहां अपना स्थलीय निरीक्षण करेगी।

## वंदना यादव बनीं फिर जिला पंचायत अध्यक्ष

**हमीरपुर।** लंबी लड़ाई के बाद वंदना यादव मंगलवार देर शाम फिर जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर काबिज हो गईं। अपर मुख्य अधिकारी द्वारा उन्हें कार्यभार ग्रहण कराया गया। उन्हें दो वर्ष आठ माह पूर्व अविश्वास प्रस्ताव करा पद से हटा दिया गया था। बीते दो अप्रैल 2018 को तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष वंदना यादव के खिलाफ अविश्वास पारित किया गया। रिक्त पद में हुए उपचुनाव में जयंती राजपूत जिला पंचायत अध्यक्ष चुनी गईं। वंदना यादव ने मामले में सरकार व निर्वाचन आयोग के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। जिस पर हाईकोर्ट ने अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया को गलत ठहराते हुए उसे निरस्त कर दिया। साथ ही हुए निर्वाचन को भी गलत ठहराया और वंदना यादव को जिला पंचायत अध्यक्ष माना। जिसके बाद वंदना यादव ने कार्यभार ग्रहण कराने व मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यों पर रोक लगाने की मांग कर जिलाधिकारी को हाईकोर्ट का आदेश सौंपा। डीएम ने मामले में शासन को पत्र भेज कार्रवाई को लेकर राय मांगी। वंदना यादव द्वारा हाईकोर्ट में अवमानना दाखिल की गई। शासन से लेकर प्रशासन तक के कई अधिकारियों को कोर्ट ने तलब किया। जिसके बाद शासन में हुई बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आदेश जारी कर वंदना यादव को कार्यभार ग्रहण कराने के लिए डीएम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिम्मेदार अधिकारियों के न मिलने से ऐसा नहीं हो सका। वहीं मंगलवार देर शाम बांदा से अपने साथ अपर मुख्य अधिकारी एलएन खरे को वंदना यादव लेकर मुख्यालय पहुंचीं। जिला पंचायत कार्यालय पहुंच शासन के निर्देशानुसार एएमए ने उन्हें कार्यभार सौंपा।

## बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत, दोस्त घायल

संवाददाता। बांदा

**तेज रफ्तार** बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छनेहरा लालपुर निवासी 23 वर्षीय राजकिशोर शहर से सब्जी लेकर देररात बाइक पर गांव जा रहा था। उसके साथ बिसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पिस्टा निवासी दोस्त 25 वर्षीय महाबीर भी था। रास्ते में हथौरा व करबई गांव के बीच पुलिया के पास बबेरू की ओर से जा रही तेज रफ्तार बोलेरो की सामने से उन्हें टक्कर लग गई। इससे राजकिशोर की मौके पर मौत हो गई। उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर जब तक पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आरोपित चालक वाहन छोड़कर भाग चुका था। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली बोलेरो को कब्जे में लिया है। घायल युवक को पुलिस जिला अस्पताल ले गई। पुलिस के छनेहरा गांव में सूचना देने पर पिता सत्यनारायण व अन्य स्वजनों ने राजकिशोर की पहचान की। पिता ने बताया कि वह भूमिहीन है। इससे गांव के दूसरों की करीब तीन बीघा जमीन लेकर कृषि कार्य करता है। बेटा राजकिशोर भी उसका कृषि कार्य में मदद करता था। पिछले वर्ष नवंबर में उसकी शादी हुई थी। गर्भवती पत्नी लीलावती समेत अन्य स्वजन बेहाल हैं। कोतवाली निरीक्षक रुकुमपाल सिंह ने बताया कि बोलेरो के चालक का पता लगाया जा रहा है। पिता की तहरीर पर अज्ञात बोलेरो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विकास कार्यों में लीपापोती करने वाले कर्मचारियों को क्लीनचिट

**चित्रकूट।** गांवों में विकास कार्यों को लेकर सरकार के लाखों रुपये के बजट को प्रधान व सचिव की मिलीभगत से जिम्मेदार अधिकारी बंदरबांट कर रहे हैं। इससे गांवों में सही ढंग से विकास कार्य नहीं हो रहे। जांच में दोषी मिलने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों को मोटी रकम देकर मामले को दबा दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला मऊ ब्लाक के शेषासुबकरा गांव का सामने आया है। शेषासुबकरा के विकास कार्यों में प्रधान व सचिव तथा तकनीकी सहायक ने सरकारी धन का बंदरबांट किया। जिम्मेदार अधिकारियों ने परियोजना निदेशक व डीपीआरओ से तकनीकी अधिकारियों से जांच कराई। दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिये गये। प्रधान-सचिव व तकनीकी अधिकारियों पर 26 जून 2018 को थाना मऊ में गबन का मामला 130 लोगों पर दर्ज किया गया। खण्ड विकास अधिकारी मऊ राकेशचन्द्र शुक्ला की दर्ज रिपोर्ट में आरोपी सहायक विकास अधिकारी रामलाल मिश्रा, पूर्व प्रधान दिवाकर त्रिपाठी, तकनीकी सहायक संजय पाण्डेय, प्रधान प्रमोद कुमार, तकनीकी सहायक नासिक उलइस्लाम गनी समेत तमाम लोगों पर मामला दर्ज हुआ। मऊ थाने के थानाध्यक्ष श्याम प्रताप पटेल ने तीस मई 2019 को जांच रिपोर्ट में दोषियों को क्लीनचिट दे दिया। थानाध्यक्ष ने प्रमुख बिन्दुओं को दरकिनार कर लीपापोती कर जांच रिपोर्ट तैयार की। विकास कार्यों में तकरीबन 4681661 रुपये की धनराशि से मानक विहीन कार्य कराया था।

### आत्म हत्या करने का किया प्रयास

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के गांव एक युवती ने गृह कलह के चलते डाई पी ली हालत गंभीर होने पर परिजनों ने मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती जहां से जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। परछछ गांव निवासी पूनम 20 वर्ष पुत्री लालाराम ने गृह कलह के चलते डाई पी लिया। सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती जहां हालत गंभीर होते देख डाक्टरों ने सदर अस्पताल हमीरपुर के लिए रिफर कर दिया है।

## भूमि विवाद को लेकर युवक को पीटा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने युवक के साथ अभद्रता की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित युवक द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम रसूलपुर निवासी सुखदेव पुत्र भैयालाल ने कोतवाली पुलिस को बताया कि मंगलवार कि सुबह वह अपने प्लाट पर निहास की खुदाई कर रहा था। तभी गांव के चार लोग आए और निहास खोदने का विरोध कर अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### रंजिश को लेकर युवक को पीटा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** पुरानी रंजिश को लेकर दबंग ने पड़ोसी युवक को रास्ते में रोककर कर अभद्रता की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मूसरी निवासी रामू पुत्र भगवानदास ने पुलिस को बताया है कि गांव के ही युवक ने रास्ते में रोककर उसके साथ अभद्रता कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## सर्दी से राहत पाने के लिए बांटे कम्बल



महिला को कम्बल बांटती पूर्व राज्यमंत्री व एसडीएम।

**गुरसहायगंज।** भीषण गर्मी में गरीब व जरूरतमंदों को राहत देने के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व राज्यमंत्री, एसडीएम व तहसीलदार ने 125 लोगों को कम्बल वितरित कर राहत दी। कम्बल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। मंगलवार को तालग्राम में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय, एसडीएम छिबरामऊ देवेश कुमार गुप्ता, तहसीलदार अभिमन्यु कुमार ने करीब 125 गरीब व जरूतमंदों को भीषण सर्दी से राहत देने के लिए कम्बल वितरित किए। इस दौरान विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि दिन प्रतिदिन सर्दी का प्रकोप बढता जा रहा है। ऐसे में सभी को गरीबों की मदद कर राहत पहुंचाना चाहिए। एसडीएम ने कहा कि लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए शासन के द्वारा कम्बल वितरण कराए जा रहे है। जो पात्र छूट गए है वह सम्बन्धित लेखपाल से मिलकर अपना नाम अंकित करा दे। सभी को कम्बल प्रदान कराए जाऐगे। इस दौरान राजा चौरसिया, हरनाथ राजपूत, अतुल गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी घनश्याम राय आदि मौजूद रहे।

## ठगी का शिकार हुआ युवक, की शिकायत

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**सुपर टेट** की पढाई कर रहे युवक को मोबाइल पर लाखों रुपए जीतने का लालच दिया गया। जिसके बाद धोखाधड़ी से हजारों रुपये की ठगी कर ली गई। जानकारी होने पर पीड़ित छात्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम अनौगी निवासी इंद्रजीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसके मोबाइल पर कुछ दिन पूर्व वोडाफोन कंपनी का कर्मी बताकर लाखों रुपये की रकम जीतने की जानकारी दी गई। और खाते में 12 हजार की रकम डालने को कहा गया। जिस पर पीड़ित ने खाते में बताई गई रकम डाल दी। कुछ दिनों बाद जानकारी होने पर पीड़ित युवक ने आरोपी को फोन कर खाते में भेजी गई रकम वापस मांगी। लेकिन रकम वापस नहीं मिली। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अज्ञात कारणों के चलते महिला ने लगाई फांसी



संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**थुलेडी** चौकी अंतर्गत हसनपुर में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर जान देने का मामला प्रकाश में आया घटनाक्रम के ज्योति श्रीवास्तव उम्र 26 वर्ष का विवाह हसनपुर निवासी सोनू उर्फ अविनाश के साथ 3 वर्ष पूर्व हुआ था अविनाश हाईकोर्ट में वकालत करता है और इलाहाबाद ही रहता है क्योंकि ज्योति के एक डेढ़ वर्षीय बच्चा भी है और गांव में वृद्ध ससुर व एक ननंद जो आंगनबाड़ी में कार्य करती है रहते थे इसलिए ज्यादातर ज्योति गांव में ही रहती थी बताया जाता है कि लगभग 1 सप्ताह पूर्व वह इलाहाबाद पति के पास रहकर गांव वापस आई थी घटना वाले दिन ससुर किसी काम से बाहर गया हुआ था और ननंद अपनी ड्यूटी पर गई हुई थी इसी बीच ज्योति द्वारा दुपट्टे का सहारा देकर छत में लगे छल्ले से लटककर जान दे दी गई महिला द्वारा आत्महत्या क्यों की गई यह एक रहस्य से बना हुआ है पुलिस द्वारा मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ विवेचना प्रारंभ कर दी गई है प्रारंभ कर दी गई है! थानाध्यक्ष प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि जांच चल रही हैं मौत का कारण पता लगाया जा रहा है और जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आरोप प्रत्यारोप का वीडियो वायरल

**ऊंचाहार,रायबरेली।** भूमि पैमाईश को लेकर प्रधान प्रतिनिधि व क्षेत्रीय लेखपाल के बीच इतनी बहस हो गई कि एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप व गाली गलौज की नौबत आ गई । मामले ने तूल तब पकड़ा ,जब इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । घटना रोहनिया विकास खंड के गांव ऐहारी बुजुर्ग का है । वायरल वीडियो एक महीने पुराना बताया जा रहा है । गांव में लेखपाल किसी भूमि की पैमाईश करने गए थे । भूमि पैमाईश के दौरान मौके पर मौजूद महिला प्रधान के प्रतिनिधि विजय शुक्ला और क्षेत्रीय लेखपाल रावेन्द्र मौर्य में किसी बात को लेकर बात विवाद होने लगा । विवाद इतना बढ़ गया कि लेखपाल पर प्रधान प्रतिनिधि ने पैसा लेने का आरोप लगाकर उनके साथ गाली गलौज भी की । घटना के बाद पूरा मामला शांत हो गया था । लेकिन विगत दो दिनों से पूरे घटनाक्रम का वीडियो स्थानीय सोशल मीडिया पर वायरल हो गया ।

## स्पीड ब्रेकर पर बाइक से गिरकर मां-बेटी गंभीर रूप से घायल

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**शिवगढ़** थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाईवे पर बने मानक विहीन ब्रेकर दुर्घटनाओं का सबब बने हुए हैं। विडम्बना है कि दर्जनों राहगीरों के दुर्घटना का शिकार होने के साथ ही एक महिला की मौत के बाद भी लोक निर्माण विभाग की नींद नही खुली। विदित हो कि लोक निर्माण विभाग द्वारा शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच हाईवे पर भवानीगढ़,गूढ़ा, रानीखेड़ा में मानक विहीन ब्रेकर तो बना दिए गए किंतु कहीं भी गति अवरोधक संकेतक नहीं लगवाए गए। इन मानक विहीन ब्रेकरों पर अब तक दर्जनों राहगीर दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। वहीं हाल ही में शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बलभद्र खेड़ा मजरे देहली की की एक महिला दुर्घटना का शिकार होकर काल के गाल में समा चुकी है। वहीं हादसे के शिकार सफाई कर्मी एसोसिएशन के शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार की हालत गम्भीर बनी हुई है जो पिछले 2 महीने से कोमा में है। किंतु विडंबना है कि दर्जनों दुर्घटनाओं के साथ ही महिला की मौत के बाद भी लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुम्भकर्णी में सो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते रानी खेड़ा में बने मानक विहीन ब्रेकर पर एक और महिला व उसकी 9 वर्षीय बेटी दुर्घटना का शिकार होकर गम्भीर रूप से घायल हो चुकी है। गौरतलब हो कि बाराबंकी जनपद के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के हसवापुर की रहने वाली 30 वर्षीय महिला विजयलक्ष्मी पत्नी फूलचंद वर्मा अपनी 9 वर्षीय बेटी प्रिंसी के साथ पड़ोसी प्रदीप सिंह की बाइक पर बैठकर बछरावां थाना क्षेत्र के जलालपुर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रिश्तेदारी जा रही थी तभी मानक विहीन ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होने से बाइक सहित बेटी प्रिंसी हाईवे पर गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गई।

## खेत में मिला अधेड़ का शव, छानबीन में जुटी पुलिस

**सुलतानपुर।** कूरेभार स्थानीय क्षेत्र के सलीमपुर ग्रेंट (गोनहा) के पास मंगलवार की सुबह पानी से भरे खेत में एक अधेड का शव मिलने से हडकंप मच गया। जांच-पडताल के बाद शव की शिनाख्त अयोध्या जिले के हैदरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत घोपा डुहिया गांव निवासी एक राजमिस्त्री के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। राजूपुर-एकडला सड़क मार्ग पर स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर एक शव खेत में ग्रामीणों ने देखा। शव की शिनाख्त अयोध्या जिले के थाना हैदरगंज घोपा डुहिया गांव निवासी राम खुशी वर्मा (48) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक राज मिस्त्री था। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक शाम को काम से घर पैदल जा रहा था। सूचना पर कूरेभार थाना प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी, सब इंस्पेक्टर केपी वर्मा के साथ फोरेंसिक इंचार्ज विजय कुमार व राजू प्रसाद मौके पर पहुंचकर शव की जांच शुरू की। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक के दो पुत्र सत्यम (10), शिवम (8) के साथ पत्नी रीता जो दिव्यांग है। फिलहाल पति के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं दो मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया छीन गया।

## जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक में परियोजनाओं का हुआ अनुमोदन

संवाददाता। गोंडा



**मंगलवार** को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में जिला भूमि एवंज ल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें भूमि संरक्षण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का अनुमोदन हुआ।

समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने लाभार्थी कृषकों से वार्ता कर योजनाओं के तहत किए गए कार्यों व उससे अर्जित लाभ एवं अनुभवों के बारे में पूछा। बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में 33.36 लाख रूपए की लागत की 05 राजकीय कृषि प्रक्षेत्र डोमाकल्पी परसपुर, कस्तुआ झंझरी, कटहा तरबगंज, लक्ष्मनपुर व कल्यानुपर नवाबगंज का अनुमोदन हुआ। इसी प्रकार मनरेगा योजनान्तर्गत तालाब का जीर्णोद्धार, जल निकासी, नाले का जीर्णोद्धार एवं मेड़बन्दी के अन्तर्गत 121.15 लाख रूपए की 13 परियोजनाओं असिधा, पारासराय, बमडेरा, गौसिंहा, बनगाई कूकनगर ग्रन्ट, छिटनापुर बेलवा बजाार नरायनपुर माफी सोनी हर लाल, हरदिहा सपौर तथा नकही की स्वीकृति हुई। स्पेशल प्रोजेक्ट के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में 49.81 लाख की 02 परियोजनाओं क्रमशः झाली धाम रूपईडीह व कृयि विज्ञान केन्द्र महेवानानकार मनकापुर का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि भूमि एवं जल संरक्षण के तहत कराए गए कार्यों का सत्यापन करा लें तथा जहां पर बेहतर कार्य हुए हों उन्हें सक्सेज स्टोरी के तौर प्रोजेक्ट किया जाय, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग प्रेरित हों और लाभ ले सकें। ग्रामीण अवस्थापना विकास कोष (नाबार्ड) योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020-21 में 118.44 लाख रूपए की लागत की 07 परियोजनाएं पठान पुरवा नवाबगंज, मरौचा मनकापुर, परसैहना नवाबगंज, बगदर ग्रंट-2 छपिया, छब्बीसवां रूपईडीह तथा कोटीया व हरईया घाट बभनजोत के समोच्य रेखीय बांध, मार्जिनल बांध, समतलीकरण, फसलोत्पादन कृषि वानिकी तथा पक्का कार्यों की स्वीकृति हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। बैठक में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना की भी गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए.बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी सदानन्द चौधरी, उपनिदेशक कृषि डा0 मुकुल तिवारी, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव, जिला उद्यान अधिकारी मृत्युन्जय सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी सभाजीत पाण्डेय, अजीत सिंह, अग्रणी कृषक रवि शंकर सिंह पवन सहित अन्य अधिकारी व लाभार्थी कृषक उपस्थित रहे।

## लापरवाह धान क्रय केंद्र प्रभारी होंगे दंडितः डीएम



संवाददाता। श्रावस्ती

**जिलाधिकारी** ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं क्रय केन्द्र से सम्बन्धित अधिकारियों एवं केन्द्र प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि धान की खरीद में बिचैलियों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेंगे शिकायत आने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिले में स्थापित सभी धान क्रय केंद्रों के प्रभारी अपने अपने धान क्रय केंद्रों पर सभी व्यवस्थाए दुरुस्त रखकर किसानों का शतप्रतिशत धान खरीदना सुनिश्चित करे जिससे किसानों को कोई समस्या न हो।उक्त बाते कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद से जुड़े सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान जिलाधिकारी टी के शिबु ने कही। उन्होंने कहा कि किसानों से समय से उनकी धान खरीद की जाय यदि किसी केन्द्र प्रभारी द्वारा धान खरीद में शिथिलता वरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने धान क्रय की पारदर्शिता बनाये रखने के उद्देश्य से समस्त किसान भाइयों का अह्वान किया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2020.21 के तहत कुल 37 धान क्रय केंद्रों का अनुमोदन हुआ है। 15 अक्टूबर से धान क्रय सत्र प्रारंभ हो गया है जो 28 फरवरी 2021 तक संचालित रहेगा। समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि जिले में धान खरीद का लक्ष्य 35000 एमटी के सापेक्ष 18 दिसम्बर तक 29048ण्305 एमटी की खरीद की जा चुकी है जो लक्ष्य के सापेक्ष 82ण्99 प्रतिशत है। बैठक के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि एनसीसीएफ के 02 केन्द्र क्रमशः गिलौला एवं मल्हीपुर तथा पीसीएफ का 01 धान क्रय केन्द्र लक्ष्मनपुर बाजार में भी धान की खरीद शिथिल गति से की जा रही है। इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी को ढंग से कार्य करने की नसीहत दी है। इसके साथ ही प्रत्येक दशा में लक्ष्य पूरा करने का भी निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी क्रय केंद्रों पर धान विक्रय में किसी तरह की असुविधा होने पर कृषक भाई कंट्रोल रूम नंबर 7839565043 जिला खाद्य वितरण अधिकारियों के मोबाइल नम्बर 9151598860 एवं 7880358701तथा संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। धान क्रय केंद्रों पर लगे बैंनरों पर यह सभी संपर्क नंबर अंकित है।

## स्व. वाजपेयी के जन्मदिन को लेकर भाजपाइयों ने कसी कमर

संवाददाता। सुलतानपुर

● हजारों की भीड़ जुटाने में लगे भाजपा के कार्यकर्ता

**पूर्व प्रधानमंत्री** स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर 25 दिसम्बर को भाजपा जिले के सभी 14 विकास खण्डों में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में 1000 से अधिक लोगों व किसानों की भीड़ जुटाने के साथ जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी को उपस्थित रहने की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

मंगलवार को जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल बैठक में पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले किसान संवाद कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। 25 दिसम्बर को भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर भाजपा अपने 26 संगठनात्मक मण्डल 372 सेक्टर एवं 2118 बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम प्रत्येक ब्लाक मुख्यालय पर 1000 लोगों को लाने के लिए पूरी ताकत झोकेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष द्वारा किसान कानून पर फैलाये जा रहे झूठ का पर्दाफाश करना होगा। मोदी सरकार की नीति और नीयत किसानों के खुशहाली के लिए समर्पित है। डॉ वर्मा ने कहा किसान कानून के भ्रम को दूर करने के लिए 25 दिसम्बर को आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम को 100 प्रतिशत ताकत लगाकर ऐतिहासिक बनाना है।

## समाजसेवी ने सैकड़ों गरीबों में बांटा कंबल

● कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पाण्डेय, कंबल पाकर खिले गरीबों के चेहरे, लोगों ने की सराहना

**सुलतानपुर।** कड़ाके की ठण्ड में गरीबों व मजलूमों को सर्दी से बचाने के लिए समाज सेवी ने जो पहल की है वह काबिले तारीफहै। दोमुंहा तिराहे पर वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पाण्डेय के हाथों सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल मिला तो उनके चेहरे खुशी से खिल गए। स्थानीय लोगों ने भी समाजसेवी के कार्य की खूब सराहना की।

मंगलवार को विकास खण्ड भदैंया के दोमुंहा तिराहे पर अभिया गांव निवासी समाज सेवी प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पाण्डेय रहे। कंबल वितरण के दौरान श्री पाण्डेय ने कहा कि इस भीषण सर्दी में लोगों की मदद करना बहुत ही पुण्य का काम है। हमारे समाज में अभी भी बहुत से ऐसे लोग हैं जिनके पास सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े नही हैं। ऐसे में हम सभी का यह नैतिक दायित्व बनता है कि ऐसे लोगों की बढ़ चढ़कर मदद करें। समाजसेवी प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि ऐसे नेक कामों से जहां जरूरतमंदों की कुछ मदद हो जाती है वहीं खुद को भी सुकून मिलता है। उन्होंने बताया कि जनवरी के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में भी हजारों गरीबों को कम्बल वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों को कंबल दिया गया। समाजसेवी के इस नेक काम को लोगों ने खूब सराहा। इस मौके पर एम0 आई0 राकेश पाण्डेय, विपिन पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## वन्य जीव संरक्षण के तहत मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर।** पुलिस पकड से दूर चर्चित हिमांशु हत्याकांड की मुख्य अभियुक्त प्रतिभा उपाध्याय को पशु-पक्षियों का शौक महंगा पड गया है। घर में बंदर और तोता बिना अनुमति कैद किए जाने के मामले में वन्य जीव संरक्षण का मुकदमा दर्ज कराया गया हैं। वहीं वन विभाग की टीम ने तोता और बंदर को कादूनाला स्थित वन्य क्षेत्र में लेकर जाकर आजाद कर दिया है। हिमांशु हत्याकांड में मुख्य अभियुक्त प्रतिभा उपाध्याय की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उसके शास्त्रीनगर मुहल्ला स्थित आवास पर दविश दी थी। सूनसान कमरे में बंदर और तोता कैद मिला था। पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बंदर और तोता को मुक्त कराते हुए प्रतिभा उपाध्याय पत्नी डॉक्टर प्रदीप मिश्रा के विरुद्ध के विरुद्ध कोतवाली नगर सुल्तानपुर में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। वनविभाग के रेंज अमरजीत मिश्रा ने बताया कि बरामद किए गए इन वन्यजीवों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुल्तानपुर के न्यायालय में पेश किया गया।

## कौशल विकास केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन

संवाददाता। रायबरेली



**नाबार्ड** द्वारा प्रायोजित और पीपल ट्री वेंचर्स संस्था द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन ग्राम सूरजकुंडा विकास खण्ड राही, जनपद रायबरेली में मुख्य अतिथि श्रीमती अदिति सिंह सदर विधायक द्वारा किया गया। अदिति सिंह नें लोगों को संबोधित करते हुए लोगों को बताया कि प्रवासी श्रमिकों को रोजगार या स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में नाबार्ड द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम से उन्हें क्या क्या लाभ मिल सकते हैं। इसके साथ ही मुख्य अतिथि नें क्षेत्र के सभी प्रवासी श्रमिक भाइयों से संस्था के साथ जुड़ने और प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार करने के लिए प्रोत्साहित किया और योगदान देने को कहा। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सहायक महाप्रबंधक विनीता कुंद्रा , जिला प्रबंधक रायबरेली नाबार्ड श्रीमती रजनी पाण्डेय जी और विजय शर्मा नें संबोधित किया विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष (सैनिक प्रकोष्ठ) राजेश सिंह फौजी जी नें भी संबोधित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती वैशाली सिंह नें की व कार्यक्रम का कुशल संचालन आशीष सिंह नें किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक और पीपल ट्री वेंचर्स संस्था के प्रबंधक अनन्त विजय सिंह नें सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया व आये हुए सभी लोगों को धन्यवाद प्रेषित किया और क्षेत्र के समस्त प्रवासी श्रमिकों को नाबार्ड द्वारा प्रायोजित राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित कियाइस अवसर पर संस्था के क्वालिटी हेड श्री शिव चन्द्र यादव, मुनीन्द्र सिंह, ब्रिजेश कुमार, कृष्णा कुमार, ग्राम प्रधान प्रदीप यादव, विद्यालय प्रबंधक हरिओम शर्मा, विश्वास बहादुर सिंह, बबलू सिंह, मुन्ना सिंह, शिवम् सिंह, मोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मनी रामानुजन की जयंती

**सुलतानपुर।** स्थानीय गनपत सहाय पी.जी कॉलेज सुलतानपुर के गणित विभाग द्वारा श्रीनिवास रामानुजन की 125 वीं जयंती पर 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. जयसनाथ मिश्र ने श्रीनिवास रामानुजन के योगदानों का उल्लेख किया। बतौर अतिथि डॉ भोला नाथ ने छात्रों को उनके जीवन से सीखने एवं प्रेरणा लेने की शिक्षा दी। इस कार्यक्रम में गणित विभाग के अन्य शिक्षकगण रविशंकर शुक्ल, शिशिर श्रीवास्तव, डॉ.कुवर दिनकर प्रताप सिंह एवं सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

### कैंडिल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर।** किसान बिल के विरोध में जीवन गंवा चुके किसान नेताओं के लिए कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकाल श्रद्धांजलि दी। कांग्रेसियों ने कहा कि किसान नेताओं की कुर्बानी बर्वाद नही जाएगी। बस स्टेशन के आजाद पार्क से राजीव गांधी पार्क तक कैंडिल मार्च में पूर्व फिल्म सेंसर बोर्ड के सदस्य विजय श्रीवास्तव, रंजीत सिंह सलूजा, हामिद राईनी, नफीस खातून, मनोज शुक्ला, राघवेंद्र सिंह, सुहेल, महेश अस्थाना, वरुण श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। सभी नेताओं ने पारित किसान बिल के विरोध में नागरिकों से सहयोग मांगा।

### शिक्षकों ने पीड़ित परिजनों को सौंपा चेक

**सुलतानपुर।** स्व राहुल कुमार उपाध्याय नवनियुक्त शिक्षक प्राथमिक विद्यालय ककराही लम्भुआ के पैतृक आवास चतुर्भुजपुर पहुंचकर शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल ने एक लाख छः हजार रुपये की आर्थिक मदद की। शिक्षकों का प्रतिनिधि मण्डल ने पीड़ित परिजनों की भावनाओं को देख खुद भावुक हो गया। शिक्षकों ने राहुल उपाध्याय की आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर बीईओ लम्भुआ अश्विनी सिंह, विजय सिंह, सूर्य भान यादव, संजय मिश्रा, भारत यादव, ओ पी कनौजिया, द्वारिका प्रसाद यादव, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मना

**गोंडा।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा प्राचार्य डॉ0 वंदना सारस्वत के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी डॉ0 जितेंद्र सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ0 मंशाराम वर्मा ने किया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिव शरण शुक्ल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अवधेश वर्मा, डॉ0 लोहंस कल्याणी,. अर्जुन चौबे, जगदंबा सिंह, राम भवन प्रजापति, अभिजीत भारती, अतुल पांडेय, शशिकांत, यश भारती, वंदना, यश भारती, संजीव कुमार, अमरनाथ, पूजा पांडे, अनिल गोस्वामी,दिव्या मिश्रा, प्रियव्रत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**ऊंचाहार,रायबरेली।** पुलिस ने एक व्यक्ति को एक किलो सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है । पुलिस ने क्षेत्र के गांव अरखा के पास से चेकिंग के दौरान फूलचंद्र निवासी गांव अरखा को हिरासत में लिया है । इसके कब्जे से पुलिस ने एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया है । पुलिस का कहना है कि यह व्यक्ति काफी समय से गांजा के अवैध कारोबार से जुड़ा था । इसकी गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर हुई है ।

### चोरी की बाइक व तमंचा समेत एक गिरफ्तार

**ऊंचाहार,रायबरेली।** दस दिन पूर्व चोरी हुई बाइक समेत चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है । उसके कब्जे से एक तमंचा भी बरामद हुआ है ।घटना दस दिन पहले की है । क्षेत्र के गांव असलाह पुर निवासी अनूप कुमार की बाइक क्षेत्र के मतरौली के पास चोरी हो गई थी । इस मामले में पुलिस ने क्षेत्र के चड़रई चौराहा के पास से पुलिस ने भदोखर थाना क्षेत्र के गांव हमीरमऊ निवासी राममिलन को गिरफ्तार किया है । उसके पास से चोरी हुई बाइक व 315 बोर का देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है ।

### कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन

**श्रावस्ती।** आम आदमी को कोविड.19 का पाठ पढ़ाने वाले तथा कोविड नियमों का उलंघन करने वाले जनता से जूर्माना वसूलने वाले इकौना तहसील प्रशासन के अधीनस्थ कोविड 19 प्रोटोकाल का जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। मामला इकौना तहसील के आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय कार्यालय का है जहां पर न तो सामाजिक दूरी का पालन किया जा रहा है और न हीं मास्क का प्रयोग। हद तो तब हो जाती है जब क्षेत्रिय खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार यादव खुद दर्जनों लोगों से घिरे होने के बावजूद बिना मास्क के बैठे नजर आते हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि दूसरों को नियमों का पाठ पढ़ाने वाले तहसील के अधिकारीगण कब नियमों का पालन करना सीखेंगे। इतना हीं नहीं उक्त कार्यालय में फरियाद लेकर गए जनता का समाधान खुद न करके तहसील के बाहर स्थित कम्प्यूटर की दुकानों पर भेजा जाता है। जहां पर जनता की जेबे ढ़ीली हो रहीं है। दरअसल पिछले कुछ दिनों में बहुत सारे राशन कार्ड से लाभार्थियों के सदस्यों का नाम कट गया है। जिसे सही कराने के लिए पीड़ित लोग क्षेत्रिय खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। मगर इन पीड़ितों के समस्याओं का त्वरित समाधान करने के बजाय क्षेत्रिय खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार यादव द्वारा तहसील के बाहर स्थित कम्प्यूटर की दुकानों से ऑनलाइन करवा कर प्रिंट आउट लाने को कहा जाता है। तहसील के बाहर स्थित कम्प्यूटर की दुकानों पर सिर्फ सदस्यों के नाम बढ़ाने के नाम पर पचास से सौ रुपए तक की वसूले जाते हैं। जबकि गरीबों के कार्यों के लिए सरकार ने इन सभी कार्यालयों में कम्प्यूटर एवं ऑपरेटर की तैनाती की है। फिर भी पीड़ितों को सरकार के मंशा अनुरूप सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। इस सन्दर्भ में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार यादव का कहना है कि हमारे पास सिर्फ एक ऑपरेटर है जो विभागीय काम कर रहा है।

### जिम्मेदारों ने बन्द कर रखीं आंखें

**श्रावस्ती।** जमुनहा. विकास खण्ड जमुनहा के ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियापुर में दो सफाईकर्मी तैनात है जिसमें से एक सफाई कर्मी आये दिन कार्यरत गांव से नदारद रहता जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियापुर में दो सफाईकर्मियों की नियुक्ति है लेकिन मात्र एक महिला सफाईकर्मी के भरोसे ही ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात की जा रही है। जबकि दूसरे सफाई कर्मचारी का अब तक ग्रामीणों को दर्शन भी नही हुए हैं। सिर्फ एक सफाईकर्मी महिला सुबह से शाम तक गाँव की सफाई कार्य करती है। वहीं दूसरा सफाईकर्मी ब्लाक व पास के होटलों पर बैठ कर समय पास करता है। क्योंकि विभागीय अधिकारियों के रहमो करम पर महीने भर का वेतन उसे बैठे बिठाए मिल जाता है। जब सन्दर्भ में जब सम्बंधित अधिकारी से जानकारी ली गयी तो उन्होंने जांचोपरांत उक्त सफाईकर्मी पर कार्यवाही की बात कही ।

### बिना अनुमति पेड़ काटने पर दर्ज हुई एफआईआर

**सुल्तानपुर।** बिना अनुमति प्रतिबंधित पेड काटने के मामले में वन विभाग ने सख्त कदम उठाया है। लकडी ठेकेदार के खिलाफएफआईआर दर्ज कराते हुए पैतीस हजार रूपये का जुर्माना ठोंका है। विभाग की इस कार्रवाई से लकडी माफियाओं में खलबली मच गई है। हलियापुर थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़हरिन का पुरवा मौजा मेघमऊ में गत दिनों पांच महुए का पेड ठेकेदार सुरेंद्र मिश्रा निवासी खाता बलारमऊ थाना कुमारगंज अयोध्या व रमेश कुमार पुत्र रामदीन निवासी मेघमऊ ने काटा डाला था। वहीं बल्दीराय के गौराबारा मऊ पूरे ज्योतिया गांव में एक नीम का पेड राजेश दुबे पुत्र राम चंद्र दुबे ने धराशायी कर दिया। प्रकरण की जांच रेंजर अमरजीत मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

# नोडल अधिकारी ने रात में रैन बसेरा व दिन में नए तहसील का किया निरीक्षण

● अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा कर नोडल अधिकारी ने कार्यों में तेजी लाए जाने का दिया निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर


निरीक्षण करते नोडल अधिकारी — पायनियर

**अपर मुख्य** सचिव उ0प्र0 शासन/जनपद के नोडल अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकताओं से सम्बंधित योजनाओं एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें जनपद के विभिन्न विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहें कार्यो/संचालित योजनाओं की विन्दुवार समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने मुख्य चिकित्साधिकारी से जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों में मरीजों के सापेक्ष चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में एन्टी रेविज इन्जेक्शन की उपलब्धता आवश्यकता से कम है, जिसका संज्ञान लेते हुए नोडल अधिकारी ने आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। अधिशाषी अभियन्ता सिचाई को समयानुसार शिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण कराते हुए नहरों में टेल तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये गये है। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अधिकारी द्वारा बताया गया कि नये विद्युत कनेक्शन पाने के लिए दो योजनाएं झटपट पोर्टल एवं निवेश मित्र पोर्टल संचालित है। जिसके द्वारा 20 वाट तक के लिए उपभोक्ता झटपट पोर्टल पर एवं इससे अधिक के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर एक सप्ताह के अन्दर विद्युत कनेक्शन पा सकते है। वर्तमान में दोनो पोर्टलों पर प्राप्त आवेदन के सापेक्ष कोई प्रकरण लम्बित नही है। पी0डब्लू0डी0 विभाग द्वारा जानकारी दी गयी की जनपद में कुल 39 सड़कों पर कार्य कराया जा रहा है।

नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने पीएमजेएसवाई की सड़क निरीक्षण के दौरान खराब पाये जाने पर समीक्षा बैठक में सम्बंधित अधिकारियों से गहन पूछताछ के दौरान यथोचित जबाव न दे पाने पर असंतोष व्यक्त किया। इस पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने मुख्य विकास अधिकारी को उक्त सड़क की तकनीकी जांच कराये जाने हेतु समिति गठित कर उसकी रिर्पोट प्राप्त करने के निर्देश दिये। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सोलर पम्पों की स्थापन आदि की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए नोडल अधिकारी ने लाभार्थीपरक योजनाओं में बजट के सापेक्ष अबिलम्ब भुगतान करने के निर्देश दिये जनपद के सभी 63 संचालित गोशालाओं में सरक्षित गोवंशों क संख्या, देख रेख एवं टीकाकरण के बिन्दुओं की समीक्षा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से विभिन्न बिन्दुओं पर पूछताछ करते हुए की गयी।

## छह गैंगेस्टर आरोपियों की जमानत खारिज

**संतकबीरनगर।** अपर जिला जज एव विशेष न्यायाधीश जैनुद्दीन अंसारी ने गैंगेस्टर के विभिन्न मामलो में 6 आरोपीयो की जमानत अर्जी निरस्त कर दिया। अभियुक्तगण दाऊद शब्बीर व रामकृष्ण उर्फ कृष्णा गोंड़ तथा अनिल राजभर, विक्रम उर्फ विकाऊ, देवेंद्र उर्फ खेताऊ व सिकन्दर की तरफ से उनके अधिवक्ता ने जमानत प्रार्थना पत्र दिया और बताए कि अभियुक्त निर्दोष है व जमानत पाने का हकदार हैं। जमानत प्रार्थना पत्र का अभियोजन की तरफ से विशाल श्रीवास्तव ने विरोध किये तथा तर्क दिए की अभियुक्त गैंग बनाकर अवैध अपराध व चोरी व छिनैती की घटना कारित करते हुए लोक एवं कानून व्यवस्था भंग किये हैं जिससे जनमानस में भय व आतंक व्याप्त है तथा समाज विरोधी कृत्य करते हैं जिससे समाज मे उनके विरुद्ध कोई गवाही नही देना चाहता है व अभियुक्त का समाज मे व जनता में भय है। अभियुक्त जेल से छूटने पर अपराध में लिप्त हो जाएंगे जिससे उनका जमानत निरस्त होने योग्य है।

# शहरीकरण की सौगात, कहीं खुशी कहीं गम

● कप्तानगंज, नगर बाजार, मुण्डेरवा, गनेशपुर नगर पंचायतों के सृजन का मामला

संवाददाता। बस्ती



**जिले** को चार और नगर पंचायतों की सौगात मिली है। कप्तानगंज, नगर बाजार, मुण्डेरवा, गनेषपुर नगर पंचायत के सृजन के साथ ही जिले में नगर पंचायतों की संख्या 11 हो गई है। नगर पंचायतों का सृजन होने से क्षेत्र के लोगों में प्रसन्नता है वहीं नवसृजित ग्राम पंचायतों के सृजन की मंजूरी से ग्राम प्रधान बनने का मंसूबा पाले लोगों को झटका लगा है। ग्राम पंचायतों के शहरीकरण हो जाने से चुनाव की हसरत धरी रह जाने से वे खुष नहीं है। प्रधानी का सपना संजोएं अनेक भावी प्रत्याषियों ने कहा कि प्रधानी का जो रूतबा है वह सभासदी में कहां। कहा कि नगर पंचायत बनने के बाद भी उन्हें शहरी और ग्रामीण की चक्की में कई वर्षो तक पिसना पड़ेगा। नगर पंचायत सृजन को लेकर अनेक ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। जबकि अधिकांष ग्रामीणों का कहना है कि शहरीकरण की अंधी दौड़ में उनके गांवों का विकास ठप हो जाएगा। गांव के शहर में बदल जाने से उन्हे काफी दुष्वारियों का सामना करना पड़ेगा। न तो उनकी पहचान शहरी रह जाएगी और न ही ग्रामीण। नगर पंचायत बनने से उनके क्षेत्र का शहर की तरह विकास और मूलभूत सुविधाओं की उनकी आस पूरी होने में जो समय लगेगा उससे गांवों का विकास और पिछड़ जाएगा। इसके अलाव शहर की तरह भवन मानचित्र बनवाना पड़ेगा। वाटर और हाउस टैक्स का भी उन पर बोझ पड़ेगा। ग्राम पंचायत का अपनापन भी उनसे दूर हो जाएगा। जिले में पहले एक नगर पालिका, दो नगर पंचायत बभनान और हरैंया शामिल थी। इसके बाद शहरीकरण का विस्तार करते हुए बनकटी, रूधौली को नगर पंचायत बनाया गया। बाद में गायघाट और भानपुर के नगर पंचायत बनने के बाद इनकी संख्या सात हो गई। अब चार और नगर पंचायतों कप्तानगंज, गनेषपुर, नगर बाजार, मुण्डेरवा के सृजन बाद नगर पंचायतों की संख्या 11 पहुंच गई है।

# जनपद के दो सौ से अधिक विद्यालय आईसीटी सक्षम : डा. गोरख नाथ पटेल

● शिक्षा विभाग ने कोविड-19 की परिस्थितियों को सकारात्मक व सुधारात्मक अवसर के रूप मे बदला

संवाददाता। सोनभद्र



**वैश्विक** महामारी कोरोना वायरस कोविड-19 ने शैक्षिक गतिविधियों को रोकने का प्रयास किया लेकिन उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र ने इन परिस्थितियों को सकारात्मक और सुधारात्मक अवसर में रूप में बदल दिया। जिला प्रशासन के समक्ष अपने कर्मठ व कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों की क्षमता की पैरवी करते हुए जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने जनपद में 50 नए आईसीटी सक्षम विद्यालय की स्थापना करा दिया है। इसके लिए जनपद के जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बहुचर्चित व संवेदनशील उम्भा प्रकरण और कोविड 19 अवधि को अपने बेहतरीन प्रशासनिक कौशल से सुलझाने में सफल रहे, जनपद में मौजूद विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से सीएसआर के सम्बन्ध में बैठक कर उन्हें अपने कार्यक्षेत्र को व्यापक करने को को लेकर प्रेरित किया जिसका परिणाम रहा कि एनसीएल सिंगरौली ने अपने सीएसआर दायरे को सोनभद्र के तीन ब्लॉक तक पहुंचा दिया है। एनसीएल द्वारा जनपद सोनभद्र में 93 लाख की लागत से 50 स्मार्ट क्लास की स्थापना की गई है। म्योरपुर ब्लॉक के 28 विद्यालयों में अति पिछड़े और कभी नक्सल क्षेत्र रहे नगवां ब्लॉक के 7 विद्यालयों और मुख्यालय से जुड़े राबर्ट्सगंज ब्लॉक के 13 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की जा चुकी है। जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार मिशन प्रेरणा के तहत प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट करने के लिए कृतसंकल्प है। जनपद सोनभद्र के शिक्षकों ने शुरू से शिक्षकों के अभाव में डिजिटल क्लास के माध्यम से शिक्षण को अपने दिनचार्य में शामिल किया हुआ है यहां तक ई-पाठशाला के संचालन और दीक्षा ऐप पर निष्ठा प्रशिक्षण, प्रेरणा लक्ष्य, ध्यानाकर्षण, आधारशिला और शिक्षण संग्रह के विभिन्न मॉड्यूलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण पत्र अर्जित किया है। वर्तमान में सीएसआर से 100 विद्यालयों के पास आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टैबलेट, 20 विद्यालयों में लैपटॉप, 15 विद्यालयों के पास डीएमएफ से लैपटॉप-प्रोजेक्टर शिक्षण कार्य के लिए उपलब्ध हैं। इस प्रकार 200 से अधिक विद्यालय आईसीटी सक्षम हैं। जिला प्रशासन की मानें तो प्रदेश स्तर से आयोजित होने वाले अधिगम स्तर मूल्यांकन के आधार पर उत्कृष्ट ग्रेडिंग में रहने वाले विद्यालयों को अगले चरण में आईसीटी सक्षम विद्यालय में जल्द ही परिवर्तित कर दिया जाएगा।

# 433 हेड मास्टर और 14 बीईओ को मिलेगी एडवर्स इंट्री

● एमडीएम के लाभार्थी बच्चों का डाटा फीडिग न होने पर बीएसए ने दिया आदेश

संवाददाता। बस्ती

**लाकडाउन** और ग्रीष्मावकाश अवधि में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के खाते में एमडीएम का परिवर्तन लागत भेजने की योजना बनाई गई, मगर जिले के 433 स्कूलों के जिनमें 353 प्राइमरी और 80 जूनियर स्कूल के प्रधानाध्यापक की लापरवाही के चलते कन्वर्जन कास्ट भेजा ही नहीं जासका है। इन सभी 'गुरुजी' को प्रेरणा पोर्टल पर बच्चों और उनके अभिभावकों का बैंक डाटा और आधार कार्ड को फीड करना था। मगर इन लोगों ने गरीब बच्चों के प्रति कोई हमदर्दी नहीं दिखाई, इसे देखते हुए बीएसए जगदीष षुक्ला पहले 433 गुरुजी को चेतावनी जारी किया, उसके बाद कहाकि अगर तीन दिन में डाटा फीडिगं नहीं किया गया तो सभी को प्रतिकूल प्रविष्ठ दी जाएगी, खंड षिक्षा अधिकारियों को भी एडवर्स इंटी देने का निर्णय बीएसएकी ओर से लिया गया। सबसे अधिक डिफाल्टर 52 'गुरुजी' सदर ब्लॉक के है। दुबौलिया जिले का पहला है, जहां की प्रगति षतप्रतिषत है। जिन विद्यालयों में दस या उससे अधिक फीडिगं अवषेष हैं।

### टेण्डर होने के बाद भी नहीं शुरू हुआ स्थाई गोआश्रय स्थल पर निर्माण कार्य

**बस्ती।** टेण्डर होने के बावजूद नगर पालिका बस्ती और नगर पंचायत रूधौली में स्थाई गोआश्रय स्थल पर निर्माण कार्य शुरू न कराने पर डीएम डीएम आषुतोष निरंजन ने नाराजगी व्यक्त की है। सम्बन्धित ईओ को कार्य शुरू कराने के लिए निर्देषित किया है। कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित नगर निकाय की समीक्षा बैठक में बॉसी रोड पर महुडर एवं रूधौली में 1.65 करोड़ की लागत से दो गोआश्रय स्थल का निर्माण कार्य शुरू न कराए जाने को गंभीरता से लिया। सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि वे नगर निकायों के निर्माण कार्य एवं साफसफाई व्यवस्था का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट दें। नगर निकायों को कोविड-19 से रोकथाम एंव बचाव के लिए शासन से प्राप्त धनराशि से कोई कार्य न कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया। एडीएम, सीएमओ,मुख्य कोषाधिकारी की समिति का गठन किया है।

# गनेशपुर, मुण्डेरवा को नगर पंचायत बनाए जाने से खुशी की लहर


मिठाई खिला खुशी व्यक्त करते सदर विधायक प्रतिनिधि — पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**गनेशपुर** और मुण्डेरवा कस्बे को नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा से नागरिकों में प्रसन्नता की लहर है। मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि राजकुमार शुक्ल ने गनेशपुर और गणेश चौधरी ने मुण्डेरवा कस्बे में एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशियों को साझा किया। सदर विधायक दयाराम चौधरी के मीडिया प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के समय सदर विधायक ने जनता से जो वादा किया था उसे साढे तीन वर्षो के भीतर पूरा कर दिया। यही नहीं मुण्डेरवा चीनी मिल को शुरू कराने की दिशा में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। खुशियों को साझा करने वालों में विनोद श्रीवास्तव, अर्जुन चौधरी, जगदम्बा चौधरी, राघवेन्द्र पाण्डेय, पवन मिश्रा, विनोद कुमार, सुरेन्द्र कुमार, रामवृक्ष यादव, राजन श्रीवास्तव, आलोक चौरसिया, चन्द्र प्रकाश यादव, राजवीर सिंह लोधी, रविन्द्र मिश्र, अनिल चौरसिया, रामसागर वर्मा, अर्जुन पाल, विजय उपाध्याय, चन्द्रभान वर्मा व अन्य शामिल रहे।

# प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्यकर्मियों को मिला प्रमाण पत्र

● ठीक ढंग से करें कार्य : डा. कुमार सिद्वार्थ

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)



**मंगलवार** को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां परिसर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एएनएम, आशा, आशा संगिनी का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दौरान मानसिक रोग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। सेमरियावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नेशनल इन्टर कालेज मूड़ाडिहाबेग के प्रधानाचार्य मुजीबुल्लाह ने कहा कि मानसिक रोग के लक्षण, कारण, उपचार के बारे में चिकित्सकों ने जो विचार रखे हैं। इस रोग की गंभीरता को देखते हुए हम सभी को मिलकर लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है। डा. कुमार सिद्धार्थ ने कहा कि मानसिक रोग का सामान्य लक्षण उदास रहना है। दोस्तों, परिवार आदि से अलग रहना, मूड का बार बार बदलना हालांकि गर्भावस्था या मासिक धर्म में मूड का बदलना स्वाभाविक है लेकिन अगर यह समस्या काफी बार होने लगती है तो यह मानसिक रोग है। कुछ लोग अचानक से गुस्सा करने लगते हैं या हंसने लगते हैं इसे असामान्य बर्ताव करना कहते हैं, घबराहट या डर लगना आदि लक्षण अगर किसी व्यक्ति में मिलते हैं तो यह मानसिक रोग के लक्षण हैं। ऐसे लक्षण अगर मिलते हैं तो डाक्टर से मिलें। तमांगी मणि शुक्ला ने कहा कि पारिवारिक माहौल का सही न होना, सिर पर चोट लगना, बचपन में किसी दुर्घटना का शिकार होना, अपौष्टिक भोजन करना आदि मानसिक रोग के कारण हो सकते हैं। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सतीश गौड़, डा. हिमांशु, राम सागर चौधरी, राम पुरूषोत्तम गुप्ता, संतराम वरूण, बीपीएम राजेश कुमार पाण्डेय, बीएएम राजेश कुमार पाण्डेय, अंगद सिंह, देवचन्द्र श्रीवास्तव, अमरेंद्र आनन्द, हरिओम सिंह, डा. सुशील कुमार, रेनू लोधी, रंजना, राजकुमार, सुधीर कुमार, अबुल कलाम, अंजलि, विद्यावती सिंह, उमा चौधरी, वसीम गनी सिद्दीकी, संजू, सुन्दरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### संदिग्ध परिस्थितियों में लाइनमैन की मौत

**घोरावल/सोनभद्र।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के घुआस गांव में उस समय हड़कम्प मच गया जब संदिग्ध परिस्थितियों में एक लाइनमैन की मौत हो गयी। घटना मंगलवार की है जब घुआस पावर हाउस पर संविदा पर कार्यरत बाबून्दर यादव पुत्र जोखन यादव की काम पर निकलने के दौरान मौत अचानक हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि वह सुबह घर पर पशुओं को चारा पानी देकर अपने काम के लिए निकल पड़ा था। रास्ते में वह किसी चाय की दुकान पर रुका और वहीं किसी तरह वह अचेत हो गया। आनन फानन में उसे घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ उसकी मौत की पुष्टि चिकित्सकों ने कर दी। मिली सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर मृतक को ठंठ लगना बताया जा रहा है लेकिन मौत किन परिस्थितियों में हुई स्थित स्पष्ट नही हो पायी। चिकित्सकों ने बताया कि वास्तविकता की जानकारी पीएम के बाद ही हो पाएगी। उधर घटना की सूचना पर घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बिजली विभाग के कर्मचारियों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण सहानुभूति में खड़े दिखे।

### अध्यक्ष व महासचिव पद हेतु एक एक पर्चा दाखिल

**घोरावल/सोनभद्र।** स्थानीय तहसील अधिवक्ता समिति घोरावल के लिए होने वाले चुनाव के क्रम में मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता गोविंद नारायण झा एवं महासचिव पद हेतु अधिवक्ता रामचरित्र ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी राम अनुज धर द्विवेदी व संतोष कुमार पाठक के सम्मुख दोनों पदों पर चुनाव हेतु उपरोक्त अधिवक्ताओं ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान एल्डर कमेटी के सदस्य व चेयरमैन आदिनाथ मिश्र हरि प्रकाश वर्मा व रामकिंकर पाठक जहां मुख्य रूप से मौजूद रहे वही अध्यक्ष जय सिंह एडवोकेट समेत राजेंद्र कुमार पाठक संतोष कुमार मिश्र सच्चिदानंद चौबे व इंद्र देव सिंह आदि अधिवक्ता से उपस्थित रहे। नामांकन पत्र जमा होने के साथ ही चुनाव की सरगर्मी तहसील क्षेत्र में बढ़ गई और लोग अपने पक्ष में अधिवक्ताओं से मतदान करने की अपील करना शुरू कर दिए।

### प्रहरी एप के विरोध में ठेकेदारों ने धरना प्रदर्शन किया

**बस्ती।** पीडब्लूडी के ठेकेदारों ने आदर्ष पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह की अगुवाई में प्रहरी एप के विरोध में मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना दिया। कहागया कि षासन प्रहरी एप के जरिए विभाग के छोटे ठेकेदारों के अस्तित्व को ही समाप्त कर देना चाहती है, ताकि मोनोपोली बनी रहे और निविदा को मैनेज करने में कोई कठिनाई न हो। सबसे अधिक चर्चा प्रहरी एप के विसंगतियों को लेकर हुई। बाद में एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता से मिला, और एक ज्ञापन देते हुए कहा कि अगर विसंगतियों को दूर नहीं किया गया तो कोई भी ठेकेदार विभाग के किसी निविदा में भाग नहीं लेगा। वैसे ठेकेदार त्वरित निविदाओं का बहिष्कार करने के मूड में थे, मगर अधिकारियों के आष्वासन पर 20 दिन के लिए टाल दिया। इस मौके पर डीएन सिंह, उमेष षाही, कपिल देव दूबे, रमाषंकर, अनिल वर्मा, लालजी, मदन पांडेय, भूपेष दूबे, विनोद राय, विद्याषंकर मिश्र, विनोद चौबे, सुनील तिवारी, संगम पाठक, अनिल सिंह और प्रवीण सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### महिला जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**संतकबीरनगर।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंगलवार को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती कंचन लता पांडेय अध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए किन किन पोषक तत्वों की कमी से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं व कौन कौन से खाद्य पदार्थ में कौन-कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं।

# सौर ऊर्जा आधारित 9 मिनी पेयजल परियोजनाओं का सांसद ने किया लोकार्पण

● जनपद का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है : अनुप्रिया पटेल

संवाददाता। मिर्जापुर



**अपना** दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को सांसद निधि के अंतर्गत जनपद के 9 स्थानों पर स्थापित सौर ऊर्जा आधारित मिनी पेयजल परियोजनाओं का लोकार्पण किया। ये परियोजनाएं यूपी स्टेट एग्रो के द्वारा पूर्ण की गई हैं। इस मौके पर श्रीमती पटेल ने कहा कि जनपद के विकास के लिए वह इस तरह की परियोजनाएं लाने का निरंतर प्रयास करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि जनपद का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनपद के किसी भी व्यक्ति को पेयजल की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी।

सौर ऊर्जा आधारित ये मिनी पेयजल परियोजनाएं जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थापित की गई हैं। सीखड़ ब्लॉक हांसीपुर स्थित शिवाजी नेशनल इंटर कॉलेज मेंए जमालपुर ब्लॉक के देवकली इंटर कॉलेज के परिसर मेंए जमालपुर ब्लॉक के मनउर स्थित मुराहू इंटर कॉलेज के परिसर मेंए राजगढ़ ब्लॉक के अहरौरा स्थित वनस्थली महाविद्यालय मेंए सीखड़ ब्लॉक के मंगरहा स्थित नरोत्तम सिंह पदुम सिंह राजकीय महाविद्यालय मेंए मझवां ब्लॉक के नरायणपुर जमुआ स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज मेंए लालगंज ब्लॉक के तिलांव स्थित जनता जनार्दन शिक्षा सदन इंटर कॉलेज मेंए हलिया ब्लॉक के बरौंधा स्थित राजकीय बालिका विद्यालय मेंए छानबे ब्लॉक के बाबा वेदौरा नाथ धाम के पास ये मिनी पेयजल योजनाएं पूर्ण की गई हैं।

इस मौके पर अपना दल ;एसद्ध के युवा विधायक राहुल प्रकाश कोलए आनंद सिंहए दुर्गेश पटेलए राजकुमार ए शंकर सिंह चौहानए सोनेलाल पटेलए विजय शंकर केसरवानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थें।

## सांसद पहुंचीं बामी, कहा न्याय जरूर मिलेगा

**मिर्ज़ापुर।** सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल गत दिवस लालगंज के बामी गांव पहुंचीं। वहां मारे गए बच्चों के अभिभावकों से मिलकर भावुक हो गईं। कहा कि न्याय जरूर मिलेगा। सिस्टम पर भरोसा करिये।माननीय मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया है। श्रीमती पटेल ने कहा कि वे दूसरी बार यहां से सांसद हैं, लेकिन इस तरह की क्रूर घटना के बारे में नहीं सुना। वे आश्चर्य चकित हैं कि कोई भी व्यक्ति इतना क्रूर कैसे हो सकता है। हत्यारा चाहे कितना भी चालाक क्यों होए उसकी गिरेबाँ तक कानून का हाथ जरूर पहुंचेगा। वे इसके लिए मुख्यमंत्री से पुनरू बात करेंगी। यदि परिवार चाहेगा तो सीबीआई जांच के लिये भी मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखेंगी।

सांसद ने कहा कि जो बच्चे चले गएए उनको वापस तो लाया नहीं जा सकता। हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए वे हर सम्भव प्रयास कर रही हैं। इसके पहले श्रीमती पटेल ने भरुहना स्थित सांसद जनसम्पर्क कार्यालय में जनता दरबार लगाया था। इसमें जिले के हर इलाके से लोग अपनी समस्याओं को लेकर आये थे। धान क्रय केंद्र पर अनियमितताए सिचाईए जमीन विवाद के मामले ज्यादा आये। सांसद ने सम्बंधित अधिकारियों को फोन कर समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। इसी क्रम में अपना दल एस छात्र मंच के प्रदेश सचिव दिलीप पटेल ने श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय पीण्जीण्कालेज लालगंज में छात्र संघ चुनाव बहाली के साथ हलिया ब्लाक में हलिया अदवा नदी व कोटाशिवप्रताप सिंह में बेलन नदी किनारे अंत्येष्टि स्थल बनवाने की मांग की। किसानों ने कहा कि धान क्रय केंद्रों पर टोकन नहीं मिल रहा है। जनता दरबार में कुलदीप सिंहए सुखदेवए विपिन सिंह पटेल आदि ने भी अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत कराया।

## अनुप्रिया पटेल ने बरिया घाट का किया औचक निरीक्षण

**मिर्जापुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को बरिया घाट का औचक दौरा किया और घाट के पुनर्निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट के पुजारियों व स्थानीय लोगों से भी बात की। श्रीमती पटेल ने घाट के पुजारियों से बातचीत के दौरान कहा कि वह जनपद के सभी घाटों के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्निर्माण के लिए हर संभव मदद करेंगी। इस बाबत उन्होंने पुजारियों एवं स्थानीय लोगों से एक प्रस्ताव तैयार कर देने का सुझाव दियाए ताकि वह इस मामले में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं भारत सरकार के माननीय पर्यटन मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल जी से बात कर विकास कार्यों का शुभारंभ करा सकें। इस मौके पर अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष इंजीनियर राम लोटन बिंद, विधानसभा अध्यक्ष विजय शंकर केसरवानी, युवा जिलाध्यक्ष उदय पटेल आनंद सिंह, दुर्गेश पटेल, राम वृक्ष बिंद, हेमंत सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व राज्यपाल के निधन पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

## उनके बताए रास्ते पर चलने का कांग्रेसजनों ने जताया संकल्प

संवाददाता। मऊ

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताए पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा के निधन पर मंगलवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष इंतेखाब आलम ने कहा कि श्री वोरा के निधन से कांग्रेस का हर कार्यकर्ता दुखी है। वह कांग्रेस की विचारधारा के प्रति निष्ठाए समर्पण और धैर्य के प्रतीक थे।



पीसीसी सदस्य राजकुमार रायए घनश्याम सहाय व शहर अध्यक्ष विष्णु प्रकाश कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंहए रमन पांडेय, ओमप्रकाश ठाकुर, अकरम प्रीमियर, संजय यादव, शीला भारती, स्वामीनाथ रायए नेसार अहमद आदि ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

रमेश पांडेयए छोटेलाल राम, प्रेमचंद चौहान आदि थे। उधर कांग्रेस अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष विनय कुमार गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में पीसीसी सदस्य माधवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पद पर रहते हुए उनके कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर अनिल कुमार राय, पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश सिंहए ब्रम्हानंद पांडेय, विजयभान तिवारी, अनिल जायसवाल, पंकज राज, सुनील रामए मुकेश गौतम आदि थे।

## एक साल से फरार फर्जी शिक्षिका गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जनपद के थाना शादियाबाद पुलिस द्वारा एक वर्ष से फरार वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुखबिरी सूचना पर मुअसं 8,2020 धारा 419,420,467,468 भादवि थाना शादियाबाद की वांछित अभियुक्ता रिन्कू सिंह पत्नी तारेन सिंह निवासी ग्राम मोहब्बतपुर थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर को सौरी मोड़ थाना शादियाबाद से गिरफ्तार किया गया। मालूम हो कि अभियुक्ता श्रीमती रिन्कू सिंह फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर प्रा विद्यालय अड़िला में सहायक अध्यापिका के पद पर नियुक्त थी। प्रमाण पत्रो के सत्यापन में फर्जी पाये जाने पर चयन को निरस्त कर इसके विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्ता लगभग एक वर्ष से आस पास के जनपदो व उत्तराखण्ड मे लुक छिपकर रह रही थी।

# किसानों के दुश्मन तीन शातिर चोर गिरफ्तार, झाड़ियों में मिला चोरी का माल

संवाददाता। गाजीपुर

जनपद में थाना बिरनो पुलिस द्वारा चोरी की मोटर पम्प; टूल्लू पम्पद्ध व सोलर प्लेट के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आदित्य उर्फत्रिभुवन उर्फअरविन्द यादव पुत्र इन्द्रदेव यादवए अमित यादव पुत्र राजेन्द्र यादव और अमित यादव उर्फडब्बू पुत्र विजय यादव समस्त निगण ग्राम मधुबन थाना बिरनो जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअस 205,20 से सम्बंधित चोरी की गई मोटर पम्प बरामद किया गया है तथा गिरफ्तार अभियुक्तो की निशादेही पर चोरी के मोटर पम्प तथा 4 अदद सोलर प्लेट को ग्राम मधुबन स्थित राजकीय स्कूल के पास मगई नदी के किनारे झाडियों से बरामद कराया गया है जो चोरी करने के पश्चात बेचने के लिए छिपाकर रखा गया था। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी मुखबीर की सूचना पर नियांव पुलिया के पास मोहम्मदपुर परवा मोड़ से की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तगणो द्वारा मोटर पम्प व सोलर प्लेट को चोरी करने तथा बेचने तथा इस्तेमाल करने एवं बेचने से जो भी रुपया प्राप्त होता था खुदका खर्च चलाने की बात बतायी गई है।

## पैतृक गांव पहुँचा सेना के जवान का शव

**गाजीपुर।** जनपद में रहने वाले भारतीय सेना के जवान शहीद दीपक यादव जो जमानियां विधानसभा के हरपुर गांव के निवासी थेएवह राजस्थान सीमा पर तैनात थे। जिनकी बीमारी के दौरान पुणे में मौत हो गयी। उनकी मौत की खबर आते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को उनका शव हरपुर स्थित आवास पर पहुंचने पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। समाजवादी पार्टी की तरफसे जिलाध्यक्ष रामधारी यादव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाहा एवं जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री प्रतिनिधि मन्नू , जमानियां विधानसभा के अध्यक्ष अनिल, पूर्व प्रमुख दयाशंकर ,प्रमोद , रजनी कांत,विजय, रजनीश आदि नेताओं ने श्रृद्धांजलि अर्पित किया।

# गुल्ला टूटने से सकलडीहा चंदौली मार्ग दो दिन तक मार्ग बाधित

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

**पीडब्ल्यूडी** विभाग द्वारा रविवार को कस्बा में नाला निर्माण के लिये गिट्टी लादकर आ रही ट्रक का गुल्ला टूट गया। जिसके कारण सोमवार को दोपहर तक आवागमन पूरी तरह वाधित रहा। पुलिस अधीक्षक के क्षेत्र में जाने से पूर्व कोतवाली पुलिस ने जेसीबी लगवाकर ट्रक हटवाकर आवागमन शुरू कराया। इस दौरान सकलडीहा चंदौली मार्ग पर दो दिनों तक आवागमन प्रभावित रहा।

ग्रामीणों ने ओवर लोड वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग किया। 11 माह से सकलडीहा कस्बा में नाला निर्माण कार्य कच्छप गति से चल रहा है। रविवार को सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव डीएम से मुलाकात के बाद ठेकेदार द्वारा गिट्टी गिराने के लिये ट्रक भेजा गया। टिमिलपुर गांव के समीप ट्रक का अचानक गुल्ला टूट जाने से सड़क के बीचों बीच फस गया। जिसके देर राततक पुलिस प्रयास करती रही। लेकिन नही हट पाया। जिसके कारण वाहनों की लम्बी कतार दोनों तरफ लग गया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक का क्षेत्र में दौरा होने के कारण कोतवाली पुलिस ने जेसीबी मंगवाकर ट्रक को रास्ते से हटवाकर आवागमन शुरू कराया। इस दौरान स्कूल जाने वाले छात्रए मरीजए एम्बुलेंस व वाहन स्वामी आदि ग्रामीणों को काफी दिक्कत उठाना पड़ा। नो इंट्री का सख्ती से पालन कराने की मांग उठाया। इस बाबत कोतवाल वंदना सिंह ने बताया कि ट्रक को रास्ते से हटवाकर आवागमन शुरू करा दिया गया है।

# जिला कारागार में किया गया संयुक्त निरीक्षण

## बन्दियों के सम्बन्ध में दिये गये आवश्यक निर्देश

संवाददाता। देवरिया



**मंगलवार** को माननीय जनपद न्यायाधीश देवरिया रविनाथ की अध्यक्षता में जिलाधिकारी अमित किशोरए पुलिस अधीक्षक डॉ श्रीपति मिश्रए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा जिला कारागार देवरिया में दोपहर 2:00 बजे दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 436ए आच्छादित विचाराधीन बन्दियों के सम्बन्ध में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण में बंदियों के कठिनाईयों के सम्बन्ध में उनसे पूछताछ किया गया। कारागार अधीक्षकए जिला कारागार देवरिया द्वारा कुल 9 बन्दियों की सूची प्रस्तुत की गयीए जिसमें रामसिंगार पुत्र लालजी, रामछविला पुत्र मोतीलाल, अनिरूद्ध पुत्र रामराज, भीम सिंह पुत्र रामायन सिंह, सच्चिदानंद पुत्र गोमती, सुरेश यादव पुत्र अदालत, अदालत पुत्र मंगरू, अमरेश यादव पुत्र सीताराम यादव, विवेक मिश्र उर्फ पिंकू पुत्र सुधाकर जो अधिकत्तम सजा बीत जाने के बाद भी बन्दी हैं। क्योंकि उनके अन्य केस विचाराधीन हैं। जो गंभीर प्रकृति के हैं तथा कुछ बन्दियों को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित भी किया जा चुका हैं। जिनके सम्बन्ध में कमेटी द्वारा आवश्यक निर्देश दियें गयें। अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा जिला कारागार में महिला बैरकए पाकशालाए कैंटीन एवं चिकित्सालय में साफसफाई का निरीक्षण किया गया। जिला कारागार देवरिया में समस्त निरूद्ध बंदियों हेतु नियमित कोरोना जांचए सोशल डिस्टेन्सिगए मास्क का प्रयोगए परिसर के साफसफाई हेतुए जल जमाव की निकास की व्यवस्थाए मच्छर से बचाव हेतु नियमित रूप से दवा छिड़कावए कैदियों हेतु पौष्टिक भोजन के आवश्यक निर्देश दिये गयें। महिला बैरक में निरीक्षण के दौरान महिलाओं के लिये पौष्टिक भोजनए तथा उनके साथ रह रहे बच्चों के लिये दुध की व्यवस्थाए शिक्षण हेतु व्यवस्थाए साफसफाई तथा ठण्ड मौसम के अनुसार गर्म कपड़ा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र ने निर्देशित किया कि आगामी जेल लोक अदालत दिनांक 24 को आयोजन किया जायेंए जिसमें कारागार में निरूद्ध बंदियो के अधिक से अधिक संख्या में मामलों का निस्तारण किया जायें। इस संयुक्त निरीक्षण में मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भुपेन्द्र प्रताप,अपर जिलाधिकारी कुवंर पकंज, अपर पुलिस अधीक्षक शिषपाल, जिला कारागार अधीक्षक, केपी त्रिपाठी, जेलर जितेन्द्र प्रताप तिवारी, डिप्टी जेलर वन्दना त्रिपाठी, चिकित्सक सुनील कुमार गुप्ता, बन्दी रक्षक इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

# एपवा की महिला एसोसिएशन ने तहसील गेट पर किया प्रदर्शन

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन-एपवा ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसील गेट पर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के दाम में बढ़ोत्तरी पर कड़ा ऐतराज जताया। इस दौरान किसान आन्दोलन का समर्थन किया।

महिला वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की मिली भगत से पूंजीपति मनमानी ढ्ग से पेट्रोलए डीजल और रसोई गैसों का दाम रख रहे है। जबकि किसान के अनाज का दाम किसान खुद तय नही कर पाता है। काले कानून के खिलाफ महिलाओं ने केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। वही कामरेड शशीकांत सिंहए श्रवण कुशवाहा और रमेश राय ने कहा कि केन्द्र सरकार कारपोरेट घराना के हाथों में किसानों को गिरवी बना दिया है। जिसका जीता जागता उदाहर किसान बिल है। किसान बिल के विरोध में किसान शहीद हो रहे है। लेकिन केन्द्र सरकार टस से मस नही हो रहा है। पेट्रोल डीजल और रसोई के बाद पूरे देश के किसानों को बेच दिया गया है। आक्रोशित एपवा की महिलाओं ने कैम्प कार्यालय से जुलूस निकालकर तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। अंत में एसडीएम को ज्ञापन देते हुए काला कानून पेट्रोलियम पदार्थो के दामों को वापस लेने की मांग किया। इस मौके पर विरोध जताने वालों में मानकुवरए विमलाए बसंतीए तेतरा देवीए हरिशंकर शर्माए सारनाथ रायए लाले वनवासी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रमिला मौर्य और संचालन श्यामदेई ने किया।

# भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव पर की बैठक




संवाददाता। देवरिया

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा सलेमपुर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी बैठक आरएल एकेडमी हरैया सलेमपुर में की गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस के अवसर पर सलेमपुर ब्लाक पर किसानों की कृषि गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमे किसानों कप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल के माध्यम से सभा को सम्बोधित करेंगे। 26 व 27 को बूथों पर सुशासन दिवस के कार्यक्रम को किया जाएगा जिसमे पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी का चित्र लगाकर छोटी. छोटी किसान गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक काली प्रसाद ने कृषि बिल को लेकर उन्होंने कहा कि कृषि कानून किसानों के हक में है।इसको लेकर विपक्षी राजनीति कर रही है किसानों को गुमराह किया जा रहा है। विपक्षी पार्टियां झूठ फैला रही है। किसानों को गुमराह होने से बचाने के लिए भाजपा अब गांव-गांव जायेगी।किसान गोष्ठियों के माध्यम से किसानों के हक में कृषि कानून के लाभ बताएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल ने किया। जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त बैठक में जितेंद्र सिंहएबृजेश धर दुबे, भूपेंद्र सिंह,मिथिलेश बाबा,पुनीत शाही, बचनदेव गोंड़,शिवकुमार राजभर, संजय दुबे, कमलेश तिवारी, संजय कुशवाहा, अजय दुबे वत्स, अतुल मिश्र, कमलनयन पांडेय,अभय सिंह,विष्णुकांत,मनोज सिंह, रविराज चौहान, शमशुद्दीन अंसारी, हेमन्त कुमार आदि उपस्थित रहे।

# धान खरीद को लेकर किसानों में गुस्सा

संवाददाता। जौनपुर

धान खरीद को लेकर किसान बेहद परेशान है सरकारी दर पर धान की खरीद न होने से उन्हें कम रेट पर धान बिचौलियों को बेचना पड़ रहा है बिचोली मालामाल हो रहे हैं किसान परेशान है सहकारी साधन समिति पर धान की खरीद पर चलाए गए सचिव खुद निजी धान की फैक्ट्री खोल रहे हैं जिससे वे दोहरा लाभ उठा रहे हैं इस समस्या पर ना सत्ताधारी जन सेवकों का ध्यान है ना तो विधायकों और सांसदों का कम से कम धान खरीद सेंटरों पर हो रहे हैं कागज पर उन्हें ज्यादा दिखाया जाता है।

# सीएमओ के यहां मची है लूट

**जौनपुर।** सीएमओ ऑफिस काम के नाम पर लूट मची हुई है बिना रिश्वत के काम कराना टेढ़ी खीर है मनमानी ढंग से मेडिकल बचाने में मुंह मांगी रकम ली जाती है जब इससे भी काम नहीं चलता तो सीएमओ के अधिकारी व बाबू को साथ लेकर जांच के नाम पर मेडिकल स्टोरों पर वसूली होती है नकली दवाओं को बेचने का गोरखधंधा काफी समय से मेडिकल स्टोरों से चल रहा है।

## विक्षिप्त ने बेटी सहित एक महिला को उतारा मौत के घाट

संवाददाता। जौनपुर

जनपद के थाना शाहगंज क्षेत्र स्थित भादी खास मोहल्ला निवासी एक विक्षिप्त युवक मुमताज पुत्र सोनू ने आज मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे पत्नी और दो बच्चों पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसमें दो की मौत उपचार के दौरान हो गयी है।

सूचना पर पुलिस इलाका ने हत्यारे व्यक्ति को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही कर रही।

## तीन महिलाओ ने लगायी टीडी कालेज के दोनों प्रबंधको पर जमीन कब्जा करने का आरोप

संवाददाता। जौनपुर

जिले की तीन महिलाओ ने जिलाधिकारी को एक पत्रक देते हुए पूर्वांचल के प्रतिष्ठित टीडी कालेज के प्रबंधक पर अपनी जमीन कब्जा करने का आरोप लगायी है। प्रार्थना पत्र में साफ लिखा गया है कि इण्टर और डिग्री कालेज के प्रबंधक आपस में साजिश करके जबरदस्ती हमारी मुवाहिदाशुदा जमीन पर बाउण्ड्री वाल खड़ा कर रहे है। सिकंदरा गांव की निवासी पुष्पा सिंह पत्नी ओमप्रकाश सिंहए दुगौली खुर्द गांव की निवासी शशि देवी पत्नी अरविन्द सिंह व फत्तुपुर गांव की निवासी गायत्री देवी पत्नी वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को डीएम दिनेश कुमार सिंह से मिलकर गुहार लगायी है कि इन तीनो लोगो ने नगर के हुसेनाबाद मोहल्ले में स्थित टीडी कालेज के बीपी हास्टल के पास स्थित शेखपुर मोहल्ले के निवासी काशीनाथ व बारीनाथ पुत्र मंगल की जमीन को खरीदने के लिए मुवाहिदा करायी है। अब इस जमीन को टीडीपीजी व टीडी इण्टर कालेज के प्रबंधक एक साजिश करके जबदरस्ती उस पर बाउण्ड्री वाल खड़ा कर रहे है।

# बीएसए ने किया औचक निरीक्षक

## बंद मिले स्कूल, शिक्षकों का वेतन रोका

संवाददाता। बरेली

बीएसए विनय कुमार ने सोमवार को स्कूलो का औचक निरीक्षण किया। सर्दी के चलते अधिकांश स्कूल बंद मिले या फिर अध्यापक देरी से पहुंचे थे। उनका वेतन रोक दिया गया है। कंपोजिट स्कूल अदलखिया 9.05 बजे पर बंद पाया गया। 9.10 बजे इंचार्ज अध्यापक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्कूल पहुंचे। सहायक अध्यापक अरविंद कुमार, स्वाति और शिक्षामित्र पुष्पा पटेल, यशवंत सिंह बिना सूचना अनुपस्थित रहे। इनका वेतन रोक दिया गया है। स्कूल मे टाइल्स का कार्य संतोषजनक नही मिला। रंगाई पुताई भी पर्याप्त नही थी। दोबारा रंगाई पुताई कराने का निर्देश दिया है। इंचार्ज अध्यापक को कड़ी चेतावनी दी गई है। प्राथमिक स्कूल बैसपुर गुलड़िया 9.20 पर बन्द मिला। पूरे स्टाफका वेतन रोक दिया गया है। कमपोजिट विद्यालय सिंघाई मुराबान मे सहायक अध्यापिका संगीता सिंह, कुसुम राठौर, शांति कुमारी, नम्रता सिंह, शिक्षामित्र सोमपाल, सेवक हरपाल का निरीक्षण तिथि का वेतन रोका गया है। प्रधानाध्यापक को चेतावनी दी गई है। प्राथमिक स्कूल कोहनी 9.55 पर बन्द मिला। एसएमसी अध्यक्ष ने बताया कि स्कूल कभी भी समय से नही खुलता है पूरे स्टाफका वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी से भी तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## किसानों के समर्थन में सपाइयों के प्रदर्शन जारी

**फतेहपुर।** कृषि कानून के विरोध में पूरे देश मे लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के नेता व देवमई ब्लॉक प्रमुख कुश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष सुरेश पाल, विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह पटेल पप्पू की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने औंग कस्बे से कृषि बिल वापस लो के नारे लगाते हुए बाइक जुलूस निकाला जो विभिन्न क्षेत्रों से घूमते हुए कस्बा जहानाबाद में समाप्त हुआ। सोमवार को कृषि कानून के विरोध में व किसानों के समर्थन में देवमई ब्लॉक प्रमुख कुश वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश पाल, विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह पटेल उर्फ पप्पू की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने औंग कस्बे से नारेबाजी करते हुए बाइक रैली निकाली। जो औंग कस्बे से चलकर देवमई, बैठका चौराहा, मुसाफा, शकूराबाद होते हुए कस्बा जहानाबाद पहुंची जो विभिन्न मोहल्लों में घूमते हुए बस स्टॉप परिसर में नुक्कड़ सभा में परिवर्तित हुई।

## दिन भर चला वरासत सत्यापन का कार्य

**चौडगरा ( फतेहपुर )।** जनपद के मलवा विकासखंड के आशापुर ग्राम सभा में वरासत को लेकर बढ़ते राजस्व मामलों को देखते हुए। मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ के निर्देशन में पहुंची राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा वरासत के कागज के साथ काश्तकारों के कार्य को गति प्रदान की गई। ग्राम प्रधान की मौजूदगी में समूचे ग्राम सभा के लोगों द्वारा अपने अपने कागजात लेकर क्षेत्रीय लेखपाल शुभम से मिले जहां उन्होंने अपने दस्तावेज सत्यापन के साथ वरासत में नाम दर्ज कराने के लिए पहुंचे।

## कस्बे में बजबजा रही हैं नालियां, बीमारी फैलने का डर

**हसवा ( फतेहपुर )।** विकास खण्ड असोथर रोड़ पर बनी दोनों तरफपक्की नहीं को दुकानदारों ने अपने सामने बीच बीच बनी नाली को मिट्टी से पुराई करा दिया है। जिससे पानी कीचड़ के भराव से गंदगी का अंबार लगा हुआ है और दोनों तरफ दुकानदारों ने फुटपाथ पर अवैध ढंग से कब्जा कर रखा है। इस वजह से रोड पर जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को दिक्कत होती है।

# जिला बार का मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

संवाददाता। फतेहपुर

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव की सरगर्मियां अंतिम दौर में है। 23 दिसंबर को होने वाले चुनाव को लेकर सर्व समाज व आदर्श अधिवक्ता संगठन दोनों आमने सामने एक-दूसरे को पटकनी देने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। वहीं इस संवाददाता ने कलेक्ट्रेट में घूम-घूमकर चुनावी जायजा लिया तो पता चला कि सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश वर्मा व महामंत्री पद के प्रत्याशी अमित तिवारी अपने अधिवक्ता समर्थकों के साथ दीवानी परिसर व कलेक्ट्रेट परिसर में अपने पक्ष में माहौल बनाया। वहीं आदर्श अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जगदीश सिंह चौहान उर्फ जालिम सिंह व महामंत्री पद के प्रत्याशी आशीष गौड़ ने भी अपने अधिवक्ता साथियों के साथ अपने पक्ष में वोट मांगा। हम आपको बता दें इस बार के चुनाव में 1383 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे और अगले दिन यानी कि 24 दिसंबर को मतगणना प्रक्रिया की जाएगी। हालांकि अभी कोई भी साफ तस्वीर नहीं बता पा रहा है कि चुनाव किस करवट घूम रहा है।

उधर मुख्य चुनाव अधिकारी संतोष कुमार दीक्षित ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के लिए कई विकल्प दिये गये हैं। जिनमें से मतदाता अपना सीओपी नम्बर का पहचान पत्र या सीओपी प्रमाण पत्र अथवा बार कौंसिल के द्वारा पूर्व पहचान पत्र व प्रमाण पत्र जिसके साथ सीओपी नम्बर की रसीद जो बार कौंसिल द्वारा जारी की गयी है ही मान्य होंगे। उधर बूथ नम्बर एक दीवानी बार हाल में वोटर क्रमांक नम्बर एक से लेकर 508 तक बूथ नम्बर दो कलेक्ट्रेट बार हाल में वोटर क्रमांक संख्या 509 से 956 तक, बूथ नम्बर तीन कलेक्ट्रेट लाइब्रेरी हाल में वोटर क्रमांक संख्या 957 से 1383 तक एवं अनुपूरक सूची में दर्ज 13 मतदाता अथवा मताधिकार करेंगे। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मतदेय स्थल पर शासनादेश के कोरोना कोविड-19 की शर्तों का सख्ती के साथ पालन होगा और सभी मतदाताओं को मास्क लगाना अनिवार्य है। मतदान स्थल पर अधिवक्ता वोटर के अलावा अन्य किसी व्यक्ति प्रवेश वर्जित है। किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में मुख्य चुनाव अधिकारी निर्णय अन्तिम मान्य होगा।

# नववर्ष पर घूमने के शौकीनों ने विदेश के बजाए देश मे भ्रमण का बनाया प्लान

संवाददाता। बरेली

कोरोना के चलते इस बार कोविड नियमो का पालन करते हुए केवल चर्च मे प्रार्थना का ही आयोजन होगा। किसी प्रकार का जश्न आदि इस बार नही मनाया जा रहा है।

क्रिसमस की तैयारिया चर्चो मे जोरो पर है। सभी चर्च की रंगाई-पुताई के साथ उन्हे सजाया जा रहा है। ऐसे मे लंबे समय से घरो पर समय बिता रहे लोग अब क्रिसमस व नए साल का जश्न बर्फ ीली वादियो मे सेलिब्रेट करने की प्लानिंग कर चुके है। घूमने के शौकीन जहां गोवा, और उत्तराखंड के साथ केरल और राजस्थान को अधिक तरजीह दे रहे है। वही काफी संख्या मे लोगो ने कश्मीर जाने की भी तैयारी कर ली है। क्रिसमस का स्वागत इस बार नाथनगरी के लोग विदेश नही बल्कि स्वेदशी नजारो के बीच करेंगे। सभी को इस बार विदेश से अच्छा देश लग रहा है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानो पर रोक और बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच इस बार लोग स्वदेश मे ही क्रिसमस मनाएंगे। सभी की पसंद मसूरी, राजस्थान, शिमला, गोवा, जम्मू कश्मीर और ऋषिकेश है। जहा परिवार के साथ घूमने की तैयारी है। शहर के सुभाष नगर निवासी पंकज शर्मा ने बताया कि इस बार क्रिसमस की छुट्टियो मे वह साउथ गोवा जाएंगे। दो दिन बाद नार्थ गोवा जाएंगे। अब तक का समय कोविड मे गुजरा है। लेकिन अब घूमने जा रहे है।

आलमगिरी गंज निवासी सुमित गोयल ने बताया कि कोरोना के कारण इस साल कही जाना ही नही हुआ। इसलिए पूरा परिवार इस बार कश्मीर की वादियो मे ही क्रिसमस कैंडल लाइट सर्विस करने का मूड बना रहा है। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नई बस्ती निवासी पुनीत खंडेलवाल ने बताया कि इस बार क्रिसमस पर परिवार के साथ राजस्थान जाने की तैयारी की है। राजस्थान कोरोना नियंत्रण मे देश के लिए मिसाल है। ऐसे मे राजस्थान मे पुष्कर समेत अन्य जगहो की सैर करेंगे। टूर एंड ट्रैवेल्स संचालको के मुताबिक इस बार लोगो की पहली पसंद नैनीताल, हिमांचल के साथ जम्मू-कश्मीर बना हुआ है। अधिकांश लोग बाइ रोड घूमने की प्लानिंग कर रहे है।

## ट्रेनों का संचालन आ रहा पटरी पर, दिव्यांग, गंभीर बीमारी वाले मरीजो को मिली छूट

**बरेली।** जैसे जैसे कोविड का असर कम हो रहा है। ट्रेनो का संचालन पटरी पर आ रहा है। हालांकि अभी सभी ट्रेन नही चल रही है लेकिन काफी एक्सप्रेस ट्रेनो को चलाया जा चुका है। जिसमे कोविड से बचाव वाले नियमो का पालन करते हुए यात्री सफर कर रहे है। रेलवे अब स्पेशल ट्रेनो मे दिव्यांग और गंभीर बीमारी वाले मरीजो को किराए मे छूट दे रहा है। वही सीनियर सिटीजन को मिलने वाली छूट को इस समय समाप्त कर दिया गया है। हालांकि आरक्षण मे बुजुर्गो और महिलाओ का कोटा बरकरार है। उन्हे पूर्व की तरह सीट मे प्राथमिकता भी दी जाएगी। लेकिन उन्हे टिकट मे कोई रियायत नही दी जाएगी। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि कैंसर रोगी अकेले या उपचार के लिए किसी के साथ यात्रा करते है तो एसी सेंकेंड क्लास, फर्स्ट क्लास और एसी चेयर कार मे 75 प्रतिशत छूट, स्लीपर क्लास और थर्ड एसी मे सौ प्रतिशत छूट मिलेगी। इसी प्रकार थैलेसीमिया रोगी अकेले या समय-समय पर जांच के लिए किसी के साथ जाते है तो सभी श्रेणी मे 75 प्रतिशत छूट मिलेगी। दिव्यांग को भी सभी श्रेणी मे 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

# वाजपेयी की जयंती भव्य रूप से मनाएंः प्रभारी मंत्री

संवाददाता। अमेठी



**जनपद** के प्रभारी मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश मोहसिन रजा ने आज कलेक्ट्रेट के सभागार में आगामी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती को भव्य रूप से मनाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अरुण कुमारए पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंहए मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठरए अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) वंदिता श्रीवास्तवए भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर शासन द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने साथ ही सरकार कृषकों की आय बढ़ाने व उनके सतत् कल्याण के लिए संकल्पित है इस संकल्प की पूर्ति के लिए प्रदेश के समस्त विकास खंडों में दिनांक 25 दिसंबर 2020 को पूर्वाहन 10रू30 बजे से कृषि मेलाए गोष्ठी एवं प्रदर्शनी आयोजन का निर्णय लिया गया हैए इसी क्रम में जनपद अमेठी के सभी विकास खंडों में उक्त कार्यक्रम का भव्य रुप से आयोजन किया जाए। समस्त विकास खण्डों में एल0ई0डी0 टी0वी0 लगायी जाये साथ ही बैठने व खाने.पीने की व्यवस्था भी पूर्व से ही कर ली जाए। कार्यक्रम में कोविड.19 की गाइडलाइन का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन एवं कार्यशैली पर प्रकाश डाला जायेगा। इस कार्यक्रम में सम्बन्धित क्षेत्र के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाये। बैठक में जिलाधिकारी अरुण कुमार ने प्रभारी मंत्री जी को आश्वस्त किया कि सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से उक्त कार्यक्रम का आयोजन सभी विकास खंडों में भव्य रुप से किया जाएगा। उन्होंने प्रभारी मंत्री को बताया कि कार्यक्रम को लेकर जनपद स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बैठक के दौरान उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुधीर रुंगटा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# राजकरन बने जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष



संवाददाता। गौरीगंज अमेठी

**आज** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अधिवक्ता हाल में जिला बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ । जिसमें अधिवक्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार खड़े हुए थेए जिसमें राजकरण त्रिपाठी ने 75 वोट प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। दूसरे स्थान पर रहे राजेंद्र सिंह को 48 वोट मिले और 27 वोटों के अंतर के साथ राजकरन त्रिपाठी विजयी हुए। वहीं दिनेश तिवारी को 13 गिरिजाबक्स को मात्र 02 वोट प्राप्त हुए। महामंत्री पद के लिए हुए चुनाव में राकेश तिवारी को 87 वोट प्राप्त हुए जबकि उमाशंकर मिश्र को 55 मिले। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश सिंह शिवशंकर एव ओम प्रकाश उपस्थित रहकर सकुशल सम्पन्न कराया। इस अवसर मनोदत्त त्रिपाठी रामनाथ सिंह श्रीराम सरोज सुधीर श्रीवास्तव सूर्या त्रिपाठी अनुभव राज बरनवाल रमाशंकर सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अपहरण व दुराचार के मामले में तीन दोषी करार

## एक को सात वर्ष तथा दो को आजीवन कारावास, तीनों पर लगाया जुर्माना

संवाददाता। बाराबंकी

**युवती** को बहलाफुसलाकर भगाने व दुराचार करने सम्बन्धी मुकदमें का फैसला सुनाते हुये अपर जिला जज नाजनीन बानो ने एक आरोपी को सातसाल तथा दो को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया। न्यायालय ने दो आरोपियों को धारा 366 व 376 भादस के तहत प्रत्येक को 60 हजाररुपये जुर्माना की सजा एवं तीसरे आरोपी को केवल धारा 366 के तहत दोषी करार देकर सातसाल की सजा व 20 हजाररुपये जुर्माना की सजा से दण्डित किया।न्यायालय ने व्यवस्था दी कि कुल जुर्माना एक लाख 40 हजाररुपये में से आधे 70 हजाररुपये पीड़िता को प्रदान किये जायें। एडीजीसीशैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बतायाकि वादी राम बहादुर निवासी धरौली थाना फ्तेहपुर ने 10 जुलाई 2016 को तहरीर देकरकहा था कि 1 जुलाई 16 को उसकी 19 वर्षीय पुत्री दवा लेने धौसार चौराहे करीब 11 बजे दिन में गयी थी।वहांपर रेहान धोबी उसे बहलाफुसलाकर भगा ले गया।इसके बाद लड़की ने दो बार बात की लेकिन बाद में पता नही चला तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। पुलिस ने राज कुमार चौहान निवासी अतरौली थाना राम नगर व शम्भू नेता निवासी धरौली थाना फ्तेहपुर तथा राजू निवासी तुलसीपुर हरक्का थाना मो0पुर खाला को आरोपी दर्शाते हुये आरोप पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया था।

# पुलिस ने की सहयोग की अपील

**फ्तेहपुर बाराबंकी।** अत्यधिक ठंड व रात में कोहरा पडने के कारण घटनाएं बढ जाती है। जिसके लिए लोगों को सजग रहने के साथ सर्तक रहने की आवश्यकता है। पुलिस सभी की मित्र होती है उसे सहयोग करे। जिससे आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।यह बात कोतवाली फ्तेहपुर में आयोजित सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान सीओ योगेन्द्र कुमार ने कही। उन्होंने उपस्थित ग्राम प्रधानोंए व्यापार मंडल के पदाधिकारियोंए सभासदों व संभ्रांत नागिरिकों से कहा कि इन दिनों रात में कोहरा और ठंड काफी बढ गई हैए पुलिस कर्मी रातभर गस्त करके आप लोगों को सुरक्षा प्रदान करते है। लेकिन उसके बाद भी कुछ घटनाएं घटित हो जाती है। इस लिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करे और सजग रहे। कोई अंजान व्यक्ति उसके गांव में भ्रमण कर रहा है तो उसकी सूचना पुलिस को अवश्य दे।

# मुख्य आरोपी सलमान गिरफ्तार, पांच फरार आरोपियों की तलाश जारी

## आरोपित के पास से तमंचा, कारतूस व खून लगी लोहे की रॉड को पुलिस ने किया बरामद

संवाददाता। प्रतापगढ़

**मौसेरे** भाई की हत्या के मुख्य आरोपित प्रधान के भाई सलमान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास तमंचा, कारतूस, खून लगी लोहे की रॉड मिली। फरार चल रहे अन्य पांच लोगों की तलाश में पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं।

कुंडा के अधिया निवासी मो. इरशाद उर्फ बल्लू की रविवार रात रंजिश में लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से पीटकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भतीजे मो. महताब की तहरीर पर प्रधान उस्मान खान उर्फ बाबुल एवं उसके चार भाइयों और पिता के खिलाफ पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। सोमवार रात पुलिस की कड़ी सुरक्षा में बल्लू का अंतिम संस्कार गांव के कब्रिस्तान में किया गया। घटना के बाद से घर में ताला बंद कर फरार हुए हत्यारोपितों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगी हैं। सोमवार रात मवई रेलवे फाटक के समीप बाबा के थान के पास मुख्य हत्यारोपित व प्रधान के भाई सलमान खान उर्फ लोटन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके पास एक तमंचा व दो कारतूस मिले। पूछताछ के दौरान उसने घटना को रंजिश व अवैध सम्बन्धों का आरोप लगाने पर अंजाम दिए जाने की बात कही। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगी लोहे की रॉड भी बरामद की। पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद आरोपित को जेल भेजा। फरार चल रहे अन्य पांच हत्यारोपितों को गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी डीपी सिंह का कहना है कि पुलिस की तीनों टीमें लगी हैं। जल्द ही सभी हत्यारोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे।इरशाद की हत्या के आरोपित प्रधान उस्मान खान उर्फ बाबुल का फर्नीचर का कारखाना फ्तेहपुर में चलता है। घटना के बाद घर में ताला लगा सभी आरोपित फरार हुए तो ग्रामीणों ने हत्यारोपितों के फ्तेहपुर में छिपे होने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने फ्तेहपुर के फर्नीचर कारखाने पर छापेमारी की लेकिन हत्यारोपित नहीं मिले। वहां काम करने वाले एक युवक को पुलिस अपने साथ लाकर पूछताछ कर रही है। हालांकि चर्चा रही कि पुलिस ने हत्यारोपित सलमान खान को फ्तेहपुर से ही पकड़ा है, लेकिन पुलिस इससे इनकार करती रही।

# सड़क दुर्घटना में बच्ची की दर्दनाक मौत

**फतेहपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के ग्राम बुधियापुर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक में ठोकर मार दी। ठोकर लगने से बाईक सवार दो महिलाए समेत एक युवक सडक पर घिरटते हुए चले गए। इस दौरान महिला की गोद में बैठी बच्ची उछलकर ट्रक के नीचे आ गई। जिससे उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।फ्तेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अल्लापुर रानीमउ निवासी नूर मोहम्मद अपनी पत्नी आमिना बानो एक वर्ष की पुत्री जैनब व अपनी बहन मुन्नी के साथ बाईक से ग्राम पैतेपुर गया था। फ्तेहपुर रामनगर मार्ग पर स्थित ग्राम बुधियापुर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बच्ची की मौत हो गई।

# डीएम ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जन समस्याएं

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में 10 बजे जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर मंगलवार को कार्यालय में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 17 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईए जिनमें नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जेए वसीयतए भूमि की पैमाइशए शौचालयए राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# निर्धारित मानक के अनुसार ही की जाये धान की खरीद

**प्रतापगढ़( सं. )।** जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में क्रय केन्द्रों पर धान खरीद के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि क्रय केन्द्र कालाकांकर, मंगरौरा एवं आसपुर देवसरा में धान की खरीद अच्छी पायी गयी है। जिलाधिकारी ने जिला खाद विपणन अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन केन्द्रों पर लक्ष्य के सापेक्ष धान की खरीद नही हो रही है वहां पर लक्ष्य के सापेक्ष धान की खरीद करायी जाये। उन्होने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार ही खरीद की जाये, यदि एक ही किसान से ज्यादा खरीद हो रही हो तो ऐसे किसानों के रेण्डम के आधार पर जांच की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रय केन्द्रों पर जो धान क्रय किया गया है, उसे राइस मीलों पर पहुँचाया जाये।

# नोडल अधिकारी निरंतर अपनी गौ शालाओं का निरीक्षण करें

संवाददाता। ललितपुर

**जनपद में** संचालित गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश की समस्याओं के निस्तारण एवं उनके भरण.पोषण के लिए जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश को शीत ऋतु से बचाने के लिए किए गए उपायों एवं गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि खंड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी प्रतिदिन एक गौशाला का निरीक्षण करें साथ ही प्रभारी अधिकारी सप्ताह में एक बार अपनी गौशाला का निरीक्षण करें इसके अलावा खंड विकास अधिकारी गौशालाओं की लेबर का भुगतान शीघ्र कराएं। साथ ही जनपद में सौभाग्य योजना के तहत लक्ष्य के सापेक्ष लाभार्थियों को गौवंश सुपुर्द कराएं। ब्लॉक एवं तहसील स्तरीय समितियां अपना कार्य ठीक से करें अन्यथा उनकी जिम्मेदारी तय की जायेगी। जिन गौशालाओं में सुरक्षा खाई एवं तार फेंसिंग नहीं है वहां पर तारबाड़ी का कार्य पूर्ण कराएं। गौशालाओं में गोवंश के लिए भूसा चोकर पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं साथ ही गोवंश को शीतलहर से बचाने के लिए गौशालाओं को कवर्ड करें इसके अलावा नोडल अधिकारी निरंतर अपनी गौशालाओं का निरीक्षण करते रहे। जनपद के आश्रय स्थलों में बाहरी व्यक्तियों को जाने से रोका जाएए साथ ही समस्त उपजिलाधिकारी अपने अपने क्षेत्र की गौशाला में पर्याप्त मात्रा में अलाव जलवाना सुनिश्चित करें।

# डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित



संवाददाता। बाराबंकी

**मशहूर** शेर कि खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले खुदा बंदे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है वास्तव में उन लोगों की शख्सियत पर फिट बैठता है जो अपने जीवन को केवल और केवल जन सेवा में समर्पित रखते हैं ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद वसीम राईन भी कुछ इसी श्रेणी के समाजसेवियों में शुमार हैं जिनके नाम कोरोना काल में अनेकानेक जनसेवा संबंधी उपलब्धियों के साक्षी जनपद के वह विभिन्न स्थान हैं जहां उन्होंने जरूरतमंदों की मदद में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। इसके अलावा कोविड.19 के प्रति जनजागरूकता में भी उन्होंने काफी सराहनीय योगदान प्रस्तुत किया। इसी को लेकर लखनऊ के होटल ताज में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने उनको अवध अवॉर्ड देकर सम्मानित किया सम्मानित होने के पश्चात श्री वसीम ने डिप्टी सीएम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका हमेशा से ही प्रयास रहा है कि जिसके जितना भी हो सके काम आया जाए क्योंकि इस समाज में ऐसे बहुत से जरूरतमंद है जिनको वाकई में मदद की आवश्यकता है और जिस समय लॉकडाउन प्रभावी था उस समय सैकड़ों हजारों लोग गरीबी बेबसी की पीड़ा के साथ जीने पर मजबूर थे।उस समय हम सब का फर्ज बनता था कि सबके साथ न सही लेकिन जो भी नजर के सामने आए उसकी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि वह अपने संगठन के जरिए हमेशा ही लोगों के दुख दर्द में शरीक रहने में पीछे नहीं रहते क्योंकि यही वह भावना है जो आदमी की आदमी के प्रति इंसानियत को बढ़ावा देती है उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जो लोग संपन्न हैं उनको चाहिए कि वह गरीबों के काम आने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें क्योंकि इससे मन को असीम शांति का अनुभव होता है और ईश्वर भी ऐसे लोगों पर अपनी रहमत बरसाता है।

# समाज की पीड़ा का कानून की परिधि में निदान खोजें अधिवक्ताः प्रमोद तिवारी

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़



**तहसील** परिसर मे मंगलवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। वहीं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने परिसर मे ई-लाइब्रेरी भवन तथा अधिवक्ता शेड के सुदृढ़ीकरण की भी अधिवक्ताओं को सौगात दी। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्लूसी सदस्य प्रमोद तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अधिवक्ता अनूप पाण्डेय ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। चुनाव समिति के अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष विनय शुक्ला, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष शशिकांत शुक्ल, सह मंत्री शिवेन्द्र कुमार तिवारी, आय-व्यय निरीक्षक राकेश पाल, प्रचार मंत्री राजेश द्विवेदी तथा कार्यकारिणी सदस्य पुनीत मिश्र, आनंद श्रीवास्तव, रमेश कोरी तथा मो. शाहिद को पद का प्रतिज्ञान कराया। निवर्तमान अध्यक्ष विकास मिश्र तथा पूर्व महामंत्री आशीष तिवारी ने नई कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि न्यायिक मूल्यों की मजबूती मे अधिवक्ताओं को प्रखर भूमिका निभानी होगी। प्रमोद तिवारी ने कहा कि समाज की पीड़ा को कानून की परिधि मे अधिवक्ता ही न्यायिक के मार्ग को प्रशस्त किया करता है। उन्होनें अन्याय के प्रतिकार की क्षमता को भी विकसित कर गरीब व कमजोर तबके को मजबूती के साथ पूर्ण न्याय दिलाए जाने मे बार की भूमिका को महत्वपूर्ण ठहराया। श्री तिवारी ने अधिवक्ताओं से कहा कि वह विश्व की न्याय प्रणाली मे भारत के विधिक ज्ञान को अग्रसर बनाए रखने के लिए नये-नये कानूनों तथा फैसलो के अध्ययन के प्रति भी अपनी एकाग्रता सुनिश्चित करें।

# क्विक न्यूज

## नहर में मिली युवक की लाश

**बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार को एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है वहीं सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना टिकैतनगर क्षेत्र आइमा गांव निवासी पुत्तीलाल का 40 वर्षीय पुत्र परीदीन रावत जो अपने जानवर को चराने के लिये सोमवार को घर से निकला था मंगलवार को उसका शव शारदा नहर से बरामद हुआ नहर टिकैतनगर से दरियाबाद की ओर से निकलती है।वहींसंवाददाता ने प्रभारी निरीक्षक से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो नही हो सका

## दो पक्षो में मारपीट, एक किशोरी सहित तीन लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी.** थाना लोनीकटरा क्षेत्र के बलाखेडा गांव के सुंदर रावत व कालीदीन रावत के बीच मामूली विवाद को लेकर कहा सुनी हो गई।कहा सुनी इतना बढ़ गई कि मामला ईंट पत्थर तक आ गया।इस मामले को बढ़ते देर ही न लगी देखते ही देखते मामला कहा सुनी से ईंट गुम्मे तक चलने लगे।दो पक्षों के इस लड़ाई में एक किशोरी सहित तीन लोग गंभीररुप सेघायल हो गए। सुंदर पक्ष के लोग छत पर चढ़कर ईंट पत्थर चलाने शुरू कर दिया।पथराव में कालीदीन पर के धर्मेंद्र,संगीता पुत्री नौमीलाल व हंसराज घायल हो गए।इस विवाद की सूचना जब पुलिस अधिकारी को दी गई तो सूचना पर पहुंची पीआरवी ने सभी घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया।जहां से हंसराज की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है।इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार का कहना है कि शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है उचित कार्यवाही होगी।

## प्रधानाध्यपकों की मासिक बैठक सम्पन्न

**फ्तेहपुर बाराबंकी।** विकास खंड फ्तेहपुर कार्यालय के सभागार में खंड शिक्षाधिकारी गौतम प्रकाश की अध्यक्षता मेंमिशन प्रेरणा के अंतर्गत प्रधानाध्यापकों की मासिंक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभाग द्वारा प्रेरणा ई.पाठशाला सामग्री पर चर्चा की गई। ई.पाठशाला की पाठ्य सामग्री बच्चों को कैसे पहुचाई जायेए प्राप्त प्रेरणा सूची में उल्लिखित कक्षा 1ए2ए3 की 14.14 दक्षता व कक्षा चार तथा पांच में उल्लिखित 16.16 दक्षताओं पर भी चर्चा की गई। शैक्षिक सुधारों से संबंधित षिक्षक प्रषिक्षण कोर्स पर वीडिया क्लिप के माध्यम से प्रदर्षन किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने भ्ज्ञी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आष्वासन दिया कि उनके विद्यालयों को बेहतर बनाने का हमारा प्रयास जारी राहेगा। इसके साथ दीक्षा एप के द्वारा छात्रए अभिभावक व षिक्षक कैसे लाभान्वित हो सकते हैए इस संबंध में परिचर्चा की गई।

## सर्वे कार्य पर रखी जाये निगरानीः जिलाधिकारी



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड.19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। डोर 2 डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वे के कार्य पर निगरानी रखी जाये। कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गए कि अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखेंए साथ ही नोडल अधिकारी निरीक्षण करते रहें। बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुईए जिसमें बताया गया कि आज 1457 टेस्ट किये गए हैं। विगत 24 घण्टे में जनपद में कुल 08 धनात्मक केस पाया गया हैए साथ ही 05 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है।

## मकान के ऊपर से निकली विद्युत लाइन



**ललितपुर।** सिविल लाइन निवासी संजीव कुमार चौधरी ने एक प्रार्थना पत्र अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ललितपुर को दिया है जिसमें उन्होंने बताया कि मेरा घर स्टेशन रोड सिविल लाइन वी बाजार के सामने गली में स्थित है मेरी छत के ऊपर से विद्युत विभाग की लाइन निकली है जिसके कारण मेरा पूरा परिवार किसी भी समय कोई भी बड़ी मुसीबत में पड़ सकता है खुले तार होने के कारण बच्चे दहशत में रहते हैं शीघ्र से शीघ्र मेरे घर की छत से खुले तार हटाए जाएं नहीं तो कोई भी अप्रिय घटना घटते देर नहीं लगेगी

## एसपी ने किए तबादले

**बाराबंकी।** जिले में बीती रात पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए एक निरीक्षक सहित एक दर्जन से अधिक उपनिरीक्षकों के तबादले करते हुए नई तैनाती का आदेश जारी किया है। प्राप्त विवरण के अनुसार गैर जनपद से स्थानांतरित होकर जिले में आये निरीक्षक राजीव कुमार यादव को पुलिस लाइन से अपराध शाखा में पोस्ट किया है इसी के साथ माती चौकी के प्रभारी रहे उपनिरीक्षक संदीप दूबे को दोबारा स्वाट टीम में भेजा है वहीं नगर कोतवाली के लखनऊ बॉर्डर पर स्थित मोहम्मदपुर चौकी पर धर्मेंद्र नाथ मिश्रा को तैनाती दी है इसी के साथ अमित कुमार पांडेय को माती चौकी का प्रभारी बनाकर भेजा है और अभीतक मोहम्मदपुर चौकी प्रभारी रहे रुपेंद्र मिश्रा को असन्द्रा थाने की पुलिस चौकी सिद्धौर के प्रभारी बनाया है इस चौकी पर पूर्व में उपनिरीक्षक पण्डित त्रिपाठी तैनात थे उनका अम्बेडकर नगर जिले मे तबादला होने के बाद सिपाही ही चला रहे थे।

## अंतर्जनपदीय गिरोह के 4 सदस्यों को जीआरपी ने किया गिरफ्तार, कब्जे से लाखों रुपये का सामान बरामद

**बाराबंकी।** राजकीय रेलवे पुलिस ने सोमवार की रात 4 शातिरलुटेरों को गिरफ्तार करअंतर्जनपदीय गिरोहका पर्दाफाश किया है। पकड़े गये अभियुक्तों केकब्जे से जीआरपी ने लाखों रुपये कीमत के मल्टीमीडिया मोबाइल व ट्रेनों से यात्रियों का कीमती सामानबरामद करजेल रवाना किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्र ने सोमवार की रात हमराही बल के साथ चेंकिग कर रहे थे, तभी जरिये मुखबिर उन्हें सूचना मिली कि मल्हौर रेलवे स्टेशन पर अंर्तजनपदीय गिरोह के कुछ सदस्य एकत्रित होकर लूट की योजना बना रहे है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सक्रिय हो गये और दलबल के साथ मौके पर पहुँचकर कर चार लोगो को धरदबोचा। पकड़े गये अभियुक्तों की जब तलाशी ली गयी तब उनके कब्जे से मल्टीमीडिया/प्लेन चौंदह मोबाइल व अन्य कीमती समान बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त शोएब पुत्र खलील निवासी शफी नगर कस्बा व थाना रुदौली जनपद अयोध्या, इश्तियाक पुत्र साबिर अली निवासी उत्तरी टोला बंकी, नफीस उर्फनब्बू पुत्र पन्नू निवासी मोहल्ला बाजार थाना व कस्बा सिधौली जनपद सीतापुर तथा इस्लाम पुत्र वसीम निवासी बड़ा मस्जिद सतरिख रोड चिनहट जनपद लखनऊ ने पुलिस टीम को बतायाकि बरामद सामान यात्रियों के है। जिसे उन्होनें ट्रेनों से लूटा है।